अधिकतम 16 डिग्री से.
न्यूनतम 06 डिग्री से.
सूर्योदय 7.21
सूर्यास्त 5.33
सोना 24 कैरेट: 1,36,650.00
चांदी (प्रति किलो) : 2,42,000
सेंसेक्स : 85,811.88
अमेरिका : 90.17
कैनेडियन : 65.72
आस्ट्रेलिया : 60.41

दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित




**बातों बातों में मन की बात**

*उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि*

बड़ों की इज्जत इसलिए करो, क्योंकि उनकी अच्छाईयां हमसे ज्यादा हैं और छोटो से प्यार इसलिए करो, क्योंकि उनके गुनाह हमसे कम हैं।


वर्ष 41 | चंडीगढ़, शनिवार, 03 जनवरी, 2026 | पौष शुक्ल पक्ष: पूर्णिमा विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 03 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


### फसल खरीद में लापरवाही पर मुख्यमंत्री का कड़ा रुख, कहा- दोषी अधिकारी-कर्मचारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

# किसान की फसल का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: सैनी

- खेत से मंडी और मंडी से शेलर तक होगी सख्त निगरानी
- शेलर व आढ़तियों की मिलीभगत पर होगी कार्रवाई, लगेगी भारी पेनल्टी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फसल खरीद व्यवस्था में आई अनियमितताओं पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक किसान की फसल का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, वहीं गलत खरीद को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नायब सिंह सैनी शुक्रवार को फसल खरीद प्रणाली को और अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल तथा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री श्री राजेश नागर भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने संबंधित खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आगामी खरीद सीजन के दौरान फील्ड में नियमित और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए ताकि किसान की सही उपज बिना किसी बाधा के एमएसपी पर खरीदी जा सके। उन्होंने कहा कि फसल खरीद में पूर्व में उजागर हुई अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी खरीद सीजन में इस प्रकार की कोई भी समस्या दोबारा नहीं आनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि फसल खरीद में संलिप्त पाए किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई तुरंत अमल में लाई जाए। इससे फील्ड स्तर पर यह स्पष्ट संदेश जाना चाहिए कि गलत कार्य करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि यदि किसी शेलर या आढ़ती द्वारा मिलीभगत कर भारी अनियमितताएं पाई जाती हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ-साथ भारी पेनल्टी भी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि शेलरों की जांच के लिए संबंधित विभाग की समिति ही जाए, कोई भी अधिकारी या कर्मचारी व्यक्तिगत रूप से जांच पर न जाए। यदि ऐसा पाया गया तो उसके खिलाफ तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

**24 फसलों की एमएसपी पर हो रही खरीद**

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल के माध्यम से किसान के खेत से मंडी तक और मंडी से शेलर तक पूरी फसल की पूर्ण रूप से तकनीकी निगरानी सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी स्तर पर अनियमितता की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर की जा रही है, इसलिए सभी फसलों का सटीक डाटा 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर अपडेट होना अनिवार्य है। इसके लिए ग्राम सचिवों, पटवारियों के साथ-साथ ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को भी जोड़ा जाए ताकि कितने एकड़ में कितनी फसल खड़ी है, इसकी पूरी जानकारी उपलब्ध हो सके। साथ ही हरसैक से प्राप्त रिपोर्ट के साथ भी आपसी तालमेल सुनिश्चित किया जाए।

# तीन वर्षों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 99,799 मामले स्वीकृत: सुक्खू

अर्थ प्रकाश/ अरविंद शर्मा



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज यहां सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तहत कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत जनजातीय क्षेत्र पांगी, लाहौल-स्पीति, डोडरा क्वार तथा कुपवी में पात्र लाभार्थियों को बकाया निधि का शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में 8,41,917 लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जा रही है। इसके तहत 1,04,740 लोगों को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, 5,04,253 लोगों को वृद्धावस्था पेंशन, 25,414 को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, 1,26,808 को विधवा, परित्यक्त व एकल नारी पेंशन, 1,340 को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन और 78,291 को दिव्यांगता राहत भत्ता राशि प्रदान की जा रहा है।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा तीन वर्षों के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 99,799 नए मामले स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 41,799, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 41,012 और वित्त वर्ष 2025-26 में अभी तक 16,988 नए मामले स्वीकृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के तहत 0 से 18 वर्ष आयु के 20,735 लाभार्थियों तथा 18 से 27 वर्ष आयु के 853 लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत विभिन्न लाभार्थियों को 1,000 रुपये, 2,500 रुपये तथा 4,000 रुपये मासिक की दर से सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

# मोहाली से अंतरराष्ट्रीय कार्यों के विस्तार के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध: सीएम मान



- सी.एच.आई.ए.एल. ने 19 करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश चेक सौंपा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शुक्रवार को शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से और अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने की वकालत करते हुए कहा कि विदेशी कार्यों के विस्तार से पूरे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों, पर्यटन और निवेश को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने ये टिप्पणियां चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीएचआईएएल) द्वारा पंजाब सरकार को 19 करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश सौंपते समय की, जिसे उन्होंने हवाई अड्डे के सतत विकास और केंद्र-पंजाब की मजबूत साझेदारी का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि मोहाली से मजबूत वैश्विक हवाई संपर्क उद्यमियों और व्यापारियों के लिए पहुंच को आसान बनाएगा साथ ही राज्य के युवाओं के लिए रोजगार सृजन करेगा और पंजाब को अंतरराष्ट्रीय व्यापार तथा पर्यटन के लिए पसंदीदा स्थान के रूप में स्थापित करेगा।

चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीएचआईएएल) के अधिकारियों, जिन्होंने मुख्यमंत्री को 19 करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश चेक भेंट किया, से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निरंतर विकास केंद्र और पंजाब सरकारों के बीच मजबूत साझेदारी को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मोहाली से अंतरराष्ट्रीय कार्यों के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है ताकि राज्य को विश्व के विभिन्न स्थानों से जोड़ा जा सके। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इससे राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजन में मदद मिलेगी, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे क्षेत्र और विश्व के उद्यमियों, व्यापारियों तथा उद्योगपतियों की राज्य में सुगम आवाजाही में भी मदद मिलेगी, जिससे क्षेत्र में व्यापार, वाणिज्य और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस हवाई अड्डे से अधिक उड़ानें शुरू करने से क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी तथा साथ ही यह कदम दुनिया भर के प्रमुख उद्यमियों को राज्य में बड़ा निवेश करने के लिए आकर्षित करेगा। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जताई कि यह राज्य में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए और अधिक महत्वपूर्ण साबित होगा तथा पंजाब को सबसे पसंदीदा निवेश स्थल के रूप में प्रदर्शित करेगा।


**सीएम का किया धन्यवाद**

सीएचआईएएल प्रबंधन ने मुख्यमंत्री तथा पंजाब सरकार का उनके मार्गदर्शन, समर्थन और सहयोग के लिए दिल से धन्यवाद किया, जिसके कारण हवाई अड्डे के विकास तथा परिचालन गतिविधियों को बेहतर बनाने में मदद मिली है। लाभांश का यह चेक सौंपना सीएचआईएएल की मजबूत वित्तीय स्थिति तथा हितधारकों के बीच बेहतर सहयोग को दर्शाता है, जो अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय रूटों सहित भविष्य के विस्तार के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लाभांश सीएचआईएएल बोर्ड द्वारा 12 दिसंबर, 2025 को घोषित किया गया था।




## पंजाब के सस्पेंड डीआईजी की जमानत याचिका खारिज

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** पंजाब पुलिस के सस्पेंड डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर की जमानत याचिका चंडीगढ़ सीबीआई कोर्ट ने खारिज कर दी। शुक्रवार को कोर्ट में करीब सवा 2 घंटे सुनवाई हुई। इसमें भुल्लर के वकील ने कहा कि सीबीआई ने जिस शब्द 'सेवा पानी' को रिश्वत बताया है, उसका मतलब कुछ और भी हो सकता है। यह जरूरी नहीं कि वह रिश्वत के लिए ही कहा गया हो। हालांकि सीबीआई के वकील ने कहा कि भुल्लर इतनी बड़ी पोस्ट पर तैनात थे। पूर्व डीजीपी के बेटे हैं, इसलिए जांच एजेंसी ने सारे सबूत जुटाकर ही गिरफ्तारी की है। इनकी रिश्वत लेने की रफ्तारी बहुत तेज थी, यही वजह है कि डीआईजी के पद पर बैठे भुल्लर की गिरफ्तारी से पूरा देश हिल गया था।

# बादल परिवार को बचाने की बजाय, एसजीपीसी को 328 सरूपों के लापता होने के मामले में एसआईटी का सहयोग करना चाहिए : पन्नू

## कहा-एसजीपीसी की ओर से पेश हो रहा वकील ही 328 सरूप मामले के मुख्य आरोपी का बचाव कर रहा है, यह सीधे तौर पर हितों का टकराव है

मुख्य आरोपी को सुखबीर बादल के निजी चैनल के पत्रकार के नाम पर बुक किए गए होटल के कमरे से गिरफ्तार किया गया था, इस व्यक्ति को कौन बचा रहा है?

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** आम आदमी पार्टी पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 328 सरूपों के लापता होने के गंभीर और बेहद संवेदनशील मुद्दे पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) और इसके अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी को घेरते हुए उन पर प्रभावशाली व्यक्तियों को जानबूझकर बचाने, हितों के टकराव और इंसाफ को भटकाने की बार-बार कोशिश करने के आरोप लगाए। शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बलतेज पन्नू ने कहा कि जहां एसजीपीसी अध्यक्ष धामी दावा कर रहे हैं कि यह कार्रवाई 'सिख मामलों में दखलअंदाजी' है, वहीं समूची सिख कौम जानती है कि यह मामला एसआईटी के पास सिर्फ इसकी गंभीरता और एसजीपीसी की ओर से ईमानदारी व पारदर्शिता से कार्रवाई करने में असफल रहने के कारण पहुंचा है।

पन्नू ने याद दिलाया कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी और मामले का निपटारा करते हुए हाईकोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिए थे कि जांच सरकार द्वारा कराई जाए। अदालत के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की गई, काबिल अधिकारियों की भागीदारी वाली विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया और अब पहली गिरफ्तारी हो चुकी है।

उन्होंने खुलासा किया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी सतिंदर सिंह कोहली (एस.एस. कोहली) एक चार्टर्ड अकाउंटेंट है, जिसने न सिर्फ शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के लिए काम किया है, बल्कि



वह बादल परिवार का सीए भी रहा है और उनके कारोबारों को संभालता रहा है। पन्नू ने कहा कि सिर्फ यही तथ्य कई गंभीर सवाल खड़े करता है।

वित्तीय अनियमितताओं के बारे में बलतेज पन्नू ने पूर्व अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह जी द्वारा जारी स्पष्टीकरण का हवाला दिया, जिन्होंने कहा था कि उन्होंने आदेश दिया था कि एस.एस. कोहली से जुड़ी फर्म को दिए गए पैसों का 75% हिस्सा वसूल किया जाए और वापस जमा कराया जाए। पन्नू ने इशारा किया कि आज तक वह पैसा एसजीपीसी के खाते में वापस जमा नहीं हुआ है। जबकि वह दावा कर रही है कि उसने मामला सिख गुरुद्वारा जुडिशियल कमीशन के पास ले जाया है।

पन्नू ने हितों के टकराव का एक अहम सवाल उठाया और कहा कि वही वकील, एडवोकेट सियालका, पैसों की वसूली के लिए एसजीपीसी की तरफ से पेश हो रहे हैं और साथ ही 328 सरूपों के मामले में आरोपी एस.एस. कोहली के बचाव पक्ष के वकील के तौर पर भी पेश हो रहे हैं।

उन्होंने सवाल किया कि क्या यह सीधे तौर पर हितों का टकराव नहीं है, या क्या यह जानबूझकर किया गया है? कोई एक वकील पैसों की वसूली के लिए एसजीपीसी का प्रतिनिधित्व कैसे कर सकता है और उसी समय श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 328 सरूपों के गायब होने के आरोपी का बचाव कैसे कर सकता है?

ज्ञानी हरप्रीत सिंह जी के बयान का और हवाला देते हुए पन्नू ने कहा कि पूर्व जत्थेदार ने स्पष्ट किया था कि कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की गई थी, लेकिन एक हफ्ते के अंदर ही एसजीपीसी ने अपना प्रस्ताव बदल दिया और फैसला किया कि कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी, सिर्फ इसलिए क्योंकि एस.एस. कोहली का नाम सामने आया था। उन्होंने कहा कि अगर ईशर सिंह रिपोर्ट में कोहली का नाम न आता तो कानूनी कार्रवाई तुरंत शुरू कर दी जानी थी। पन्नू ने यह भी बताया कि सुखबीर बादल के निजी चैनल के एक पत्रकार के नाम पर एक होटल में कमरा बुक किया गया था, जहां से एस.एस. कोहली को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि यह सीधा सवाल खड़ा करता है कि इस व्यक्ति को कौन बचा रहा है?

धामी के इस दावे पर सख्त एतराज जताते हुए कि यह मुद्दा सिख मामलों में दखलअंदाजी है, पन्नू ने कहा कि जब कल गुरसिखों और विभिन्न सिख संगठनों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, क्या वे सिख नहीं हैं? क्या वे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में विश्वास नहीं रखते?

उन्होंने कहा कि सच्चाई और असलियत संगत और पूरी दुनिया के सामने आनी चाहिए। बलतेज पन्नू ने श्री अकाल तख्त साहिब के तत्कालीन कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह जी द्वारा दिए गए स्पष्ट लिखित निर्देशों और समय सीमा के बावजूद एसजीपीसी की ओर से अपना सैटेलाइट टीवी चैनल शुरू करने में असफल रहने का मुद्दा भी उठाया।

उन्होंने कहा कि एसजीपीसी ने अपना चैनल इसलिए लॉन्च नहीं किया क्योंकि बादल परिवार की मल्कियत वाले एक निजी चैनल पर लाइव टेलीकास्ट जारी है। इसकी बजाय, एसजीपीसी ने सिर्फ एक यूट्यूब चैनल बनाया और उस पर 'एसजीपीसी' लिख दिया, जबकि जत्थेदार के एक 'फ्री-टू-एयर' सैटेलाइट चैनल लॉन्च करने के स्पष्ट निर्देशों को नजरअंदाज कर दिया, ताकि गुरबाणी के ऑडियो और वीडियो को सभी चैनलों द्वारा मुफ्त में प्रसारित किया जा सके और किसी का एकाधिकार न रहे। पन्नू ने कहा कि कार्यकारी जत्थेदार के आदेशों का पालन इसलिए नहीं किया गया क्योंकि मुनाफा सिर्फ एक चैनल द्वारा कमाया जा रहा था। उन्होंने आगे कहा कि सब कुछ एक परिवार के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसे बचाया जा रहा है ताकि उनका कारोबार जारी रहे और बड़े पैमाने पर बढ़े।

### एसजीपीसी अध्यक्ष धामी से एसआईटी को पूरा सहयोग देने की अपील

पन्नू ने आगे आरोप लगाया कि एक व्यक्ति को बचाने के लिए ईशर सिंह रिपोर्ट के आधार पर तैयार किए गए प्रस्ताव को, जिसमें दोषियों के खिलाफ विभागीय और कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की गई थी, जानबूझकर एक और प्रस्ताव पास करके रद्द कर दिया गया था कि कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए, सिर्फ इसलिए क्योंकि उसमें एस.एस. कोहली का नाम शामिल था। उन्होंने चेतावनी दी कि एक व्यक्ति को इतनी आक्रामकता से क्यों बचाया जा रहा है? वह कौन से राज जानता है? किन होटलों में क्या-क्या हुआ, क्या प्रबंध किए गए, आने वाले दिनों में और खुलासे होने की उम्मीद है। बलतेज पन्नू ने एसजीपीसी अध्यक्ष धामी से एसआईटी को पूरा सहयोग देने की अपील की, जिसने एक आरोपी को गिरफ्तार करके पहले ही बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी को सहयोग करना चाहिए ताकि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 328 लापता सरूपों के बारे में सच्चाई सामने आ सके कि वे कहां हैं और कौन जिम्मेदार है। उन्होंने मौजूदा जत्थेदार द्वारा जारी लिखित आदेशों का भी हवाला दिया, जिसमें एसजीपीसी को अपने स्टाफ और संसाधनों का उपयोग लापता सरूपों का पता लगाने के लिए करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह अपने आप में साबित करता है कि 328 सरूपों के ठिकाने के बारे में अभी भी कुछ पता नहीं है। पन्नू ने कहा कि जहां धामी साहब बार-बार कह रहे हैं कि मामला पहले ही सुलझ गया था और यह सिर्फ गिनती की गलती थी, वहीं जत्थेदार साहब का लिखित आदेश स्पष्ट तौर पर कुछ और ही बयान करता है।

# पंजाब में 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' शुरू करने की तैयारी, हर परिवार को मिलेगा 10 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा : डॉ. बलबीर सिंह

यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस के साथ हुआ समझौता

पहले से दोगुना हुआ स्वास्थ्य कवरेज, अब 10 लाख रुपये प्रति परिवार

सीएम मान व अरविंद केजरीवाल 15 जनवरी 2026 को होगी योजना की औपचारिक शुरुआत



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के वादे के अनुरूप प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए व्यापक और समान स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में पंजाब सरकार इस माह 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' (एम.एम.एस.वाई.) शुरू करने जा रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए आज स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह की उपस्थिति में यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत पंजाब के प्रत्येक परिवार को प्रति वर्ष 10 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान किया जाएगा।

यह करार मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा जनवरी 2026 में योजना शुरू करने की हालिया घोषणा के बाद किया गया है, ताकि प्रदेश के हर परिवार को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और वित्तीय सुरक्षा मिल सके। समझौते पर राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (एस.एच.ए.) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संयम अग्रवाल तथा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के कार्यकारी निदेशक मैथ्यू जॉर्ज ने हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर डॉ. बलबीर सिंह ने इसे स्वास्थ्य क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सुधार बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत पहले 5 लाख रुपये तक सीमित स्वास्थ्य कवरेज-जो केवल कुछ विशेष श्रेणियों के लिए था-अब दोगुना कर दिया गया है। नई योजना के अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों सहित पंजाब के सभी निवासियों को प्रति परिवार प्रति वर्ष 10 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल 15 जनवरी 2026 को इस योजना का औपचारिक शुभारंभ करेंगे।

स्वास्थ्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह योजना पूरी तरह समानता के सिद्धांत पर आधारित है। इसमें न तो कोई आय सीमा रखी गई है और न ही किसी वर्ग को योजना से बाहर रखा गया है। पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने के लिए आधार कार्ड और वोटर आईडी के माध्यम से कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) पर पंजीकरण किया जा सकेगा। पंजीकरण के बाद लाभार्थियों को समर्पित एम.एम.एस.वाई. स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, प्रक्रिया को और सुचारू बनाने के लिए शीघ्र ही एक हेल्पलाइन भी शुरू की जाएगी।

योजना के कार्यात्मक ढांचे की जानकारी देते हुए डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी-जिसे तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों में सफल स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के अनुभव के आधार पर चुना गया है-प्रदेश के लगभग 65 लाख परिवारों को प्रति परिवार 1 लाख रुपये तक का बीमा कवरेज प्रदान करेगी। वहीं 1 लाख से 10 लाख रुपये तक के उपचार खर्च के लिए स्टेट हेल्थ एजेंसी, पंजाब ट्रस्ट मॉडल के तहत कवरेज सुनिश्चित करेगी।

### कंपनी सीपीडी के कुशल प्रबंधन हेतु विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध कराएगी

उन्होंने आगे बताया कि कंपनी सीपीडी (क्लेम प्रोसेसिंग डेटा) के कुशल प्रबंधन हेतु विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध कराएगी, जिससे क्लेम सेटलमेंट और भुगतान प्रक्रिया में तेजी आएगी। यह योजना नवीन स्वास्थ्य लाभ पैकेज (एचबीपी 2.2) को अपनाती है, जिसके तहत 2000 से अधिक चयनित उपचार पैकेज शामिल हैं। लाभार्थी 824 सूचीबद्ध अस्पतालों के नेटवर्क में सेकेंडरी और टर्शरी स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे, जिनमें 212 सरकारी अस्पताल, केंद्र सरकार के अधीन 8 अस्पताल और 600 से अधिक निजी अस्पताल शामिल हैं। भविष्य में इस नेटवर्क के और विस्तार की भी उम्मीद जताई गई है। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव कुमार राहुल भी उपस्थित थे।

# एस.सी.भाईचारे की भलाई के लिए सब-प्लान की समीक्षा, 25 विभागों के साथ मंत्री डॉ. बलजीत कौर की अहम बैठक

एस.सी. सब-प्लान के फंड तुरंत जारी कर लाभ ज़मीनी स्तर तक पहुँचाने के निर्देश

अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित फंड केवल एस.सी. समुदाय पर ही खर्च किए जाएं : डॉ. बलजीत कौर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** पंजाब की सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने राज्य में अनुसूचित जातियों की सामाजिक-आर्थिक भलाई के लिए लागू किए जा रहे अनुसूचित जाति सब-प्लान (एस.सी.एस.पी.) की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक के दौरान एस.सी. सब-प्लान के तहत योजनाएं लागू कर रहे लगभग 25 विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में डॉ. बलजीत कौर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा एस.सी. सब-प्लान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन योजनाओं के लिए निर्धारित राशि अभी तक खर्च नहीं हुई है, उनकी उपयोगिता में तेजी लाई जाए और राशि तुरंत जारी करवाई जाए, ताकि सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक लोगों तक पहुँच सके। मंत्री ने स्पष्ट किया कि एस.सी. सब-प्लान के तहत आरक्षित राशि का उपयोग केवल अनुसूचित जाति समुदाय की भलाई के लिए ही किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही या गलत उपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने विभिन्न विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों द्वारा कवर किए जा रहे लाभार्थियों और गांवों की विस्तृत सूची सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक विभाग को उपलब्ध करवाएं, ताकि आरक्षित फंड का सही, पारदर्शी और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

डॉ. बलजीत कौर ने विभागों को अनुसूचित जाति समुदाय की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप नई, जन-हितैषी और अभिनव योजनाएं तैयार करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार अनुसूचित जातियों के समग्र विकास, सशक्तिकरण और उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। मंत्री ने एस.सी. सब-प्लान की प्रगति की निरंतर समीक्षा के लिए जल्द ही पुनः ऐसी बैठक आयोजित करने की बात भी कही, ताकि अनुसूचित जातियों से संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन और अधिक सुचारू, समयबद्ध और प्रभावी बनाया जा सके।

इस बैठक में सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विकास प्रताप (आई ए एस), एस.सी. सब-प्लान के नोडल विभाग सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक विभाग के प्रमुख सचिव श्री वी.के. मीना (आई.ए.एस.), निदेशक-सह-अतिरिक्त सचिव श्रीमती विम्मी भुल्लर (आई.ए.एस.), अनुसंधान अधिकारी डॉ. लिवप्रीत कौर तथा श्री कमलजीत सिंह भी उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह पटियाला में; राज्यपाल करेंगे ध्वजारोहण

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान होशियारपुर में लहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** पंजाब सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस समारोहों का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पटियाला में राज्य स्तरीय समारोह होगा जहां पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया राष्ट्रीय ध्वज लहराएंगे तथा मार्च पास्ट से सलामी लेंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान 26 जनवरी, 2026 को होशियारपुर में राष्ट्रीय ध्वज लहराएंगे जबकि पंजाब विधान सभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां संगरूर तथा पंजाब विधान सभा के डिप्टी स्पीकर श्री जय कृष्ण रोड़ी बरनाला में राष्ट्रीय ध्वज लहराएंगे।

विभिन्न जिलों में होने वाले समारोहों तथा मुख्य मेहमानों के विवरण जारी करते हुए प्रवक्ता ने बताया कि वित्त, योजना एवं कराधान तथा आबकारी मंत्री श्री हरपाल सिंह चीमा बठिंडा, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत तथा छपाई एवं लेखन सामग्री, सुशासन प्रशासन तथा सूचना एवं तकनीक तथा रोजगार उत्पत्ति एवं प्रशिक्षण मंत्री श्री अमन अरोड़ा पठानकोट, सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक तथा सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर फिरोजपुर, उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश एवं प्रोत्साहन, प्रवासी भारतीय मामले तथा ऊर्जा मंत्री संजीव अरोड़ा फरीदकोट, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा मेडिकल शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री तथा चुनाव मंत्री डॉ. बलबीर सिंह शहीद भगत सिंह नगर, राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन, जल आपूर्ति एवं स्वच्छता तथा मकान निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां अमृतसर, खाद्य सिविल सप्लाईज एवं उपभोक्ता मामले, वन तथा वन्य जीव मंत्री लाल चंद मालेरकोटला, परिवहन तथा जेल मंत्री श्री लालजीत सिंह भुल्लर श्री मुक्तसर साहिब, तकनीकी शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा तथा सूचना एवं लोक संपर्क मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस फाजिल्का, लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह लुधियाना, खनन एवं भूविज्ञान, जल स्रोत तथा भूमि एवं जल संरक्षण मंत्री बरिंदर कुमार गोयल जालंधर, पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामले, श्रम, आतिथ्य तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद रूपनगर, स्थानीय निकाय तथा संसदीय कार्य मामलों संबंधी मंत्री डॉ. रवजोत सिंह मानसा में, कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं डेयरी विकास तथा फूड प्रोसेसिंग मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां तरनतारन में तथा रक्षा सेवाएं कल्याण, स्वतंत्रता संग्रामी तथा बागबानी मंत्री मोहिंदर भगत एस.ए.एस. नगर में राष्ट्रीय ध्वज लहराएंगे।

# चार साल में मनरेगा मजदूरों को काम नहीं दे पाई आप सरकार : एनके शर्मा

भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करवाने से क्यों भाग रही सरकार

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 2 जनवरी।** शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एनके शर्मा ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि आप सरकार पिछले लगभग चार वर्षों में लाखों कमजोर, वंचित वर्गों, मजदूरों और दलित परिवारों को मनरेगा के तहत वैधानिक 100 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाने में असफल रही है।

एनके शर्मा ने कहा कि अकाली दल ने हमेशा ही कांग्रेस तथा आप सरकार के कार्यकाल के दौरान मनरेगा में हुए भ्रष्टाचार को उजागर करने का काम किया है। शर्मा ने कहा कि जब केंद्र सरकार पंजाब के हर मजदूर के लिए 100 दिन के रोजगार की राशि भेजती है, तो राज्य सरकार मजदूरों को पूरा रोजगार क्यों नहीं देती। उन्होंने आगे सवाल उठाया कि वर्ष 2024-25 में 6,095 ग्राम पंचायतों और 2025-26 में 7,389 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत अनिवार्य सोशल ऑडिट क्यों नहीं कराए गए। किसका भ्रष्टाचार छिपाया जा रहा है।

स्पेशल ऑडिट यूनिट द्वारा पकड़े गए 10,653 भ्रष्टाचार मामलों में अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई और दोषियों को क्यों बचाया जा रहा है। पंजाब सरकार अपने हिस्से का दस प्रतिशत देने में असमर्थ रही है।

पूर्व विधायक ने कहा कि मनरेगा मजदूर और उनके संगठन लगातार आम आदमी पार्टी के विधायकों, सांसदों और स्थानीय नेताओं पर भ्रष्टाचार में संलिप्तता के आरोप लगा रहे हैं। इसके बावजूद सरकार और मुख्यमंत्री द्वारा कार्रवाई न करना स्पष्ट करता है कि मनरेगा में भ्रष्टाचार कर गरीबों के मुंह से आप नेताओं, विधायकों ने निवाला छीना गया है। शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार पिछले चार वर्षों के भीतर हुए मनरेगा कार्यों की सोशल ऑडिट करवाकर रिपोर्ट सार्वजनिक करे।

# नव वर्ष के उपलक्ष्य में हाईलैंड पार्क हाईराइज में भव्य आयोजन



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 2 जनवरी।** हाईलैंड पार्क हाईराइज में नव वर्ष के उपलक्ष्य में खाटू श्याम जी की चौकी का आयोजन किया गया, जिसमें सोसाइटी के सभी निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए सभी उपस्थित रहे। सोसाइटी के अध्यक्ष श्री राजीव कक्कड़ ने सभी निवासियों और देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कामना की कि नव वर्ष सभी के जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, सुख-शांति और समृद्धि लेकर आए।

राजीव कक्कड़ ने कहा कि हमारी सोसाइटी ने हमेशा एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा दिया है, और मुझे विश्वास है कि हम आगे भी इसे बनाए रखेंगे। उन्होंने सभी निवासियों से अनुरोध किया कि हम मिलकर अपनी सोसाइटी को और भी बेहतर बनाने के लिए काम करें। इस अवसर पर सभी निवासियों ने श्याम बाबा की भजन-कीर्तन में भाग लिया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन की सफलता के लिए सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी।

# विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने नववर्ष पर लालड़ू में पेयजल आपूर्ति परियोजना का शुभारंभ किया

परियोजना में दो नए ट्यूबवेल और 5.93 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन शामिल

अर्थ प्रकाश/चौहान



**लालड़ू, 2 जनवरी।** डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री कुलजीत सिंह रंधावा ने नववर्ष पर नगर परिषद लालड़ू के अंतर्गत जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड द्वारा क्रियान्वित की जा रही एक महत्वपूर्ण जल आपूर्ति परियोजना का शुभारंभ किया। इस परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 2 करोड़ 70 लाख 89 हजार रुपये है, जिसका उद्देश्य शहर में पेयजल सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। उन्होंने इस अवसर पर नववर्ष दी बधाई देते हुए क्षेत्र के विकास हेतु अपनी वचनबद्धता प्रकट की।

विधायक रंधावा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना के तहत दो नए ट्यूबवेल लगाए जाएंगे, जिनकी अनुमानित लागत 40-40 लाख रुपये है। इस प्रकार दोनों ट्यूबवेलों पर कुल 80 लाख रुपये खर्च होंगे। पहला ट्यूबवेल अनाज मंडी, सरदारपुरा (वार्ड नंबर 4), लालड़ू में तथा दूसरा ट्यूबवेल आलमगीर (वार्ड नंबर 9) में स्थापित किया जाएगा, जिससे संबंधित क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार होगा। इसके अतिरिक्त, पेयजल के सुचारु वितरण को सुनिश्चित करने के लिए 5.93 किलोमीटर लंबी जल आपूर्ति पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिसकी अनुमानित लागत 190.89 लाख रुपये है।

इस अवसर पर बोलते हुए विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार बुनियादी नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने और लोगों को स्वच्छ एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना लालड़ू में लंबे समय से चली आ रही जल संबंधी समस्याओं के समाधान में सहायक सिद्ध होगी और शहरी विकास को नई गति प्रदान करेगी।

परियोजना के शुभारंभ के अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष, पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष, पार्षदों, जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड के अधिकारियों और स्थानीय वार्ड निवासियों सहित पूरी पार्टी टीम उपस्थित थी।

# सरकारी डिस्पेंसरी तोड़ने की तैयारी, वैकल्पिक व्यवस्था न होने से लोगों में रोष

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 2 जनवरी।** डेराबस्सी क्षेत्र में स्थित एक पुरानी सरकारी डिस्पेंसरी को प्रशासन द्वारा तोड़ने की तैयारी की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि डिस्पेंसरी को तोड़े जाने से पहले न तो कोई वैकल्पिक स्थान तय किया गया है और न ही स्वास्थ्य सेवाओं को जारी रखने के लिए कोई ठोस व्यवस्था की गई है। इस स्थिति के कारण क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित होने का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार यह सरकारी डिस्पेंसरी कई वर्षों से इलाके के गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का एक बड़ा सहारा रही है। यहां रोजाना दर्जनों मरीज इलाज के लिए आते थे, जिनमें बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल होते थे। डिस्पेंसरी के टूटने से अब लोगों को दूर-दराज के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों या महंगे निजी अस्पतालों में जाना पड़ सकता है, जो उनकी आर्थिक स्थिति पर भारी पड़ सकता है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन ने डिस्पेंसरी को तोड़ने से पहले किसी भी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की, जो प्रशासन की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। इस निर्णय के चलते मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

स्थानीय जनता की मांग है कि प्रशासन तुरंत डिस्पेंसरी के लिए कोई अन्य स्थान निर्धारित करे, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं बिना बाधा के दोबारा शुरू की जा सकें। इस मामले में अब सभी की निगाहें प्रशासन पर टिकी हुई हैं कि आखिर कब तक लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रखा जाएगा। जनता ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द नई जगह उपलब्ध कराकर क्षेत्रवासियों को राहत दी जाए।

# समाधान शिविरों की जानकारी विभिन्न माध्यमों से आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचाई जाए : मुख्यमंत्री

## जिला उपायुक्त समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली शिकायतों को अपनी स्पष्ट टिप्पणी के साथ भेजे

जब तक किसी शिकायत का पूर्ण समाधान नहीं हो जाता, तब तक उसे जिला स्तर पर पेंडिंग रखा जाए

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में समाधान शिविर की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित, दिए निर्देश



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविरों की जानकारी विभिन्न माध्यमों से आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुँचाई जाए, जिसमें लोगों को शिविरों के आयोजन का दिन और समय की पूरी जानकारी मिल सके, ताकि वे अपनी समस्याएँ दर्ज करवा सकें और उनका समाधान करवा सकें।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यह निर्देश चंडीगढ़ में समाधान शिविर की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में सभी जिला उपायुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली शिकायतों को जिला उपायुक्त अपनी स्पष्ट टिप्पणी के साथ आगे भेजें। साथ ही जब तक किसी शिकायत का पूर्ण समाधान नहीं हो जाता, तब तक उसे जिला स्तर पर पेंडिंग रखा जाए।

बैठक में बताया गया कि जुलाई 2025 से दिसंबर 2025 तक पिछले छह महीनों में कुल 17,699 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। समाधान शिविरों में तय समय सीमा में हल की गई शिकायतों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में भी समाधान शिविरों में आने वाली सभी शिकायतों का तय समय सीमा में निपटान सुनिश्चित करें। प्रदेश के सभी जिला उपायुक्त और उप-मंडल अधिकारी (नागरिक) कार्यालयों में प्रत्येक सप्ताह सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिनमें नागरिक अपनी समस्याओं से संबंधित शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों में आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए। यदि समाधान शिविरों में किसी भी स्तर पर अधिकारियों द्वारा लापरवाही पाई गई, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने जिला अम्बाला के एक गांव में पानी की निकासी से संबंधित समाधान शिविर में प्राप्त शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जिला उपायुक्त अम्बाला को इस समस्या के शीघ्र समाधान के लिए एक समिति गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस समिति में संबंधित विभाग के एक्सईएन, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) तथा मार्केट कमेटी का एक कर्मचारी शामिल किया जाए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री विवेक कालिया, श्री बी.बी. भारती सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना-1 (दयालु ) के 5794 परिवारों के लाभार्थियों को 217.36 करोड़ रुपए की राशि जारी : नायब सैनी

अब तक 49998 लाभार्थियों को 1881. 355 करोड़ रुपए सीधे खाते में भेजे

दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना-1 में किया सुधार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना-1 (दयालु) के 5794 लाभार्थियों के खाते में 217.36 करोड़ रुपए की राशि जारी की। अब तक इस योजना के तहत 49 हजार 998 लाभार्थियों को 1881.355 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना-1 में सुधार किया गया है। इस योजना के लाभार्थियों का मृत्यु प्रमाण पत्र अब सीधे परिवार पहचान पत्र से जोड़ दिया गया है। इससे अब मृत्यु प्रमाण पत्र और दिव्यांग प्रमाण, पीपीपी डाटा से आसानी से सत्यापित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इससे योजना में पूर्ण रूप से पारदर्शिता आएगी और वास्तविक रूप से ही लाभार्थियों के परिवारों को लाभ मिलना सुनिश्चित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों की सुविधा के लिए जन सहायक हेल्प मी मोबाईल ऐप भी शुरू किया गया है। इसके माध्यम से लाभार्थियों को वित्तीय सहायता आधार कार्ड से जुड़े बैंक खाते में सीधे डीबीटी से समय पर भेजी जा रही है। इसके अलावा ऐप से आवेदनकर्ता योजना और अपने आवेदन को ट्रैक भी कर सकता है। यह एक महत्वपूर्ण वित्तीय सुरक्षा योजना है जो नागरिकों को त्वरित लाभ देने के लिए क्रियान्वित की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना में परिवार पहचान पत्र में पंजीकृत परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए है। उन परिवारों को दुर्घटना के 90 दिन के अन्दर पोर्टल पर सहायता के लिए आवेदन करना अनिवार्य है। इस योजना के तहत दुर्घटना में स्थाई रूप से दिव्यांग होने या मृत्यु होने पर एक लाख रुपए से 5 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाती है।

इस अवसर पर स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण गुप्ता, मुख्य कार्यकारी हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास श्री जयेन्द्र सिंह छिल्लर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शिशु का भ्रूण मिलने से फैली सनसनी

**रादौर (योगेश कुमार)।** गांव जठलाना में एक नवजात शिशु का भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने एक ग्रामीण की शिकायत पर अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। गांव जठलाना निवासी आमीर खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 1 जनवरी को दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे वह अपने घर से गांव बागवाली की ओर जा रहा था। जब वह आदर्श आंगनबाडी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि एक लावारिस कुत्ते ने एक बच्चे के भ्रूण को मुंह में पकड़ा हुआ था। उसने कुत्ते के मुंह से नवजात शिशु के भ्रूण को छुडवाया। उसके बाद उसने डायल 112 को मामले की सूचना दी। जिस पर पुलिस कर्मचारियों ने नवजात शिशु के भ्रूण को कब्जे में लेते हुए अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर दूसरे दिन जारी



**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोडी में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। शिविर के दूसरे दिन डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर योगेश कुमार ने बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों को कहा कि मन में सेवा का भाव होना चाहिए। हम ऐसे कार्य करें जिससे हमारे मां-बाप का हमारे स्कूल का नाम रोशन हो। हमें अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिए। यदि हम स्वस्थ हैं तभी हम अच्छी पढ़ाई कर सकते हैं। हमें पौष्टिक भोजन खाना चाहिए। मौसम की सब्जियां खानी चाहिए। अनावश्यक फास्ट फूड नहीं खाना चाहिए। रेखा देवी पीजीटी इंग्लिश के द्वारा बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई। यदि हम स्वस्थ हैं तो अच्छी पढ़ाई कर सकते हैं। इस अवसर पर पवन रोहिल्ला, रेखा, मीना, मीनू, प्रवीन, प्रदीप, सुरेंद्र, रमेश आदि उपस्थित रहे।

### दो कन्याओं का सामूहिक विवाह 4 जनवरी को: रवि भूषण गर्ग

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** समाज में सेवा, सहयोग और संस्कारों को



सशक्त करने की दिशा में सनातन धर्म मंदिर सभा कैथल एक सराहनीय पहल करने जा रही है। सभा द्वारा 4 जनवरी को दो जरूरतमंद कन्याओं का विवाह धार्मिक रीतिरिवाजों के साथ संपन्न करवाया जाएगा। सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रधान रवि भूषण गर्ग ने बताया कि विवाह कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि सभा का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन करना नहीं, बल्कि समाज के उन वर्गों की सहायता करना भी है, जो आर्थिक कारणों से विवाह जैसे महत्वपूर्ण कार्य को संपन्न नहीं कर पाते। रवि भूषण गर्ग ने बताया कि विवाह समारोह पूर्ण विधिविधान के साथ आयोजित किया जाएगा। कन्याओं को गृहस्थ जीवन के लिए आवश्यक सामान भी भेंट किया जाएगा, ताकि वे सम्मानपूर्वक नए जीवन की शुरुआत कर सकें। सभा के प्रधान ने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि वे नवविवाहित दंपतियों को आशीर्वाद देने अवश्य पहुंचे। इस अवसर पर रमेश बंसल, बृज भूषण सिंगला, विनय बंसल, रमेश बंसल टाटी, प्रेम सिंगला, मदन लाल कटारिया, अशोक सर्राफ , अशोक गुप्ता केमिस्ट, सुरेश गोयल, सज्जन गोयल, हरि मिश्रा, चंद्र प्रकाश गोयल, राकेश मित्तल व राम सोरे वाले भी मौजूद रहे।

### नव वर्ष की संध्या पर साईं सेवा समिति ने बांटे कंबल, लगाया लंगर



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** नववर्ष पर साईं रसोई परिवार द्वारा लंगर प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धापूर्वक कढ़ी चावल एवं गुलाब जामुन का प्रसाद वितरित किया गया। इसके साथ ही इस ठिठुरती ठंड में जरूरतमंदों की पीड़ा को समझते हुए झुग्गियों में जाकर प्रसाद के साथ कंबलों बांटे गए। इसके पश्चात पार्क रोड स्थित शहीद मदन लाल ढींगरा स्मारक के समीप भी सेवा कार्य संपन्न हुआ जहां साईं भक्तों ने नमन के साथ समाज सेवा का संकल्प दोहराया। शाम के समय नववर्ष के आगाज की बेला पर साईं रसोई मंदिर साईं भजनों की मधुर गूंज से भक्तिमय हो उठा। भजन गायक दर्पण शर्मा एवं जुगल किशोर ने अपने सुरीले अंदाज में साईं भजनों की ऐसी भावधारा बहाई कि पूरा वातावरण श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हो गया। दीपों की लौ, भजनों की तान और सेवा से भरे मन इन सबने मिलकर यह संदेश दिया कि नववर्ष का सच्चा उत्सव केवल खुशियां मनाने में नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के जीवन में गर्माहट, मुस्कान और उम्मीद बांटने में है।

# कांग्रेस का बड़ा संगठनात्मक प्रशिक्षण शिविर 13 से 22 तक कुरुक्षेत्र में : रामचंद्र गुज्जर

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 2 जनवरी।** कांग्रेस के



जिला अध्यक्ष रामचंद्र गुज्जर ढांड ने कहा कि नए साल की शुरुआत के साथ ही धर्मनगरी कुरुक्षेत्र कांग्रेस की अहम संगठनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनने जा रहा है। आने वाली 13 से 22 जनवरी तक हरियाणा और उत्तराखंड में संगठन सृजन अभियान के तहत नियुक्त किए गए जिलाध्यक्षों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस शिविर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे और जिलाध्यक्षों को संगठनात्मक मजबूती से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। नई अनाज मंडी ढांड में कांग्रेस कार्यालय में बातचीत करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुज्जर ढांड ने बताया कि कांग्रेस हाईकमान की यह स्पष्ट रणनीति है कि आगामी राजनीतिक चुनौतियों का सामना केवल मंचों से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर जिलों और बूथों तक मजबूत संगठन तैयार कर किया जाए। इसी उद्देश्य के तहत यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कांग्रेसी नेता राहुल गांधी 2 दिनों के लिए प्रशिक्षण शिविर में शिरकत करेंगे और जिलाध्यक्षों से सीधे संवाद कर संगठन को और अधिक सक्रिय व प्रभावी बनाने के उपायों पर चर्चा करेंगे। शिविर में संगठन प्रबंधन, जनसंपर्क, बूथ स्तर की रणनीति और समन्वय जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# खाद्य एवं औषधि विभाग ने नष्ट करवाया 1300 लीटर नकली दूध

## मिठाई, दुध, पनीर व अन्य खाने के सामान में मिलावट के साथ कुछ दुकानदार कर रहे लोगों की सेहत से खिलवाड़

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 2 जनवरी।** कलायत शहर में नामी ब्रांडों का फर्जी लेबल लगाकर दूध, मिठाई, पनीर व अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट का खेल नागरिकों की सेहत के साथ बड़ा मजाक बन रहा है। इस प्रकार की लगातार मिल रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए कैथल खाद्य एवं औषधि विभाग अधिकारी डा.पवन कुमार की अगुवाई में टीम ने कैंची चौक के नजदीक बड़ी कार्यवाही की। इस दौरान छापेमारी करते हुए लगभग 1300 लीटर दुध के सैंपल लेते हुए इसे नष्ट करवाया गया। दुध को दो बड़े ड्रमों और इसे ठंडा करने वाली मशीन में रखा हुआ था। डा.पवन कुमार ने बताया कि जांच के दौरान जो दूध नष्ट करवाया गया उसे यदि उपयोग में लाया जाता तो लोगों की सेहत को खतरा था। विभाग ने मौके से दूध के दो सैंपल लेकर नियमानुसार जांच के लिए भेजे और शेष पूरा दूध मौके पर ही नष्ट कर दिया।

खाद्य एवं औषधि विभाग अधिकारी डा.पवन कुमार ने बताया कि विभाग को कलायत में नकली दूध व अन्य खाद्य पदार्थ तैयार की शिकायतें मिल रही हैं। इसके आधार पर विभाग द्वारा पहले क्रमवार जानकारी एकत्रित की जा रही हैं। इसके तहत अचानक छापा कार्यवाही को अंजाम दिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि यह अवैध गतिविधि काफी समय से चल रही थी। नकली दूध को अलग-अलग स्थानों पर बेचकर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि मिलावट करने वालों के खिलाफ विभाग की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि यदि कहीं भी नकली या संदिग्ध खाद्य पदार्थ बेचे जाने की जानकारी मिले तो तुरंत विभाग को सूचित करें। मिलावटखोरों के खिलाफ खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**सेहत व सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बेसमेंट :** शहर के लोगों व समाज सेवी संगठनों में उन दुकानदारों के खिलाफ भारी रोष है जो मिलावटखोरी सेहत व बेसमेंट जैसे असुरक्षित होटलों एवं मिष्ठान भंडारों के जरिये जिंदगी से खिलवाड़ रहे हैं। इनमें किसी भी समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है। प्रदेश सरकार द्वारा इस प्रकार की स्थिति के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं। इस मामले में भले ही खाद्य एवं औषधि विभाग कैथल समय-समय पर कलायत में छापा कार्यवाही कर रहो। लेकिन जिला दमकल विभाग को भी इसी तरह सुरक्षा के मामले को लेकर सजग होने की जरूरत है। बेसमेंट के लिए न अनुमति व न अग्नि-सुरक्षा की कोई व्यवस्था है। इन हालातों में अग्निशमन यंत्र न आपातकालीन स्थिति पर काबू पा सकेंगे और न लोगों को भीड़ में सुरक्षा मिल पाएगी।

# कसेरला कलां के दो युवकों की मौत, चार घायल

## नए साल पर जालंधर गए थे माथा टेकने, हादसे का हुए शिकार

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा, 2 जनवरी।** नए साल पर पंजाब के जालंधर में माथा टेकने गए बराड़ा के गांव कसेरला कलां के दो युवकों की मौत हो गई जबकि उनके चार साथी घायल हो गए। वहीं, एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। गांव कसेरला कलां निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि कसेरला कलां से एक ही परिवार के चार युवक कर्ण (16) पुत्र अमन कुमार, प्रिंस (19) पुत्र रामकरण, राहुल बागड़ी (25) पुत्र गुरमेल सिंह, चित्रांश (19) पुत्र जितेन्द्र और गांव लंडा निवासी दो भाई खुशप्रीत व कर्मवीर पुत्र जसविन्द्र सिंह जालंधर स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर डेरा सचखंड बल्लां में नए साल पर माथा टेकने के लिए 31 दिसंबर को घर से रवाना हुए। सभी 6 युवक अम्बाला कैंट से ट्रेन में सवार हुए और जालंधर स्टेशन पर उतरे। जहां से वह ऑटो में सवार होकर डेरा सचखंड बल्लां की ओर जा रहे थे कि कुछ दूरी पर पीछे से आ रहे एक वाहन ने उनके ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ऑटो नियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर सड़क की दूसरी तरफ जा गिरा। जिससे सामने से आ रहे वाहन उनसे टकरा गए। हादसे में ऑटो चालक और कसेरला कलां के कर्ण और प्रिंस की मौत हो गई जबकि अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जालंधर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुरेश कुमार ने बताया कि वहां राहुल की गंभीर हालत के चलते उसे आज रेफर कर दिया गया है। चारों घायलों को शाहबाद के आदेश अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, कर्ण और प्रिंस का शव शुक्रवार सुबह उनके गांव पहुंचा और परिजनों ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया। दोनों मौत के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। जवान युवकों की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं, जालंधर में घायलों की मदद के लिए डेरा सचखंड बल्लां से और भीम आर्मी की टीम भी मदद के लिए पहुंच गई। इसके अलावा श्री गुरु रविदास धर्म अस्थान सिरसगढ़ के संचालक संत मनदीप दास ने इस घटना पर शोक जताया है और मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी है। सुरेश कुमार ने बताया कि प्रिंसी दो बहनों का इकलौता भाई था जो उगाला के सरकारी स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र था, वहीं कर्ण यारा गांव के स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ता था। इन युवकों में कर्ण, प्रिंस और राहुल एक ही परिवार के हैं जबकि चित्रांश गांव कसेरला कलां का ही था और वह अपने साथ अपने माता के बेटे लंडा निवासी खुशप्रीत और कर्मवीर को भी लेकर गया था।

### संतों के सत्संग से परमात्मा को प्राप्त करने का मार्ग मिलता है: महंत पुरी

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/वालिया)।** अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी आजकल महाराष्ट्र प्रवास पर हैं। जहां उनका जगह जगह स्वागत सम्मान हो रहा है। महाराष्ट्र में भारी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच महंत जगन्नाथ पुरी सत्संग एवं प्रवचन कर रहे है। शुक्रवार को महंत जगन्नाथ पुरी ने कहा कि संतों के सत्संग से परमात्मा को प्राप्त करने का मार्ग मिलता है, क्योंकि सत्संग अज्ञानता का अंधकार मिटा कर ज्ञान का प्रकाश दिखाता है। सच्ची भक्ति और मोक्ष के सही रास्ते सत्संग में ही मिलते हैं, जिससे आत्मा परमात्मा से जुड़ पाती है और जीवन के परम लक्ष्य (सतलोक) तक पहुँचने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि सत्संग संतों से आध्यात्मिक प्रवचन सुनने का अवसर देता है, जिससे जीवन के वास्तविक उद्देश्य का पता चलता है।

# युवा अग्रवाल सभा के चुनाव में प्रधान बने गौरव बंसल



अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 2 जनवरी।** शहर में कई दिनों से चर्चा में चल रहे युवा अग्रवाल सभा के प्रधान पद हेतु चुनावों में दो प्रत्याशी मैदान में थे जिसके नाम गौरव बंसल व अमन सिंगला थे दोनों प्रत्याशी हर संभव जोड़ तोड़ कर एक दूसरे को लगातार पिछाड़ते दिखाई दे रहे थे आज सुबह अग्रवालसभा के सिंबल रोड अग्रवाल भवन में युवा साथियों के चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई युवा अग्रवाल सभा के सदस्यों की संख्या कुल 149 है जिसमें गौरव बंसल को 79 वोट मिले वह अमन सिंगला को 64 वोट मिले और गौरव बंसल के 15 वोट से जितने से उसके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। जीतने के बाद प्रधान गौरव बंसल ने अपने समर्थकों में युवा अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान एडवोकेट कपिल बंसल व पूर्व प्रधान त्रिलोक सिंगला ( रॉकी सिंगला) व पूर्व प्रधान गौतम जैन, जैन सभा प्रधान संजय जैन,पंकज गर्ग, अश्विनी बांसल, रोशन जिंदल, निखिल बंसल, मनीष गर्ग, दीपक गोयल आदि सब युवा अग्रवाल भाइयो का धन्यवाद किया।

# स्वर्गीय संतोष रानी की 78वीं वर्षगांठ पर 101 से ज्यादा स्वयं सेवियों ने किया रक्तदान

## विधायक अशोक अरोड़ा, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर ने किया 22वें रक्तदान शिविर व मेगा हेल्थ शिविर का उद्घाटन

अर्थप्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा





**कुरुक्षेत्र, 2 जनवरी।** समाजसेवी स्वर्गीय संतोष रानी की 78वीं वर्षगांठ पर 101 से ज्यादा स्वयं सेवियों ने स्वेच्छा के साथ रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में रक्तदान कर किसी अनजान व्यक्ति की जान को सहजता से बचाया जा सकेगा। इसलिए आम व्यक्ति को रक्तदान महादान के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। इस संस्थान की तरफ से हर वर्ष जहां रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, वहीं गरीब लोगों को राशन, बच्चों को स्टेशनरी और बीमार लोगों के स्वास्थ्य की जांच करने का काम किया जा रहा है। इस संस्थान से समाज की अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा मिलती है। इतना ही नहीं मेहरचंद मेहंदीरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं समाज सेवी पंकज अरोड़ा व राजीव अरोड़ा, राजेन्द्र अरोड़ा, लता रानी, कृति अरोड़ा समाज सेवा के लिए अच्छा कार्य कर रहे है।

इस रक्तदान शिविर और मेगा हेल्प कैंप का शुभारंभ विधायक अशोक अरोड़ा, हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा,हरियाणा शुगर फैड के चेयरमैन धर्मवीर डागर, डीआईजी सुरेन्द्र पाल, महंत बंसीपुरी जी महाराज, जिला परिषद अध्यक्षा कंवलजीत कौर, केडीबी मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के पूर्व चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, डीएसपी सुनील कुमार ने रक्तदान शिविर व मेगा हेल्थ कैंप का विधिवत रुप से शुभारंभ किया।

विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि भारत की संस्कृति में माता पिता की सेवा करने के कार्य को सबसे बड़ा पुण्य माना जाता है। ऐसे समय में माता पिता की याद में मेहरचंद मेहंदीरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा और राजीव अरोड़ा ने बेहतरीन ढंग से करने का काम कर रहे है।

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने रक्तदान शिविर, राशन व वस्त्र वितरण जैसे समाज सेवा के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मेहरचंद मेहंदीरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से समाज सेवा के लिए सराहनीय कार्य कर रहे है। आज लोग अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए ही काम करने का प्रयास करते है, लेकिन इस ट्रस्ट ने हमेशा समाज सेवा के लिए सराहनीय कार्य किया है।

डीआईजी सुरेन्द्र पाल व जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि रक्तदान समाज की ह्यह्यसबसे बड़ी सेवा है। इस सेवा के लिए समाज के हर व्यक्ति को अपना योगदान देने के लिए तैयार रहना चाहिए। इस सेवा के जरिए इंसान किसी दूसरे व्यक्ति के जीवन को बचा सकता है।

केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल व पूर्व चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से पंडित प्रेमचंद ने रक्तदान शिविर लगाने के लिए समाज सेवी पंकज अरोड़ा व राजीव अरोड़ा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे समाज के दूसरे लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस शिविर में एलएनजेपी अस्पताल व बीएस हार्ट केयर अस्पताल संचालकों का विशेष योगदान रहता है। इस स्वास्थ्य शिविर में 100 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और 25 की ईसीजी की गई। इस मौके पर डीएमसी अमन कुमार, केडीबी सदस्य डा.ऋषिपाल मथाना, पूर्व चेयरमैन देवीदयाल शर्मा,प्रदीप झाम, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी, आम आदमी पार्टी से सुमित हिन्दुस्तानी, केएल बठला, डा. अजय अग्रवाल, एनआईटी से डा. सुरेन्द्र देशवाल, डा.पंकज चांदना,अग्रसेन पब्लिक स्कूल नीतिन गोयल, कैटर्स एसोसिएशन के प्रधान अविनी गुप्ता, एसएसचओ दिनेश राणा, चौंकी इन्चार्ज अंकित त्यागी, पीआरओ नरेश सहगवाल, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से डा. कुलदीप मेहंदीरत्ता, भारत विकास परिषद डा. रमेश गुलाटी, विजयंत बिंदल, धीरज गुलाटी सहित आदि उपस्थित थे।

# जनगणना-2027 के लिए हरियाणा तैयार, पूरी तरह डिजिटल होगी जनगणना : मुख्य सचिव

**केन्द्र सरकार से प्रदेश को 200 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** हरियाणा सरकार ने औपचारिक तौर पर जनगणना-2027 की व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार की जनगणना पूरी तरह से डिजिटल जनगणना होगी। केन्द्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, जनगणना का पहला चरण 01 मई, 2026 से शुरू होगा, जिसमें मकानों का सूचीकरण एवं आवास जनगणना की जाएगी। जनगणना कार्य के लिए प्रदेश को केन्द्र सरकार की तरफ से 200 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में आज यहां हुई राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति (एसएलसीसीसी) की पहली बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली इस महत्वपूर्ण कवायद के सुचारू एवं समयबद्ध संचालन के लिए प्रशासनिक, लॉजिस्टिक और परिचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने बताया कि डेटा की सटीकता, एकरूपता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के मकसद से प्रदेश में सभी प्रशासनिक सीमाओं को स्थिर (फ्रीज) कर दिया गया है और जनगणना का कार्य पूर्ण होने तक इनमें कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

जिला स्तर पर तैयारियों को पुख्ता करने के लिए जल्द ही उपायुक्तों की एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस बुलाई जाएगी, ताकि प्रधान जनगणना अधिकारियों को समय-सीमा, दायित्वों और विस्तृत परिचालन योजना के प्रति संवेदनशील बनाया जा सके।

मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने जनगणना-2027 की सफलता के लिए मजबूत अंतर-विभागीय समन्वय और समय पर निर्णय लेने की आवश्यकता जताते हुए सभी विभागों से पूर्ण सहयोग का आह्वान किया। निरंतरता बनाए रखने और किसी भी प्रकार के व्यवधान से बचने के लिए यह भी निर्णय लिया गया है कि जनगणना अवधि के दौरान जनगणना से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा, जिसके लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि जमीनी स्तर पर प्रभावी निगरानी हेतु जनगणना-2027 को मासिक जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों के स्थायी एजेंडा में शामिल किया जाएगा।

हरियाणा के जनगणना निदेशक श्री ललित जैन ने समिति को अवगत कराया कि जनगणना-2027 एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर है, क्योंकि पूरा कार्य डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से शत-प्रतिशत डिजिटल प्री-टेस्ट पंचकूला, हिसार और फरीदाबाद में सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें एक लाख से अधिक आबादी को कवर किया गया। निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्री-टेस्ट पूरा करने के लिए भारत के महापंजीयक (रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया) द्वारा प्रदेश की सराहना की गई है।

बैठक में बताया गया कि शिक्षकों को छोड़कर, जनगणना कार्य के लिए प्रतिनियुक्त कर्मचारियों की तैनाती फरवरी माह में की जाएगी। प्रथम चरण में लगभग 60,000 सरकारी कर्मचारी, गणनाकर्मी (इन्यूमरेटर) और पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किए जाएंगे। इस कार्य के लिए शिक्षकों एवं अन्य सरकारी कर्मचारियों को वरीयता दी जाएगी।

बैठक में वर्ष 2011 की जनगणना के बाद राज्य के प्रशासनिक और जनसांख्यिकीय परिदृश्य में आए परिवर्तनों पर भी गौर किया गया। जनगणना-2027 के लिए हरियाणा में 23 जिले होंगे, जबकि 2011 में यह संख्या 21 थी। उप-मंडलों (सब-डिस्ट्रिक्ट्स) की संख्या 75 से बढ़कर 94 हो गई है। वैधानिक नगर 80 से बढ़कर 88 हो गए हैं, जबकि जनगणना नगर 74 से घटकर 51 रह गए हैं। शहरी समूह (अर्बन एग्लोमरेशन) की संख्या 12 से ब?कर 20 हो गई है। गांवों की संख्या 2011 के 6,841 की तुलना में अब 6,523 रह गई है। हाउस-लिस्टिंग ब्लॉक्स, जो 2011 में 45,361 थे, जनगणना-2027 के लिए लगभग 51,000 अनुमानित हैं।

जनगणना-2027 के लिए गणनाकर्मियों और पर्यवेक्षकों को प्रथम चरण के लिए 9,000 रुपये तथा द्वितीय चरण के लिए 16,000 रुपये, कुल मिलाकर 25,000 रुपये मानदेय दिया जाएगा। मानदेय प्रत्येक चरण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद देय होगा। इसके अतिरिक्त, राज्य, मंडल, जिला और उप-मंडल स्तर के अधिकारियों के लिए भी मानदेय स्वीकृत किए गए हैं, ताकि जवाबदेही और प्रेरणा सुनिश्चित की जा सके।

## आने वाले दो सप्ताह एनएसएस गतिविधियों के उत्सव के रूप में मनाए जाएंगे : विजेंद्र

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**पुंडरी, 2 जनवरी।** उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा एवं जिला एनएसएस सेल कैथल के संयुक्त तत्वावधान में जिले की 42 राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) यूनिटों में सात दिवसीय विशेष शिविरों का आयोजन शुरू हो चुका है। यह शिविर विभिन्न तिथियों में जिले की सभी यूनिटों द्वारा अपने-अपने अडॉप्टेड प्लेस पर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से युवाओं को समाज सेवा से जोड़ते हुए राष्ट्रनिर्माण की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है।

इन सात दिवसीय शिविरों के दौरान एनएसएस स्वयंसेवक समाज में व्याप्त कुरीतियों, नशाखोरी, प्लास्टिक प्रदूषण, स्वच्छता की कमी, यातायात नियमों की अनदेखी जैसी समस्याओं के प्रति आमजन को जागरूक करेंगे। इसके साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता, डिजिटल जागरूकता और सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेष कार्यक्रम व जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे। शिविरों में स्वयंसेवकों को विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण गतिविधियों से भी जोड़ा जाएगा, जिनमें योग, प्राणायाम, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क तथा आपदा प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि वे पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों को भी समझ सकें। एनएसएस कैथल के जिला संयोजक विजेंद्र ने बताया कि आने वाले अगले दो सप्ताह जिले में एनएसएस गतिविधियों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण रहने वाले हैं। इस दौरान जिला एनएसएस कैथल द्वारा सभी कार्यक्रमों को उत्सव की तरह धूमधाम से मनाया जाएगा। विभिन्न यूनिटों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी के साथ-साथ ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों को भी जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में देशप्रेम, समाजसेवा और अनुशासन की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। एनएसएस के जरिए युवा न केवल समाज की समस्याओं को करीब से समझते हैं, बल्कि उनके समाधान में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### गोसेवकों को सम्मानित किया

**पानीपत (अप्रस/मनदीप कुमार)।** अनाज मंडी बापौली के पास समाजसेवी राजपाल रावल, यमुना सुधार समिति के प्रदेशाध्याक्ष रत्तन सिंह रावल एडवोकेट ने मौजिज लोगो के साथ क्षेत्र में सुख शांति को लेकर गोसेवको को सममानित किया गया। इस दौरान मुखयअतिथि गोसेवक यमुना सुधार समिति अध्यक्ष रत्तन सिंह रावल एडवोकेट, राजू रावल प्रोपार्टी डीलर के नेतृत्व में आसपास के गांवों से लोगो ने गोसेवको गर्म शॉल, चादरे आदि दे कर सममानित किया गया। सुबह मुखयअतिथि यमुना सुधार समिति अध्यक्ष रत्तन सिंह रावल ऐडवोकेट ने कहा कि नर्व वर्ष में क्षेत्र में सुख शांति कायम रहे और आपसी प्रेम भाव से गायों की सेवा करने का अवसर मिलता रहे और सभी आपसी प्रेमभाव से रहे यही कामनाएं की गई । गौ सेवा करने से पुण्य का भागी बनते हैं। सभी ने सुख शांति बनाए रखने को लेकर गायो को गुड आदि भी खिला कर कर पूण्य कमाया। सभी के लिए सुख की कामनाएं की गई । इस पर राजू रावल ने कहा कि क्षेत्र में अनेक गौशालाओं में सैकड़ो गायो की सेवा सभी दानी सज्जनों की सहायात से की जा रही हैं। गायों के लिए कोई गांव में गौचरान जमीन आदि आमदनी का कोई अन्य साधन नही हैं। सरकार को भी इस ओर कम ही रूझान दिया जा रहा हैं। गोसेवको की ओर से आर्थिक मदद से ही गायो की सेवा की जा रही हैं। इस अवसर पर सरपंच व मार्किट कमेटी चैयरमैन राजेन्द्र रावल छाजपूर कलां, हंसा, संजय, नरेश कुमार, मुकेश कुमार, पवन, संदीप, राजपाल आदि सभी स्टाफ मौजूद रहे ।

### एनएसएस शिविर के दूसरे दिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नरवाना (अप्रस/हितेश गर्ग)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंघवाल में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस शिविर के दूसरे दिन जागरूकता एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एम. राजकीय महाविद्यालय नरवाना में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर जगबीर दूहन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में उनका विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर जगबीर दूहन ने सोशल मीडिया का युवाओं के जीवन पर सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, ट्विटर और यूट्यूब ने युवाओं के लिए सूचना, ज्ञान और मनोरंजन के नए द्वार खोल दिए हैं। इसके माध्यम से आज युवा विश्व से जुड़कर नई-नई जानकारियां प्राप्त कर रहे हैं और अपनी प्रतिभा को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित कर पा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के नकारात्मक पहलुओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अत्यधिक और गलत उपयोग के कारण युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे अवसाद, तनाव और आत्मविश्वास की कमी जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रमित करने वाली सूचनाएं और फेक न्यूज़ युवाओं को गलत दिशा में ले जा सकती हैं। इसलिए आज आवश्यकता है कि युवा सोशल मीडिया के सकारात्मक पहलुओं को अपनाते हुए इसका संतुलित और विवेकपूर्ण उपयोग करें, ताकि व्यक्तित्व विकास और भविष्य निर्माण में यह सहायक सिद्ध हो सके। कार्यक्रम में उपस्थित गणित प्राध्यापिका प्रेमलता ने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन का सीमित और उचित उपयोग करने की सलाह दी। केमिस्ट्री प्राध्यापिका कुसुम ने समय प्रबंधन और निरंतर अभ्यास के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। वहीं हिंदी प्राध्यापक दर्शन सिंह ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए चरित्र निर्माण, अनुशासन और समाज उपयोगी कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम में बोले भाजपा नेता : अशोक गुर्जर

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 2 जनवरी।** कैथल स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में बाल विवाह मुक्त अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने मुख्यवक्ता के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर अशोक गुर्जर का आयोजकों ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया व छात्राओं ने तिलक लगाया। अशोक गुर्जर ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में अशोक गुर्जर ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास में सबसे बड़ी बाधा है। इसे जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक होकर सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार व समाज में भी बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करें। इस मौके पर अधिकारियों व विद्यार्थियों को बाल विवाह के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के चेयरमैन भीमसेन अग्रवाल, प्रोटेक्शन ऑफिसर सुनीता शर्मा, संस्थान के प्रिंसिपल सतीश मछाल, एनजीओ कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार भी उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सारसा में 27 दिसम्बर से चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। शिविर के समापन समारोह अवसर पर मुख्य अतिथि डाइट पलवल के प्राध्यापक डा. रघुवीर तनेजा थे। उन्होंने समापन समारोह पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए साइबर सेफ्टी व साइबर क्राइम के ऊपर विस्तृत जानकारी दी व स्वयंसेवकों को ऐसे टिप्स बताए जिनकी मदद से वे अपने आप को साइबर क्राइम से होने वाले अपराधों से सुरक्षित रख सकते हैं। विद्यालय प्रधानाचार्य धर्मवीर व एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी ईश्वर सिंह ने भी स्वयंसेवकों को शिविर के सफल समापन के लिए बधाई दी व उन्हें शिविर में ग्रहण किए गए अनुभवों को समाज सेवा से जोड़ने का आह्वान किया।

## श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन गोपी-कृष्ण रास लीला, मथुरा गमन व रुक्मणी विवाह का वर्णन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 2 जनवरी।** श्रीशिव मंदिर सनातन धर्म सभा गन्नौर द्वारा आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक साध्वी समाहिता ने गोपी-कृष्ण रास लीला का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। उन्होंने कहा कि रास लीला आत्मा और परमात्मा के दिव्य मिलन का प्रतीक है, जिसमें प्रेम, समर्पण और भक्ति की पराकाष्ठा दिखाई देती है। छठे दिन के कार्यक्रम में भाजपा नेता देवेंद्र कैशिक, सोनीपत नगर निगम मेयर राजीव जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्रीशिव मंदिर सनातन धर्म सभा के प्रधान एवं नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी व गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया। कथा में श्रीकृष्ण के मथुरा गमन का प्रसंग सुनाते हुए साध्वी समाहिता ने कंस वध के माध्यम से अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया। साथ ही श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का वर्णन करते हुए बताया कि यह विवाह सच्चे प्रेम, साहस और नारी सम्मान का प्रतीक है। भजनों व कीर्तन पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए।

## एनएचपीसी ने वर्ष 2026 के विजन में स्वच्छ ऊर्जा और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फरीदाबाद, 1 जनवरी।** एनएचपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री भूपेन्द्र गुप्ता ने वर्ष 2026 के लिए कंपनी के विजन को रेखांकित करते हुए स्वच्छ ऊर्जा, सतत विकास और राष्ट्र निर्माण के प्रति एनएचपीसी की मजबूत प्रतिबद्धता की पुष्टि की। वे 1 जनवरी 2026 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में आयोजित नववर्ष के विशेष कार्यक्रम के दौरान एनएचपीसी के कार्मिकों को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) तथा श्री महेश कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त) सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। श्री गुप्ता ने सभी कर्मचारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीते वर्ष चुनौतियों के बावजूद एनएचपीसी ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने आगामी वर्ष में नवाचार, उत्कृष्टता और सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास और समर्पण पर जोर दिया।

उन्होंने देश की ऊर्जा सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और सामुदायिक विकास में एनएचपीसी की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि संगठन राष्ट्र के दीर्घकालिक विकास में निरंतर योगदान देता रहेगा।

कार्यक्रम में निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल ने मानव संसाधन, कर्मचारी कल्याण और सकारात्मक कार्य संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। निदेशक (परियोजनाएं) श्री संजय कुमार सिंह ने परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन की प्रतिबद्धता दोहराई, जबकि निदेशक (तकनीकी) श्री सुप्रकाश अधिकारी ने तकनीकी नवाचार और गुणवत्ता मानकों की आवश्यकता बताई। निदेशक (वित्त) श्री महेश कुमार शर्मा ने वित्तीय अनुशासन और सतत निवेश पर संगठन की प्रतिबद्धता जताई।

कार्यक्रम के अंत में श्री राम भारतीय कला केंद्र, नई दिल्ली के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत 'श्रीकृष्ण' नृत्य नाटिका ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह कार्यक्रम वेबकास्ट तथा सोशल मीडिया के माध्यम से सभी एनएचपीसी कार्यस्थलों पर भी देखा गया।

## सांप्रदायिकता फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे सरकार : माकपा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 2 जनवरी।** मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के हरियाणा राज्य सचिव मंडल ने प्रदेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती घटनाओं व खराब होती कानून व्यवस्था पर गहरी चिंता प्रकट की है। राज्य सचिव प्रेम चंद ने कहा कि फिरका परस्त ताकतों द्वारा धर्म के नाम पर पैदा किये जा रहे नफरती माहौल के जरिए प्रदेश में आपसी सौहार्द को ठेस पहुंचाने की कौशिशें की जा रही हैं। गत 27 दिसंबर को बात्ता गांव में 21 वर्षीय हिलाल अहमद के साथ कुछ युवकों द्वारा मारपीट की गई। वंदे मातरम न बोलने पर उसे जिंदा जलाकर मारने की धमकी दी गई। इसी तरह की एक घटना फतेहाबाद में फेरीवाले कश्मीरी युवक के साथ हुई है, जिसमें फेरीवाले को आगे आकर महिलाओं ने बचाया था। क्रिसमस डे पर जींद में जयंती माता के मंदिर में इकट्ठे होकर बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस की मौजूदगी में खुले आम हथियार लेकर प्रदर्शन किया गया जिसमें अल्पसंख्यकों के खिलाफ नारे लगाने व भड?ाऊ गाने बजाए गए। हिसार में क्रिसमस डे पर ही चर्च के सामने बजरंग दल, वीएचपी के कार्यकर्ताओं द्वारा हनुमान चालीसा पढ़ा गया है। नवंबर में रोहतक जिले के गांव टीटोली आंवल में ईसाई मिशनरी में आस्था रखने वाले लोगों के साथ बदसलुकी की गई और उनके धार्मिक ग्रंथ छीनकर जलाए गए। हिसार में एक पत्रकार व यूट्यूबर द्वारा आपसी सद्भाव के लिए व सांप्रदायिकता के खिलाफ आवाज उठाने पर पुलिस प्रशासन द्वारा नोटिस भेजकर उस आवाज को दबाने की आपत्तिजनक खबरें भी सामने आई हैं। माकपा इन घटनाओं की कड़ी निंदा करती है।

पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(कार्यालय अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता/डीएस मंडल, गुरदासपुर)
मोबाईल सं. 9646113028, ई-मेल: xen-ds-pspcl@pspcl.in

निविदा पूछताछ सं. 01/2025-26 दिनांक: 05.01.2026

अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता/प्रचालन पीएसपीसीएल मंडल गुरदासपुर द्वारा प्रचालन उप मंडल सिटी गुरदासपुर के लिए 1 सं. आउटसोर्स वाहन महिंद्रा बोलेरो/टीयूवी 300/एक्सवाईएलओ अथवा समान मूल्य का वाहन (सिंगल डोर/डबल डोर) की हायरिंग के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं। वाहन 5 वर्ष से पुराना न हो (2021 से पहला न हो)। निविदाएं 23.01.2026 को प्रात: 11.00 बजे तक प्राप्त की जाएंगी और निविदाएं 23.01.2026 को सायं 03.00 बजे खोली जाएंगी। विस्तृत निआसू एवं निविदा विनिर्देशन हेतु कृपया https://www.pspcl.in पर पधारें।

**टिप्पणी:-** शुद्धिपत्र एवं परिशिष्ट, यदि कोई हुआ, https://www.pspcl.in पर ऑनलाईन प्रकाशिक किया जाएगा।

सी06/26

उत्तर रेलवे
ई-निविदा

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी. उत्तर रेलवे, अम्बाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रु.) | बोली प्रतिभूति (रु.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 30-विद्युत 25/2025-26 (ओपन टेंडर) | अंबाला डिवीजन के खानलपुरा स्थित सी एंड डब्ल्यू डिपो के यार्डों में कैमटेक पैटर्न के अनुसार ऊर्जा कुशल एलईडी प्रकाश व्यवस्था के साथ रोलिंग एग्जामिनेशन पॉइंट्स पर एग्जामिनेशन लाइट, वेल्डिंग पॉइंट्स और प्रकाश व्यवस्था की व्यवस्था करना। | Rs. 19337905.16 | Rs. 246700.00 | 04 महीने | 23.01.2026 |

1. निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2. आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी।
3. कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए।
4. विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.IREPS.Gov.in पर लॉग ऑन करें।
5. जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।

खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-18/2025-26 दिनांक : 01.01.2026 14/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## हरियाणा और पंजाब में विदेश भेजने के नाम पर बीजा माफिया सक्रिय

### प्रति दिन दर्जनों युवा शिकार होते है ठगी का, सरकार के कानूनों में खामी का फायदा उठा रहा है माफिया

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 2 जनवरी।** देश के युवाओं में विदेश जाने का मोह जिस तरह से लगातार बढ़ता जा रहा है। डालर कमाने की होड़ में बिदेश जाने क्रेज लोगों में बढ़ा हैं। बारहवीं करते ही बच्चे बिदेश जाने का सपना संजोने लगते हैं। युवाओं की इस मजबूरी का फायदा देश में सपनों के सौदागर उठा रहे हैं। सरकार ने भी बिदेश भेजने वाले एजेंटों के लिए कोई नियम नहीं बनाए हैं। इसक ा फायदा तथाकथित एजेंट उठा रहे हैं। प्रति दिन दर्जनों मामले विदेश जाने के नाम पर ठगी के मामले समाने आ रहे हैं। आए दिन युवकों को बीजा दिलाने के नाम पर लाखों रुपयों की ठगी का मामला सामने आया। इसी तरह में गलत तरीक से बिदेश भेजने के नाम पर धोखा धड़ी के फैर में कई युवा अपने जीवन से हाथ धो बेठे हैं। लोगों में जागरूकता के अभाव का फायदा एजेंट उठा रहे हैं। पिछ्ले महीने में अमरीका सरकार ने देश के कई सयौ युवकों को डिवोट किया। इसी तरह कनाडा, आस्ट्रेलिया जर्मनी न्यूजीलैंड जैसे देश भी भारत के युवकों को वापस भेजने की तैयारी कर रहे हैं। हरियाणा और पंजाब से हर साल लाखोंलोग बीजा के लिए आवेदन करते हैं। लाखों लोग शिक्षा के लिए बिदेश जाते हैं। युवओं के पसंदीदा देशों में अमरीका कनाडा, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंट, सर्विया, इटली,फास,जर्मनी,दुबई पुर्तगाल, इंगलैंड, सहित तमाम देशों में जाते हैं। लगभग तीस लाख करोड़ रुपया हरियाणा और पंजाब से हर साल बिदेशी संस्थाओं को जाता हैं। बिदेश में जाकर डालर कमाने की होड़ य्वाओं में लगी है। करनाल में ही चिरकुटों की तरह इमीग्रेशन की दुकानें खुली हैं। एक जानकारी के अनुसार पूरे हरियाणा में केवल 18 एजेंट ही बिदेश मंत्रालय में पंजीकृत हैं। यदि करनाल की बात करें तो केवल दो ही ऐजेंट पंजीकृत हैं। हर देश की अपनी इमीग्रेशन और बिदेश मंत्रालय का विभाग है। शिक्षा के लिए, बीजा के लिए,नज़ीरी के लिए तथा अन्य कार्यों के लिए उनके पंजीकृत सलाहकार होते हैं। हर देशकी साइट पर उनके सलाहकारों के नाम अंकित होंतेहैं। हमारे देश का किसान, व्यापारी नौकरी करने वाला अपने बच्चों को बिदेश भेजने के लिए कर्ज लेते हैं जमीन बेच देते हैं। घर गिंरवी रख देते हैं। बाद में पता चलता है कि बिदेश भेजने के नाम पर उनके साथ ठगी हुई हैं। हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र यूपी और पंजाब में इमीग्रेशन माफिया सक्रिय हैं। इनकी हरकतों के कारण सैकड़ों युवा बिदेश में जेलों में सजा काट रहे है। इस तरह के एजेंट हमारे देश की प्रतिष्ठा को दाव पर लगा कर शरणार्थी बीजा लगवा रहे हैं। हरियाणा और पंजाब के कई युवा कनाडा अमरीका, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, दुबई न्यूजीलेंड सहित तमाम देशों की जेलों में सजा काट रहे हैं। इस माफिया में स्कूल आइलेट के नाम पर दुकान चलाने वाले लोग शामिल हैं। संबंधित कार्यालय में जाने पर पहले देखें एजेंट का लाइसैंस , संबंधित देशों की साइट पर मिल जाती हैं सलाहकारों की सूची- इस मुद्दें को लेकर कनाडा सरकार के पंजीकृत सलाहकार अरविंद कादियान ने बताया कि जिस तरही वकील को कानून डाक्टर को मैडीकल की पढ़ाई जरूरी होती हैं। इसी तरह इमीग्रेशन सलाहकार को शिक्षा जरूरी हैं। अधिकृत एजेंट को उस देश की पढ़ाई के बाद परीक्षा देना होती हैं। उन्होंने सवाल किया कि हरियाणा में क्या कोई ऐसा इमीग्रेशन एजेंट हैं जिसने संबंधित देश में परीक्षा देकर सलाहकार की डिग्री ली है। उन्होंने कहा कि सभी देशों की इमीग्रेशन एजेंसियां अपने देश के कानून के हिसाब से परीक्षा लेकर पंजीकरण करती हैं। हरियाणा और पंजाब में ऐसे सलाहकार एक दो हैं। उन्होंने कहा कि जब भी किसी भी एजेंट के पास जाएं तो उनसे लाइसैंस मांगे । अधिकतर लोग दलाली का काम कर रहे हैं। हरियाणा में केवल 18 ही हैं पंजीकृत एजेंट, करनाल में दो - अइमीग्रेशन का काम चार दशक से कर रहे बलजीत साल्यान ने बताया कि भारत सरकार का बिदेश मंत्रालय संबंधित देशें की इमीग्रेशन विभागों की सहायता से सलाहकारों का पंजीकरण करता हैं। पूरे करनाल में उनके अलावा एक और सलाहकार हैं। केवल अधिकृत एजेंट के पास ही जाएं- डीसी - जब इस मामले में डीसी से बात की तो उन्होंने बताया कि वह पंजीकृत सलाहकारों की मददलें। किसी के बहकाबे में नहीं आएं। एस पी गंगा राम पूनिया ने बताया कि डंकी बीजा के साथ गलत तरीके से बीजा बनवाने वालों से सावधान रहें। ऐसे लोगों के बारे में पुलिस को सूचना दें।

# मेयर चुनाव 29 को, हाथ उठाकार होगी वोटिंग

## व्यापक समीक्षा बैठक के बाद लिया गया फैसला

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** महीने के अंत में होने वाले चंडीगढ़ मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव में मतदान को लेकर असमंजस व्यापक समीक्षा बैठक के बाद समाप्त हो गया। मेयर चुनाव के लिए निर्धारित प्राधिकारी ने शो ऑफ हैंड्स के प्रशासन के फैसले पर अपनी आखिरी मुहर लगा दी। उपायुक्त एवं मेयर चुनाव के लिए निर्धारित प्राधिकारी ने यू.टी. चंडीगढ़ में लागू पंजाब म्युनिसिपल कॉरपोरेशन अधिनियम, 1976 तथा चंडीगढ़ म्युनिसिपल कॉरपोरेशन (प्रक्रिया एवं कार्य संचालन) विनियम, 1996 के प्रावधानों के अनुसार चुनाव ÷हाथ उठाकर मतदान÷ की प्रक्रिया से करवाने के निर्देश दिए। मतदान प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं स्पष्टता सुनिश्चित करने हेतु एक विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया है। इसमें मतदान पूर्व की प्रक्रिया, मतदान का क्रम, हाथ उठाने की प्रक्रिया, मतों की गणना, सत्यापन, अभिलेखीकरण तथा परिणामों की घोषणा से संबंधित सभी बिंदुओं का स्पष्ट विवरण शामिल है।

अथॉरिटी ने नगर निगम, चंडीगढ़ का दौरा कर चुनाव से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं एवं प्रक्रियात्मक तैयारियों की समीक्षा की। अपने दौरे के दौरान उपायुक्त ने मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर तथा डिप्टी मेयर पदों के चुनाव के संचालन को लेकर एक व्यापक समीक्षा बैठक की। नगर निगम, चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने निर्धारित प्राधिकारी को चुनाव के सुचारु, विधिसम्मत एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने हेतु की जा रही प्रशासनिक, प्रक्रियात्मक, लॉजिस्टिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

### क्या कहता है एस ओ पी

एसओपी के अनुसार, जब किसी विकल्प का नाम पुकारा जाएगा, तो पार्षद स्पष्ट रूप से अपना हाथ उठाएंगे। मतों की गणना दृश्य सत्यापन एवं मौखिक पुष्टि के माध्यम से की जाएगी तथा किसी भी प्रकार की अस्पष्टता या विवाद से बचने के लिए मत रजिस्टर का संधारण और बैठक की कार्यवाही (मिनट्स) में समुचित अभिलेख किया जाएगा।

### चुनाव की वीडियोग्राफी

उपायुक्त ने आगे निर्देश दिए कि संपूर्ण चुनावी कार्यवाही की निरंतर वीडियोग्राफी की जाएगी, जिसमें किसी प्रकार का संपादन नहीं किया जाएगा, तथा वीडियो रिकॉर्ड को न्यूनतम 90 दिनों तक या सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार सुरक्षित रखा जाएगा। पारदर्शिता के हित में, अनुमत सीमा तक मीडिया कवरेज एवं लाइव फीड की भी अनुमति दी जाएगी। पंजाब म्युनिसिपल कॉरपोरेशन अधिनियम, 1976 की धारा 60(क) के अंतर्गत, डॉ. रमनीक सिंह बेदी, पार्षद, जो कि मेयर चुनाव के प्रत्याशी नहीं हैं, को 29 जनवरी को आयोजित होने वाली बैठक के लिए पीठासीन प्राधिकारी नामित किया गया है। पीठासीन प्राधिकारी बैठक का संचालन करेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनावी कार्यवाही विधि, निर्धारित प्रक्रियाओं एवं स्वीकृत एस ओ पी के अनुसार ही संपन्न हो।

### समर्थकों और सुरक्षाकर्मियों पर रोक

अथॉरिटी ने उपस्थिति एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में यह स्पष्ट किया गया कि चुनाव बैठक में भाग लेने वाले पार्षद अपने साथ अन्य राज्यों से समर्थक या सुरक्षा कर्मी नहीं लाएंगे तथा केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही चुनाव प्रक्रिया के दौरान नगर निगम परिसर में प्रवेश की अनुमति होगी। चंडीगढ़ पुलिस को सभी पार्षदों एवं अधिकारियों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने तथा चुनाव से पूर्व, दौरान एवं पश्चात शांति, अनुशासन एवं सुव्यवस्थित वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### नामांकन प्रक्रिया की हुई समीक्षा

नामांकन प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई तथा यह दोहराया गया कि मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर एवं डिप्टी मेयर पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया एवं समय-सीमा का कड़ाई से पालन किया जाएगा, जो कि म्युनिसिपल कॉरपोरेशन (चुनाव) विनियम, 1996 के अनुसार होगी। नामांकन की विशिष्ट तिथियों की अधिसूचना सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी की जाएगी। अधिकारियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रक्रियाओं का अक्षरशः एवं भावना के अनुरूप पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाए रखने तथा अपने दायित्वों के प्रभावी निर्वहन के लिए पूर्णतः तैयार रहने के निर्देश दिए।

# मेयर और कमिश्नर ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन का स्वागत किया



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** नगर निगम चंडीगढ़ मेयर हरप्रीत कौर बबला, कमिश्नर अमित कुमार, स्पेशल कमिश्नर प्रदीप कुमार ने पार्षदों के साथ मिलकर आज श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर आयोजित नगर कीर्तन का गर्मजोशी से स्वागत किया।

नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब, सेक्टर 34 से शुरू हुआ और गुरुद्वारा साहिब, सेक्टर 8, चंडीगढ़ की ओर बढ़ रहा है।

इस जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिनमें पंज प्यारे, बच्चे, गतका समूह, धार्मिक संगठन और शहर के अलग-अलग हिस्सों के निवासी शामिल थे, जिन्होंने बहुत भक्ति और उत्साह दिखाया।

मेयर ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और इस पवित्र अवसर पर संगत को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दीं।

नगर निगम चंडीगढ़ ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्था की थी, जिसमें संगत के लिए पीने का पानी, चाय और ब्रेड पकौड़ा शामिल था। शहर भर में सुचारू और व्यवस्थित जुलूस के लिए नगर कीर्तन के रास्ते में विशेष सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### पब्लिक प्लेस पर शराब पीने वालों पर पुलिस का शिकंजा, 5 पियक्कड़ काबू

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस ने नवबर्ष की संध्या पर शहर में एक अभियान चला कर पब्लिक प्लेस शराब पीने वालों पर अपना शिकंजा कसते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग अलग जगहों से 5 आरोपी पियक्कड़ों को गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना 36 पुलिस नवबर्ष की संध्या पर एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सेक्टर 42 स्थित पालम गार्डन पार्किंग में पहुंची तो पुलिस ने आरोपी को शराब पीते हुए हिरासत में लेकर तुरंत मामले मामले में कारवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। जिसकी पहचान गांव बुटरेला सेक्टर 41 निवासी रवि कश्यप के रूप में हुई है। दूसरे मामले में नवबर्ष की पूर्व संध्या पर सेक्टर 56 पलसोरा पुलिस चौकी की टीम नवबर्ष के दिन एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस पलसोरा स्थित नजदीक बीट बॉक्स के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा कि एक शख्स पब्लिक प्लेस पर शराब पी रहा है। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए आरोपी पियक्कड़ को गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। जिसकी पहचान सैक्टर 56 निवासी शंकर के रूप में हुई है। तीसरे मामले में थाना मौली जागरा पुलिस ने अलग अलग तीन मामलों में तीन आरोपी पियक्कड़ों को पब्लिक प्लेस पर शराब पीते हुए गिरफ्तार कर बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया। पकड़े गए आरोपियो की पहचान मौली जागरा निवासी आकाश, गंगा शरण,और राम बहादुर के रूप में हुई है। पकड़े गए उक्त आरोपी पब्लिक प्लेस पर शराब पी रहे थे।

### कमानीदार चाकू रखने के मामले में आरोपी काबू

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 34 पुलिस ने कमानीदार चाकू रखने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव बुडैल सैक्टर 45 निवासी शुभम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पता चला यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना 34 पुलिस की नवबर्ष की संध्या पर एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सैक्टर 45 स्थित सरकारी स्कूल के पास पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर एक युवक को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से कमानीदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाला आरोपी काबू

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस ने नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मेट्रो स्टेशन दिल्ली निवासी आकांक्षी केलेचुकु के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 9.32 ग्राम क्रैक बाल बरामद की। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते पुलिस की टीम एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सैक्टर 43 स्थित आईएसबीटी की पिछली साइड पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर उक्त आरोपी को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से क्रैक बाल 9.32 ग्राम बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# मेयर ने स्रोत पर कचरा अलग करने पर जोर देते हुए एमसीसी वॉल कैलेंडर 2026 किया जारी

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** शहर की मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला ने आज एमसी कमिश्नर अमित कुमार, स्पेशल कमिश्नर प्रदीप कुमार, मेडिकल ऑफिसर ऑफ हेल्थ डॉ. इंदरदीप कौर और एमसी पार्षदों की मौजूदगी में नगर निगम चंडीगढ़ का सालाना वॉल कैलेंडर-2026 जारी किया। साल 2026 के लिए वॉल कैलेंडर को सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया है, जिसमें स्रोत पर कचरा अलग करने के विषय पर खास ध्यान दिया गया है। प्रभावशाली तस्वीरों और संदेशों के ज़रिए, कैलेंडर घर के कचरे को सही तरीके से अलग करने के लिए चार-रंग के डिब्बे इस्तेमाल करने के महत्व पर ज़ोर देता है, जैसे सूखा कचरा, गीला कचरा, सैनिटरी कचरा और खतरनाक कचरा।

कैलेंडर जारी करते हुए, मेयर ने सिटी ब्यूटीफुल के नागरिकों से अपील की कि वे घर के लेवल पर कचरा अलग करने का सामूहिक संकल्प लें। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सफाई बनाए रखने और चंडीगढ़ को स्वच्छता रैंकिंग में टॉप पर लाने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी बहुत ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि स्रोत पर कचरा अलग करना एक कुशल ठोस कचरा प्रबंधन प्रणाली की नींव है।

एमसी कमिश्नर अमित कुमार ने कहा कि साल 2026 के दौरान, नगर निगम चंडीगढ़ स्रोत पर कचरा अलग करने पर खास ज़ोर देगा। उन्होंने बताया कि एमसीसी पूरे साल शहर भर में नागरिकों में जागरूकता पैदा करने और उनके व्यवहार में बदलाव लाने के लिए बड़े पैमाने पर सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियाँ चलाएगा।

उन्होंने कहा कि वॉल कैलेंडर का जारी होना स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप, सफाई, स्थिरता और ज़िम्मेदार कचरा प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मज़बूत करने की दिशा में एमसीसी का एक और कदम है।

पीयू के वैज्ञानिकों की बड़ी सफलता

# अस्पतालों में संक्रमण रोकने वाला एंटीमाइक्रोबियल पेंट एडिटिव विकसित, पेटेंट मिला

अर्थ प्रकाश संवाददाता



Prof. Gaurav Verma Prof. Avneet Saini Dr. Shubhi Joshi Ms. Deeksha Sharma

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू), चंडीगढ़ के वैज्ञानिकों ने अस्पतालों में फैलने वाले संक्रमण को रोकने की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। पीयू के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित एंटीमाइक्रोबियल पेंट एडिटिव को भारत सरकार द्वारा 31 दिसंबर 2025 को भारतीय पेटेंट प्रदान किया गया है। यह नवाचार कोविड-19 महामारी के दौरान सामने आई गंभीर चुनौतियों के समाधान के रूप में विकसित किया गया है।

इस शोध का नेतृत्व पीयू के रासायनिक अभियांत्रिकी एवं नैनोप्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. गौरव वर्मा ने किया। शोध टीम में बायोफिजिक्स विभाग के प्रो. अवनीत सैनी, शोधकर्ता डॉ. शुभी जोशी तथा एमएससी छात्रा दीक्षा शर्मा शामिल रहीं। यह शोध कोविड काल के दौरान आपसी सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य अस्पतालों में होने वाले संक्रमण को कम करना था। वैज्ञानिकों द्वारा विकसित यह विशेष पेंट एडिटिव अस्पताल की दीवारों, बेड और फर्नीचर जैसी सतहों पर मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट करने में सक्षम है। यह सामग्री गैर-विषैली है और हवा या आसपास के वातावरण में नहीं घुलती, जिससे इसका उपयोग इनडोर स्थानों में पूरी तरह सुरक्षित माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसके इस्तेमाल से अस्पतालों और क्लीनिकों में मरीजों की सुरक्षा बढ़ेगी और संक्रमण के मामलों में उल्लेखनीय कमी आएगी।

कोविड-19 की डेल्टा लहर (2021-22) के दौरान अस्पतालों में होने वाले संक्रमणों से बड़ी संख्या में मरीजों की जान गई थी। ऐसे संक्रमण अक्सर बार-बार छुई जाने वाली सतहों के माध्यम से फैलते हैं और कई मामलों में ब्लैक फंगस जैसी गंभीर बीमारियों का कारण भी बने। इसी गंभीर स्थिति ने इस नवाचार को जन्म दिया। इस शोध की नींव वर्ष 2018 में पड़ी, जब फूड माइक्रोबायोलॉजिस्ट शुभी जोशी ने पीएचडी के लिए प्रो. वर्मा से संपर्क किया। अपने विषय में पीयू की पीएचडी प्रवेश परीक्षा में टॉप करने के बावजूद उन्हें दाखिला नहीं मिल सका। इसके बाद प्रो. वर्मा ने उन्हें अपने शोध समूह में शामिल कर नैनोमैटेरियल्स पर आधारित एक चुनौतीपूर्ण विषय सौंपा।

कोविड महामारी के दौरान कड़े सुरक्षा नियमों और सामाजिक दूरी का पालन करते हुए शोध टीम ने लैब में काम जारी रखा। निरंतर प्रयासों के बाद वर्ष 2022 में इस एंटीबैक्टीरियल पेंट एडिटिव का विकास सफलतापूर्वक पूरा हुआ। वर्तमान में डॉ. शुभी जोशी आईसीएमआर वूमन साइंटिस्ट के रूप में कार्यरत हैं और पीयू की शोध टीम के साथ सहयोग कर रही हैं। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रो. गौरव वर्मा ने कहा कि यह नवाचार इस विश्वास को दर्शाता है कि हर छात्र में सार्थक विज्ञान करने की क्षमता होती है और विज्ञान का सीधा लाभ समाज तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेंट केवल इमारतों की सुंदरता के लिए नहीं, बल्कि जान बचाने का माध्यम भी बन सकते हैं।

# सर्द हवाओं में 5 दिन ट्राइसिटी में छायेगा कोहरा; बढ़ेगी ठिठुरन; बारिश के बाद चटक धूप से बाशिंदों को राहत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** शुक्रवार सुबह चटक धूप से ट्राइसिटी में एक दिन पहले पड़े छींटों के बाद बाशिंदों को ठंड से भले ही राहत मिल रही है, लेकिन जैसे जैसे दिन चढ़ता जाएगा, ठंड और कोहरे का असर भी बढ़ना शुरू हो जाएगा। मौसम बुलेटिन अगले 5 दिन कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की ओर इशारा कर रहा है। अब 7-दिन के राज्य के मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार, मौसम ज्यादातर सूखा रहेगा। हालांकि, अगले 3 दिनों में घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है, साथ ही ठंडे दिन और शीतलहर के हालात भी रहेंगे। हालांकि, एक दशक से ज्यादा समय में पहली बार दिसंबर में बिल्कुल बारिश नहीं हुई। इसके बाद नए साल की शुरुआत शहर भर में अच्छी बारिश के साथ हुई, जिससे तापमान और मौसम के हालत बदल गए। 2 जनवरी को अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 9.95 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। 1 जनवरी की सुबह बारिश रिकॉर्ड की गई, चंडीगढ़ में 13.7 एमएम बारिश हुई। बारिश की वजह से इलाके में हवा में नमी बढ़ गई और ठंड भी महसूस हुई। खराब मौसम में अधिकतम तापमान 15 डिग्री था, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से तीन डिग्री ज़्यादा है।

ट्राईसिटी क्षेत्र-चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला-के लिए अगले पांच दिनों का पूर्वानुमान है कि आसमान में ज़्यादातर बादल छाए रहेंगे और खासकर सुबह 9 बजे और रात के समय घना कोहरा रहेगा। वहीं, अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से 18 डिग्री के बीच रहने की उम्मीद है, जबकि न्यूनतम तापमान धीरे-धीरे 9 डिग्री से घटकर लगभग 6 डिग्री हो सकता है। मौसम विभाग ने घने कोहरे और शीतलहर की स्थिति के लिए मौसम की चेतावनी जारी की गई है। मौसम अधिकारियों ने लोगों को को आने वाले दिनों में घने कोहरे के कारण कम विजिबिलिटी को देखते हुए सावधान रहने और यात्रा करते समय, खासकर सुबह और देर रात के समय, जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दी है।

# नए साल पर चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से की शिष्टाचार भेंट

शहर के विकास और जनकल्याण पर हुई सकारात्मक चर्चा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** नए वर्ष की शुरुआत के अवसर पर चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने आज पंजाब लोक भवन में पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर नगर निगम के निर्वाचित पार्षदों और मनोनीत पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल भी उनके साथ मौजूद रहा। मुलाकात के दौरान मेयर और पार्षदों ने प्रशासक को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। प्रतिनिधिमंडल ने आने वाले वर्ष में चंडीगढ़ के विकास को लेकर अपना दृष्टिकोण साझा किया और नागरिक सुविधाओं को और सुदृढ़ बनाने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में चंडीगढ़ के नागरिकों के कल्याण, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं, आधारभूत ढांचे और हरित विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। 'सिटी ब्यूटीफुल' की पहचान को बनाए रखते हुए संतुलित और टिकाऊ विकास सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया गया। मेयर हरप्रीत कौर बबला ने कहा कि माननीय प्रशासक के मार्गदर्शन में नगर निगम शहर के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2026 चंडीगढ़ के नागरिकों के लिए प्रगति, स्वास्थ्य और खुशहाली का वर्ष सिद्ध होगा। प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मेयर और पार्षदों को इस सौहार्दपूर्ण भेंट के लिए धन्यवाद दिया और नए साल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नगर निगम प्रतिनिधियों को शहर के उत्थान और नागरिकों की सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। यह शिष्टाचार भेंट नगर निगम और चंडीगढ़ प्रशासन के बीच सहयोगात्मक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल मानी जा रही है, जिससे आने वाले समय में शहर के विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## एमसी चंडीगढ़ ने अतिक्रमण विरोधी अभियान तेज़ किया; पूरे शहर में किए 112 चालान





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** नगर निगम चंडीगढ़ ने आज शहर के अलग-अलग हिस्सों में अवैध विक्रेताओं के खिलाफ एक व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। यह शहरव्यापी कार्रवाई पैदल चलने वालों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और शहर के नियोजित बुनियादी ढांचे को संरक्षित करने के उद्देश्य से की गई थी।

अभियान के दौरान, प्रवर्तन टीमों ने कई बाजारों और सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण किया और सार्वजनिक भूमि, फुटपाथों और सड़क गलियारों पर अतिक्रमण करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इसके परिणामस्वरूप, नगर निगम अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत उल्लंघन करने वालों को कुल 112 चालान जारी किए गए।

# 24 गुना 7 वाटर सप्लाई का विकल्प उचित नहीं : प्रशासक

पैनसिटी प्रोजेक्ट के 24 गुना 7 प्रोजेक्ट को किया रद्द

शहरवासियों को अतिरिक्त वित्तीय बोझ से मिलेगा छुटकारा

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** विगत 28 नवंबर 2025 को आयोजित नगर निगम सदन की मासिक बैठक मे वाटर सप्लाई की 24 गुना 7 पैनसिटी परियोजना को लागू करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई थी। इसके तहत सदन में एक स्टेटस रिपोर्ट पेश की गई और प्रोजेक्ट पर विस्तार से चर्चा की गई। एजेंडा में यह बताया गया था कि यूरो की विनिमय दर बढ़ गईं और इसी प्रकार छह महीने का औसत ईयूआरआई बी ओ आर भी 0.26 प्रतिशत से बढ़कर 2.113 प्रतिशत हो गया है। और बदलते विश्व व्यवस्था के साथ यह अप्रत्याशित होगा। यह सुझाव हाउस द्वारा दिया गया था कि एजेंडा को पुनः हाउस में लाया जाए, जिसमें चंडीगढ़ के निवासियों और नगर निगम पर वित्तीय बोझ डाले बिना पैन सिटी में 24 गुना 7 जलापूर्ति के कार्यान्वयन के लिए उपलब्ध अन्य विकल्पों पर चर्चा की जा सके। गहन विचार विमर्श और चर्चाओं के बाद, यह विकल्प (निम्नलिखित) उपलब्ध विकल्प हाउस के समक्ष निर्णय लेने के लिए प्रस्तुत हैं-

**विकल्प-1 :** व्यापक पीपीपी मॉडल यह प्रोजेक्ट को एक व्यापक पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से लागू किया जा सकता है, जिसमें एक तकनीकी रूप से योग्य निजी आपरेटर का चयन पारदर्शी ईओआई और बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जायेगा। निजी पार्टनर नेटवर्क पुनर्वास, स्मार्ट मीटरिंग, एनआर डब्ल्यू में कमी, लीक का पता लगाना, दबाव प्रबंधन, स्काडा, जीआईएस और दिन प्रतिदिन सेवा प्रदान करने का काम करेगा। इस मॉडल के अंतर्गत उन्नत तकनीक, कुशल माव शक्ति और आंशिक निजी निवेश तक पहुंच मिलती है। जिससे नगर निगम चंडीगढ़ का तत्काल वित्तीय बोझ कम होता है। प्रदर्शन आधारित भुगतान और राजस्व साझाकरण तय जवाबदेही सुनिश्चित कर सकते हैं। जबकि स्वामित और नियामक नियंत्रण नगर निगम चंडीगढ़ के पास ही रहता है। इस विकल्प के तहत भुवनेश्वर बल्क वाटर सप्लाई स्कीम जैसे सफल मॉडल को रिपीट किया जा सकता है।

**विकल्प 2 : अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी सहयोग एवं अनुदान:** नगर निगम चंडीगढ़ एमसीसी ब्याजमुक्त ऋणों के स्थान पर तकनीकी सहायता, अनुदान अथवा क्षमता निर्माण सहयोग प्रदान करने वाले अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग की संभावनाएं तलाश सकता है। जल प्रबंधन में सिद्ध विशेषज्ञता वाले प्रौद्योगिकी हस्तांतरण तथा पायलट आधारिक समाधान उपलब्ध करा सकते हैं।

**विकल्प 3 :** भारत सरकार की जीओआई (एएफडी) से बढ़ी हुई वित्तीय सहायता।

**विकल्प 4:** आंतरिक संसाधनों के माध्यम से चरणबद्ध एनआरडब्ल्यू में कमी।

**विकल्प 5:** एक चयनित जोन में कायान्वयन जैसे कुल 8 प्रकार के सुझाव दिये गये थे।

विगत 30 सितंबर को आयोजित नगर निगम की 356वीं सदन बैठक मे विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने इसे आउट राइटली रिजेक्ट कर दिया। उनका कहना था कि शहर में 24 गुना 7 वाटर सप्लाई पायलट प्रोजेक्ट की आवश्यकता ही नहीं है। इससे पानी की बर्बादी और शहरवासियों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ के चलते भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

प्रशासक का मानना है कि शहर में सुबह शाम की हाई प्रेशर वाटर सप्लाई होने से सबकी जरूरतें पूरी हो सकेंगी। इसलिए 24 गुना 7 वाटर सप्लाई का विकल्प उचित नहीं है। फिर निगम सदन से इस प्रस्ताव को रद्द कर दिया गया।

सम्पादकीय

# लाडो लक्ष्मी योजना का विस्तार अब और लाभदायक

हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सैनी सरकार ने प्रदेश के जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं के लिए संचालित की जा रही लाडो लक्ष्मी योजना में जिस प्रकार से और विस्तार किया है, वह सराहनीय है और इससे प्रदेश में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न होगी। सरकार ने अब योजना के तहत तीन कैटेगरी बनाई हैं, जिसकी पहली श्रेणी के तहत ऐसे परिवारों के बच्चे जोकि सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं व 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं में 80 फीसदी से ज्यादा अंक लेकर आते हैं, को इस योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। दूसरी श्रेणी के तहत केंद्र सरकार के निपुण मिशन के तहत जो बच्चे कक्षा एक से चार तक ग्रेड लेवल प्रोफिशिएंसी प्राप्त करते हैं, की माताओं को योजना में शामिल किया जाएगा। इसके बाद तीसरी श्रेणी में पोषण ट्रैकर के तहत जो बच्चा कुपोषित या एनीमिया ग्रस्त था, और स्वस्थ होकर ग्रीन जोन में आ गया है, की माता को भी योजना के दायरे में लाया जाएगा।

**दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना को राज्य सरकार ने बीते वर्ष 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जारी किया था। इस योजना के तहत उन परिवारों जिनकी आय 1 लाख रुपये वार्षिक है की पात्र महिलाओं को प्रत्येक माह 2100 रुपये देना तय किया गया है। वहीं अब इस एक लाख तक की आय को बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार रुपये कर दिया गया है। निश्चित रूप से ऐसे घर-परिवारों को आर्थिक मदद मिलनी जरूरी है, जिनकी आय बेहद कम है। इतनी कम आय से आज के समय में घर चलना बेहद मुश्किल है। राज्य में अब तक 10 लाख 255 महिलाओं ने आवेदन किया है, इनमें से 8 लाख महिलाओं को सहायता प्रदान की जा रही है। तीन नई श्रेणी और जोड़ने से 1,02,027 महिलाएं और योजना से जुड़ जाएंगी।**

बेशक, विपक्ष की ओर से पहले ही लाडो लक्ष्मी योजना में सभी महिलाओं को शामिल नहीं किए जाने पर सवाल उठाए जा रहे हैं, और अब इन तीन श्रेणियों को लेकर भी प्रश्न पूछे जाएं। लेकिन यह नायब सरकार का अनूठा प्रयोग है, जिसे सीधे समाज में महिलाओं, उनके बच्चों के शैक्षिक और स्वास्थ्य से जोड़ा गया है। इससे महिलाएं जिन्हें अपने परिवार और बच्चों के भविष्य की सर्वाधिक परवाह होती है, की जागरूकता और बढ़ेगी और वे यह सुनिश्चित करेंगी कि बच्चों का 10वीं और 12वीं का परिणाम जहां 80 प्रतिशत और उससे ज्यादा की श्रेणी में पहुंचे वहीं उनका स्वास्थ्य भी उत्तम हो। गौरतलब है कि सरकार अब हर तीन महीने में 6300 रुपये की एकमुश्त राशि जारी करने का ऐलान भी कर चुकी है। यानी एक बार में एक बड़ी राशि लाभार्थी महिलाओं के खाते में आएगी, जिससे वे स्वरोजगार के संबंध में भी काम कर सकेंगी। इसके अलावा इस योजना में एक और बड़ा सुधार किया गया है, जिसके तहत 2100 रुपये की राशि में से 1100 रुपये लाभार्थी महिला को दिए जाएंगे लेकिन 1 हजार रुपये की राशि सरकार रेकरिंग डिपॉजिट या फिक्स्ड डिपॉजिट में डलवाएगी। एक तय अवधि के बाद ब्याज समेत यह राशि प्रदान की जाएगी।

दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना को राज्य सरकार ने बीते वर्ष 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जारी किया था। इस योजना के तहत उन परिवारों जिनकी आय 1 लाख रुपये वार्षिक है की पात्र महिलाओं को प्रत्येक माह 2100 रुपये देना तय किया गया है। वहीं अब इस एक लाख तक की आय को बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार रुपये कर दिया गया है। निश्चित रूप से ऐसे घर-परिवारों को आर्थिक मदद मिलनी जरूरी है, जिनकी आय बेहद कम है। इतनी कम आय से आज के समय में घर चलना बेहद मुश्किल है। राज्य में अब तक 10 लाख 255 महिलाओं ने आवेदन किया है, इनमें से 8 लाख महिलाओं को सहायता प्रदान की जा रही है। तीन नई श्रेणी और जोड़ने से 1,02,027 महिलाएं और योजना से जुड़ जाएंगी। सरकार का दावा है कि आवेदन के 24 से 48 घंटे के अंदर सारी वेरिफिकेशन कर ली जाती है और आवेदक को मोबाइल फोन पर मैसेज आ जाता है। जाहिर है, प्रदेश में यह योजना लोकप्रिय हो गई है और अब इसी बात को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इसके तहत छह माह की बजाय 3 माह में एकमुश्त राशि प्रदान करने का निर्णय लिया है तो इससे बड़ी राशि हाथ में आने से पात्र महिलाओं को और लाभ होगा।

मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर विकास के नए पायदान चढ़ रही है और प्रदेश में सभी वर्गों का समान रूप से विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता नामक योजना भी शुरू की गई है। इस योजना के माध्यम से स्वरोजगार अपनाने वाली महिलाओं को 5 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। सरकार ने शहरों में भूमि के लेन-देन में बदलाव किया है। अधिसूचित शहरों में अनधिकृत भूमि लेन-देन के लिए अब एक्सचेंज डीड्स का उपयोग बंद हो जाएगा। निश्चित रूप से इस प्रकार के फैसले प्रदेश के वर्तमान और उसके भविष्य को परिवर्तित करने जा रहे हैं। अब हरियाणा का विकास मॉडल देश के दूसरे राज्यों को दिशा दिखा रहा है।

# मन की थकान का असली कारण

दैनिक अर्थ प्रकाश



स्पिरिचुअल हीलर
**सिद्ध गुरू प्रमोद निर्वाण**
*गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड विजेता लेखक*

जीवन में हम सभी थकते हैं, कभी शरीर थकता है, कभी भावनाएं, कभी मन। लेकिन जिस थकान को हम सबसे कम समझते हैं, वह मन की थकान है। शरीर की थकान तो थोड़ी नींद से मिट जाती है, पर मन की थकान, वह रात भर करवटें बदलती रहती है। साधारण मनुष्य इस थकान को अक्सर 'तनाव', 'मूड ऑफ', 'उबाऊपन', 'किसी से बात करने का मन न होना' जैसे नाम दे देता है, पर असल में यह मन का भारीपन है, मन का बोझ है, मन की थकावट है।मन की थकान का असली कारण क्या है, इसे समझने के लिए पहले यह जानना ज़रूरी है कि मन थक कैसे जाता है।


हम अक्सर समझ ही नहीं पाते कि मन थकता नहीं, थकाया जाता है। हमारा अज्ञान, हमारी गलतियां और हमारी लापरवाही इसका कारण बनते हैं। मन मूल रूप से थकने वाली वस्तु नहीं है। मन तो ऊर्जा से भरा हुआ, चंचल, प्रवाही और सदैव सक्रिय रहने के लिए बना है। उसकी प्रकृति गति है, स्थिरता नहीं। यह चिड़िया की तरह है, आसमान मिलता रहे तो उड़ता ही रहेगा।लेकिन जब हम उस चिड़िया को छोटी सोच के पिंजरे में बंद कर देते हैं, तो वह थक जाता है। मन की थकान तब पैदा होती है जब प्राकृतिक प्रवाह रोक दिया जाता है। जब हम मन को वह सोचने पर मजबूर करते हैं, जिसे वह नहीं सोचना चाहता, या जिससे उसका कोई संबंध नहीं।मन की थकान का सबसे बड़ा कारण है अनावश्यक बोझ।

जब हम खुद के बजाए दूसरों के बारे में ज्यादा सोचते हैं, खुद का ध्यान रखे बिना दूसरों को खुश करने की कोशिश करते हैं तो हम जाने-अनजाने अपने ही मन को थकाने की राह पर चल पड़ते हैं। हम अपने काम से ज़्यादा दूसरों के काम में लगे रहते हैं। कौन क्या कह रहा है?वह मुझे कैसे देखता है? क्यों बात नहीं की? क्यों नाराज़ है? क्यों खुश है? क्यों आगे बढ़ गया? दूसरों के बारे में इतना सोचना कि अपने भीतर की शांति गायब हो जाए तो मन थक जाता है। हम लगभग 50 प्रतिशत मानसिक ऊर्जा सिर्फ दूसरों के बारे में सोचने में ही खर्च कर देते हैं और हमें इसका पता भी नहीं चलता।मन इससे ऊब जाता है। मन कहता है, 'मालिक! थोड़ा अपने ऊपर भी ध्यान दे ले÷लेकिन हम सुनते नहीं,और जब मन की आवाज़ नहीं सुनी जाती, वह थकने लगता है।

मन को हमने रेस के घोड़े की तरह बना रखा है। 'अब यह करना है', 'फिर वह करना है', 'उसके बाद यह प्लान', 'उसके आगे यह टारगेट',हम हमेशा आगे भाग रहे हैं, भविष्य के पीछे दौड़ रहे हैं। यही बेचैनी की जड़ है।मन को आराम चाहिए,पर हम उसे आराम नहीं देते। मन बोलना चाहता है, हम उसे चुप करा देते हैं। मन शांत होना चाहता हैहम उसे सोशल मीडियामें उलझा डालते हैं।आराम से महरूम मन टूटता नहीं, पर थक ज़रूर जाता है।

उस रिश्ते में जो कहना था, नहीं कहा।उस ग़लतफ़हमी को साफ़ करना था, नहीं किया। जो दुख अंदर था, उसे बाहर नहीं आने दिया। जो आँसू बहने चाहिए थे, उन्हें रोक लिया। ये सब 'भावनाओं का ट्रैफिक जाम÷ बन जाते हैं। अभिव्यक्ति न होना मन की थकान का बड़ा कारण है।मन ऊर्जा से नहीं, भावनाओं के प्रवाह से ताज़ा रहता है। भावनाएँ अटक जाएँ तो मन थक जाता है। वो भावनाएं जो प्रकट नहीं की गई, बताई नहीं गई, जो बात, जो शिकायत बता कर खत्म कर देनी चाहिए थी, उसे मन में दबा लिया, वो मन को थकाने का कारण बन जाती है।

कई बार दिल कुछ और कहता है, और दिमाग कुछ और। इससे मन में संघर्ष पैदा होता है। कभी हम कुछ और करना चाहते हैं पर अपनी झूठी इमेज बनाए रखने के लिए करते कुछ और हैं। हमारा यह दोगला व्यवहार हमें अंदर तक तोड़ देता है। ऐसे मेंहम खुद से ही मुंह चुराते हैं और परेशान रहते हैं। हम दो हिस्सों में बँटे हुए हैं। एक जो सच में हैं,एक जो दुनिया को दिखाना चाहते हैं। जो हम भीतर हैं



और जो हम बाहर दिखते हैं, दोनों के बीच जितना अधिक फासला होगा, मन उतना अधिक थकेगा। 'मैं जैसा हूँ वैसा नहीं दिख सकता, और जैसा दिख रहा हूँ वैसा हूँ नहीं।' यह आंतरिक संघर्ष बहुत भारी पड़ता है।मन दो नावों में सवार होने के कारण थक जाता है।

इसके अलावा खुद को लगातार जज करते रहना, अपनी आलोचना करते रहना, खुद को दूसरों से कमतर मानना ऐसे कारण हैं जो हमारी चिंता बढ़ा देते हैं। सबसे बड़ा बोझ वह नहीं है जो दुनिया देती है। सबसे बड़ा बोझ वह है जो हम खुद को देते हैं। 'मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए था', 'मैं अच्छा इंसान नहीं हूँ', 'मेरी गलती है', 'लोग क्या सोचेंगे?' 'मैं दूसरों जितना अच्छा नहीं', यह अंदर का न्यायधीश, यह 'जज साहब', मन को दिन-रात कटघरे में खड़ा रखता है। घंटों की इस पूछताछ में मन पूरी तरह थक जाता है। मन को ईमानदारी चाहिए,न कि आत्म-उत्पीड़न।

तो मन की थकान का असली कारण क्या है? मन की थकान किसी एक वजह से नहीं होती।मन थकता है ओवरथिंकिंग से, दूसरों की अपेक्षाओं का बोझ उठाने से, अपनी भावनाओं को दबाने से, अतीत ढोने से, भविष्य की चिंता में उलझने से, नकली मुस्कानों और नकली रिश्तों से, खुद के विरुद्ध जाकर जीने से। मन की थकान का असली कारण यह है कि हम मन का खयाल नहीं रखते।मन सोचने के लिए है,ढोने के लिए नहीं।

मन की थकान मिटाने का एक ही रास्ता है, और वह है, मन से दोस्ती। मन कोई दुश्मन नहीं है।मन कोई पापी, कोई गलत, कोई बाधा नहीं है। मन थकता है क्योंकि उसे लंबी यात्रा अकेले करनी पड़ रही है, हम साथ नहीं दे रहे।मन की थकान तब मिटती है जब हम अपने मन को जगह देते हैं। थोड़ी खामोशी, थोड़ी स्वीकृति, थोड़ी सच्चाई, थोड़ी ईमानदारी और थोड़ी प्रेम की गर्माहट, बस इतना ही चाहिए मन को।जब मन को आराम मिलता है,वह फिर से ताज़ा हो जाता है।

मन की थकान का मूल कारण असल में स्वयं से दूर होना है और इस थकान का इलाज भी स्वयं के करीब आना है। जब खुद से प्रेम करते हैं, अपने मन को स्वीकार करते हैं,अपने भीतर के संघर्षों को समझते हैं, तो थकान खुद गायब हो जाती है। मन रूह का आईना है, धूल साफ़ हो जाए तो फिर साफ़-साफ़ दिखने लगता है। मन की थकान जीवन का संकट नहीं है, यह संकेत है,एक दर्पण है,एक संदेश है। मन थककर यही कहना चाहता है, 'मालिक, थोड़ा रुक जा।थोड़ा अपने भीतर भी उतर जा।मैं बहुत कुछ कहना चाहता हूँ। 'जब हम मन की आवाज़ सुनते हैं,जीवन भी हल्का हो जाता है और हम भी।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### सर्वदलीय बैठक: बिजली की बढ़ी दरें वापस लें अन्यथा संघर्ष

चंडीगढ़। यहां के होटल शिवालिक व्यू में कल शाम हुई सर्वदलीय बैठक में फैसला लिया गया है कि नगर प्रशासन बड़ी हुई बिजली की दरें वापिस ले वरना सभी राजनैतिक दल मिल कर संयुक्त आंदोलन चलाएगी। बैठक में कांग्रेस (आई) भाजपा, जनता दल, सीपीआई, सी.पी.आई (एम) तथा शिरोमणि अकाली दल ने भी भाग लिया। नगर में लोकतांत्रिक ढांच की स्थापना तथा लीज व्यवस्था की समाप्त किये जाने की मांग को लेकर जल्द ही एक शिष्टमंडल प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय गृहमंत्री को मिलेगा। अन्य बातों के अलावा बैठक में मांग की गई कि सलाहकार परिषद की बैठक में पत्रकारों को इजाजत दी जाए। सलाहकार परिषद की वर्ष में 6 बैठकें बुलाई जाए तथा प्रत्येक सदस्य की बोलने का अवसर दिया जाए। योजना आयोग को भेजने के पहले बजट पर सलाहकार परिषद में विचार किया जाए। तीसरी जल संवर्द्धन योजना को 30 अप्रैल तक मुकम्मिल किया जाए, तथा नगर की सफाई की ओर भी पूरा ध्यान दिया जाए। भाग लेने वालों में कांग्रेस के एसएम खान, दौलतराम शर्मा, राज नागपाल, सुभाष चावला तथा डा. ओपी वर्मा, भाजपा के ज्ञानचन्द गुप्ता, सत्यपाल जैन, जयराम जोशी, देशराज टंडन, नीरज तायल तथा यशपाल महाजन, सजपा के अनिल खोसला, सुभाष कटारिया अशोक कौशिक तथा डा. राकेश गुप्ता, सीपीआई के देवी दयाल शर्मा तथा एसएल बंसल, जनता दल के सुरेन्द्र भारद्वाज, डा. हरजीत बब्बर तथा डा. के एस गोगी, बसपा के हरभजन सिंह ओसाहन, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के इन्द्रजीत ग्रेवाल अकाली दल (बी) के.जी.एस. रियाड तथा नरिन्द्र सिंह मिन्हास और जनता दल ए के विजेन्द्र सिंह शामिल थे।

### उपमुख्यमंत्री सहित 8 मंत्रियों के इस्तीफे

बेंगलुर। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री ने आठ मंत्रियों समेत आज अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वालों में 3 कैबिनेट व 2 राज्यमंत्री स्तर के मंत्री शामिल है। आठ मंत्रियों ने राज्य पाल खुर्शीद आलम खान को इस्तीफे सौंपे। उक्त मंत्रियों ने आज प्रातः विधानसभा में कांग्रेस के सदस्यों द्वारा आयोजित धरने के विरोध में इस्तीफे दिए है। गौरतलब है कि इससे पूर्व उक्त नेताओं ने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की मांग पर इस्तीफे दिए थे।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1831- सामाजिक कार्यकर्त्ता, भारत में पहली महिला शिक्षक और मराठी भाषा में पहली महिला कवयित्री सावित्रीबाई फुले का जन्म।
1894- रवीन्द्र नाथ टैगोर ने 'शांति निकेतन' में 'पौष मेला' का उद्घाटन किया।
1901- 'शांति निकेतन' में ब्रह्मचर्य आश्रम खुला।
1903- भारतीय हॉकी के प्रसिद्ध खिलाड़ियों में से एक जयपाल सिंह का जन्म।
1929- महात्मा गांधी लॉर्ड इरविन से मिले।
1936- मैथिली भाषा के प्रसिद्ध उपन्यासकार केदारनाथ चौधरी का जन्म।
1941- बॉलीवुड अभिनेता संजय खान का जन्म।
1943- टेलीविजन पर पहली बार गुमशुदा लोगों के बारे में सूचना का प्रसारण किया गया।
1957- अमेरिका के पेनसिल्वेनिया में पहली बार बिजली घड़ी प्रदर्शित की गयी।
1959- अलास्का को अमेरिका का 49वां राज्य घोषित किया गया।
1974- बर्मा (अब म्यांमार) में संविधान को अंगीकार किया गया।
1984- पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित भारतीय वैज्ञानिक डॉ. ब्रह्म प्रकाश का निधन।
1991- इजरायल ने 23 साल बाद सोवियत संघ में वाणिज्य दूतावास को दोबारा खोला।
1993- अमेरिका और रूस ने अपने परमाणु हथियारों की संख्या को आधा करने पर सहमति जतायी।
1995- हरियाणा के डबवाली में एक स्कूल में लगी भीषण आग में 360 लोगों की मौत।
1998- अल्जीरियाई इस्लामी विद्रोह में 412 लोगों की हत्या।
2000- कलकत्ता का नाम आधिकारिक रूप से कोलकाता रखा गया।
2002- भारत के प्रसिद्ध रॉकेट वैज्ञानिक सतीश धवन का निधन।
2004- 12वें सार्क सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी इस्लामाबाद पहुँचे।
2005- यूएसए ने तमिलनाडु में सुनामी पीड़ितों को साफ़ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 6.2 करोड़ रुपये की सहायता की घोषणा की।
2007- चीन की मारग्रेट चान ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक पद की कमान सम्भाली।
2008- बिजली उपकरण बनाने वाली 'इंडो एशियन फ्युजगीयर लिमिटेड' ने उत्तराखण्ड में हरिद्वार में 40 करोड़ रुपये के निवेश से नया अत्याधुनिक विचारगियर संयंत्र खोलने की घोषणा की।
2009- राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभा में विश्वास मत हासिल किया।
2013- भारत के प्रसिद्ध वायलिन वादक एम. एस. गोपालकृष्णन का निधन।
2015- नाइजीरिया के पूर्वोत्तर शहर बागा में आतंकवादी संगठन बोको हराम का हमला, लगभग 2000 लोगों की मौत।

## बोल ब्यूटीफुल

**शोनी कपूर:** धारा 498 ए महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाई गई थी,



लेकिन इसके दुरुपयोग ने लाखों निर्दोष पुरुषों और परिवारों को अपराधी बना दिया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि 498 ए गिरफ्तारी का कानून नहीं है और बिना कारण गिरफ्तारी अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। जब तक झूठी शिकायतकर्ताओं पर जवाबदेही तय नहीं होती, न्याय पुरुषों के लिए केवल अदालतों की कृपा पर निर्भर रहेगा।

**संकेत उपाध्याय:** देश के सबसे साफ शहर इंदौर में गंदा पानी पीने से कई लोग मर गए और तमाम बीमार पड़ गए है। यहां के विधायक और राज्य सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को इस मुद्दे पर सवाल 'फोकट' और 'घंटा' लगते है। आपके वोट की यही हैसियत है बस।

**अमिताभ अग्निहोत्री:** अगर हमारे देश का कोई राजनीतिक दल यह कहता है कि हम जाति की राजनीति नहीं करते तो समझिए ऐसा कहकर वह इस जगत का सबसे बड़ा झूठ बोल रहा है वह भी पूरी बेशर्मी के साथ।

# वैश्विक अव्यवस्था में भारतीय विवेक की दस्तक

दैनिक अर्थ प्रकाश

नववर्ष 2026 के साथ भारत द्वारा ब्रिक्स की अध्यक्षता ग्रहण किया जाना केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति-संतुलन में एक निर्णायक संकेत है। ऐसे समय में जब विश्व युद्ध, ध्रुवीकरण, आर्थिक अनिश्चितता और संस्थागत अविश्वास के दौर से गुजर रहा है, भारत की यह भूमिका वैश्विक दक्षिण के लिए आशा और दिशा—दोनों का स्रोत बनकर उभरती है। यह अध्यक्षता भारत को न केवल अपनी नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर देती है, बल्कि वैश्विक विमर्श को अधिक समावेशी, संतुलित और मानव-केंद्रित बनाने की जिम्मेदारी भी सौंपती है।

ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालते हुए भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि उसका दृष्टिकोण प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि दूरदर्शी और समाधान-उन्मुख है। ब्राजील से प्रतीकात्मक गेवेल प्राप्त करने के साथ भारत ने चार मूल स्तंभों—लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता—पर आधारित एजेंडा सामने रखा है। ये स्तंभ वर्तमान वैश्विक संकटों की जड़ों को संबोधित करते हैं। महामारी, युद्ध, आपूर्ति श्रृंखला बाधाओं और जलवायु आपात स्थितियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिना लचीली प्रणालियों के कोई भी अर्थव्यवस्था सुरक्षित नहीं रह सकती। भारत इसी अनुभव के आधार पर ब्रिक्स को अधिक सक्षम और अनुकूलनशील मंच के रूप में विकसित करना चाहता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मानवता पहले' की सोच इस पूरी अध्यक्षता की वैचारिक रीढ़ है। यह दृष्टिकोण उस पारंपरिक शक्ति-राजनीति से अलग है जिसमें राष्ट्रों के संबंध केवल हितों और प्रभाव के आधार पर तय होते हैं। विस्तारित ब्रिक्स प्लस के दस सदस्य (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, यूएई, इंडोनेशिया) देश भौगोलिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत विविध हैं। ऐसे में भारत की भूमिका एक सेतु-निर्माता की है, जो मतभेदों को टकराव नहीं बल्कि संवाद में बदलने की क्षमता रखता है। वैश्विक दक्षिण की आवाज को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से उठाना भारत की प्राथमिकता रहेगी, ताकि विकासशील देशों की चिंताएं केवल सुनी ही नहीं जाएं, बल्कि नीति निर्माण का आधार भी बनें।

आज की वैश्विक व्यवस्था व्यापार युद्धों, प्रतिबंधों और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से प्रभावित है। ऐसे माहौल में भारत की संतुलित विदेश नीति विशेष महत्व रखती है। एक ओर वह रूस और चीन के साथ ऊर्जा, व्यापार और डिजिटल अवसंरचना में सहयोग को आगे बढ़ाता है, तो दूसरी ओर पश्चिमी देशों के साथ अपने रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को भी बनाए रखता है। यह बहुस्तरीय कूटनीति भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का प्रमाण है। ब्रिक्स मंच पर इस संतुलन का उपयोग कर भारत यह दिखाना चाहता है कि सहयोग किसी एक ध्रुव के विरोध में नहीं, बल्कि साझा हितों के विस्तार के लिए हो सकता है।

एनडीबी (न्यू डेवलपमेंट बैंक) की भूमिका इस संदर्भ में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। बुनियादी ढांचे, ऊर्जा, परिवहन और सामाजिक विकास से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश बढ़ाकर यह बैंक विकासशील देशों को वैकल्पिक वित्तीय सहारा प्रदान करता है। भारत की अध्यक्षता में बैंक को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाने पर जोर दिया जाएगा। इससे रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा और विकासशील



अर्थव्यवस्थाओं को दीर्घकालिक स्थिरता प्राप्त होगी। यह प्रयास वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में संतुलन लाने की दिशा में एक ठोस कदम माना जा सकता है।

जलवायु परिवर्तन आज केवल पर्यावरण का प्रश्न नहीं रह गया है, बल्कि यह विकास, सुरक्षा और सामाजिक न्याय से जुड़ा केंद्रीय मुद्दा बन चुका है। भारत अपनी ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान हरित वित्त, स्वच्छ ऊर्जा और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को प्राथमिकता देगा। पेरिस समझौते की प्रतिबद्धताओं को समय से पहले पूरा करने की दिशा में भारत की प्रगति उसे नैतिक बढ़त प्रदान करती है। यही कारण है कि भारत जलवायु न्याय की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए यह तर्क देता है कि ऐतिहासिक रूप से कम उत्सर्जन करने वाले देशों पर असमान दायित्व नहीं डाला जाना चाहिए। ब्रिक्स मंच इस विमर्श को संस्थागत स्वर देने का प्रभावी माध्यम बन सकता है।

तेजी से विकसित हो रही कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल तकनीकों के संदर्भ में भारत एक संतुलित और नैतिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। तकनीक का लाभ सीमित देशों या कॉरपोरेट समूहों तक सिमटने के बजाय समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, यह भारत की सोच का मूल है। ब्रिक्स के भीतर एआई सहयोग, कौशल विकास और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के साझा मॉडल को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही ब्रिक्स वैक्सीन अनुसंधान एवं विकास केंद्र को सुदृढ़ कर भविष्य की महामारियों के प्रति सामूहिक तैयारी सुनिश्चित करने पर बल दिया जाएगा। 'वन अर्थ, वन हेल्थ' का विचार इसी व्यापक मानवतावादी दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है।

स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने का भारत का दृष्टिकोण व्यावहारिक और संतुलित है। इसका उद्देश्य किसी एक मुद्रा के वर्चस्व को चुनौती देना नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार को अधिक लचीला और सुरक्षित बनाना है। भारत यह स्पष्ट करता है कि डी-डॉलराइजेशन कोई वैचारिक अभियान नहीं, बल्कि विकल्पों के विस्तार की प्रक्रिया है। इसके साथ ही आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पर भी बल दिया जाएगा, ताकि विकासशील देशों को निर्णय प्रक्रिया में उचित प्रतिनिधित्व मिल सके और वैश्विक शासन अधिक लोकतांत्रिक बन सके।

लोगों से लोगों के संपर्क को सशक्त बनाना भारत की अध्यक्षता का मानवीय पक्ष है। सांस्कृतिक आदान-प्रदान, युवा कार्यक्रम, शैक्षणिक सहयोग, स्टार्टअप नेटवर्क और पर्यटन को बढ़ावा देकर ब्रिक्स को केवल आर्थिक समूह नहीं, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक मंच के रूप में विकसित किया जाएगा। नए सदस्य देशों के समुचित एकीकरण के लिए संस्थागत सुधार आवश्यक होंगे, ताकि निर्णय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, प्रभावी और सर्वसम्मति आधारित बन सके। इससे ब्रिक्स की आंतरिक एकता और वैश्विक विश्वसनीयता दोनों मजबूत होंगी।

भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह अध्यक्षता यह संदेश देती है कि वैश्विक नेतृत्व का अर्थ प्रभुत्व नहीं, बल्कि साझेदारी, संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व है। सहयोग, नवाचार और सतत विकास के मूल्यों पर आधारित यह दृष्टिकोण वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को नई आवाज देता है। भारत एक ऐसे जिम्मेदार और दूरदर्शी नेता के रूप में उभरता है, जो न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करता है, बल्कि भविष्य की अधिक न्यायपूर्ण, संतुलित और मानव-केंद्रित विश्व व्यवस्था की नींव भी रखता है।

# दुरुस्ती के मामले को 31 मार्च तक निपटाएं : सीएम

## मुख्यमंत्री ने शीघ्र समाधान के लिए सप्ताह में तीन दिन सुनवाई करने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज यहां उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार रामसुभग सिंह, मुख्य सचिव संजय गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, जबकि सभी ि?लों के उपायुक्त वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 5 जनवरी, 2026 के उपरान्त सभी तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार हर सप्ताह मंगलवार, बुधवार और वीरवार को त?सीम के मामलों की सुनवाई करेंगे ताकि इनका समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जा सके। हर माह के दौरान त?सीम मामलों की 12 दिन सुनवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि ि?ला के उपायुक्त हर शनिवार को तकसीम के मामलों की सुनवाई की समीक्षा करेंगे। वे शनिवार को ही प्रगति की समीक्षा रिपोर्ट अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) को प्रस्तुत करेंगे। राजस्व सचिव सोमवार को राजस्व मंत्री को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। राजस्व मंत्री हर माह के अन्तिम सोमवार को त?सीम मामलों के निपटारे की प्रगति रिपोर्ट से मुख्यमंत्री को अवगत करवायेंगे।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने राजस्व विभाग से प्रदेश में निजी भूमि, वन भूमि और सरकारी भूमि का पूर्ण विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने राजस्व विभाग को राजस्व अदालतों में लम्बित मामलों का विवरण प्रस्तुत करने को भी कहा। इसके तहत राजस्व विभाग को मामलों के प्रकार और वे कितने दिन से लम्बित हैं इत्यादि सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करनी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व मामलों का त्वरित और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने दुरुस्ती से सम्बन्धित लम्बित सभी राजस्व मामलों को 31 मार्च, 2026 तक निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लम्बित राजस्व मामलों के त्वरित समाधान के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसके दृष्टिगत उन्होंने सेवानिवृत्त पटवारी, ?ाननूगो, नायब तहसीलदार तथा तहसीलदार को पुनः नियुक्ति प्रदान करने के निर्देश दिए ताकि लम्बित राजस्व मामलों का अतिशीघ्र निपटारा किया जा सके।

## मुख्यमंत्री ने की हि.प्र. अनुसूचित जाति आयोग की आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च



**शिमला ।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने वीरवार सायं हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग की आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च की। उन्होंने कहा कि आयोग की इस https://hpscforsc.com वेबसाइट के माध्यम से बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश का संतुलित और समग्र विकास तभी संभव हो सकता है जब सभी समुदायों का संतुलित विकास हो। यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा संवेदनशील वर्गों के कल्याण के लिए योजनाओं और नीतियों को सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। आयोग अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए संचालित की जा रही योजनाओं को धरातल पर उतारने और इन वर्गों के प्रति समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वेबसाइट के माध्यम से लोगों को आयोग से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारियां एक क्लिक पर मिलेगी। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान, सदस्य दिग्विजय मल्होत्रा, विजय डोगरा और आयोग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# समाज को सही दिशा देते हैं साहित्यकार : विक्रमादित्य

हिमाचल पर सात पुस्तकों के लोकार्पण का ऐतिहासिक अवसर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नव वर्ष के पहले दिन शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर सभागार में 7 पुस्तकों का लोकार्पण किया। इनमें हिन्दी के प्रसिद्ध लेकर एस.आर. हरनोट की प्रसिद्ध पुस्तकें मंदिर और लोक श्रुतियां तथा कुन्जोम, सुदर्शन वशिष्ठ की पुस्तक किन्नर कैलाश से मणिमहेश, अजेय की पुस्तक रोहतांग आर-पार का तीसरा संस्करण, टाशी छेरिंग नेगी की किन्नौर, लाहुल के युवा लेखक छेप राम की संस्कृति के सात अध्याय और अखिलेश पाठक की देवभूमि की आत्मा शामिल थीं।

इस अवसर पर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यह पुस्तकें हिमाचल के जनजातीय क्षेत्र किन्नौर, लाहौल और स्पीति तथा हिमाचल के मन्दिरों और लोक संस्कृति पर आधारित हैं।

लोक निर्माण मंत्री ने लेखकों को बधाई देते हुए कहा कि साहित्यकार समाज का दर्पण होते हैं और उनकी रचनाओं के माध्यम से लोक संस्कृति, लोक भाषा, बोलियां, परम्पराएं, रीति-रिवाज आदि धरोहर पी?ी दर पी?ी प्रसारित होती हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास को उसके वास्तविक स्वरूप में समाज के समक्ष लाने का कार्य सच्चे व ईमानदार लेखक निडर होकर करते हैं।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सोशल मीडिया के ब?ते प्रचलन से युवाओं का किताबे प?ने के प्रति रुझान कम हुआ है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के नियंत्रित तथा रचनात्मक उपयोग के साथ ही युवाओं को किताबें भी नियमित रूप से प?नी चाहिए क्योंकि जो ज्ञान और गंभीर चिंतन हमें किताबों से मिलता है वह कहीं और से उपलब्ध नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा कि जयपुर और कसौली की तरह शिमला में भी लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि हिमाचल प्रदेश की साहित्य संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान सभी लेखकों ने अपनी रचनाओं की रचना-प्रक्रिया और उपयोगिता पर सारगर्भित बातें रखीं। यह कार्यक्रम हिमालय साहित्य संस्कृति एवं पर्यावरण मंच तथा आधार प्रकाशन प्राइवेट लिमेटिड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायक ओम प्रकाश जी द्वारा लोकगीत गाकर किया गया। मंच संचालन युवा कवि आलोचक सत्यनारायण स्नेही ने किया और धन्यवाद प्रस्ताव वरिष्ठ शिक्षाविद् लेखक जगदीश बाली ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर सचिव शिक्षा, भाषा एवं संस्कृति राकेश कंवर, वरिष्ठ और युवा लेखक, साहित्य प्रेमी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# जी-राम-जी सिर्फ़ रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का ब्लूप्रिंट : अनुराग सिंह

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने विकसित भारत, गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण), यानी 'जी राम जी' पर कहा कि रोजगार की गारंटी की दिशा में ये मोदी सरकार द्वारा उठाया गया अभूतपूर्व कदम है जिससे ना सिर्फ ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी बल्कि यह विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को भी हासिल करने में मददगार साबित होगा।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी के रूप में मोदी सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदलने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। मनरेगा के ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव करते हुए विकसित भारतङ्करोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 यह नया कानून न केवल ग्रामीण परिवारों को अधिक दिनों के रोजगार की गारंटी देता है, बल्कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में भी यह सहायक होगा। विकसित भारतङ्कजी राम जी विधेयक 2025 सिर्फ रोजगार योजना नहीं, बल्कि रोजगार और आजीविका मिशन के तौर पर देश की अर्थव्यवस्था को और गति देने वाली योजना बनेगी। इससे ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा और मजबूत होगी और गांवों में खपत बढ़ेगी। नए कानून की प्रमुख विशेषता यह है कि ग्रामीण परिवारों को प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी दी जाएगी, जो मनरेगा के तहत मिलने वाले 100 दिनों से 25 दिन अधिक है। इससे ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा मजबूत होगी और वे राष्ट्रीय विकास में अधिक योगदान दे सकेंगे। विकसित भारत-जी राम जी विधेयक 2025' केवल एक रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का एक ब्लूप्रिंट है।

अनुराग ठाकुर ने कहा ÷रोजगार गारंटी जैसी योजना तो 80 के दशक से चल रही है। कांग्रेस ने पहले 1989 में इसका नाम जवाहर रोजगार योजना रखा, फिर 1999 में इसका नाम जवाहर रोजगार समृद्धि योजना रखा, 2001 में सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना तो 2005 में नरेगा रखाज्इन्हें तब गांधी जी याद नहीं आए। 2009 का चुनाव आते-आते कांग्रेस को बापू याद आए और योजना का नाम मनरेगा किया। मनरेगा का नाम पहले पहले महात्मा गांधी के नाम पर नहीं रखा गया। वो तो पहले नरेगा थी। बाद में जब 2009 के चुनाव आए तब चुनाव और वोट के कारण महात्मा गांधी याद आए। बापू याद आए। तब उसमें जोड़ा गया महात्मा गांधी।

## राज्यपाल ने की शिमला विंटर कार्निवल के समापन समारोह में शिरकत

# युवाओं को नशे से बचाने को सामूहिक प्रयास जरूरी : राज्यपाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला विंटर कार्निवल के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और प्रदेश में ब?ते नशे के ख़तरे पर चिंता जताते हुए इसे रोकने के लिए एकजुट और सतत प्रयासों का आह्वान किया। कार्निवल के दौरान नव वर्ष के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने प्रत्येक नागरिक से आग्रह किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लें।

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी उपस्थित रहीं।

राज्यपाल ने कहा कि शिमला विंटर कार्निवल हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और प्रसिद्ध आतिथ्य परंपरा का जीवंत प्रतिबिंब बनकर उभरा है। उन्होंने स्थानीय निवासियों और पर्यटकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने कार्निवल के तीसरे संस्करण को एक प्रमुख आकर्षण बना दिया।

राज्यपाल ने शिमला नगर निगम तथा आयोजन समिति को सांस्कृतिक उत्सव को सामाजिक जागरूकता के साथ सफलतापूर्वक जो?ने के लिए बधाई दी और कहा कि यह कार्निवल अब शिमला शहर और प्रदेश की एक सशक्त सांस्कृतिक पहचान बन चुका है।

ऐसे आयोजनों से जु?ी व्यापक जिम्मेदारी को रेखांकित करते हुए राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संतुलित पर्यटन, प्रकृति और परंपराओं की रक्षा तथा सकारात्मक सोच को ब?ावा देना हमारे सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

राज्यपाल ने युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए जागरुकता और सामूहिक संकल्प को अहम बताते हुए समाज से आह्वान किया कि एक स्वस्थ और नशामुक्त हिमाचल प्रदेश के निर्माण के लिए सभी मिलकर कार्य करें।

इससे पूर्व शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान ने राज्यपाल एवं लेडी गवर्नर को सम्मानित किया। राज्यपाल ने 'वॉयस ऑफ शिमला सीजन-3' के विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान किए, जिसमें प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपये सौरव अत्री को, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार रुपये पूनम पंडित को तथा तृतीय पुरस्कार 21 हजार रुपये सुभाष को प्रदान किया गया। उन्होंने शिमला विंटर कार्निवल की स्मारिका का भी विमोचन किया।

प्रसिद्ध हास्य कलाकार अहसान कुरैशी तथा जानी-मानी बॉलीवुड गायिका हेमा सरदेसाई की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां संध्या की प्रमुख आकर्षण रहीं। इस अवसर पर स्थानीय विधायक हरीश जनारथा, उप-महापौर उमा कौशल, राज्यपाल के सचिव सी.पी. वर्मा, उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी, आयुक्त नगर निगम शिमला भूपेंद्र अत्री सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर में लोहड़ी और गोवर्द्धन पूजा पर रहेगी छुट्टी

**हमीरपुर, 2 जनवरी (शिल्पा शर्मा)।** जिलाधीश अमरजीत सिंह ने वर्ष 2026 के दौरान जिला हमीरपुर में दो लोकल छुट्टियों की सूची जारी कर दी है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश ने बताया कि जिला हमीरपुर में इस साल मंगलवार 13 जनवरी को लोहड़ी और सोमवार 9 नवंबर को गोवर्द्धन पूजा के उपलक्ष्य पर स्थानीय अवकाश रहेगा।

### ताल में भेड़ों की नीलामी 13 जनवरी को

**हमीरपुर 02 जनवरी (शिल्पा शर्मा)।** भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र ताल में छंटनी की गई 19 भेड़ों की नीलामी 13 जनवरी को सुबह 11 बजे प्रजनन प्रक्षेत्र के परिसर में की जाएगी। पशु पालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. सतीश कपूर ने बताया कि नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति को दस हजार रुपये की धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता को भे?ों को छह घंटे के भीतर प्रजनन प्रक्षेत्र के परिसर से बाहर ले जाना होगा। इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस को दोपहर बाद 3 बजे से सायं 5 बजे तक प्रजनन प्रक्षेत्र में आकर भे?ों का अवलोकन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उपनिदेशक कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-222476 पर संपर्क किया जा सकता है।

### पांच जनवरी तक होगी भाजपा मंडलों की बैठकें

**ऊना (रोहित शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह-प्रभारी संजय टंडन, प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के पूर्णकालिक विस्तारक अमित, जिला प्रभारी रश्मिधर सूद व जिला सह प्रभारी विशाल चौहान तीन जनवरी से पांच जनवरी तक जिला ऊना के प्रवास पर रहेंगे। इन तीन दिनों में जिला के विभिन्न अलग-अलग स्थानों में महत्त्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्याम मिन्हास ने शुक्रवार को बताया कि तीन जनवरी 2026 को सुबह 10 बजे विस क्षेत्र गगरेट की बैठक केडी रिसोर्ट, संघनई में और दोपहर 2 बजे विस क्षेत्र चिंतपूर्णी की बैठक महफिल पैलेस मुबारिकपुर रोड़ में आयोजित होगी। वहीं, चार जनवरी को सुबह 10 बजे विस क्षेत्र कुटलैहड़ की बैठक सामुदायिक भवन समूर कलां में और दोपहर दो बजे विस क्षेत्र हरोली की बैठक जिला भाजपा कार्यालय ऊना में आयोजित होगी।

### डिजिटल अरेस्ट से सतर्क रहने की अपील : एसपी

**ऊना (रोहित शर्मा)।** पुलिस अधीक्षक ऊना अमित यादव ने आम जनता को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हो रही साइबर ठगी से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई भी कानूनी



अवधारणा मौजूद नहीं है। इसके नाम पर लोगों को डराना-धमकाना पूरी तरह से ठगी का तरीका है। साइबर पुलिस के अनुसार ऐसे मामलों में ठगों का तरीका लगभग एक-सा होता है। वे अचानक फोन कर गंभीर अपराधों में फंसाने की बात कहते हैं, तत्काल कार्रवाई का दबाव बनाते हैं, बैंक खाते फ्रीज करने या मीडिया में नाम आने की धमकी देते हैं। ठग पीड़ित को मानसिक रूप से डराने के लिए उसे अकेला रहने और किसी से बात न करने को कहते हैं तथा पैसे को सुरक्षित या सरकारी खाते में ट्रांसफर करने का निर्देश देते हैं। कई बार भरोसा जीतने के लिए फर्जी पहचान पत्र, नकली सरकारी दस्तावेज, यहां तक कि वर्दी और सरकारी लोगो के साथ वीडियो कॉल का भी सहारा लिया जाता है। पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने लोगों से अपील की है कि ऐसे किसी भी कॉल या संदेश पर घबराएं नहीं। तुरंत कॉल काटें और अपने नजदीकी पुलिस थाने या संबंधित विभाग की आधिकारिक हेल्पलाइन से संपर्क कर सच्चाई की पुष्टि करें।

# राज्य युवा उत्सव युवाओं के आत्मविश्वास, प्रतिभा और सामाजिक जिम्मेदारी को सशक्त करने का मंच : राजेश

बिलासपुर में 11 जिलों के 290 प्रतिभागी अपनी सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रतिभा का दिखाएंगे दमखम

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 2 जनवरी।** युवा सेवाएं एवं खेल विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा बिलासपुर के बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर में दो दिवसीय राज्य युवा उत्सव 2025-26 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय आयोजन का विधिवत शुभारंभ प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने किया। कार्यक्रम में हिमुडा बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य जितेंद्र चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंत्री राजेश धर्माणी ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य युवा उत्सव केवल प्रतियोगिताओं तक सीमित आयोजन नहीं है, बल्कि यह युवाओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने, संचार कौशल विकसित करने तथा नेतृत्व क्षमता को निखारने का अवसर मिलता है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए स्वयं पर विश्वास और निरंतर अभ्यास सबसे महत्वपूर्ण हैं।

मंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे दूसरों की नकल करने के बजाय अपनी मौलिक पहचान को समझें और उसे सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा अपने विचारों, रुचियों, दृष्टिकोण और जीवन लक्ष्यों के कारण विशिष्ट होता है और यही विशिष्टता उसे समाज में अलग पहचान दिलाती है। उन्होंने प्रतिभागियों को आपसी संवाद, नेटवर्किंग और आजीवन संबंधों के निर्माण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि मजबूत सामाजिक और पेशेवर नेटवर्क भविष्य में अवसरों और सफलता की मजबूत नींव रखते हैं।

राजेश धर्माणी ने युवाओं को नशे से दूर रहने का सशक्त संदेश देते हुए कहा कि विशेष रूप से सिंथेटिक ड्रग्स युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाएं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि प्रकृति से जुड़ाव ही स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार है तथा 'ग्रीन हिमाचल' जैसी पहलें भावी पीढ़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। मंत्री ने युवाओं को बड़े सपने देखने और उनसे भी अधिक मेहनत करने का संदेश देते हुए कहा कि अपेक्षाओं से अधिक प्रयास ही सकारात्मक और स्थायी परिणाम लेकर आते हैं।

# राजकीय महाविद्यालय खड्डु में सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर आयोजित

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आज राजकीय महाविद्यालय खड्डु में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ऊना अशोक कुमार की अध्यक्षता में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर आरटीओ अशोक कुमार ने वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग से बचाव, गुड समेरिटन नियमों तथा सुरक्षित ड्राइविंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की पालना से न केवल दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है, बल्कि अनमोल मानव जीवन को भी सुरक्षित रखा जा सकता है। आरटीओ ने जानकारी दी कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जनवरी माह के दौरान देशभर में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा भी सड़क सुरक्षा माह जनवरी, 2026 को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला ऊना में उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला स्तरीय स?क सुरक्षा समिति के मार्गदर्शन में स?क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है।

# नौणी विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों ने एच.पी.ए.एस. परीक्षा में किया बेहतरीन प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के दो पूर्व छात्रों–मेघा सिंह कंवर और आँचल कुमारी ने हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचपीएएस) परीक्षाङ्क2025 में शीर्ष स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा के परिणाम हाल ही में घोषित किए गए।

जिला सिरमौर के ग्राम खनिवर की निवासी मेघा सिंह कंवर ने एचपीएएस परीक्षाङ्क2025 में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने वर्ष 2022 में नौणी विश्वविद्यालय के वानिकी महाविद्यालय के सिल्वीकल्चर एवं एग्रोफोरेस्ट्री विभाग से एग्रोफोरेस्ट्री में मास्टर ऑफ साइंस (एमएससी) की डिग्री प्राप्त की, जहां उन्होंने 8.72/10 ओजीपीए के साथ विभागीय टॉपर रहीं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विश्वविद्यालय से बीएससी (ऑनर्स) वानिकी की डिग्री भी प्राप्त की है। शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ मेघा एक एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट धारक भी हैं, जो उनके अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सेवा-भाव को दर्शाता है।

अपने शैक्षणिक जीवन के दौरान मेघा ने निरंतर उत्कृष्ट अकादमिक योग्यता, समर्पण और शोध के प्रति गहरी रुचि का परिचय दिया। विश्वविद्यालय में प्राप्त सुदृढ़ अंतर्विषयी प्रशिक्षण और उच्च शैक्षणिक वातावरण ने उनके विश्लेषणात्मक चिंतन एवं समस्या-समाधान कौशल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसने अत्यंत प्रतिस्पर्धी एचपीएएस परीक्षा में उनकी शानदार सफलता में अहम भूमिका निभाई।

इस परीक्षा में जिला शिमला के नेरवा के ग्राम घोंटरी निवासी आँचल कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और उन्हें हिमाचल प्रदेश पुलिस सेवा (एचपीपीएस) आवंटित की गई है। उन्होंने नौणी से बीएससी (ऑनर्स) वानिकी की डिग्री वर्ष 2021 में 7.54/10 ओजीपीए के साथ पूर्ण की। अपने पूरे शैक्षणिक काल में आँचल ने निरंतर समर्पण, दृढ़ता और उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रबल प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया।

गुरुवार को मेघा सिंह कंवर का विश्वविद्यालय में कुलपति, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने उन्हें विद्यार्थियों और राज्य भर के अभ्यर्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनने पर सम्मानित किया। संवाद के दौरान उन्होंने मेघा को मजबूत मूल्यों को बनाए रखने, उच्चतम स्तर की ईमानदारी सुनिश्चित करने की सलाह दी तथा एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में उनके भावी दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मेघा हिमाचल प्रदेश की जनता की सेवा ईमानदारी, दक्षता और समर्पण के साथ करेंगी।

मेघा ने अपनी सफलता के लिए अपने माता-पिता और मार्गदर्शकों का आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने नौणी को एक समग्र एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए श्रेय दिया, जिसने उनकी सफलता को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रो. चंदेल ने दोनों पूर्व छात्रों की उपलब्धियों पर गहरा गर्व व्यक्त किया और हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेघा और आँचल की सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत संकल्प और कठिन परिश्रम का परिणाम है, बल्कि यह विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन को भी दर्शाती है। वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. चमन लाल ठाकुर, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने भी पूर्व छात्रों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

### मेयर के 5 साल में विकास का रिपोर्ट कार्ड, शहर में 400 करोड़ के विकास कार्य

# ग्राउंड जीरो पर रखा फोकस फिर भी स्वच्छता रैंकिंग-डंपिंग ग्राउंड बने चैलेंज

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** नगर में निकाय चुनावों की तैयारियों के बीच तीन दिन बाद मेयर पद से विदाई ले रहे कुलभूषण गोयल ने ग्राउंड जीरो पर अपना फोकस शुक्रवार को बनाए रखा। चुनाव से पहले वार्डों में विकास कार्यों का जायजा लेकर डिमांड को पूरा करने में जुटे गोयल विकास कार्यों के शुभारंभ में व्यस्त रहे। उनके पांच सालों के रिपोर्ट कार्ड पर गौर करें तो उनका हर दावा भी ग्राउंड जीरो से मेल खाता नजर आ रहा है। हालांकि, साल 2025 की स्वच्छता रैंकिंग रिपोर्ट, दो डंपिंग ग्राउंड और एमसी की बिल्डिंग के मामलों पर नगर निगम हमेशा बैकफुट पर नजर आया। हालांकि, शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए डोर-टू-डोर कूड़ा



कलेक्शन की मेयर कुलभूषण के कार्यकाल में शुरुआत हुई। वहीं शहर को आकर्षक रूप देने के लिए सभी एंट्री प्वाइंट चकाचक और चौकों पर रंग-बिरंगी लाइटें लगवाई गई। अब सीएम नायब सिंह सैनी ने दिव्य नगर योजना के तहत 12 करोड़ रुपये की लागत एलईडी लाइट ऑटोमेटिक कंट्रोल सिस्टम को स्थापित करने के मेयर के प्रयासों की सराहना की है।

#### उठे सवाल, नहीं मलाल

शहर में दो डंपिंग ग्राउंड की शिफ्टिंग, खराब सड?ों से परेशान लोगों की शिकायतें और वार्डों में अधूरे कामों की वजह से हमेशा नगर निगम सवालों के घेरे में रहा। नगर निगम के खुद का भवन पांच साल में पूरा नहीं हो सका। निगम में भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए, जिन पर विजिलेंस को हस्तक्षेप करना पड़ा। शहर में फैले अतिक्रमण के अलावा सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर के चुनाव नहीं होने से राजनीतिक माहौल गरमाया रहा। शहर में पेड पार्किंग को लेकर ठेकेदार पर उठते आए सवालों ने भी असमंजस की स्थिति पैदा की। शहर में नगर निगम और एजेंसियों में सामंजस्य की कमी की वजह से लोग परेशान होते रहे।

#### आधुनिक सुविधाओं से युक्त शहर

शहर में विकास कार्यों का उद्देश्य पंचकूला को स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त शहर बनाना है, ताकि शहरवासियों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके।

*कुलभूषण गोयल, मेयर*
*नगर निगम पंचकूला*

किसानों की सुविधा के लिए सप्ताह में छह दिन अलग-अलग स्थानों पर किसान मंडियां के सफल संचालन को लेकर भी कुलभूषण गोयल को सरकार की तरफ से भी वाह-वाही मिली है। नगर निगम पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल ने शुक्रवार को नगर निगम वार्ड नंबर-20 के टोका गांव में करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बने कम्युनिटी सेंटर का विधिवत शुभारंभ किया। नगर निगम वार्ड नंबर-20 के टोका गांव में करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बने कम्युनिटी सेंटर का विधिवत शुभारंभ किया। कुलभूषण गोयल ने कहा कि उन्होंने पंचकूला शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्य किए गए। अमृत योजना के तहत 12 गांवों में 48 करोड़ रुपये की लागत से आठ स्थानों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों का कार्य पूरा किया गया। गांव सकेतड़ी और कोट में 10 करोड़ रुपये की लागत से जल आपूर्ति परियोजनाएं पूरी की गईं। महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 6 करोड़ रुपये की लागत से वर्किंग वूमेन हॉस्टल तथा 12 करोड़ रुपये से सेक्टर-27 में वृद्धाश्रम का निर्माण कराया गया।

### कंबल वितरण ड्राइव







#### जरूरतमंदों को बांटी राहत सामग्री

**चंडीगढ़।** JKG फाउंडेशन के शीतकालीन राहत अभियान के तहत जरूरतमंदों को गर्म वस्तुएं वितरित की गई। यह अभियान गवर्नमेंट हॉस्पिटल सेक्टर-16, पोस्टग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआई), चंडीगढ़ तथा सेक्टर-22 के बाजारों में चलाया गया। अभियान के दौरान अस्पतालों में भर्ती मरीजों, उनके तीमारदारों और विभिन्न स्थानों पर मौजूद जरूरतमंद लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल, मोज़े, टोपी और दस्ताने वितरित किए गए।

## डा. हरीश वशिष्ठ चेयरमैन, गिरीश अध्यक्ष और देवेश मौदगिल प्रदेश सचिव निर्वाचित

हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स की चंडीगढ़ प्रदेश इकाई गठित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स (हिस्कागा) की केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की इकाई का चुनाव कर पुनर्गठन एवं घोषणा की गई। यह चुनाव मार्डर्न वे माडल स्कूल, सेक्टर-29 में सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी डा. गौरव गौड़, नोडल आफिसर हिस्कागा की देखरेख में चेयरमैन पद पर डा. हरीश वशिष्ठ (डीन साइंसेज, नीलम यूनिवर्सिटी, कैथल), अध्यक्ष पद पर प्रिंसिपल गिरीश सचदेवा तथा प्रदेश सचिव पद पर एडवोकेट एवं चंडीगढ़ के पूर्व मेयर देवेश मौदगिल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसके अलावा स्टेट चीफ कमिश्नर पद पर डा. डीपी लोचन (पूर्व डायरेक्टर जनरल हेल्थ, हरियाणा) और कोषाध्यक्ष पद पर सर्वेश (एजुकेशन कंसलटेंट) को चुना गया।




संस्था के छह उपाध्यक्षों में सरदार जसज्योत सिंह अलमस्त (अध्यक्ष, फायर अवेयरनेस एंड सेफ्टी एसोसिएशन), डा. निशा गुप्ता (प्रिंसिपल), केएस भारती (पूर्व डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स), रूप लाल (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, साफ्टबाल एसोसिएशन), राजेश कमल (प्रिंसिपल) और आदिश्वर चंदेल (समाजसेवी) को निर्वाचित घोषित किया गया।

राष्ट्रीय काउंसिल के छह सदस्यों में वीना गर्ग (अध्यापिका), ईशा भारद्वाज (साइकोलाजिस्ट), अमृत प्रकाश (अध्यापिका), सरताज सिंह (रिसर्च स्कॉलर), नेहा कश्यप (प्रिंसिपल) और करमवीर (समाजसेवी) शामिल हैं। चेयरमैन डॉ. हरीश वशिष्ठ और अध्यक्ष गिरीश सचदेवा ने कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि शीघ्र ही चंडीगढ़ के सभी स्कूलों, कालेजों और पंजाब विश्वविद्यालय में हिस्कागा की यूनिट्स स्थापित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि संस्था युवाओं को जोड़कर ÷एक भारत, श्रेष्ठ भारत÷ के लक्ष्य को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगी। प्रदेश सचिव देवेश मौदगिल ने कहा कि हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स का उद्देश्य स्काउटिंग और गाइडिंग के माध्यम से युवाओं के मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देना है।



## पार्षद अमनदीप कौर मंड ने वार्ड-13 में पानी की समस्या हल करवाई

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू चंडीगढ़।** नगर काउंसिल नयागांव की पार्षद बीबी अमनदीप कौर मंड ने अपनी वार्ड ङ्क 13 में पानी की समस्या हल करवाई, इसका मतलब है कि उन्होंने नागरिकों की जल संबंधी शिकायतों, पानी की कमी, पर संज्ञान लिया और संबंधित जल विभाग के जेई दिपांश से संपर्क करके या खुद मौके पर जाकर समाधान करवाया, जिससे इलाके में पानी की आपूर्ति सुधरी और वार्ड ङ्क 13 के लोगों को राहत मिली; यह स्थानीय जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी जिम्मेदारी का हिस्सा है, जिसमें वे जल प्रबंधन और बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करते हैं।

वार्ड 13 के लोगो ने अपनी वार्ड की पार्षद बीबी अमनदीप कौर का धन्यवाद किया तथा उन्होंने कहा कि हमारी वार्ड की कोई भी समस्या हो तो मैडम खुद पहुंच कर पास खडे हो कर अपने सामने संबंधित विभाग के अधिकारियों को बुला कर समाधान करवाती है । पार्षद बीबी अमनदीप कौर मंड ने जल विभाग के जेई दिपांश का भी धन्यवाद किया ।

## नगर कीर्तन का भव्य स्वागत, श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के पावन उपलक्ष्य में सेक्टर 34 स्थित गुरुद्वारा साहिब से निकले भव्य नगर कीर्तन का हार्दिक एवं भव्य स्वागत भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय, सेक्टर 33 में किया गया। यह स्वागत समारोह प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा के नेतृत्व में पूरी श्रद्धा, अनुशासन और सेवा भाव के साथ आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वागत के दौरान गुरु साहिब जी की पावन पालकी का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया। नगर कीर्तन के साथ पधारे गुरु साहिब जी के पांच प्यारों को सिरोपा पहनाकर एवं पुष्पमालाएं अर्पित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूरे वातावरण में गुरुवाणी की मधुर



ध्वनि, भक्ति भाव और आपसी भाईचारे की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने इस उपलक्ष्य पर कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन साहस, त्याग, समर्पण और धर्म की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी ने समाज को अन्याय, अत्याचार और भेदभाव के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा दी। खालसा पंथ की स्थापना कर उन्होंने समानता, निडरता, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है।

इस अवसर पर मेयर चंडीगढ़ हरप्रीत कौर बबला, प्रदेश महामंत्री रामवीर भट्टी एवं प्रदेश महामंत्री संजीव राणा, पूर्व पार्षद सतिंदर सिंह, नॉमिनेटेड पार्षद धर्मेंद्र सिंह, प्रदेश कार्यालय सचिव संजय पुरी, भारतीय जनता पार्टी के सभी पार्षद, सभी प्रदेश पदाधिकारी एवं सभी जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पवर्षा कर एवं पुष्पमालाएं अर्पित कर गुरु साहिब जी के पांच प्यारों का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया।

### न्यूज ब्रीफ

#### नगर काउंसिल नयागांव के सफाई कर्मचारियों ने नए साल के स्वागत में बांटी मिठाई : नरेश कुमार



**न्यू- चंडीगढ़ (जे के बत्ता)।** नगर काउंसिल नयागांव के सफाई कर्मचारियों के प्रधान नरेश कुमार ने नव वर्ष के शुरू होने पर पहली जनवरी को सभी सफाई कर्मचारियों को बधाई दी फिर उनके आने वाले नया साल अछा व समृद्धी वाला हो इसकी कामना करते हुए प्रधान नरेश कुमार ने सभी सफाई कर्मचारियों मिठाई बांटी । इस पर यह उनकी एकजुटता, खुशी और समाज को स्वच्छ रखने के उनके प्रयासों के सम्मान के रूप का प्रतीक देखा गया ।

#### प्रिंसिपल सिम्मी बंसल की सेवा निवृत्ति पर भव्य विदाई समारोह



**कालका (जग्गी)।** हरियाणा स्कूल एजुकेशन ऑफियर एसोसिएशन जिला प्रधान एंव राजकीय सिनियर सेकेंडरी स्कूल बसौला प्रिंसिपल सिम्मी बंसल की सेवा निवृत्ति पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन स्थानीय पंच, सरपंचों, जिला परिषद सदस्यों, अध्यापकों सहित गणमान्य व्यक्तियों ने किया और सिम्मी बंसल को मेहनत और छात्रों एंवम स्कूल के विकास के योगदान के लिए धन्यवाद करते हुए उनके खुशहाल और स्वस्थ भविष्य की शुभकामनाए करते हुए भावपूर्ण विदाई दी। सिम्मी बंसल ने शिक्षा क्षेत्र में पूरे 30 वर्ष तक विभिन्न स्कूलों में अपनी सेवाएं दी हैं। इस अवसर पर पंचकूला विधायक चंद्रमोहन, पूर्व विधायक कालका प्रदीप चौधरी ने सिम्मी बंसल के निवास पर पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दी जबकि अन्य समझ में कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय चौहान, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता संजीव भारद्वाज, जिला परिषद पूर्व चेयरमैन राजेश कौना, विरेश शाडिल्य, राजेश गुप्ता, निर्मल सिंह, जग्गा सिंह पूर्व सरपंच, रामदयाल पूर्व सरपंच, रतन सिंह पूर्व पंच, गुरुभाग धमाला पार्षद प्रतिनिधि, मास्टर बलविन्द्र खे?ा, बलबीर सिंह हरमेल सिंह लाल सिंह, मनदीप सिंह जिला परिषद सदस्य, हरमेश, प्रो. जगपाल, गुरुप्यारा डोड, संजय बंसल, पूर्व पार्षद तरसेम गुप्ता, अरुण को?ा, पूर्व पार्षद रविंदर अरो?ा, पूर्व पार्षद कर्मचंद धीमान, पूर्व पार्षद, संजीव राजू एडवोकेट, कांग्रेस नेता नरेश मान, रमेश गनेरीवाला, नवीन बंसल, गुरजंट आदि सैक?ो लोगों ने हरियाणा स्कूल एजुकेशन ऑफियर एसोसिएशन जिला प्रधान सिम्मी बंसल को शुभकामनाएं दी। उधर विदेश गए हुए अंबाला से सांसद वरूण चौधरी ने बधाई संदेश भेजा।

## मिशन सक्षम आंगनवाड़ी तथा पोषण 2.0 के क्रियान्वयन की समीक्षा की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** यू.टी. चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने सेक्टर-41 और बधेड़ी स्थित मॉडल एवं सक्षम आंगनवाड़ी-सह-क्रेच केंद्रों का दौरा कर मिशन सक्षम आंगनवाड़ी तथा पोषण 2.0 के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने बच्चों से संवाद किया, अनुपूरक पोषण कार्यक्रम की समीक्षा की तथा प्री-स्कूल शिक्षा के लिए स्वदेशी खिलौनों के उपयोग सहित इनडोर एवं आउटडोर सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सचिव एवं निदेशक, सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग भी उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव को आंगनवाड़ी सेवा योजना के अंतर्गत प्रदान की जा रही पोषण सेवाओं के बारे में अवगत कराया गया, जिनमें मासिक टेक होम राशन, दैनिक गर्म पका हुआ भोजन तथा पोषक रागी बर्फी, अंडे एवं केले जैसे अतिरिक्त आहार शामिल हैं। उन्हें यह भी बताया गया कि 450



आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ-साथ 210 क्रेच संचालित हो रहे हैं, जो कार्यरत माताओं के बच्चों के लिए प्रातः 9ः00 बजे से सायं 5ः30 बजे तक सुरक्षित बाल देखभाल सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं।

मुख्य सचिव ने सेक्टर-25 स्थित ऑब्जर्वेशन कम स्पेशल होम का भी दौरा किया, जहां उन्होंने सभी बच्चों से बातचीत की और दीवारों पर बच्चों द्वारा की गई कलाकृतियों की सराहना की। उन्होंने रसोईघर का निरीक्षण किया तथा बच्चों के लिए संचालित प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। यह दौरा बच्चों और महिलाओं के सर्वांगीण विकास हेतु आंगनवाड़ी सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 पहलों के उद्देश्यों की प्राप्ति के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित करता है।

## फोटोग्राफ़र्स एसोसिएशन ने लगाया लंगर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** नए वर्ष के शुभ अवसर पर आज वर्ष के प्रथम दिन चंडीगढ़ फोटोग्राफ़र्स एसोसिएशन द्वारा एक सेवा भाव से परिपूर्ण लंगर सेवा का आयोजन किया गया। यह आयोजन सुबह 10 बजे से सेक्टर 22-बी, चंडीगढ़ में Piccadilly Hotel के नजदीक संपन्न हुआ।

यह सेवा सीपीए के चेयरमैन श्री जे.पी. गरचा, प्रेसिडेंट श्री सरोज चौहान एवं महासचिव श्री सुनील भट्ट जी के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस अवसर पर सीपीए के चीफ पैटर्न एवं वरिष्ठ सदस्य श्री जे एस बेदी जी, श्री सुभाष भाटिया जी, श्री प्रदीप जी तथा पूर्व चेयरमैन श्री नरेश शर्मा जी विशेष रूप से उपस्थित रहे और स्वयं लंगर सेवा में हाथ बंटाकर अपना योगदान दिया। लंगर सेवा के अंतर्गत श्रद्धालुओं को चाय एवं पकोड़ों का प्रसाद वितरित किया गया। परमात्मा की कृपा से यह सेवा अत्यंत सफल रही। यह लंगर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला, जिसमें लगभग 5,000 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से चंडीगढ़ व्यापार मंडल के प्रधान श्री संजीव चड्डा जी ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने स्वयं लंगर वितरित कर सीपीए का उत्साहवर्धन किया तथा इस सराहनीय सेवा कार्य के लिए सीपीए की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इसके अतिरिक्त एरिया पार्षद दमनप्रीत सिंह भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## यूको बैंक के एमडी अश्वनी कुमार द्वारा सेक्टर-86, मोहाली शाखा का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली।** यूको बैंक के प्रबंध निदेशक श्री अश्वनी कुमार ने आज सेक्टर-86, मोहाली स्थित यूको बैंक की नवीन शाखा का विधिवत उद्घाटन किया। अंचल प्रमुख मिलन दुबे ने मुख्य अतिथि सहित उपस्थित गणमान्यजनों का स्वागत किया।

अपने संबोधन में मिलन दुबे ने कहा कि यूको बैंक अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है और बैंकिंग के सभी क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने बताया कि बैंक का कुल व्यवसाय पाँच लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है, जो बैंक की सुदृढ़ वित्तीय स्थिति को दर्शाता है। प्रबंध निदेशक श्री अश्वनी कुमार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए देश के आर्थिक विकास में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका



पर प्रकाश डाला। उन्होंने जानकारी दी कि यूको बैंक अपने स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 6 जनवरी को देशभर में 150 नई शाखाओं का उद्घाटन करने जा रहा है, जो बैंक के विस्तार और वित्तीय समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यूको बैंक की विकास यात्रा, विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों तथा उत्कृष्ट कार्य-संस्कृति के लिए बैंक के प्रबंधन एवं कर्मचारियों की सराहना की। अंचल प्रमुख ने बताया कि आज खोली गई यह शाखा मोहाली में यूको बैंक की चौथी शाखा है।

## लिंगानुपात 971 दर्ज कर पंचकूला ने हासिल की उपलब्धि : मुक्ता

जिला में 20 एमटीपी केंद्रों का पंजीकरण रद्द, दो केस दर्ज

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** जिला पंचकूला ने सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए जन्म के समय लिंगानुपात 971 दर्ज किया है, जो कि हरियाणा में सर्वाधिक है। यह उपलब्धि जिले के सशक्त शासन, अंतर-विभागीय समन्वय, कठोर कानून प्रवर्तन तथा सामुदायिक सहभागिता का प्रमाण है। सिविल सर्जन पंचकूला डॉ. मुक्ता कुमार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि लिंग-आधारित भेदभावपूर्ण प्रथाओं पर अंकुश लगाने तथा लिंग चयन और मातृ स्वास्थ्य से संबंधित कानूनी प्रावधानों के कठोर अनुपालन व जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग



द्वारा किए गए सतत एवं बहु-आयामी प्रयासों से प्राप्त हुई है। डा. मुक्ता कुमार ने बताया कि अनुपालन में विफल अथवा कदाचार में संलिप्त पाए गए 20 एमटीपी केंद्रों का पंजीकरण रद्द किया गया। इस निर्णायक कार्रवाई से प्रवर्तन की गंभीरता के संबंध में एक स्पष्ट संदेश गया है।

इसके अतिरिक्त, पीसी-पीएनडीटी एवं एमटीपी अधिनियमों के अंतर्गत सफल छापेमार कार्रवाइयों के लिए प्रोत्साहन संरचना भी लागू की गई है, ताकि प्रवर्तन टीमों में सतर्कता एवं सक्रियता को प्रोत्साहित किया जा सके। नैदानिक सेवाओं एवं चिकित्सकीय गर्भपात सेवाओं के दुरुपयोग को रोकने तथा सुदृ? निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, जिले में 27 फरवरी 2025 से अल्ट्रासाउंड जांच से पूर्व सभी एएनसी मामलों में आरसीएच आईडी की अनिवार्य लिंकिंग लागू की गई। इससे सभी गर्भावस्थाओं की पूर्ण ट्रेसेबिलिटी एवं जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। वर्ष 2025 के दौरान जिले में 157 पीसी-पीएनडीटी केंद्रों तथा 55 एमटीपी केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

#### एमटीपी मामलों में कमी-एक प्रमुख संकेतक

उन्होंने बताया कि आंक?ों के विश्लेषण से एमटीपी मामलों में उल्लेखनीय कमी परिलक्षित हुई है, जो ब?ी हुई जागरूकता एवं अनुपालन को दर्शाती है। गर्भावस्था के 10 सप्ताह तक के एमटीपी मामलों की संख्या वर्ष 2024 में 2,880 से घटकर वर्ष 2025 में 2,684 हो गई, जो लगभग 7 प्रतिशत की कमी दर्शाती है। 10 सप्ताह से अधिक अवधि के एमटीपी मामलों में और अधिक तीव्र गिरावट दर्ज की गई, जो वर्ष 2024 में 339 से घटकर वर्ष 2025 में 151 रह गई, अर्थात् 55.5 प्रतिशत की कमी। विशेष रूप से देर से किए जाने वाले एमटीपी मामलों में यह महत्वपूर्ण गिरावट, प्रभावी निगरानी एवं अवैध प्रथाओं के विरुद्ध सशक्त प्रतिरोध का स्पष्ट संकेतक है।

#### रिवर्स ट्रैकिंग एवं कानूनी कार्रवाई

डॉ. मुक्ता कुमार ने बताया कि 12 सप्ताह से अधिक अवधि के 75 एमटीपी मामलों की समर्पित रिवर्स ट्रैकिंग की गई, विशेषकर उन परिवारों में जहाँ पहले से कन्या संतान/संतानें थीं, ताकि लिंग-चयनात्मक प्रथाओं की संभावना को नकारा जा सके। इनमें से 12 मामले परिवारों द्वारा असहयोग अथवा सूचना के अभाव के कारण संदिग्ध पाए गए।

# सोनीपत में अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद चौक का हुआ अनावरण, छात्रों ने प्रस्तुत किया देशभक्ति कार्यक्रम

## विधायक निखिल मदान व मेयर राजीव जैन रहे मौजूद

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी




**सोनीपत।** शुक्रवार को सोनीपत के जाहरी चौक स्थित 'अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद चौक' का अनावरण द स्प्रिंग एरा पब्लिक स्कूल (ग्राम ठरू, उल्देपुर) की ओर से किया गया। यह शुभ अनावरण विद्यालय के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक निखिल मदान तथा मेयर राजीव जैन द्वारा चौक का लोकार्पण किया गया। शहीद चंद्रशेखर आज़ाद चौक के निर्माण, रख-रखाव एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी द स्प्रिंग ऐरा स्कूल द्वारा ली गई।

विधायक निखिल मदान ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आज़ाद का जीवन और बलिदान समस्त देशवासियों के लिए एक प्रेरणास्रोत है।

चंद्रशेखर आजाद एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के भाबरा गांव में हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा वाराणसी के काशी विद्यापीठ से प्राप्त की और जल्द ही स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गए ।चंद्रशेखर आजाद ने भगत सिंह और राजगुरु के साथ मिलकर कई क्रांतिकारी गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने 1928 में 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' की स्थापना की और ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई लड़ी। 27 फरवरी 1931 को इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में उन्होंने खुद को गोली मारकर शहादत प्राप्त की। क्योंकि चंद्रशेखर आजाद कहा करते थे कि वो आजाद हैं और आजाद ही रहेंगे। इस अवसर पर द स्प्रिंग एरा संस्था के सदस्य जगत सिंह, एस7 स्कूल के प्रबंधक दीपक शर्मा, ऋषिकुल विद्यालय के प्रबंधक नीरज शर्मा, सरस्वती स्कूल के प्रबंधक शमशेर सिंह, जी3 स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती गीता चोपड़ा, उल्देपुर गाँव के सरपंच संदीप ,जाहरी गाँव के सरपंच विनोद तथा द स्प्रिंग एरा पब्लिक स्कूल के विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रजनी छिक्कारा, डायरेक्टर श्रीमती नीतू लाकड़ा तथा समस्त सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद के बलिदान, जुनून एवं देशभक्ति पर आधारित कविताएँ तथा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। द स्प्रिंग एरा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजेंद्र ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें जीवन में एक अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

## भाजपा वरिष्ठ नेता माईराम कौशिक ने गांव भटगांव में आदियोग योगशाला का किया उद्घाटन



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली के भाई एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता माईराम कौशिक ने नववर्ष के मौके पर गांव नकलोई में शिवलिंग की स्थापना की और नवनिर्मित आदियोग योगशाला का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, योग साधक, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान माईराम कौशिक ने सभी ग्रामवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन और महान परंपरा है, जिसे आज पूरी दुनिया ने अपनाया है। योग न केवल शरीर को निरोग रखता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन और सकारात्मक सोच को भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली, बढ़ते तनाव और विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए योग सबसे सरल, सुलभ और प्रभावी माध्यम हैमाईराम कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है और आज योग दिवस पूरे विश्व में मनाया जा रहा है। इस मौके पर बलवान सिंह दहिया, भटगांव गौशाला के प्रधान अनिल दहिया, संदीप दहिया, प्रदीप सैनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## धार्मिक स्थल से चोरी, 3 आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कुरुक्षेत्र पुलिस ने धार्मिक स्थल से चोरी करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में थाना सदर पेहवा की टीम ने धार्मिक स्थल से चोरी करने के आरोप में राजू, राम व विक्रम वासीयान अरुणाय को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चोरीशुदा 1500 रुपये, एक प्लास व चाबी बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 1 जनवरी 26 को भूषण वासी अरुणाय ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह संगमेश्वर मंदिर अरुणाय में प्रबन्धक का कार्य करता है।


### सार्वजनिक सूचना

राजकीय उच्च विद्यालय गांव दबखेड़ा खंड लाडवा तहसील लाडवा जिला कुरुक्षेत्र दबखेड़ा के प्रांगण में 37 पेड़ों की नीलामी 9 जनवरी, 2026 को प्रातः 10 बजे की जानी है। जिस की शर्ते मौके पर ही बता दी जाएगी . सिक्योरिटी 10 हजार रुपए जमा करानी होगी।
नोटः सफेदा, कीकर, शीशम व अन्य पेड़ शामिल है।

निवेदक मुख्याध्यापक,
रा ऊ वि
दबखेड़ा
मोबाइलः 7015451308

AP-6970

### सार्वजनिक सूचना

इस सूचना के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है। इस कार्यालय में Sh. BHARMESHWAR DASS Gupta निवासी मकान 665/13, Ext करनाल द्वारा सम्पति कर आईडी न. 1EPK2020, 1EF9Y3L0 स्थित 14/680 Jundla Gate, Karnal नाम दर्ज कराने बारे आवेदन किया है। सम्पति कर रिकार्ड अनुसार रिकार्ड अनुसार उपरोक्त संपति आई डी न. 1EPK2020, 1EF9Y3L0 में बिना नाम के दर्ज है। तथा श्रीमति कान्ता देवी पत्नी श्री कृष्ण चन्द गुप्ता की मृत्यु दिनांक 30/12/2011 को चुकी है। प्रार्थी द्वारा इस कार्यालय में नाम तबदील करने हेतु एक प्रलेख / वसीयत न. 949 दिनांक 18/05/20 तथा शपथ पत्र की प्रति प्रस्तुत की है अतः यदि किसी आमजन या, खासजन को उक्त वसीयत अनुसार सम्पति कर आई. डी. 1EPK2020, 1EF9Y3L0 निवासी मकान 14/680, Jundla Gate में Sh. BHARMESHWAR DASS Gupta, निवासी मकान निवासी मकान 665/13, Ext करनाल का नाम तबदील करने हेतू किसी प्रकार की अपत्ति हो तो इस कार्यालय में नोटिस प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर 2 अपनी आपत्ति/एतराज दर्ज करवा सकते है। अन्यथा समयावधि पश्चात माना जायेगा कि उपरोक्त तबदील बारे किसी को कोई आपत्ति नहीं है। परिणाम स्वरूप इस कार्यालय के सम्पति कर में संबंधित युनिक सम्पति कर आईडीन. 1EPK2020, 1EF9Y3L0 आवेदक का नाम दर्ज / तबदील कर दिया जायेगा। समयावधि पश्चात कोई भी क्लेम मान्य नहीं होगा।

**क्षेत्रिय कराधान अधिकारी नगर निगम करनाल ।**

AP-6980

### पूर्व रेलवे

ई-निविदा सं. 243_2025-26, दिनांक: 31.12.2025. [illegible] हावड़ा [illegible] -711101 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए [illegible] ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: [illegible] कार्य का विवरण: [illegible] अनुमानित मूल्य: रु. 57,67,224.62, बयाना राशि: रु. 1,15,400/-, समापन अवधि: स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। [illegible] निविदा की अंतिम तिथि और समय: दिनांक 23.01.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। [illegible]

HWH-505/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

AP-6973

### PUBLICATION U/O 5 RULE 20 OF CPC

IN THE COURT OF SH. AKASH SHARMA IAS SDO (C) - CUM ASSITANT COLLECTOR 1ST GRADE, TOHANA DISTRICT, FATEHABAD.

Case No-09/Redumpation
D.O.H :-19-01-2026

[illegible]

In the above noted case this court is fully satisfied that the respondents cannot be served in anordinary way. Hence this proclamation under order 5 Rule 20 CPC be issued against the above noted respondents to appear before this court on 19-01-2026 at 10:00 AM. at SDO (C) Complex Tohana Distt- Fatehabad, personally or through some duly authorised agent to defend their case otherwise ex-parties proceedings shall be taken against them. Given under my hand and the seal of this court.....

SDO (C) - cum AC 1st Grade, Tohana

AP-6967

### सार्वजनिक सूचना



ओ.सी.एफ. एम्प्लॉई कोऑपरेटिव यूएसईटीसी सोसाइटी लिमिटेड, चंडीगढ़ का चुनाव कार्यक्रम, चंडीगढ़ को निम्नलिखित रूप से अनुमोदित किया गया है।

**सूचना की तिथि- 03-01-2026**
**नामांकन की तिथि- 20-01-2026**
**(सुबह 10:00 बजे से दोपहर 11:00 बजे तक)**
**मतपत्रों की जांच की तिथि- 20-01-2026**
**(सुबह 11:00 बजे से सुबह 11:30 बजे तक)**
**पहचान वापस लेने की तिथि- 20-01-2026**
**(दोपहर 12:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक)**
**पहचान चिन्ह आवंटन की तिथि (यदि आवश्यक हो)**
**20-01-2026 (दोपहर 1:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक)**
**मतदान की तिथि- 21-01-2026 (सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक)**
**परिणाम की घोषणा 03-01-2026 (मतदान के तुरंत बाद)**

चुनाव स्थलः पंजीकृत कार्यालय, ओ.सी.एफ. (सोसाइटी कार्यालय), 183, इंडस्ट्रियल, क्षेत्र, फेज - 1, चंडीगढ़

AP-6966

[illegible]

[illegible]

AP-6964

### मुथूट होमफिन (इंडिया) लि.

Muthoot Homefin
कारपोरेट कार्यालयः यूनिट सं. 19-एनई, 19वां तल, दि रूबि, सेनापति बापट मार्ग, समीप रूपारेल कॉलेज, दादर (वेस्ट), मुम्बई, महाराष्ट्र-400 028

**शुद्धिपत्र**

अर्थ प्रकाश (हिंदी) हरियाणा (संस्करण) में ऋणी का नाम सोनू कुमार, एलएएन सं. 062-06200368 के अधीन 28-नवंबर-2025 को प्रकाशित 13.2 मांग सूचना के विज्ञापन के संदर्भ में। अनजाने से गलती के कारण एलएएन सं. 062-06200368 के स्थान पर 62006200368 वर्णित किया गया था। इसलिए हम, सही विवरण पढ़ने का निवेदन करते हैं, कथित सूचना में अन्य विवरण अपरिवर्तनीय रहेंगे।

**तिथि: 03 जनवरी, 2026** — **हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान: थाने** — **मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड**

AP-6990

### दि शिवालिक को-ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग (फर्स्ट) सोसाइटी लि.

**पंजी.सं. 615 दिनांक 09.05.2003, सेक्टर 49-ए, चंडीगढ़**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति/नोमिनी ने वित्त विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार एनओसी/स्वीकृति जारी करने/सदस्य के तौर पर नामांकन के लिए हिस्सा/फ्लैट के हस्तांतरण हेतु सोसाइटी की मैनेजिंग कमेटी/रजिस्ट्रार, कोपरेटिव सोसाइटीज, यूटी., चंडीगढ़ के समक्ष आवेदन किया है:-

| मूल आवंटी/हस्तांतरणकर्ता का नाम | आवेदक का नाम | फ्लैट सं. | श्रेणी | अभियुक्तियां |
|---|---|---|---|---|
| स्व. श्री कतर सिंह पुत्र श्री सूरत सिंह | सुश्री प्रतीमा पुत्री स्व. श्री कतर सिंह | 839 | ए | मृत्यु मामले/नामांकन आधार पर |

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में सोसाइटी के उक्त उल्लिखित फ्लैट में शीर्षक, अधिकार अथवा हित के हस्तांतरण में कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को संबंधित दस्तावेजों के साथ लिखित में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल रहने पर उक्त कथित फ्लैट का स्वामित्व आवेदक के पक्ष में हस्तांतरित किया जाएगा।आगे, बाद में किसी किसी रूप में कोई दावा विचारणीय नहीं होगा।

(अध्यक्ष)

AP-6989

### PUBLICATION U/O 5 RULE 20 OF CPC

IN THE COURT OF SH. AKASH SHARMA IAS SDO (C) - CUM ASSITANT COLLECTOR 1ST GRADE, TOHANA DISTRICT, FATEHABAD.

Case No- 08/Redumpation
D.O.H :-19-01-2026

[illegible]

In the above noted case this court is fully satisfied that the respondents cannot be served in anordinary way. Hence this proclamation under order 5 Rule 20 CPC be issued against the above noted respondents to appear before this court on 19-01-2026 at 10:00 AM at SDO (C) Complex Tohana Distt- Fatehabad, personally or through some duly authorised agent to defend their case otherwise ex-parties proceedings shall be taken against them. Given under my hand and the seal of this court.....

SDO (C)-cum AC 1st Grade,Tohana

AP-6967

### PUBLICATION U/O 5 RULE 20 OF CPC

IN THE COURT OF SH. AKASH SHARMA IAS SDO (C) - CUM ASSITANT COLLECTOR 1ST GRADE, TOHANA DISTRICT, FATEHABAD.

Case No-07/Redumpation
D.O.H :- 19-01-2026

[illegible]

In the above noted case this court is fully satisfied that the respondents cannot be served in anordinary way. Hence this proclamation under order 5 Rule 20 CPC be issued against the above noted respondents to appear before this court on 19-01-2026 at 10:00 AM. at SDO (C) Complex Tohana Distt- Fatehabad, personally or through some duly authorised agent to defend their case otherwise ex-parties proceedings shall be taken against them.Given under my hand and the seal of this court.....

SDO (C) - cum AC 1st Grade, Tohana

AP-6967

## अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

I, Sunita Bhardwaj W/o Yash Pal H. No 2693, Sector 67, SAS Nagar Mohali, Punjab-160062, declare that I have changed my name from Sunita Rani to Sunita Bhardwaj.
एपी-6965

**मैं,** शिवदत्त शर्मा पुत्र अश्वनी कुमार निवासी 493, वार्ड नं 9, प्रिथु बस्ती पिहेवा, तहसील पिहेवा जिला कुरुक्षेत्र, ने अपना नाम शिव दत्त शर्मा से बदलकर शिवदत्त शर्मा रख लिया है।
एपी-6967

I AJAY PAL S/o RAJBIR SINGH resident of VILLAGE DHANI DULT POST DULLAT TEHSIL AND DISTRICT FATEHABAD STATE HARYANA 125111 have changed my minor daughter name From SNEHA to SANEHA.

I SACHIN S/o HANUMAN R/o VILLAGE DHOLU POST DHAULU Tehsil and District Fatehabad State Haryana 125111 have changed my name from SACHIN to SACHIN BISHNOI
एपी-6968

**मैं,** रीना देवी पत्नी श्री परविन्द्र कुमार निवासी गांव मुन्ना माजरा, डाकखाना बडा गांव तहसील नारायणगढ़ जिला अम्बाला मेरी लड़की के जन्म रिकार्ड में बच्चे के पिता का नाम रविन्द्र कुमार गलत दर्ज है। जब कि बच्चे के पिता का सही नाम परविन्द्र कुमार है।
एपी-6971

**मैं,** Ram Sanjivan सुपुत्र जगन नाथ, निवासी मकान नंबर 13, टाइप बी-1, पीजीआई कैंपस, सेक्टर 12, चंडीगढ़, सूचित करता हूं कि मेरी बेटी मीना के पासपोर्ट में मेरा नाम गलती से Ram Sanijwan रिकॉर्ड किया गया है। मेरा सही नाम Ram Sanjivan है।
एपी-6974

**मैं,** गुरचरण सिंह उर्फ गुरचरण सिंह Matta पुत्र हरबंस सिंह वासी मकान नं. 275-एल, मॉडल टाउन करनाल एक ही व्यक्ति हूं।

**मैं,** Monica Suneja पत्नी गौरव सुनेजा वासी मकान नं. 354, सैक्टर-8, पार्ट-2, अर्बन एस्टेट करनाल ने अपना नाम बदलकर Monika Suneja से Monica Suneja रखा है।

**मैं,** अनमोल नागपाल पुत्र संजीव कुमार वासी मकान नं. 1725, ग्राउंड फ्लोर डी-ब्लॉक, अंसल सुशांत सिटी, पानीपत ने अपना नाम बदलकर अनमोल से अनमोल नागपाल रखा है।

**मैं,** अनीता रानी पत्नी प्रदीप भाटिया वासी मकान नं. 1585, अर्बन एस्टेट, सैक्टर 32, करनाल ने अपना नाम बदलकर अनीता भाटिया से अनीता रानी रखा है।

**मैं,** गौरी शंकर गोयल पुत्र हनुमान वासी मकान नं 823/17 सज्जन गैस एजेंसी रोड़ हांसी हिसार हरियाणा-125033. ने अपना नाम बदलकर गौरी शंकर गोयल से गौरी शंकर रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

**मैं,** Yogender कुमार वासी जी सी 446 CHD सिटी सैक्टर 45 करनाल ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम बदलकर तेजस से तेजस कुमार रखा है।
एपी-6975

**मैं,** कि अंशिका ढींगरा सुपुत्री श्री सुनील ढींगरा, निवासी सी3- 41, जी एफ, सी 3 डीएलएफ द वॅली, अमरावती एन्कलेव, पंचकुला, हरियाणा- 134107, यह घोषित करती हूँ कि मैंने अपना नाम अंशिका से बदलकर अंशिका ढींगरा रख लिया है।
एपी-6976

**मैं,** रोहित भारद्वाज पुत्र श्री जीत राम, निवासी वार्ड नंबर 16, मकान नंबर 117, माहू नाग मंदिर के पास रबोन, डाकघर सपरून, तहसील और जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश (आधार कार्ड संख्याः 8485-6150-4150),यह घोषित करता हूं कि मैंने अपना नाम रोहित कुमार से बदलकर रोहित भारद्वाज कर लिया है। सभी संबंधित कृपया इसे नोट करें।
एपी-6977

**मैं,** मलिका पत्नी हेमंत कुमार निवासी मकान नं 86 तहसील कैम्प राम नगर पानीपत हल्फिया बयान करती हूं कि मैने अपना नाम मलिका से बदल कर मलिका जुनेजा कर लिया है। भविष्य में मुझे मलिका जुनेजा के नाम से जाना व पहचाना जाए।
एपी-6979

**मैं,** मोनिका पत्नी श्री रिपिन निवासी मकान नं. 411, सैक्टर-18, पानीपत, ज्यान करता हूँ कि मैंने अपना नाम मोनिका गर्ग से बदलकर मोनिका रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु मोनिका के नाम से जाना पहचाना जाए।
एपी-6981

**मैं,** जोनी गुप्ता पुत्र विजय कुमार गुप्ता निवासी फ्लैट नंबर 36-एफ, फर्स्ट फ्लोर, ब्लॉक बी-3, सावित्री एन्वलेव, वीआईपी रोड, जीरकपुर, एसएएस नगर, मोहाली (पंजाब) मैने अपना नाम जोनी गुप्ता से बदलकर जोनी रख लिया है।

**मैं,** कुणाल सूद पुत्र श्री अनिल सूद और माता अलका सूद निवासी मकान नंबर 860 सेक्टर-7 पंचकुला हरियाणा, घोषणा करता हूँ कि कुणाल सूद और हैप्पी दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं ।
एपी-6967

**मैं,** मो. ऐराफ अनवर पुत्र इकबाल अनवर निवासी फ्लैट नं. 767-B, 2nd Floor, Sector 44-A, चंडीगढ़ अपना नाम बदलकर कर मो ऐराफ अनवर रख लिया है।

**मैं,** रितिका गर्ग पुत्री संजय गोयल पत्नी Saarush Garg निवासी # 3071 सेक्टर 27-डी चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर रितिका गोयल रख लिया लिया है।
एपी-6982

**मैं,** Phul Chandra Kori पुत्र Sh. Raj Kumar निवासी VPO बलटाना, जीरकपुर एस.ए.एस नगर मोहाली पंजाब ने अपना नाम Phul Chandra Kori से बदलकर Phul Chand रख लिया है।
एपी-6983

**मैं,** सैन्य संख्या- 14686751W, रैंक- नायक, नाम- विनोद कुमार वर्तमान में यूनिट- 22 फील्ड वर्कशॉप, ईएमई इंजीनियर ब्रिगेड, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात हुं स्थायी पता- ग्राम- सरदारगढ़, पोस्ट- सरदारगढ़, गैयारा, मथुरा, राया, उत्तर प्रदेश, 281204, घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी माता का नाम कुसुम देवी से बदलकर कुसमा कर लिया है। शपथ पत्र क्रमांक- 11एए219766, दिनांक- 02/01/2026

**मैं,** सैन्य संख्या- 14686751W, रैंक- नायक, नाम- विनोद कुमार, वर्तमान में यूनिट 22 फील्ड वर्कशॉप, ईएमई इंजीनियर ब्रिगेड, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात हुं स्थायी पता- ग्राम- सरदारगढ़, पोस्ट- सरदारगढ़, गैयारा, मथुरा, राया, उत्तर प्रदेश, 281204, घोषणा करता हूँ कि मैंने अपने पिता का नाम राजवीर सिंह से बदलकर राजवीर कर लिया है। शपथ पत्र- 11एए 219768, दिनांक 02/01/2026
एपी-FMG

**मैं,** तुशांत चन्देल सुपुत्र अच्छर सिंह # 5740, सैक्टर-56, चंडीगढ़ अपना नाम बदलकर तुशांत रख लिया है।
एपी-6974

**मैं,** डिंपल शर्मा, पुत्री कमल शर्मा, निवासी ग्राम टिपरा, तहसील कालका, जिला पंचकुला, हरियाणा-133302, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम डिंपल से बदलकर डिंपल शर्मा कर लिया है।

**मैं,** जयंत विनायक वान्नेरे, पुत्र श्री विनायक गंगाधर वान्नेरे, निवासी फ्लैट नंबर ए-603, जीएच-1, बीएमडी कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी सेक्टर-23, पंचकुला, हरियाणा-134109, घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम जयंत वान्नेरे से बदलकर जयंत विनायक वान्नेरे कर लिया है।

**मैं,** तापोशी घोष, सैन्य संख्या- 18004458W, रैंक- नायक, नाम- सुजीत घोष की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 57 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- नालाहती, रामपारा, फरीदपुर, रामपारा, मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल, 742189, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम तापोशी घोष से बदलकर तापसी घोष कर लिया है। हलफनामा संख्या- 11एए219707, दिनांक- 02/01/2026

**मैं,** समुद्र दास, सैन्य संख्या- 6504604K, रैंक- सिपाही/ASH, नाम- चंदन दास का पिता हुं जो वर्तमान में यूनिट 603 एएससी बटालियन (एएम), पिन- 905603, पता 56 एपीओ एन-एरिया, चंडीगढ़ में तैनात है घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी जन्मतिथि 15/08/1969 से 01/12/1969 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या 11AA219771, दिनांक 02/01/2026

**मैं,** मंगला, सैन्य संख्या- 14867436P, रैंक- सिपाही/एमटी, नाम- बी गणेश की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 603 एएससी बटालियन (एएम), पिन- 905603, पता- 56 एपीओ एन-एरिया, चंडीगढ़ में तैनात है घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम मंगला से बदलकर बोयार मंगला कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए219772, दिनांक- 02/01/2026

**मैं,** बोयार मंगला, सैन्य संख्या- 14867436P, रैंक- सिपाही/एमटी, नाम- बी गणेश की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 603 एएससी बटालियन (एएम), पिन- 905603, पता- 56 एपीओ एन-एरिया, चंडीगढ़ में तैनात है घोषणा करती हूं कि मैंने अपनी जन्मतिथि 21/03/1967 से 01/01/1967 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11एए219773, दिनांक- 02/01/2026

**मैं,** बोयार विलास, सैन्य संख्या- 14867436पी, रैंक- सिपाही/एमटी, नाम- बी गणेश का पिता हु जो वर्तमान में यूनिट- 603 एएससी बटालियन (एएम), पिन- 905603, पता- 56 एपीओ एन-एरिया, चंडीगढ़ में तैनात है घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी जन्मतिथि 15/09/1964 से 01/01/1964 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11एए219775, दिनांक- 02/01/2026

**मैं,** विलास, सैन्य संख्या- 14867436पी, रैंक- सिपाही/एमटी, नाम- बी गणेश का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट 603 एससी बटालियन (एएम), पिन- 905603, पता 56 एपीओ एन-एरिया, चंडीगढ़ में तैनात है घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम विलास से बदलकर बोयार विलास कर लिया है। शपथ पत्र क्रमांक 11एए 219774, दिनांक 02/01/2026

**मैं,** निंगथौजम सुमति देवी, सैन्य संख्या- 15794120N रैंक- हवलदार, नाम- युमनाम रोनांद सिंह की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं स्थायी पता- वापोकपी ममंग लीकाई, पीओ-सुगनू, जिला- थौबल, मणिपुर- 795101 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम निंगथौजम सुमति देवी से बदलकर युमनाम सुमति देवी कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219777, दिनांक- 02/01/2026

**मैं,** युम्नाम सुमति देवी, सैन्य संख्या- 15794120N, रैंक- हवलदार, नाम- युम्नाम रोनांद सिंह की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं स्थायी पता- वापोक्पी मामंग लीकाई, डाकघर-सुग्नु, जिला- थौबल, मणिपुर- 795101 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपनी जन्मतिथि 02/01/1992 से 01/02/1992 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219706, दिनांक- 02/01/2026

**मैं,** मलाई चौधरी (Malai Choudhary), सैन्य संख्या 18008870F, रैंक- हवलदार, नाम- कन्हाई चौधरी का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 57 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- रामप्रसाद पल्ली, बलिवारा, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल 743136 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम मलाई चौधरी (Malai Choudhary) से बदलकर मलय चौधरी (Malay Choudhury), कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219776, दिनांक- 02/01/2026

**मैं,** शीश पाल, सैन्य संख्या- 14935710H, रैंक- हवलदार, नाम- विक्रम सिंह का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 24 मैक इन्फैंट्री, सी/ओ 56 एपीओ, जैसलमेर, राजस्थान में तैनात है स्थायी पता- मॉडल टाउन करहेरा, मंधार (333), यमुना नगर, हरियाणा, 135133, घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम शीश पाल से बदलकर शीशपाल सिंह कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 01/07/1957 से 01/01/1958 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219762, दिनांक- 02/01/2026

I, SHANDA BHANDARI am Mother of Army No: 15616523M Rank: Hav Name: Manotosh Bhandari Present Posted at Unit: 22 Guards C/o 56 APO Permanent Address: Kukhutia, Kukhutia, Kukutia, Birbhum, Kukutia, West Bengal, 731123 declare that I have changed my name from SHANDA BHANDARI to SANDHARANI BHANDARI. Vide Affidavit No: 11AA 219763, Dated: 02/01/2026

I, KALIPADA BHANDARI is Father of Army No: 15616523M Rank: Hav Name: Manotosh Bhandari Present Posted at unit Unit: 22 Guards C/O 56 APO Permanent Address: KUKHUTIA, KUKHUTIA, Kukutia, Birbhum, Kukutia, West Bengal, 731123 declare that I have Correct My Date of Birth from 01/07/1952 to 31/03/1944. Vide Affidavit No: 11AA 219765, Dated: 02/01/2026

I, SANDHARANI BHANDARI am Mother of Army No: 15616523M Rank: Hav Name: Manotosh Bhandari Present Posted at Unit: 22 Guards C/o 56 APO Permanent Address: Kukhutia, Kukhutia, Kukutia, Birbhum, Kukutia, West Bengal, 731123 declare that I have Correct my Date of birth from 01/07/1957 to 01/01/1956. Vide Affidavit No: 11AA 219764, Dated: 02/01/2026
एपी-6984

**मैं,** परविंदर, पत्नी संदीप चौधरी, निवासी मकान नंबर 184, हरमिलाप नगर-1, बलटाना, एस.ए.एस. नगर, पंजाब, ने अपना नाम बदलकर अब परविंदर चौधरी कर लिया है। अब मुझे सभी कानूनी और सरकारी कार्यों में परविंदर चौधरी के नाम से जाना जाएगा।

**मैं,** ममता कुमार, पत्नी संदीप, निवासी मकान नंबर 1029, सेक्टर 16, पंचकूला, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर अब ममता अगस्त्य कर लिया है। अब मुझे सभी कानूनी और सरकारी कार्यों में ममता अगस्त्य के नाम से जाना जाएगा।
एपी-6986

**मैं,** कि जसबीर कुमार पुत्र श्री बनारसी दास, निवासी गांव व डाकघर हमीदपुर, तहसील नारायणगढ़, जिला अम्बाला घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्रों के जन्म प्रमाणपत्र में उनका घरेलू नाम क्रमशः संगम व हर्षित लिखा गया है जबकि उनके वास्तविक नाम क्रमशः संगम पाल हर्षित पाल हैं। भविष्य में उन्हें उनके वास्तविक नामों संगम पाल व हर्षित पाल अवस के नाम से ही जाना जाए।
एपी-6987

**मै,** कमला देवी पत्नी गुरमेल सिंह निवासी गांव टिकरी तहसील पिहोवा कुरुक्षेत्र हरियाणा, घोषणा करती हूं, कि मेरी पुत्रवधु अंजू पत्नी स्वर्गीय रणजीत सिंह, जिसने हरे रंग का सूट पैर में चपल, रंग सावला, उम्र लगभग 33 साल, दिनांक 25 अगस्त 2025 से लापता है, और आजतक कोई पता नही लगा है, हमने इसकी सुचना पुलिस थाना में डीडीआर संख्या 0240 दिनांक 30.07.2025, द्वारा दर्ज करवा दिया है, यदि किसी व्यक्ति को दिखे तो कृपया 9817013526 पर सम्पर्क करे।
एपी-6988

### खोया-पाया

हम बृज लाल पुत्र काली राम और शेरो देवी पत्नी बृज लाल निवासी सस्सा गुजरा, बीबीपुर पटियाला बताते हैं कि हमारा बेटा मनतेज सिंह हमारे कंट्रोल से बाहर है। हम उसे अपनी चल-अचल प्रॉपर्टी से बेदखल करते हैं। जो व्यक्ति उसके साथ डील करेगा, वह खुद जिम्मेदार होगा। हमारी या हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-6969

**मैं,** बीरमती पत्नी श्री प्रकाश निवासी गांव बरसत तहसील घरौंडा (करनाल) ब्यान करती हूं कि मेरा पुत्र विजय मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। अगर वह कोई अनेतिक कार्य, गैर कानूनी कार्य करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-6972

हम प्रदीप कुमार पुत्र ज्ञान सिंह और सुनीता पत्नी प्रदीप कुमार निवासी 403 राजीव कॉलोनी सेक्टर 17 पंचकूला हरियाणा, यह घोषणा करते हैं कि हमारा बेटा अरुण कुमार और उसकी पत्नी ईशा हमारे नियंत्रण से बाहर हैं। हमने उन्हें अपनी सभी चल और अचल संपत्ति और रिश्तों से बेदखल कर दिया है। हम उनके कामों और गतिविधियों/देनदारियों के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
एपी-6978

**अर्थ प्रकाश**
**समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें**

**आवश्यक सूचना**
**अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।**


### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# लोगों को अम्बाला-शामली 121 किमी एक्सप्रेस-वे का जल्द मिलेगा तोहफा : विज

## तेजी से बन रहा अम्बाला-शामली एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे से होगा सीधा जुड़ाव

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अंबाला, 2 जनवरी।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला से शामली 121 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस हाईवे का निर्माण तेजी से किया जा रहा है और यह निर्माण कार्य भी दिसम्बर 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेस-वे अम्बाला से शामली तक बन रहा है जबकि आगे शामली से दिल्ली तक रोड को देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि अम्बाला-मोहाली एक्सप्रेस-वे का निर्माण भी तेजी से किया जा रहा है जिसके जल्द पूरा होने की उम्मीद है और इसके बनने से चंडीगढ़ व मोहाली तथा अन्य शहरों को जाना और आसान हो जाएगा।

श्री विज ने आज भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अधिकारियों को अम्बाला में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए जिससे लोगों को लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष दिसम्बर माह तक अम्बाला में रिंग रोड और अम्बाला-शामली एक्सप्रेस-वे परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और तय समय में यह परियोजनाएं पूरी हों इसके लिए मंत्री अनिल विज ने आज अपने आवास पर एनएचएआई अधिकारियों से चर्चा की।

एनएचएआई अम्बाला के परियोजना निदेशक पीके सिन्हा व अन्य अधिकारियों से ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला रिंग रोड का निर्माण जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि अम्बाला व अन्य राज्यों से आने वाले वाहन चालकों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि रिंग रोड बनने से अन्य राज्यों से आने वाले वाहन अम्बाला में दाखिल हुए बिना बाहर से बाहर आगे निकल सकेंगे जिससे शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव कम होगा। उन्होंने इस परियोजना को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने रिंग रोड में शाहपुर व बाड़ा गांव में पानी निकासी की समस्या व गांव सेपहड़ा के लोगों को रिंग रोड के लिए रास्ता उपलब्ध कराने के मामले पर भी विस्तृत चर्चा की। परियोजना निदेशक पीके सिन्हा ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को बताया कि आगामी दिसम्बर 2026 तक रिंग रोड का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

### इन मुद्दों पर भी मंत्री अनिल विज ने अधिकारियों के साथ चर्चा की

– ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के मध्य जीटी रोड के नीचे सब-वे निर्माण को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की। मंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि परियोजना को तैयार किया जा चुका है और जल्द इस पर कार्य प्रारंभ होगी।

– मंत्री अनिल विज अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन से अम्बाला की सीमा मोहड़ा तक जीटी रोड पर फेंसी लाइटें लगाने को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि फेंसी लाइटें लगने से शहरी क्षेत्र आकर्षक बनेगा।

– ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने जीटी रोड पर बन रहे शहीद स्मारक तक आने-जाने के लिए भी एस्केलेटर, ओवरब्रिज या सब-वे निर्माण परियोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शहीद स्मारक व साथ बन रहे विज्ञान केंद्र में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग आएंगे। इन लोगों को आने-जाने में दिक्कत न हो इसलिए योजना तैयार की जाए।

– इसी प्रकार, श्री विज ने मच्छौंडा में प्रस्तावित फ्लाईओवर को लेकर भी एनएच अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यहां फ्लाईओवर निर्माण के लिए कुछ जमीन नेशनल हाईवे के अधीन आ रही है जिसको लेकर सभी विभाग संयुक्त तोर पर साइट इंस्पेक्शन कर योजना को आगे ब?ाए ताकि निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ किया जा सके।

– वहीं, सिविल अस्पताल के समक्ष एस्केलेटर को भी नियमित तौर पर चलाने को लेकर चर्चा हुई, इस दौरान नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि इसकी देखरेख व मेंटनेस का जिम्मा एजेंसी को सौंपा गया है।

### दिसम्बर 2026 तक पूरा होगा हाईवे का निर्माण

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अम्बाला-शामली एक्सप्रेस हाईवे निर्माण परियोजना पर भी चर्चा की व परियोजना के प्रगति रिपोर्ट जानी। श्री विज आज अधिकारियों ने अवगत कराया कि अम्बाला से शामली 121 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस हाईवे का निर्माण तेजी से किया जा रहा है और यह निर्माण कार्य भी दिसम्बर 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। एक्सप्रेस वे अम्बाला से शामली तक बन रहा है जबकि आगे शामली से दिल्ली तक रोड को देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा। वहीं, मंत्री अनिल विज ने अम्बाला-मोहाली एक्सप्रेस-वे के निर्माण संबंधी जानकारी ली। मंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण भी तेजी से किया जा रहा है जिसके जल्द पूरा होने की उम्मीद है। इस एक्सप्रेस-वे के बनने से चंडीगढ़ व मोहाली तथा अन्य शहरों को जाना और आसान हो जाएगा। मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी से पंचकूला-सहारनपुर हाईवे को जोड़ने की परियोजना को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की और इस संबंध में योजना तैयार करने के दिशा-निर्देश दिए।

### रेलवे ओवरब्रिज पर नई सर्विस लेन का निर्माण तय समय में पूरा हो: विज

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने जीटी रोड पर रेलवे ओवरब्रिज पर नई सर्विस लेन निर्माण कार्य पर भी एनएचएआई अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे कालोनी से आने वाले अंडरपास को भी मानकों के अनुरूप बनाया जाए ताकि स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिल सके। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत से सर्विस लेन को तैयार किया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य आगामी जून 2026 माह तक पूरा कर लिया जाएगा।

## भारत की पहली महिला शिक्षका श्रीमती सावित्री वाई फुले की जयंती आज मनेगी

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** भारत की पहली महिला शिक्षिका, महिलाओं में भेदभाव सती प्रथा जैसी कुरीतियों से उम्र भर लडने वाली महिला शिक्षा की अलख जलाने वाली राष्ट्र माता सावित्री वाई फुले का जयंती समारोह करनाल के सैक्टर सौलह स्थित डा. अबेडकर भवन में शनिवार 03 जनवरी को दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित जन राष्ट्र माता सावित्री वाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद करेंगे। इस अवसर श्रीमती सावित्री वाई फुले के नारी शिक्षा और समाज के सुधार में योगदान विषय पर चर्चा की जाएगी। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सैनी सभा तथा अम्बेडकर समाज कल्याण सभा द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश अध्यक्ष डा.रमेश सैनी, डा. अम्बेडकर समाज कल्याण सभा के प्रधान डा. अमर सिंह पातलान तथा राष्ट्रीय सैनी सभा के जिला महासचिव रणधीर सैनी मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। यहां उल्लेखनीय है कि श्रीमती सावित्री वाई फुले ने अनें पति ज्योति वा फुले के साथ मिल कर महिला स्कूल और महिला कालेज खोले । उन्होंने महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव, समाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने जातिवाद का भी जम कर विरोध किया।

## न्यूज ब्रीफ

### ठंड के कारण घरों में दुबके लोग




**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** जनवरी माह शुरू होते ही ठंड ने भी अपना जलवा दिखाना शुरू कर दिया। नए साल में सूरज ने न के बराबर ही लोगों को दर्शन दिए है। बढ़ती ठंड ने जहां लोगों को घरों में दुबकने के लिए विवश कर दिया वहीं बाजार भी सुनसान हो गए। अधिकतर दुकानदार दुकानों पर आते जरूर है, लेकिन खाली ही लोट जाते है। पूरा दिन बोहनी तक नहीं कर पाते। ऐसे में दुकानदारों के सामने दुकानों पर खर्च निकालना मुश्किल हो गया। ठंड से बचने के लिए लोगों को आग का सहारा लेना पड़ रहा है। लोग आग की दुहड़ी लगाकर आग सेक कर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे है। ठंड का मौसम आमजन के लिए परेशानी बनी हुई है। वहीं यह ठंड किसानों की फसलों के लिए वरदान बनकर आई हुई है। ठंड का मौसम धान की फसल के लिए लाभदायक है।

### नशे के प्रति युवाओं को किया जागरूक



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** बढ़ते नशे को रोकने तथा नशा बुराई के प्रति युवाओं को जागरूक करने में पुलिस कोई कसर नहीं छोड़ रही। पुलिस की नशामुक्त टीम गांव-गांव व वार्ड-वार्ड जाकर लोगों को नशामुक्ति का संदेश दे रही है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में जिला को नशामुक्त बनाने को लेकर पुलिस टीम के लगातार प्रयास जारी है। पुलिस के ग्राम प्रहरी नोडल अधिकारी सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार व ऋषिपाल की टीम ने नशामुक्ति का संदेश लेकर लाडवा पुलिस थाना के एरिया में पहुंची तथा शहर वासियों व आमजन को नशा बुराई के प्रति जागरूक किया। टीम में लाडवा पुलिस थाना के ए.एस.आई. संजीव कुमार ने आमजन को नशा न करने के प्रति जागरूक किया, बल्कि युवाओं को नशे से दूर रहने बारे प्रेरित भी किया। आमजन से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस और आमजन अगर तालमेल के साथ कार्य करे तो नशे जैसी बुराई पर नियत्रंण पाया जा सकता है। यदि आपके आसपास कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार ने भी आमजन को नशा न करने की शपथ दिलवाई और नौजवानों और बच्चों से अपील करते हुए कहा कि वो नशे से दूर रहकर पढाई और खेलों में अपने परिवार, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर पुलिस टीम सहित वार्ड के पार्षद भी मौजूद थे।

### सीबीएसई का इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**नरवाना (अप्रस/हितेश गर्ग)।** एस.डी. पब्लिक स्कूल नरवाना में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा आयोजित इन हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम कला एकीकरण का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय के कुल 60 अध्यापकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षण प्रक्रिया को अधिक रोचक, प्रभावी और विद्यार्थियों के अनुकूल बनाना रहा। प्रशिक्षण के दौरान रिसोर्स पर्सन विद्यालय की प्रिया बांगा ने अध्यापकों को कला एकीकरण के वर्तमान एवं व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कक्षा शिक्षण में आर्ट मेथड को अपनाकर विषयवस्तु को रोचक बनाया जा सकता है, जिससे विद्यार्थियों की समझ और रुचि दोनों में वृद्धि होती है। प्रिया ने रेखाचित्र, मूर्तिकला, संगीत, कहानी कथन और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाने के विभिन्न तरीकों को उदाहरण सहित समझाया। उन्होंने यह भी कहा कि कला आधारित शिक्षण न केवल बच्चों की कल्पनाशक्ति को विकसित करता है, बल्कि उन्हें विषय से भावनात्मक रूप से भी जोड़ता है। इस दौरान अध्यापकों से उनके अपने-अपने अनुभव और सुझाव भी लिए गए, जिससे प्रशिक्षण सत्र और अधिक संवादात्मक व उपयोगी बन सका। विद्यालय की प्राचार्या अनिता मलिक ने रिसोर्स पर्सन प्रिया का विद्यालय आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कला एकीकृत शिक्षण पद्धति से बच्चे तनावमुक्त वातावरण में शिक्षा ग्रहण करते हैं और विषयवस्तु को आनंददायक एवं रोचक रूप में समझ पाते हैं। प्राचार्या ने यह भी कहा कि विद्यालय को नई बुलंदियों तक पहुंचाने तथा अध्यापकों के व्यावसायिक विकास हेतु इस प्रकार के इन हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं।

## गुदगुदी जंक्शन कल करेगा श्री हरिनाम संकीर्तन का आयोजन

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** सामाजिक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह के धार्मिक रूप भक्ति सागर के तत्वावधान में श्री हरिनाम संकीर्तन 4 जनवरी को होगा। जानकारी देते हुए भक्ति सागर प्रभारी शम्मी गेरा ने बताया कि नववर्ष 2026 के कार्यक्रमों का शुभारंभ जनवरी माह से भजन कीर्तन द्वारा किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में श्री राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद् (उत्तर भारत) के उपाध्यक्ष महंत विशाल दास महाराज के सान्निध्य में दर्रा खेड़ा (बाहरी) थानेसर स्थित ठाकुर द्वारा श्री नाभि कमल मंदिर में श्री हरिनाम संकीर्तन का आयोजन रविवार को सायं 4 से 6 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम में संरक्षक जितेंद्र बंसल, अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़, अजय गोयल, दिनेश गोयल, राकेश कंसल, गुलशन ग्रोवर, ललित चावला, गगनदीप ढींगरा और श्याम जुनेजा सहित सभी पदाधिकारी पूजन में शामिल होंगे।

## सांसद नवीन जिन्दल की पहल से तीन जरूरतमंदों को मिली व्हील चेयर, जीवन हुआ सुगम

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 2 जनवरी।** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद नवीन जिन्दल जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की सहायता के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में बीमारी के कारण चलने-फिरने में असमर्थ तीन जरूरतमंद व्यक्तियों– सुमित कुमार निवासी गांव पिंडारसी, बलवान सिंह निवासी गांव चिब्बा तथा सुरेश चंद निवासी बीड़ पिपली–को सांसद नवीन जिन्दल की ओर से व्हील चेयर प्रदान की गई, जिससे उनके दैनिक जीवन को काफी सहूलियत मिलेगी।

तीनों लाभार्थी लंबे समय से गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं, जिसके कारण उन्हें आवागमन और रोजमर्रा के कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। सीमित आर्थिक संसाधनों के चलते वे व्हील चेयर जैसी आवश्यक सुविधा स्वयं उपलब्ध नहीं कर पा रहे थे। ऐसे में उन्होंने सांसद कार्यालय में सहायता के लिए आवेदन किया, जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए सांसद नवीन जिन्दल ने आवश्यक सहयोग के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा 'स्वस्थ कुरुक्षेत्र अभियान' चलाया जा रहा है, जिसके तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। इसके साथ ही नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भी किया जाता है।

धर्मवीर सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जरूरतमंद नागरिकों को समय पर आवश्यक सुविधाएं मिल सकें। भविष्य में भी इस प्रकार की सहायता निरंतर जारी रहेगी। व्हील चेयर मिलने पर लाभार्थियों एवं उनके परिजनों ने सांसद नवीन जिन्दल का आभार व्यक्त किया।

## मेडिकल नशे की खबरों के माध्य ड्रग कंट्रोलर टीम ने की छापामार कार्यवाही

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 2 जनवरी।** शहर में लगातार मेडिकल नशे की तस्करी की टोहाना पुलिस की गिरफ्तारी से दवाइयां की दुकाने बनी अखबारों की सुर्ख़ियों को पढ़कर टोहाना शहर में सीनियर ड्रग कंट्रोल ऑफीसर रमन शोयराण और गुरुग्राम से जिला ड्रग कंट्रोलर मुकेश कुमार की टीम ने शहर के कई दवाई विक्रेताओं के छापामार कार्रवाई की और छापामार टीम ने रिकॉर्ड की जांच की जांच में खामियां पाई जाने पर दवाइयां बेचने वाली फर्मो को नोटिस जारी किए गए छापामार कार्रवाई ड्रग कंट्रोल विभाग के अधिकारियों ने चंडीगढ़ रोड पर स्थित मलिक मेडिकल हॉल, वेद फार्ममिस्ट, रिहान मेडिकल स्टोर और मुकेश नामक चार व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर हुई सीनियर ड्रग कंट्रोलर रमन शायरोन ने बताया कि मलिक मेडिकल पर दवाइयां खरीदने व बेचने का तो रिकॉर्ड ही नहीं मिला साथ में और भी खामियां जो जो मेडिकल की दुकानों में छापामार कार्रवायी में मिली है उन सभी दुकानों को जो अनियमिताए मिली हैं उनमें खामियों से संबंधित फार्मो को नोटिस जारी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और अधिकारियों ने कहा कि नशा बेचने वालों के खिलाफ सक्त से सख्त कार्रवाई लगातार होती रहेगी और जो पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिले में नशे के विरुद्ध अभियान चलाया हुआ है उसको अभियान को कामयाब करने के लिए ड्रग कंट्रोल विभाग ने भी हर संभव मदद नशा रोकने के लिए करेगा।

## स्वस्थ शरीर ही मनुष्य के सर्वांगीण विकास का आधार: कैलाश सिंगला

### जयराम हॉस्पिटल में 465 मरीजों ने करवाई निशुल्क स्वास्थ्य जांच!

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 2 जनवरी।** सिद्धिविनायक सेवा समिति द्वारा जयराम नेत्र, दंत, प्रसूति एवं सामान्य अस्पताल में शुक्रवार को निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। इसमें 465 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई गई। कार्यक्रम में शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों को दवाइयां भी मुफ्त दी गई। इस कैंप में डॉ नवदीप घनघस एमबीबीएस मेडिसिन 66 मरीज, डॉ मोनिका घनघस एमडी पंचकर्मा 56 मरीज, डॉ रोहित शर्मा एमबीबीएस डीएनबी ऑप्थोल्मोलॉजी 82 मरीज, डॉ शशि बाला एमडीएस डेंटल 58 मरीज, डॉ चित्रा वत्स बीएएमएस गायनी 62 मरीज, डॉ आर्यन कक्कड़ एमबीबीएस एमएस आर्थो 74 मरीज, डॉ प्रमोद जांगड़ा एमबीबीएस एमएस ईएनटी 67 मरीज ने स्वास्थ्य की जांच करवाई। सिद्धिविनायक सेवा समिति प्रधान कैलाश सिंगला ने कहा कि कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची उपासना है। उन्होंने कहा कि जयराम हस्पताल शहरवासियों को हर प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए सक्षम है। जयराम अस्पताल समिति के प्रधान कैलाश सिंगला ने कहा कि इस कैंप का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और आमजन को बिना किसी शुल्क के विशेषज्ञ चिकित्सको की सुविधा उपलब्ध करवाना है। जयराम हस्पताल नरवाना के नागरिकों को बढिया मेडिकल सुविधा देने के लिए तत्पर है।इस समय जयराम हस्पताल में आंख, दांत, एमडी मेडिसिन हृदय एवं शुगर, गायनाकोलॉजिस्ट और फिजियोथेरेपी की सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि हस्पताल में हर प्रकार की इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि जयराम अस्पताल में हड्डियों से संबंधित सभी रोगों का इलाज अत्याधुनिक मशीनों द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद और सहयोग से जयराम हॉस्पिटल में जनसेवा की यह परंपरा निरंतर जारी रहेगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी कैलाश सिंगला के नेतृत्व में नेत्र जांच शिविर,त्वचा जांच शिविर,स्त्री रोग जांच शिविर समेत समाज सेवा के अन्य कार्यक्रम भी आयोजित हो चुके हैं। इस मौके पर पूर्व प्रधान नरेश जैन, विनोद मंगला संयोजक, पवन मित्तल सचिव, जयपाल बंसल महासचिव, देवी राम गर्ग सलाहकार, राकेश शर्मा उप प्रधान, सतीश बंसल कोषाध्यक्ष, बजरंग बात्ता और बॉबी जिंदल मौजूद रहे।

## भाकियू जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर पहुंचकर किसानों से की बातचीत, बोले- अब प्रशासन से 12 जनवरी को आरपार होगी

अर्थ प्रकाश/योगेश कुमार



**रादौर, 2 जनवरी।** भारतीय किसान यूनियन की ओर से गांव पोटली में चलाए जा रहे धरना स्थल पर शुक्रवार को भाकियू जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर पहुंचकर किसानों से बातचीत की। सुभाष गुर्जर ने कहा कि पोटली गांव में धरने को चले लगभग 4 महीने हो गए हैं। लेकिन प्रशासन द्वारा आश्वासन ही दिया जा रहा है। उन्होंने आज किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि अब प्रशासन से कोई बात नहीं होगी और 12 जनवरी को आरपार होगी। किसानो की कस्सियां चलेंगी और किसान खुद रास्ता बनायेंगे। उन्होंने कहा कि 5 जनवरी को जींद मे भारतीय किसान यूनियन की बैठक प्रदेश अध्यक्ष रतनमान की अध्यक्षता में होगी। जिसमें पूरे प्रदेश के पदाधिकारी शामिल होंगे। वहां पर किसानों के अन्य मुद्दे तथा पोटली गांव के रास्ते के बारे में भी विस्तार से चर्चा होगी। तानाशाही अहंकारी सरकार को झुकाने में भी किसानों का दिल्ली मे 13 महीने आंदोलन चला था। किसान सर्दी व गर्मी की परवाह न करते हुए वहां पर डटे रहे। ऐसे ही आज पोटली गांव में भी लगभग 4 महीने हो गए गर्मी से सर्दी आ गई और किसान अपने हक के लड़ाई लडने के लिए किसी कीमत पर पीछे नही हटेगे। 12 जनवरी को सभी किसान धरना स्थल पर अपनी कस्सियां लेकर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि हाईवे के अधिकारी प्रशासन को गुमराह कर रहे हैं और अब प्रशासन से भी कोई बात नहीं होगी,अगर बात हुई तो अंबाला-शामली हाईवे पर धरनास्थल पर ही होगी। किसान अपना रास्ता खुद बनाएंगे चाहे प्रशासन लाठियां और डंडा चलाएं। किसी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे और हर कुर्बानी देने के लिए तैयार रहेंगे। इस अवसर पर यादविंदर कंबोज जयपुर, महेंद्र चमरोडी, पवन गोयल दामला, सतपाल सैनी, रोशन लाल सैनी, हाकम सिंह, धर्मपाल जगदीश, श्याम सिंह धनौरा, कर्मवीर बरहेडी, धर्मवीर अमलोहा, यशपाल, विशाल जागीर सिंह, बलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस समारोह को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए तैयार रहे अधिकारी: मीणा

अर्थप्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 2 जनवरी।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह को हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इस 26 जनवरी में परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और झांकिया मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगी। इस राष्ट्रीय पर्व पर सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार मे 26 जनवरी की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व को परम्परा अनुसार मनाया जाएगा। इसलिए सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर समारोह की तैयारियां शुरू कर दे ताकि समय रहते सभी तैयारियां पूरी हो सके। इस राष्ट्रीय पर्व को लेकर पुलिस, होमगार्ड और एनसीसी के जवान परेड की रिर्हसल शुरू करें ताकि बेहतर परेड का आयोजन किया जा सके।

उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी संबंधित विभागों के साथ मिलकर लगभग 30 मिनट के सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार करे। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति से जुड़े विषयों को शामिल किया जाए। इन विद्यार्थियों की तैयारियां शुरू करवाई जाए और अच्छे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन किया जाए। इसके अलावा 26 जनवरी को सभी विभागों की तरफ से झांकियां निकाली जाएगी। इस वर्ष एग्री स्टैक, क्रिड, स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की झांकियों को शामिल किया जाए। इसके अलावा पर्यटन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए है कि ज्योतिसर अनुभव केन्द्र को लेकर एक झांकी तैयार की जाए। उपायुक्त ने कहा कि 26 जनवरी को सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के नाम समय रहते प्रशासन द्वारा गठित कमेटी के पास पहुंचने चाहिए।

## गुरुगोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाला नगर कीर्तन

### कर्ण नगरी में आस्था का केंद्र बना नगर कीर्तन गूंजा बोले सो अकाल सत श्री निहाल का उद्घोष

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 2 जनवरी।** करनाल में आज खालसा पंथ के सृजनकर्ता गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में पंथ सेवक वावा सुक्खा सिंह जी, कार सेवा वालों की देख-रेख में गुरुपर्व प्रबंध कमेटी द्वारा आज नगर कीर्तन निकला गया। आज समूचा शहर बोले सो निहाल सत श्री अकाल के उद्घोष से गूंज उठा। सर्दी के बाद भी संगत में भारी उत्साह दिखाई दिया। शहर के विभिन्न बाजारों में व्यापारिक, सामाजिक धार्मिक संस्थाओं ने नगर कीर्तन का स्वागत किया। पालकी साहिब पर पुष्प वर्षा कर लोगों ने गुरुओं के प्रति अपनी आस्था प्रदर्शित की। नगरकीर्तन से पहले सुबह डेरा कार सेवा में अरदास की गई। उसके बाद नगर कीर्तन गुरुद्वारा मंजी साहेब गुरुद्वारे से शुरू हुआ। नगरकीर्तन में पालकी साहिब पर गुरु ग्रंथ साहिब का स्वरूप लोगों के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ था। जानकारी देते हुए गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरिंदरसिंह तथा महासचिव इंद्रपाल सिंह ने बताया कि नगरकीर्तन गुरुद्वारा डेरा कार सेवा एवं गुरुद्वारा मंजी साहिब पातशाही पहली से आरम्भ होकर कर्ण गेट, सब्ज़ी मण्डी चौक, कुंजपुरा रोड, हस्पताल चौक, सैक्टर 12, निर्मल कुटिया, गुरुद्वारा सैक्टर-7, गुरुद्वारा बाबा कश्मीरा सिंह जी सैक्टर-6 के पीछे, मेरठ रोड, डी. सी. कालोनी, महाराणा प्रताप चौक से होता हुआ गुरुद्वारा डेरा कार सेवा कलन्दरी गेट में संपन्न हुआ। नगर कीर्तन में गत्तका पार्टियों ने अपना जौहर दिखाया। नगरकीर्तन में प्रधान वरिंद्रर सिंह महासचिव इंद्रपाल सिंह ने पंच प्यारों के साथ अतिथियों का स्वगत किया। नगरकीर्तन का कर्ण गेट विजेनैस ऐसोसिएशन, नेहरू पैलेस मार्कीट एसोससिएशन खुराना ज्यूलर्स तथा कुं जुपरा रोड तथा विभिन्न स्थनों पर स्वागत किया। कर्ण गेट क्षेत्र में परी बाजार के सामने पुष्प वर्षा कर व्यपारियों ने स्वागत किया। यहां पर अब तक सबसे विशाल पुष्प माला से गुरुसाहिब का अभिनंदन किया। इस अवसर पर रतन सिंह एपी सिंह, हरप्रीत सिंह नरूला, हरमीत सिंह हैप्पी, कुलदीप मक्कड़ पार्षद संकल्प भंडारी केशव मक्कड़ , व्यापार मंडल के प्रधान कृष्ण लाल तनेजा विवेक भंडारी,मुकेश यादव, अमन चौधरी, सुनील कश्यप सतीश महेंद्र पीयूष गुप्ता आशीष गुप्ता गुरपाल सिंह डोनी, ,तेजेंद्र सिंह डिम्पी ने नगरकीर्तन का स्वागत किया।

# माता लक्ष्मी के प्रसिद्ध मंदिर, जहां जाने से आर्थिक संकट हो जाता है समाप्त

देवी लक्ष्मी को धन और समृद्धि प्रदान करने वाली देवी माना जाता है। मान्यता है कि माता लक्ष्मी के मंदिर में जाकर पूजन-अर्चन करने से आर्थिक संकट समाप्त हो जाता है। खासकर शुक्रवार को यहां जाना चाहिए। महालक्ष्मी और लक्ष्मी के कई प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिर है।

**पद्मावती का मंदिर :** तिरुपति के पास तिरुचुरा नामक एक छोटा-सा गांव है। इस गांव में देवी पद्मावती का सुंदर मंदिर है। यह मंदिर 'अलमेलमंगापुरम' के नाम से भी जाना जाता है। लोक मान्यता है कि तिरुपति बालाजी के मंदिर में मांगी मुराद तभी पूरी होती है, जब श्रद्धालु बालाजी के साथ-साथ देवी पद्मावती का आशीर्वाद भी ले लें।

**दक्षिण भारत का स्वर्ण मंदिर :** भारतीय राज्य तमिलनाडु के जिले वेल्लू में स्थित थिरुमलई कोड गांव श्रीपुरम में स्थित महालक्ष्मी मंदिर को 'दक्षिण भारत का स्वर्ण मंदिर' कहा जाता है। 100 एकड़ में फैला यह मंदिर चेन्नई से 145 किलोमीटर दूर पलार नदी के किनारे स्थित है।



**पद्मनाभस्वामी मंदिर :** पद्मनाभस्वामी मंदिर केरल के तिरुअनंतपुरम् में मौजूद भगवान विष्णु का प्रसिद्ध मंदिर है, लेकिन यहां से अपार मात्रा में 'लक्ष्मी' की प्राप्ति हुई थी। यह मंदिर अपने सोने के खजाने के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। भगवान विष्णु को समर्पित पद्मनाम मंदिर को त्रावणकोर के राजाओं ने बनाया था। इसका जिक्र 9वीं शताब्दी के ग्रंथों में भी आता है, लेकिन मंदिर के मौजूदा स्वरूप को 18वीं शताब्दी में बनवाया गया था।

**मुंबई का महालक्ष्मी मंदिर:** समुद्र के किनारे बी. देसाई मार्ग पर स्थित यह मंदिर अत्यंत सुंदर, आकर्षक और लाखों लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। ज्ञात इतिहास के अनुसार इस महालक्ष्मी मंदिर की स्थापना अंग्रेजों के काल में हुई। उस समय देवी लक्ष्मी एक ठेकेदार रामजी शिवाजी के स्वप्न में प्रकट हुई और उन्हें समुद्र तल से देवियों की 3 प्रतिमाएं निकालकर मंदिर में स्थापित करने का आदेश दिया। मंदिर के गर्भगृह में महालक्ष्मी, महाकाली एवं महासरस्वती तीनों देवियों की प्रतिमाएं एकसाथ विद्यमान हैं।

**लक्ष्मीनारायण मंदिर:** दिल्ली के प्रमुख मंदिरों में से एक लक्ष्मीनारायण मंदिर को मूल रूप में 1622 में वीरसिंह देव ने बनवाया था, उसके बाद पृथ्वीसिंह ने 1793 में इसका जीर्णोद्धार कराया। इसके बाद सन् 1938 में भारत के बड़े औद्योगिक परिवार बिड़ला समूह ने इसका विस्तार और पुनरुद्धार कराया जिसके बाद इसे बिड़ला मंदिर भी कहा जाता है।

### इंदौर का महालक्ष्मी मंदिर

इंदौर शहर के हृदयस्थल राजवाड़ा की शान कहे जाने वाले श्री महालक्ष्मी मंदिर के संबंध में कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण 1832 में मल्हारराव (द्वितीय) ने कराया था। 1933 में यह 3 तलों वाला मंदिर था, जो आग के कारण तहस-नहस हो गया था। 1942 में मंदिर का पुनः जीर्णोद्धार कराया गया था। वर्तमान में मुंबई के महालक्ष्मी मंदिर की तर्ज पर इस मंदिर का जीर्णोद्धार करके इसे भव्य रूप दिया गया है।

### चौरासी मंदिर

यह मंदिर हिमाचल प्रदेश के चंबा से 65 किलोमीटर दूर भरमौर जिला नगर में स्थित है। यहां महालक्ष्मी के साथ गणेशजी और नरसिंह भगवान की मूर्ति भी स्थित है। प्राकृतिक वादियों में बसा यह मंदिर ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है।

### चंबा का लक्ष्मीनारायण का मंदिर

हिमाचल के चंबा में स्थित यह मंदिर पारंपरिक वास्तुकारी और मूर्तिकला का उत्कृष्ट उदाहरण है। चंबा के 6 प्रमुख मंदिरों में यह मंदिर सबसे विशाल और प्राचीन है। भगवान विष्णु को समर्पित यह मंदिर राजा साहिल वर्मन ने 10वीं शताब्दी में बनवाया था। यह मंदिर शिखर शैली में निर्मित है।

### अष्टलक्ष्मी मंदिर

चेन्नई के इलियट समुद्र तट के पास स्थित यह मंदिर लगभग 65 फीट लम्बा और 45 फीट चौड़ा है। मंदिर में देवी लक्ष्मी के आठ स्वरूप 4 मंजिल में बने 8 अलग-अलग कमरों में स्थापित है। इस मंदिर में देवी लक्ष्मी अपने पति और भगवान विष्णु के साथ मंदिर की दूसरी मंजिल में विराजित है।

# आज के दौर में वाणी का विवेक सबसे ज्यादा आवश्यक: मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक



**चंडीगढ़।** आज जिस हिसाब का दौर जारी है उसमे वाणी का विवेक सबसे ज्यादा आवश्यक है वचन ही झगड़े का कारण है और वचन ही झगड़े को शांत कर सकता है। एक शब्द नीचे की और ले जाता है एक शब्द ही ऊपर ले जा सकता है। ये शब्द के विवेक पर अधारित है। जिस व्यक्ति का विवेक जागृत हो गया है तो वह व्यक्ति कभी कटु शब्दों का प्रयोग नही करेगा और जिसके पास विवेक नही उसके पास कटु शब्दों के अलावा और शब्द नही होते। ज्ञानी कम बोलता है, क्योकि बोलने से तो जाना जाता है, वह सब ज्ञानी मौन से जान लेता है, मौन जहां अपनी दुर्बलता की ढांकने का साधन है वही दुर्बलता से ऊपर उठने का भी सफल साधन है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24सी के तुलसी सभागार में जनसभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा बोलना व्यवहार निभाने का हेतु इससे इंद्रियो को विश्राम मिलता है। विचारो की उत्तेजना घटती है। अधिक सोचने से जितना अनिष्ट होता है, उससे कम अनिष्ट अधिक बोलने में नही है। बोलने का उद्देश्य है अपनी बातें ओरों तक पहूँचाना, किन्तु अगर माध्यम गलत है, उतेजना भरे हैं, शिथिल हैं और उलझन भरे हैं तो अपने आसपास एक अस्वस्थ वातावरण पैदा हो जाता है। जीवन की मिठास जो वाणी में बहती है वह नीम जेसी कडवाहट में परिंणत हो जाती है आदमी को कभी भी बिना पूछे नहीं बोलने का प्रयास करना चाहिए। आदमी को बोलने में विवेक रखने का प्रयास करना चाहिए। जब तक कहीं पूछा न जाए आदमी को अपने ज्ञान को उजागर करने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

मनीषीश्रीसंत ने अंत मे फरमाया जीवन के साथ कुछ ऐसे नियम और कानून जुडे होते है, जिनका पालन करके ही मनुष्य सुखपूर्वक जी सकता है। प्रत्येक मनुष्य के पास मन,वाणी और शरीर तीन शक्तियां है। इन तीनो को कहां खर्च करना तथा व्यय हुई शक्तियों को पुन कैसे अर्जित करना है, इसका विवेक होना हर समझदार व्यक्ति के लिए आवश्यक है। कौन व्यक्ति कैसा है इसकी पहचान उसका भाषा व्यवहार है, आभूषणो से बढाया सौंदर्य स्थायी नही होता, सदा साथ नही देता किंतु मधुर वाणी का श्रृंगार सारे संसार को अपनी और खींच सकता है और यही साथ रहता है। अपव्यय किसी भी दृष्टि से उपयोगी नही होता अधिक सोचने से जितना अनिष्ट होता है, उससे कम अनिष्ट अधिक बोलने से होता है। बोलने का उद्द्दश्य है अपनी बात औरों तक पहुंचाना, किंतु यदि वहां पर पहुंचाने के लिए हमारे पास माध्यम गलत है। उत्तेजना भरे है, शिथिल है, तथा उलझन भरे है तो है हम अपने आस पास एक अस्वस्थ वातावरण तैयार कर लेते है, अतुल मुनि जी ने फरमाया जीवन का सबसे पहला गुरू मां होती है जो शब्द को बोलना सिखाती है। जीवन की मिठास जो वाणी मे बहती रहती है वह नीम मे परिणम हो जाती है। यह बात स्पष्ट है कि मूर्ख का दिल जुबान पर होता है और विद्धान की जुंबा दिल पर।

# पूर्व विधायक सुरेन्द्र पंवार ने श्री बालाजी मंदिर सालासर धाम में पहुंचकर शहरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना



**नववर्ष-2026 के अवसर पर सालासर धाम में श्री बालाजी मंदिर में पहुंचे**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। विधायक सुरेंद्र पंवार ने श्री बालाजी मंदिर सालासर धाम में पहुंचकर श्री बालाजी महाराज के दर्शन किए व शहरवासियों के सुख-समृद्धि होने की कामना की। उन्होंने बालाजी महाराज से नववर्ष 2026 में शहर वासियों के सुखी-निरोगी होने की प्रार्थना की।

विधायक सुरेंद्र पंवार नववर्ष 2026 के अवसर पर शहर वासियों के साथ श्री बालाजी मंदिर, सालासर धाम में पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने बालाजी महाराज के चरणों में माथा टेककर समस्त शहर वासियों के सुखी होने की कामना की। उन्होंने कहा कि बालाजी महाराज के दर पर सच्चे मन से आने वाले प्रत्येक भक्तजन की मुराद पूरी होती है। उन्होंने कहा कि यह नव वर्ष 2026 सभी शहर वासियों के लिए मंगल मंगलमय रहे।

इस दौरान सुरेंद्र छिक्कारा, कमल हसीजा, सतपाल दहिया, मनीष सैनी, अमित अंतिल, प्रवीन कुमार, कुलदीप सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मोजूद रहे।

# भक्ति भागने का नहीं जागने का नाम है

सन्तजन-महापुरुष जहां इस इन्सानी जन्म के कल्याण के लिए संसार को जाग्रति देते हैं, वहां इस संसार की यात्रा को तय करने की सही विधि भी समझाते हैं। जीवन जीने का ढंग भी सिखाते हैं। महापुरुष हमेशा पारिवारिक एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहे हैं और निरंतर ऐसी ही सुन्दर देन इन्होंने इस संसार को दी है। इन्होंने भक्ति का यथार्थ ढंग बताया है कि भक्ति कहीं भाग जाने का नाम नहीं है। अक्सर हम सोचते हैं कि शायद भक्ति तभी हो सकती हे जब हम परिवार और समाज से नाता तोड़कर कहीं जंगलो-वीरानों में डेरे लगा लें।

ऐसा करके ही हम प्रभु की बंदगी, प्रभु की उपासना कर पायेंगे; लेकिन गुरु-पीर-पैगम्बरों के जीवन यह प्रमाणित करते हं कि किस प्रकार समाज में रहकर परिवार का पालन-पोषण करते हुए, कर्तव्यों का पालन करते हुए वे भक्ति पथ पर चलते रहे। हम भगवान राम का जिक्र करते हैं, रविदास जी आदि का जिक्र करते हैं। ये सभी गृहस्थ्त मार्ग पर चलते हुए प्रभी की उपासना, बंदगी करते रहे। भगवान कृष्ण का अमर संदेश 'कर्म क्षेत्र में रहकर धर्म की पालना' ही है।



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

उन्होंने बताया कि हमें कर्म करते हुए निरन्तर इस यात्रा को तय करना है, कर्म क्षेत्र से भागना नहीं हैं। अगर भागना ही यथार्थ होता तो भगवान श्री कृष्ण को इतना जोर क्यों लगाना पड़ता अर्जुन को रोकने के लिए। अर्जुन तो भागना ही चाह रहा था। कितना समझाना पड़ा भगवान श्री कृष्ण को, उसे कर्मक्षेत्रा में उपस्थित रहने के लिए। इसी प्रकार कबीर जी जैसे भक्त भी यही कहते हैं-
घर में ही जोग, भोग घर ही में।

अपने घर में रहते हुए, दसो-नहों की किरत दोनों हाथों से कर्म करते हुए उन्होंने अपना ध्यान इस प्रभु के साथ जोड़े रखा तथा यही कहा- 'हत्थ काल वल, दिल यार वल'। भाव, हाथ कर्म की ओर लगे हैं और दिल इस प्रीतम के साथ, प्रभु के साथ जुड़ा है। यही विधि सभी सन्तों ने सिखाइ है कि-

**नामा कहे त्रिलोचना मुख से राम सम्हालि।**
**हाथ-पांव से काम कर चित निरंजन नालि।**

बाबा गुरबचन सिंह जी भी अक्सर कहा करते थे कि जहाँ पर नशे इत्यादि कुरीतियां हैं इसी प्रकार दहेज आदि का भी समाज पर बोझ पड़ा हुआ है, इससे भी समाज को निजात प्रदान करनी है। उन्होंने महापुरुषों को ऐसी प्रेरणा दी कि किस प्रकार कर्तव्यों का पालन करते हुए किसी पर बोझ नहीं बनना है, कोई लालसा मन में नहीं रखनी है और बहुत सादगी के साथ इन रस्मों को सरअंजाम देना है। वे अक्सर कहा करते थे कि क्या जो सिपाही मैदाने-जंग से भाग खडा हो, उसे परमवीर चक्र मिलते हैं? नहीं, ये मेडल, परमवीर चक्र उन्हें ही मिलते हैं जो मैदाने-जंग में रहकर अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण रुप से निभाते हैं। इसी प्रकार यहाँ पर यह ब्रह्म रुपी दात देने से पहले कुछ प्रण लिये जाते हैं और उन प्रणों में एक प्रण यह भी हे कि हमने गृहस्थ में रहकर प्रभु परमात्मा की बंदगी करनी है, हमने अपने कर्तव्यों से मुख नहीं मोड़ना है। इस प्रण की हमने पूरी तरह पालना करनी है।

## पंचांग

शनिवार, 3 जनवरी, 2026, सूर्योदयः 07:14 ए एम, सूर्यास्तः 05:37 पी एम, चन्द्रोदयः 05:28 पी एम, चन्द्रास्तः चन्द्रास्त नहीं, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः पौष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः शनिवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः पूर्णिमा - 03:32 पी एम तक, नक्षत्रः आर्द्रा - 05:27 पी एम तक, योगः ब्रह्म - 09:05 ए एम तक, क्षय योगः इन्द्र - 05:16 ए एम, जनवरी 04 तक, करणः बव - 03:32 पी एम तक, द्वितीय करणः बालव - 01:58 ए एम, जनवरी 04 तक, सूर्य राशिः धनु, चन्द्र राशिः मिथुन, राहुकालः 09:50 ए एम से 11:08 ए एम, गुलिक कालः 07:14 ए एम से 08:32 ए एम, यमगण्डः 01:43 पी एम से 03:01 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 12:05 पी एम से 12:46 पी एम, दुर्मुहूर्तः 07:14 ए एम से 07:56 ए एम, दुर्मुहूर्तः 07:56 ए एम से 08:37 ए एम, अमृत कालः 08:33 ए एम से 09:58 ए एम, वर्ज्यः 04:19 ए एम, जनवरी 04 से 05:46 ए एम, जनवरी 04

## भविष्य फल



**मेषः** जो धुंध आपके चारों तरफ छायी हुई है और आपकी प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है।

**वृषः** आज बहुत से अच्छे मौके आपका इन्तजार कर रहे है। लेकिन आपको उसके लिए पूरे तौर पर लगातार कोशिशें करनी होंगी।

**मिथुनः** आपका सबसे बड़ा सपना हकीकत में बदल सकता है। अपने उत्साह को काबू में रखें, ज्यादा खुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है।

**कर्कः** अगर आप अपना बचा हुआ समय गरीब और कम सुविधा प्राप्त बच्चों को शिक्षा देने में लगायेंगे तो आपको बहुत खुशी मिलेगी। साथ ही आप पैसे से भी किसी की मदद कर सकते हैं।

**सिंहः** आज के दिन आपके चेहरे पर मुस्कान बिखरी रहेगी और अजनबी भी जाने-पहचाने से महसूस होंगे।

**कन्याः** आज आपकी कंपनी का किसी मल्टीनेशनल कंपनी से डील फाईनल हो सकती है।

**तुलाः** बहुत ज्यादा काम करने से बचें, क्योंकि यह सिर्फ आपको तनाव और थकान ही देगा।

**वृश्चिकः** आप नए लोगों से जल्दी ही परिचय भी हो सकता है। सबकी जरूरतों का ध्यान रखने के कारण आपकी लोकप्रियता भी होने के योग बन रहे है।

**धनुः** आप पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप अपनी जमा-पूंजी पारम्परिक तौर पर निवेश करें।

**मकरः** किसी पुरानी बात को लेकर आज आप तनाव में रहने वाले है। आज आप अपने कामों में अपने किसी मित्र का सहारा ले सकते हैं।

**कुंभः** आपकी जी-तोड़ मेहनत और परिवार का सहयोग इच्छित परिणाम देने में कामयाब रहेंगे।

**मीनः** आज आपके सोचे हुए कार्य आसानी से पूरे हो जाऐंगे। इस राशि के लोग आज आप किसी अपने की मदद कर सकते है।

# जीवन बीमा की मांग मुख्य रूप से सुरक्षा, एन्यूटी और बचत उत्पादों के इर्द-गिर्द केंद्रित: कमलेश राव

अमृतसर। वर्ष 2025 भारतीय बीमा क्षेत्र में कुछ ऐसे लैंडमार्क ग्राहक-केंद्रित सुधारों का साक्षी रहा, जो जीवन बीमा को सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा का मुख्य आधार बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाएंगे।कमलेश राव, चेयरपर्सन - इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी का दृष्टिकोण रखते हुए बताया कि इस वर्ष की शुरुआत 'सरेंडर वैल्यू' नियमों में हुए सकारात्मक बदलावों से हुई, जिसके बाद जीएसटी छूट और 'बीमा सुगम' पोर्टल की शुरुआत जैसे कदमों ने इस क्षेत्र के विकास पथ को और अधिक सुदृढ़ बनाया है।वर्तमान में जीवन बीमा की मांग मुख्य रूप से सुरक्षा, एन्यूटी और बचत उत्पादों के इर्द-गिर्द केंद्रित है। जैसे-जैसे भारतीय परिवार अपनी वित्तीय प्राथमिकताओं में सुरक्षा और रिटायरमेंट समाधानों को ऊपर रख रहे हैं, वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने में इन उत्पादों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2026 में हम बीमा कंपनियों द्वारा और भी सशक्त और नवोन्मेषी उत्पाद पेश किए जाने की उम्मीद कर सकते हैं।अगले वर्ष, एफडीआई नियमों में दी गई ढील के बाद भारतीय बाजार में अधिक अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के प्रवेश की प्रबल संभावना है।

नए खिलाड़ियों के आने से उद्योग में आपसी तालमेल बेगा और जीवन बीमा समाधानों की पहुँच और दक्षता में सुधार होगा। अनुकूल नियामक परिवेश, डिजिटल तकनीक की बढ़ती रफ्तार और उपभोक्ताओं में बढ़ती जागरूकता के मेल से, 2026 में जीवन बीमा क्षेत्र में निरंतर और स्वस्थ विकास के एक नए दौर की शुरुआत होगी।

# उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने वैश्विक लेनदेन को सुगम बनाने के लिए विदेशी मुद्रा सेवाओं व ईईएफसी खातों की शुरुआत की

अमृतसर । उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने आज अपनी अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग सेवाओं के विस्तार में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए व्यापक विदेशी मुद्रा (एफएक्स) सेवाओं और एक्सचेंज अर्नर्स फॉरेन करंसी (ईईएफसी) खातों के शुभारंभ की घोषणा की। यह रणनीतिक पहल सीमा पार लेनदेन में लगे व्यक्तियों और व्यवसायों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आधुनिक, सुरक्षित और वैश्विक स्तर पर सुलभ बैंकिंग समाधान प्रदान करने की बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।नवनिर्मित विदेशी मुद्रा सेवाएँ ग्राहकों को अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुँच प्रदान करती हैं। इसमें विदेश से धन प्राप्त करने के लिए 'इनवर्ड रेमिटेंस', वैश्विक स्तर पर पैसा भेजने के लिए 'आउटवर्ड रेमिटेंस' और बहु-मुद्रा खाते रखने के लिए विदेशी मुद्रा जमा की सुविधा शामिल है। ग्राहकों को प्रतिस्पर्धी एक्सचेंज रेट, तीव्र प्रसंस्करण समय और प्रशिक्षित विदेशी मुद्रा पेशेवरों से समर्पित सहायता का लाभ मिलेगा, जिससे हर अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन कुशल और पारदर्शी बनेगा।विदेशी मुद्रा सेवाओं के पूरक के रूप में, ईईएफसी खाता निर्यातकों और विदेशी मुद्रा में कमाई करने वाले पेशेवरों को भारतीय रुपए में तत्काल परिवर्तन किए बिना अपनी विदेशी मुद्रा आय को रखने और प्रबंधित करने का एक सुविधाजनक तरीका प्रदान करता है।

# समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की शिकायत का हो प्राथमिकता से निदान: सुशील सारवान

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से उपायुक्त को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**डीसी ने कहा- सिटीजन सेटिस्फेक्शन है जरूरी**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। समाधान शिविर में आने वाले परिवादियों की शिकायत का निदान संजीदगी के साथ किया जाए। किसी भी रूप से शिकायत को लंबित न रखें। शिकायत के समाधान की अपडेट रिपोर्ट समाधान प्रकोष्ठ के पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को सभी जिलों में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर की समीक्षात्मक बैठक में दिए। डीसी सोनीपत सुशील सारवान ने मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों की अनुपालना जिला विभागीय अधिकारियों को प्रभावी रूप से करने को कहा।डीसी सुशील सारवान ने कहा कि सिटीजन सेटिस्फेक्शन बेहद जरूरी है, ऐसे में समाधान शिविर के माध्यम से आमजन की शिकायत का समाधान तत्परता से करते हुए लोगों को राहत पहुंचाएं।

समाधान शिविर में आई शिकायतों को कोई भी विभाग के अधिकारी लंबित न रखते हुए निवारण करवाएं। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समाधान पूरी जांच कर करवाया जाए और उसके बाद समाधान प्रकोष्ठ पर शिकायत के निवारण का सही विवरण दर्ज करें, जिससे की बार-बार शिकायतें री-ओपन की नौबत न आए। इन शिविरों की शिकायतों के समाधान में किसी भी विभाग के अधिकारी द्वारा लापरवाही न बरती जाए। डीसी ने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशानुसार नागरिकों की शिकायतों का समाधान एक ही स्थान पर और एक ही समय पर करने के लिए सप्ताह में दो दिन सोमवार व गुरुवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जिला व उपमंडल गोहाना, गन्नौर व खरखौदा में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। अब शुक्रवार को भी प्रातः 11 बजे समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इन समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों को लेकर बनाए गए समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल की हर शुक्रवार को सीएम कार्यालय से उच्च अधिकारियों द्वारा समीक्षा बैठक की जाती है। इसके अलावा मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी भी समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग भी करते है और समय-समय पर समीक्षा बैठक करते हैं। उन्होंने आमजन से प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों का लाभ उठाते हुए अपनी शिकायतों का निवारण करवाने का आह्वान किया।




बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सीरिन सहित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सोनीपत पुलिस ने अवैध पिस्तौल व जिंदा कारतूस सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। सोनीपत की पुलिस ने अवैध हथियार की घटना मे संलिप्त आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी विजय उर्फ मल्ल्रो पुत्र बिल्लू निवासी शान्ति नगर, मुरथल जिला सोनीपत का रहने वाला है।

इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 1 जनवरी 2026 को क्राईम युनिट वेस्ट सोनीपत मे नियुक्त सहायक उप निरीक्षक प्रवेश अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पड़ताल हेतु मिशन चौक सोनीपत पर मौजूद था कि खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि विजय उर्फ मल्ल्रो पुत्र बिल्लू निवासी शाति नगर, मुरथल जिला सोनीपत अवैध पिस्तौल लिये हुए किसी के इंतजार में नन्दी चौंक सोनीपत पर मौजुद है अगर तुरन्त रेड की जाये तो अवैध हथियार सहित काबू आ सकता है। जो पुलिस टीम प्राप्त सूचना के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए नन्दी चौंक सोनीपत पहुंची तो प्राप्त जानकारी अनुसार एक नौजवान लड़का खड़ा दिखाई दिया। जिसको पुलिस टीम ने शक की बिनाह पर काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम विजय उर्फ मल्ल्रो पुत्र बिल्लू निवासी शांति नगर, मुरथल जिला सोनीपत बतलाया।

# डीसीआरयूएसटी मुरथल के कुलगुरु प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने शिक्षकों व स्टाफ को दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। दीनबंधु छोटू राम विज्ञानं एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल, सोनीपत के कुलगुरु प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने सभी कर्मचारियों अधिकारियों व शिक्षकों को उनके विभागों व कार्यालयों में जाकर नव वर्ष की बधाई दी और सभी को स्वस्थ, समृद्ध और सफल नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सभी शिक्षकों व स्टाफ में काफी उत्साह देखा गया सभी ने कुलगुरु की इस पहल की सराहना की। शिक्षकों व् स्टाफ ने भी कुलगुरु को नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें दी।

इस अवसर पर कुलगुरु ने बधाई देते हुए कहा कि बीता हुआ वर्ष समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो विकसित भारत @2047 की परिकल्पना और भारत सरकार और हरियाणा सरकार की पहलों, जिनमें एनईपी 2020, स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया शामिल हैं, के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि हम अपने छात्रों को भविष्य के लिए तैयार कौशल से लैस करने, पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि शिक्षा और अवसर 2047 में विकसित भारत के सपने को साकार करने में योगदान दें। आइए मिलकर काम करें ताकि 2026 नवाचार, अकादमिक उत्कृष्टता और परिवर्तनकारी विकास का वर्ष बन सके।




# अंतरराज्यीय तस्कर 12 लाख कीमत की हेरोइन के साथ गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** नए साल की शुरुआत नशा तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चला रही पंचकूला पुलिस की बड़ी कार्रवाई के साथ हुई है। बीते वर्ष नशा तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कदम उठाने के बाद, वर्ष के पहले ही दिन पुलिस ने भारी मात्रा में हेरोइन की सप्लाई करने के उद्देश्य से मौजूद एक तस्कर को गिरफ्तार कर अहम सफलता हासिल की है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 1 जनवरी को क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक आई-20 कार में सवार होकर सेक्टर-15 सब्जी मंडी क्षेत्र में हेरोइन के साथ मौजूद है। सूचना मिलते ही एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज की अगुवाई में इंचार्ज दलीप सिंह की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और युवक को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 296.92 ग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 12 लाख रुपये आंकी गई है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान विजय कुमार के रूप में हुई है, जो मूल रूप से जिला हरिद्वार, उत्तराखंड का रहने वाला है। वर्तमान में वह जीरकपुर, मोहाली में किराये के मकान में रहकर नशा तस्करी के धंधे में संलिप्त था। पुलिस ने आरोपी को आज माननीय अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि बरामद नशा कहां से लाया गया था और इसे किन लोगों को सप्लाई किया जाना था।



## मोहाली में ठिकाना बनाया, ट्राइसिटी में करता था तस्करी

## वर्ष 2025 में नशे के खिलाफ रही प्रभावी कार्रवाई

एसीपी क्राइम के अनुसार, उच्च अधिकारियो के नेतृत्व में पंचकूला पुलिस ने वर्ष 2025 के दौरान नशा तस्करी की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उल्लेखनीय कार्य किया। हमारा मानना है कि नशा अपराध की एक बड़ी वजह है, क्योंकि नशे की लत की पूर्ति के लिए व्यक्ति अपराध की राह पकड़ लेता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने न केवल नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की, बल्कि नशा पीड़ितों के उपचार और पुनर्वास पर भी विशेष ध्यान दिया। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में पंचकूला पुलिस ने नशा तस्करी से जुड़े कुल 124 मामले दर्ज कर 255 तस्करों को गिरफ्तार किया, जबकि वर्ष 2024 में 118 मामलों में 208 तस्करों की गिरफ्तारी की गई थी। वर्ष 2025 में पुलिस द्वारा लगभग 246 किलो चूरा पोस्त, 13 किलो से अधिक अफीम, 1 किलो 930 ग्राम हेरोइन, 17 किलो से अधिक चरस तथा 20,410 नशीली गोलियां बरामद की गईं। इसके मुकाबले वर्ष 2024 में 33 किलो चूरा पोस्त, 4.5 किलो अफीम, 996 ग्राम हेरोइन और 4 किलो से अधिक चरस की बरामदगी हुई थी।

## नए साल पर पंजाब के 12 आईपीएस अफसरों को प्रमोशन का तोहफा

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** पंजाब सरकार ने 12 आईपीएस अफसरों को प्रमोशन का तोहफा दिया है। ये सभी आईपीएस अफसर डीआईजी रैंक पर प्रमोट किए गए हैं। पंजाब सरकार की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, जिन आईपीएस अफसरों को प्रमोशन दिया गया है। उनमें आईपीएस स्नेहदीप शर्मा एसपीएस:2011, आईपीएस संदीप गोयल एसपीएस:2011, आईपीएस जसदेव सिंह सिद्धू एसपीएस:2011, आईपीएस ध्रुव दहिया आरआर 2012, आईपीएस संदीप कुमार गर्ग आरआर 2012, आईपीएस गुलनीत सिंह खुराना आरआर 2012, आईपीएस गुलनीत सिंह खुराना आरआर 2012, आईपीएस अखिल चौधरी आरआर 2012, आईपीएस अमनीत कोंडल आरआर 2012,, आईपीएस गुरप्रीत सिंह एसपीएस:2012, आईपीएस रूपिंदर सिंह एसपीएस:2012 और आईपीएस सरबजीत सिंह एसपीएस:2012 और आईपीएस हरप्रीत सिंह जग्गी एसपीएस:2012 बैच के आईपीएस अफसर शामिल हैं।
















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# जीरो पावर्टी मिशन से बदल रहा उत्तर प्रदेश, योगी सरकार का समावेशी विकास मॉडल ले रहा आकार

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गरीबी उन्मूलन अब महज नीतिगत घोषणा नहीं रह गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा संचालित 'जीरो पावर्टी' मिशन ने प्रशासनिक इच्छाशक्ति, तकनीक और जमीनी सत्यापन को जोड़ते हुए एक सशक्त मॉडल प्रस्तुत किया है। इस अभियान का उद्देश्य स्पष्ट है, हर पात्र परिवार को योजनाओं से जोड़ा जाए। दो चरणों में किए गए इस व्यापक अभ्यास से यह साफ हो गया है कि योगी सरकार संख्या से अधिक पात्रता, पारदर्शिता और परिणाम पर ध्यान केंद्रित कर रही है। लखनऊ के गोसाईगंज में रहने वाले रामसागर, उर्मिला और रामू इसी का जीता जगता उदाहरण हैं, जिन्हें योजना के तहत मकान, पानी, सड़क, बिजली, राशन समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं से लैस किया गया है।

प्रदेश सरकार द्वारा जीरो पावर्टी अभियान के तहत लखनऊ के गोसाईगंज में रहने वाले रामसागर, उर्मिला और रामू को मकान, पानी, सड़क, बिजली, राशन समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इनकी तरह, प्रदेश भर में वंचितों को चिन्हित कर सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। ये सभी लाभार्थी योगी सरकार की तारीफ करते नहीं थक रहे। इनका कहना है कि योगी सरकार का जीरो पावर्टी मिशन केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि भोजन, स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा, जल, ऊर्जा और आजीविका से जुड़े समग्र समाधान का नाम है। यह अभियान उत्तर प्रदेश को समावेशी विकास और सामाजिक सुरक्षा के राष्ट्रीय मॉडल के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक पहल है।

जीरो पावर्टी अभियान के प्रथम चरण में 8 प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत पात्र परिवारों को शत-प्रतिशत डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया। जिला स्तरीय रिपोर्ट के अनुसार राशन योजना में 97 प्रतिशत पात्र परिवारों तक लाभ पहुंच चुका है, जो खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। निराश्रित महिला पेंशन योजना में 87 प्रतिशत और दिव्यांग पेंशन में 62 प्रतिशत लाभार्थियों को आच्छादित किया गया है। वहीं पीएम/सीएम जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 63 प्रतिशत पात्र परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच मिला है।वृद्धावस्था पेंशन, बीओसीडब्ल्यू श्रम कार्ड, किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना में पात्रता मानकों की जांच, डुप्लीकेट प्रविष्टियों की पहचान और डेटा शुद्धिकरण का काम तेजी से जारी है। सरकार का स्पष्ट रुख है कि सभी वास्तविक जरूरतमंद हर हाल में योजनाओं से जुड़ें।

15 अक्टूबर 2025 से शुरू हुए दूसरे चरण में 16 योजनाओं के अंतर्गत वंचित परिवारों का स्थलीय सत्यापन किया जा रहा है, जिसे 15 जनवरी तक पूरा किया जाना है। इस दौरान पीएम उज्वला योजना, शौचालय सहायता योजना, जल जीवन मिशन के अलावा विद्युत कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए पात्र लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य पूरी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है।

सर्वे में सामने आए तथ्यों के आधार पर महिलाओं को बड़े पैमाने पर आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की तैयारी है। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में करीब 11 हजार बच्चों को पुनः नामांकन के माध्यम से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

योगी सरकार ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 को योजनाओं की समीक्षा का मजबूत आधार बनाया है। हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों और सुझावों के विश्लेषण से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि नीतियां जमीनी जरूरतों के अनुरूप हों और किसी भी पात्र परिवार को वंचित न रहना पड़े।

## गांव-गांव पहुंचेगी मॉडर्न 26 हजार कृषि, आजीविका सखियां बदल रहीं खेती के तरीके

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में खेती की तस्वीर तेजी से बदलने जा रही है। 26373 कृषि आजीविका सखियां योगी सरकार की योजनाओं को जमीनी हकीकत में बदलने के लिए तैनात की गई हैं। जो अब प्रदेश के गांव-गांव में आधुनिक खेती का मंत्र फैला रही हैं। महिला सशक्तिकरण और कृषि सुधार को एक साथ आगे बढ़ाने वाला यह अभियान प्रदेश को आत्मनिर्भर कृषि मॉडल की ओर ले जा रहा है।

प्रदेश के 75 जिलों के 826 विकास खंडों में सक्रिय ये कृषि आजीविका सखियां किसानों को पारंपरिक खेती से निकालकर वैज्ञानिक और टिकाऊ खेती से जोड़ रही हैं। साथ ही मिट्टी की जांच, जैविक खाद निर्माण, प्राकृतिक कीट नियंत्रण, उन्नत बीज चयन जैसी तकनीकों के जरिए खेती की लागत घटाकर उत्पादन बढ़ाने के तरीके बता रही हैं।

ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक में सिर्फ फसल उत्पादन ही नहीं, बल्कि पशुपालन, मुर्गी पालन और बकरी पालन जैसे आजीविका विकल्पों को भी मजबूती दी जा रही है। इसके जरिए आय के स्रोत बढ़ रहे हैं और किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि कृषि आजीविका सखियां खेत-खलिहान में बदलाव की असली ताकत बन चुकी हैं। ये महिलाएं किसानों को तकनीकी जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का भी काम कर रही हैं। योगी सरकार की मंशा साफ है। खेती को लाभ का संसाधन बनाना और ग्रामीण महिलाओं को विकास की धुरी बनाना मुख्यमंत्री योगी की प्राथमिकता है। योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब महिला शक्ति, आधुनिक खेती और आत्मनिर्भर गांवों का मॉडल बनकर उभर रहा है। इसके अंतर्गत ही किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि आजीविका सखियां पूरे प्रदेश में प्राकृतिक खेती के प्रचार के लिए जागरूकता सत्र भी चला रही हैं।

# पत्नी ने लिवर डोनेट कर बचाई पति की जान

अमृतसर के दविंदर पाल सिंह (38) को मैक्स अस्पताल, मोहाली में लिवर ट्रांसप्लांट से मिला नया जीवन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। पति की जान बचाने के लिए पत्नी द्वारा लिवर का एक हिस्सा डोनेट करने से हुए लिवर ट्रांसप्लांट से अमृतसर के दविंदर पाल सिंह (38) को नया जीवन मिला लिवर फेल्योर से पीड़ित सिंह को मैक्स अस्पताल, मोहाली में बहुत गंभीर हालत में लाया गया था। पेशेंट को त्वचा और आंखों का पीला पड़ना, गहरे रंग का मूत्र, पेट में सूजन और लगातार कमजोरी का अनुभव हो रहा था। पेशेंट को अगस्त 2025 से कई बार अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया था, जहां उनका पुरानी लिवर की बीमारी का इलाज किया गया था। हालांकि, हालत लगातार बिगड़ती गई, जिससे परिवार को तत्काल विशेष देखभाल की तलाश करनी पड़ी।

एचपीबी सर्जरी व लिवर ट्रांसप्लांट कंसल्टेंट डॉ. कप्तान सिंह के नेतृत्व में लिवर ट्रांसप्लांट टीम द्वारा मैक्स में विस्तृत मूल्यांकन के बाद, यह निर्धारित किया गया कि उनके जीवन को बचाने के लिए एक आपातकालीन ट्रांसप्लांट ही एकमात्र व्यवहार्य विकल्प था।

डॉ. कप्तान सिंह ने कहा, जब मरीज हमारे पास पहुंचा तो वह लास्ट स्टेज लिवर फेल्योर से पीड़ित था। पति की जान बचाने के लिए पेशेंट की पत्नी ने अपने लिवर का एक हिस्सा डोनेट करने का फैसला किया।मेडिकल मूल्यांकन के बाद, पेशेंट की पत्नी लिविंग डोनर के लिए उपयुक्त पाया गया। डॉ. कप्तान ने आगे कहा कि लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी के बाद, पेशेंट को धीरे-धीरे जीवन रक्षक दवाएं और ब्रीदिंग असिस्टेंट से हटा दिया गया और अब वह मेडिकल देखभाल के तहत अच्छी तरह से ठीक हो रहा है।

# बुजुर्गों के अनुभव,आशीर्वाद से ही समाज सही दिशा में आगे बढ़ता: कृष्णा गहलावत

कैंप कार्यालय में जनसुनवाई, विधायक ने समस्याएं सुनकर दिया समाधान का भरोसा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



राई। विधायक कृष्णा गहलावत के कैंप कार्यालय में नव वर्ष की बधाई देने गए वृद्धजनों का विधायक ने गर्म लोई देकर विशेष सम्मान किया गया। विधायक ने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनका सम्मान करना हमारी संस्कृति की पहचान है। विधायक ने कहा कि बुजुर्गों के अनुभव और आशीर्वाद से ही समाज सही दिशा में आगे बढ़ता है।

इसके बाद विधायक ने लोगों की समस्या सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान बिजली, पानी, सड़क, पेंशन, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, भूमि विवाद एवं अन्य जनहित से जुड़े मामलों को प्रमुखता से उठाया गया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है और जनता के विश्वास पर खरा उतरना उनका दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों को कई मामलों में तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल समस्याएं सुनना ही नहीं, बल्कि उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को बिना संकोच सामने रखें, ताकि समय रहते उनका समाधान किया जा सके।

औद्योगिक क्षेत्रों के प्रवेश व निकास द्वारों पर एक सप्ताह में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश

# लापरवाही बरतने पर होगी संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई: योगेश कुमार



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। यमुना नदी के पुनरुद्धार को लेकर हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव योगेश कुमार,आईएएस की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय स्पेशल टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री योगेश कुमार ने कहा कि यमुना नदी के पुनरुद्धार के लिए सरकार प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदूषण से संबंधित समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। आमजन को स्वच्छ पर्यावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने जिला के सभी औद्योगिक क्षेत्रों के संपत्ति प्रबंधकों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर औद्योगिक क्षेत्रों के सभी प्रवेश एवं निकास द्वारों पर बीएनआर आधारित सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएं। साथ ही नियंत्रण कक्ष स्थापित कर 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। सदस्य सचिव ने पुलिस विभाग के सहयोग से विशेष अभियान चलाकर औद्योगिक क्षेत्रों में प्रवेश करने वाले अवैध टैंकरों के चालान करने तथा उन्हें ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में बनाए गए अवैध प्रवेश द्वारों को तत्काल बंद करने के आदेश भी जारी किए गए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्रों में आने वाले लकड़ी से लदे ट्रकों पर विशेष निगरानी रखी जाए, क्योंकि एनसीआर क्षेत्र में लकड़ी जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध है। नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। ठोस, प्लास्टिक एवं खतरनाक अपशिष्ट को खुले में डालने वाली कंपनियों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिले में संचालित सीईटीपी एवं एसटीपी की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जठेड़ी रोड पर जलभराव तथा नाथूपुर क्षेत्र में फैले कचरे की समस्या पर चर्चा करते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि एक सप्ताह में किए गए कार्यों की रिपोर्ट फोटो एवं वीडियो सहित हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रस्तुत करें।

# राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की बरसात सर्दी बढ़ी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान में पिछले 24 घंटों में कहीं-कहीं पर हल्की वर्षा होने से सर्दी बढ़ गयी और सुबह कुछ स्थानों पर कोहरा दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान पूर्वी राजस्थान के बूंदी जिले के नैनवा में सर्वाधिक सात मिलीमीटर बरसात दर्ज की गयी। इसी तरह बूंदी मे छह, सवाईमाधोपुर जिले में सवाईमाधोपुर एवं बोली में तीन, कोटा हवाई अड्डा 2.7 एवं अजमेर में 0.5 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई जबकि राजधानी जयपुर में बूंदाबांदी हुई। इस दौरान पश्चिमी राजस्थान के जालोर में 1.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। राज्य में पिछले 24 घंटों में सिरोही में सबसे कम 7.2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया जबकि इस दौरान सबसे कम अधिकतम तापमान श्रीगंगानगर में 14.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

# डिजिटल गवर्नेंस और वित्तीय सुधारों को मजबूती मिलेगी: नड्डा



अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

नई दिल्ली। आज कर्तव्य भवन में ई-बिल सिस्टम का उद्घाटन किया गया, जिससे डिजिटल गवर्नेंस और वित्तीय सुधारों को मज़बूती मिलेगी। यह सिस्टम फर्टिलाइज़र सब्सिडी पेमेंट की प्रोसेसिंग को आसान और ज़्यादा इंटीग्रेटेड बनाएगा, साथ ही बिलों की किसी भी फिजिकल मूवमेंट को खत्म करेगा। ई-बिल सिस्टम सरकारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, दक्षता और एंड-टू-एंड सिस्टम-आधारित कोऑर्डिनेशन को बढ़ाएगा।

# परिवहन मंत्री ने की प्रयागराज माघ मेला तैयारियों की समीक्षा

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने शुक्रवार को प्रयागराज में माघ मेला स्नान को देखते हुए परिवहन निगम की तैयारियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को बेहतर, सुरक्षित और सुचारू यात्रा सुविधा मिले तथा आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन. सिंह ने मंत्री को अवगत कराया कि मेला क्षेत्र में झूंसी, लेप्रोसी, बेला कछार और नेहरू पार्क स्थित अस्थायी बस स्टेशनों पर वर्कशॉप का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सभी पांच चेक पोस्ट सक्रिय हैं और 250 बेड के जर्मन हैंगर का निर्माण भी पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि मुख्य पर्व स्नानों के दौरान व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए पर्व से दो दिन पूर्व से एक दिन बाद तक मेला क्षेत्र में निगम के अधिकारी तैनात रहेंगे। इसके अतिरिक्त स्थानीय अधिकारी नियमित रूप से मौके पर मौजूद हैं। गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ, अयोध्या, मिर्जापुर, चित्रकूट और कानपुर मार्गों पर क्यूआरटी टीमें सक्रिय कर दी गई हैं।

# आखिरकार 2025 में श्रम अधिशेष का लाभ उठाने में सक्षम हो सका भारत

दैनिक अर्थ प्रकाश

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से 20वीं सदी के उत्तरार्ध तक, भारत सुरक्षित अर्थव्यवस्था के अनुरूप कड़े नियंत्रित श्रम ढांचे के तहत काम करता रहा। यहाँ तक कि उदारीकरण के बाद भी यह ऐसा क्षेत्र था, जिसमें कोई बदलाव नहीं हुआ। इसका स्पष्ट परिणाम यह हुआ कि श्रम-अधिशेष वाले देश में भी कंपनियाँ श्रम-प्रधान निवेश से बचती रहीं।

श्रम के व्यापक उपयोग में बाधा बन रहे श्रम कानून के इस असंतुलन को आखिरकार 2025 में सुधारा गया। अंततः श्रम सुधारों और वीबी-जी राम जी के लागू होने से भारत के लिए अब यह संभव हो गया है कि वह शहरी और ग्रामीण, दोनों ही क्षेत्रों में अपने श्रम अधिशेष को औपचारिक अर्थव्यवस्था में समाहित कर सके। श्रम कानून, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण रोजगार और उद्यम नीति पहली बार एक ही दिशा में काम कर रहे हैं। इसकी बदौलत भारत एक ऐसी व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, जो औपचारिक रोजगार तथा उद्यमों के विस्तार को सक्षम बनाते हुए श्रमिकों को भी सुरक्षा प्रदान करती है।

**अन्य श्रम-अधिशेष अर्थव्यवस्थाओं से सीख:** चलिए, उन देशों से शुरुआत करते हैं, जिन्होंने भारत जैसी ही चुनौती – श्रम के अधिशेष का सामना किया। 1990 के दशक और 2000 के शुरुआती वर्षों में चीन, वियतनाम और इंडोनेशिया ने श्रमिकों को बड़े पैमाने के विनिर्माण में समाहित करने के लिए भर्ती प्रक्रिया को पूर्वानुमेय और अनुपालन को प्रबंधनीय बनाते हुए श्रम कानून बनाए।

भारत ने इसके उलट रास्ता अपनाया। उसने अनुमतियों और जुर्मानों की एक जटिल भूलभुलैया खड़ी कर दी, जिसने श्रम-प्रधान निवेश को हतोत्साहित किया और कंपनियों को अनौपचारिकता की ओर धकेल दिया।

शहरी और ग्रामीण, दोनों श्रम बाज़ारों में रुख अब बदल गया है। भारत ने 29 श्रम क़ानूनों को चार श्रम संहिताओं में समेकित करते हुए अपने समकक्ष देशों की तुलना में अनुपालन को कहीं अधिक सरल बना दिया है। उसने अपने श्रमिक संरक्षण के स्तर को समकक्ष देशों के बराबर रखा है, और भर्ती में लचीलेपन के मामले में वह उनसे आगे बढ़ गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में, मनरेगा से विकसित भारत-रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) की दिशा में बदलाव ने रोजगार को उत्पादकता से जोड़ दिया है। इसमें बुआई और कटाई के चरम मौसम के दौरान 60 दिनों का विराम शामिल है, ताकि खेतिहर श्रमिकों की कमी न हो और कार्य को टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण से जोड़ा गया है। इसके परिणामस्?वरूप एक ऐसी श्रम व्यवस्था बनी है, जो चीन, वियतनाम या इंडोनेशिया की तुलना में निवेश के लिए अधिक तैयार है, जिसमें कारखानों से लेकर खेतों तक पूरे श्रम तंत्र में अनुपालन में सुगमता, व्यापक सामाजिक सुरक्षा और बिना सुरक्षा मानकों को कमजोर किए बड़े पैमाने पर भर्ती की क्षमता मौजूद है।

**श्रम सुधार- बिखराव से कार्यकुशलता की ओर:** लगभग 100 श्रमिकों वाली एक छोटी विनिर्माण इकाई की कल्पना कीजिए। वर्षों तक, विकास के साथ चिंता भी जुड़ी रही। कुछ अतिरिक्त श्रमिकों को नियुक्त करने का मतलब था–श्रम कानूनों की जटिल भूलभुलैया से गुजरना, कई तरह के पंजीकरण कराना, मोटे-मोटे रजिस्टर बनाना, अलग-अलग प्राधिकरणों की निरीक्षण कार्रवाइयों का सामना करना, और इस बात का जोखिम उठाना कि कोई मामूली सी प्रक्रियागत चूक भी आपराधिक दायित्व को दावत दे सकती है। लिहाजा, कई व्यवसाय एक ही निष्कर्ष पर पहुँचे- विस्तार करने की बजाय छोटा, अनौपचारिक और कम श्रमिकों के साथ बने रहना ही अधिक सुरक्षित है ।

यह मानसिकता 2025 में बदलनी शुरू हुई। 29 केंद्रीय श्रम क़ानूनों को चार श्रम संहिताओं में समेकित करने से व्यवस्था नियामकीय अव्यवस्था से निकलकर स्पष्टता की ओर बढ़ी। एकल पंजीकरण, लाइसेंस और रिटर्न के माध्यम से अनुपालन को सरल बनाया गया है; अब निरीक्षण दोष खोजने के बजाय सहयोग और सुविधा प्रदान करने लगे हैं; और सामान्य, रोज़मर्रा की त्रुटियाँ अब आपराधिक दंड को आमंत्रित नहीं करतीं।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सरलीकरण श्रमिक के अधिकारों की कीमत पर नहीं हुआ है। मज़दूरी संरक्षण को सार्वभौमिक बनाया गया है, लैंगिक समानता को क़ानून में अंतर्निहित किया गया है, सामाजिक सुरक्षा का दायरा गिग और प्लेटफ़ॉर्म श्रमिकों तक बढ़ाया गया है, और प्रवासी श्रमिकों को पोर्टेबिलिटी का लाभ मिला है। अब औपचारिक रूप से श्रमिकों को नियुक्त करना किसी जोखिम को संभालने जैसा नहीं, बल्कि भरोसे के साथ उठाया जाने वाला कदम बन गया है– जिससे विकास, सुरक्षा और विस्तार तीनों एक साथ संभव हो पाए हैं।

**उद्यमों को बढ़ने और कर्मचारियों को नियुक्त करने में सक्षम बनाना:** कई वर्षों तक, विकास करना ही अपने आप में एक प्रकार का दंड था। किसी विनिर्माण कंपनी की कल्पना कीजिए, जो बड़े पैमाने पर पहुँचने की कोशिश कर रही हो- जैसे ही उसकी चुकता पूँजी 4 करोड़ रुपये को पार करती थी, वह अपनी लघु कंपनी के दर्जे को खो देती और उसी समय अधिक श्रमिकों को नियुक्त करने की आवश्यकता के बीच अनिवार्य कैश-फ्लो स्टेटमेंट, अतिरिक्त बोर्ड और ऑडिट आवश्यकताएँ, और कंपनी रजिस्ट्रार के पास विस्तृत वार्षिक फाइलिंग –जैसे भारी अनुपालनों में उलझ जाती। इसका जवाब कई व्यवसायों ने आकार को सीमित रखकर, संचालन को विभाजित करके या अनौपचारिक बने रहकर दिया।

यह स्थिति 2025 में बदल गई। अब कंपनियाँ 10 करोड़ रुपये तक की चुकता पूँजी के साथ लघु कंपनी की श्रेणी में बनी रह सकती हैं, जबकि एमएसएमई निवेश सीमा 2.5 गुना और टर्नओवर सीमा 2 गुना बढ़ा दी गई है। विकास अब अनुपालन संबंधी आघात का कारण नहीं बनता; बल्कि औपचारिकीकरण, विस्तार और नई भर्ती के लिए अवसरों का सृजन करता है, जो उद्यम आधारित रोजगार सृजन को नियामकीय जोखिम के स्थान पर समझदारी भरा विकल्प बनाता है।

वर्षों तक, श्रम कानून औपचारिक भर्ती को हतोत्साहित करते रहे, क्योंकि नियोक्ता पूर्ववर्ती दायित्व, पिछली तिथियों के बकाया भुगतान, और यहाँ तक कि कर्मचारी के पूर्व नियोक्ता से जुड़ी चूक के लिए भी दंडात्मक हर्जाने के जोखिम के कारण अक्सर कर्मचारियों को भविष्य निधि में नामांकित करने से बचते थे।

इस अनिश्चितता ने औपचारिक रोजगार को जोखिमपूर्ण बना दिया था, जबकि कड़े निकासी नियमों के कारण कर्मचारी संकट के समय अपनी बचत तक पहुँच नहीं पाते थे। 2025 में यह स्थिति बदल गई, जब कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने पहले शामिल न किए गए श्रमिकों के लिए बिना पिछली देयताओं या जुर्माने के एक बार के नामांकन की अनुमति दी और निकासी प्रक्रिया को सरल बनाया। पात्रता अवधि 12 महीने मानकीकृत कर दिए जाने और कुल कोष का 75त्न तक निकालना संभव हो जाने से, इन सुधारों ने नियोक्ताओं के लिए भर्ती जोखिम कम कर दिया है और औपचारिकीकरण की प्रक्रिया को तेज़ कर दिया।

**ग्रामीण रोजगार- 2047 की अर्थव्यवस्था के लिए 2005 के ढाँचे को अद्यतन करना:** 2025 के दूसरे प्रमुख श्रम सुधार ने विपक्ष को गलत कारणों से गुस्से से भर दिया। किसी ने यह नहीं कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण आय बढ़ाने में मदद नहीं की, लेकिन यह भी स्पष्ट था कि इसने टिकाऊ परिसंपत्तियाँ नहीं बनाई और तेजी से बदलती ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ तालमेल नहीं कायम किया। 2005 में जब यह योजना शुरू हुई थी, तो ग्रामीण भारत में 5 में से 2 से ज़्यादा लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे थे; आज यह संख्या 50 में से 2 से भी कम रह गई है–यानी इसमें दस गुना कमी आई है। साथ ही, मनरेगा के तहत किए जाने वाले कार्यों ने बुआई और कटाई के चरम मौसम में कृत्रिम श्रम संकट पैदा किया और किसानों की लागत बढ़ा दी। इन बदलावों ने इस सुधार को अनिवार्य बना दिया। इस पृष्ठभूमि में, विकसित भारत-गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 एक निर्णायक पुनःस्थापना का प्रतिनिधित्व करता है। कानूनी गारंटी अब 125 दिनों तक बढ़ा दी गई है, लेकिन नए कानून में बुआई और कटाई के मौसम में 60 दिनों का विराम रखा गया है, ताकि किसानों की श्रम तक पहुँच सुनिश्चित हो सके। यह अधिनियम ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ परिसंपत्तियों का वास्तव में सृजन सुनिश्चित करते हुए जल सुरक्षा, मूलभूत ग्रामीण अवसंरचना, रोज़गार-संबंधी अवसंरचना और आपदा से होने वाली हानि को कम करने के उपायों जैसे चार प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित है। सभी निर्मित परिसंपत्तियाँ विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक में एकत्र की जाती हैं, जिससे संगठित और समन्वित राष्ट्रीय विकास रणनीति सुनिश्चित होती है।

स्वतंत्रता के बाद पहली बार, भारत की श्रम नीति अतीत को नियंत्रित करने के बजाय अब भविष्य को सक्षम बनाने लगी है। अब श्रम को एक समस्या के रूप में नहीं देखा जाता जिसे नियंत्रित करना है, बल्कि इसे विकास, सम्मान और राष्ट्रीय परिवर्तन में एक साथी के रूप में देखा जाता है।

### पीएसपीसीएल द्वारा ज़ीरकपुर में सर्किल कार्यालय की स्थापना

# नए सर्किल से ज़ीरकपुर व लालड़ू डिवीज़नों के उपभोक्ताओं को अब मोहाली नहीं जाना पड़ेगा : रंधावा

**विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने किया औपचारिक उद्घाटन**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह (बावा)



**जीरकपुर, 2 जनवरी।** पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के नव-स्थापित ज़ीरकपुर सर्किल कार्यालय का आज विधायक, डेराबस्सी, कुलजीत सिंह रंधावा तथा आर. के. मित्तल, मुख्य अभियंता, दक्षिणी ज़ोन, पटियाला द्वारा औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नव-नियुक्त अधीक्षण अभियंता (एस.ई.) इंजीनियर अमनदीप सिंह गिल ने सर्किल कार्यालय का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया।

इस मौके पर विधायक रंधावा ने बताया कि नव-गठित ज़ीरकपुर सर्किल में डी.एस. डिवीज़न ज़ीरकपुर एवं डी.एस. डिवीज़न लालडू शामिल हैं। इस सर्किल की स्थापना का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की सुविधा बढ़ाना तथा सेवा-प्रदान प्रणाली में सुधार लाना है। उल्लेखनीय है कि ज़ीरकपुर सर्किल के गठन को पीएसपीसीएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने अपनी 116वीं बैठक में स्वीकृति प्रदान की थी। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने ज़ीरकपुर सर्किल के गठन में सहयोग के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, बिजली मंत्री संजीव अरोड़ा तथा बसंत गर्ग, चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी), पीएसपीसीएल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इससे उपभोक्ता सेवाओं में महत्वपूर्ण सुधार होगा और सभी उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर इंजीनियर आर. के. मित्तल, मुख्य अभियंता, दक्षिणी ज़ोन, पटियाला ने पीएसपीसीएल के उपभोक्ताओं एवं कर्मचारियों–दोनों के लिए नए सर्किल के लाभों पर प्रकाश डाला तथा बेहतर संचालन दक्षता और क्षेत्रीय स्तर पर सुदृढ़ निगरानी पर ज़ोर दिया।

**पहले उपभोक्ताओं को मोहाली जाना पड़ता था**

विधायक रंधावा ने बताया कि इससे पूर्व इन डिवीज़नों के उपभोक्ताओं को विभागीय कार्यों के लिए मोहाली जाना पड़ता था, जिससे यात्रा का समय और असुविधा बढ़ती थी। ज़ीरकपुर सर्किल की स्थापना से सेवाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार होगा, शिकायत निवारण प्रक्रिया तेज़ होगी तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी बनेगी।

# सरकारी भूमि पर दीवार बनानी पड़ी महंगी

## नगर परिषद ने दीवार तोड़ करवाई के दिए आदेश

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह (बावा)



हमें शिकायत मिली थी कि यह सरकारी जमीन पर दीवार बना कर अपने जमीन में जोड़ने की कोशिश की जा रही है, जिस आधार पर हमने आज करवाई करते हुए दीवार तोड़ आगे की करवाई शुरू कर नोटिस लगा दिया है।
**बिल्डिंग इंस्पेक्टर नगर परिषद जीरकपुर**

**जीरकपुर, 2 जनवरी।** बिजली दफ्तर के पीछे आज नगर परिषद की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से बनाई गई दीवार को ध्वस्त किया तथा संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नोटिस भी चस्पा किया गया। नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई नियमों के तहत की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि आम जनता की संपत्ति होती है और इस पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण कानूनन अपराध है। यदि भविष्य में किसी व्यक्ति द्वारा दोबारा सरकारी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया तो उसके खिलाफ और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसी कार्रवाई के तहत गुरदीप सिंह पुत्र तुलसा सिंह के विरुद्ध बिना अनुमति पेड़ काटने का मामला भी सामने आया है। नगर परिषद ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित वन विभाग को पत्र लिखने का निर्णय लिया है, ताकि नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों के अनुसार बिना अनुमति पेड़ काटना पर्यावरण संरक्षण कानूनों का उल्लंघन है, जिस पर सख्त दंड का प्रावधान है। नगर परिषद ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे सरकारी संपत्ति और पर्यावरण की सुरक्षा में प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे या पेड़ कटान की जानकारी तुरंत संबंधित विभाग को दें। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### युवा छात्र नेता तुष्य सूद अपने साथियों समेत भारतीय जनता पार्टी में शामिल



**होशियारपुर (अप्रस/तरसेम दीवाना)।** भारतीय जनता पार्टी को उस समय और मजबूती मिली जब छात्र नेता तुष्य सूद अपने अनेक साथियों सहित भाजपा में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष निपुण शर्मा और जिला महामंत्री जिंदू सैनी ने उन्हें सिरोपा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। इस मौके उनके साथ चिंटू हंस,प्रेम बजाज,यशु जैन,अभिषेक कपूर आदि पदाधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष निपुण शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी युवाओं की पार्टी है और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। तुष्य सूद जैसे ऊर्जावान और समाजसेवा के प्रति समर्पित युवाओं के पार्टी से जुड़ने से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा युवाओं के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनसे युवा वर्ग आत्मनिर्भर बन रहा है। भाजपा की राष्ट्रवादी सोच और विकासपरक नीतियों से प्रभावित होकर आज बड़ी संख्या में युवा पार्टी से जुड़ रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा में शामिल हुए तुष्य सूद ने कहा कि वे भाजपा की विचारधारा, अनुशासन और सेवा भाव से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पार्टी की नीतियों को जन–जन तक, विशेषकर युवाओं तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस मौके हरमिंदर जसवाल,विकास पठानिया, विक्की, जसप्रीत सिंह, सूर्यांश मित्तल, साबी सिंह, गुलशन, विशु कैनेडी, काका,पुनीत शर्मा, ललित, खुशहाद, दीपेश, राहुल, हर्ष आदिया, शिवा,माधव, वंश टंडन, गेवी, आदित्य शारदा,राघव शारदा,साकेत कोहली, कर्ण, राहुल, अनिल ,नितिन, गगनदीप सिंह, मनजिंदर सिंह आदि उपस्थित थे।

### रघबीर सिंह मोही अकाली दल के जिला सीनियर उपाध्यक्ष नियुक्त



**बनूड़ (अप्रस)।** राज्य में आने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए अकाली दल बादल ने अपने संगठन को बढ़ाना शुरू कर दिया है। इसी के तहत आज जगमीत सिंह हरियाऊ जिलाध्यक्ष पटियाला ग्रामीण द्वारा घोषित पदाधिकारियों में रघबीर सिंह मोही को जिला पटियाला ग्रामीण का सीनियर उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के लिए रघबीर सिंह मोही ने पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, जिलाध्यक्ष जगमीत सिंह हरियाऊ, राजपुरा विधानसभा क्षेत्र के इंचार्ज जत्थेदार सुरजीत सिंह गढ़ी, कार्यकारी सदस्य शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर साहिब के अलावा सारी हाईकमान का धन्यवाद किया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे पार्टी की नीतियों को लागू करने और आने वाले विधानसभा चुनावों के दौरान राज्य में पार्टी का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी लगन और ईमानदारी से काम करेंगे। रघवीर सिंह मोही को जिला सीनियर उपाध्यक्ष नियुक्त करने पर हलका राजपुरा के इंचार्ज जत्थेदार सुरजीत सिंह गढ़ी के नेतृत्व में अकाली कार्यकर्ताओं ने उनका सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ. भूपिंदर सिंह मनौली सूरत सीनियर उपाध्यक्ष एस सी विंग जिला पटियाला, यूथ लीडर सुरिंदर सिंह घुमाना, भूपिंदर सिंह गोलू, बलविंदर सिंह नेपरा, गुरदीप सिंह गढ़ी, पूर्व सरपंच और दूसरे अकाली नेताओं ने उनका स्वागत किया।

### सड़क हादसे में पार्षद का पति गंभीर रूप में घायल



**बनूड़ (अप्रस)।** बनूड़ के वार्ड नंबर 10 की मौजूदा पार्षद हरविंदर कौर डांगी के पति भाग सिंह डांगी एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले की जानकारी देते हुए नगर परिषद बनूड़ के अध्यक्ष जगतार सिंह कंबोज ने बताया कि कांग्रेस पार्टी की सीनियर पार्षद हरविंदर कौर डांगी के पति भाग सिंह डांगी कल अपनी एक्टिवा पर बनूड़ से राजपुरा जा रहे थे। जब वह नेशनल हाईवे पर स्थित गंगानगर ढाबे के सामने पहुंचे, तो अचानक पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में भाग सिंह डांगी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए मोहाली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# नगर कीर्तन का शहरवासियों ने गर्म जोशी से स्वागत किया

## जगराओं में जयकारों की रही गूंज, ठंड के बावजूद कम नहीं हुआ श्रद्धालुओं का उत्साह

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं 2 जनवरी।** इलाके के प्रसिद्ध गुरुद्वारा गुरु नानक पुरी मोरी गेट से सुबह करीब 11 बजे एक भव्य और श्रद्धापूर्ण नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन की शुरुआत गुरुद्वारा गुरु नानक पुरी मोरी गेट के बड़े ग्रंथी भाई परमवीर सिंह मोती द्वारा की गई प्रारंभिक अरदास से हुई। इसके उपरांत गुरु साहिब को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अजीत सिंह मिगलानी ने फूलों की वर्षा, जयकारों की गूंज और बैंड-बाजों की मनमोहक धुनों के बीच भव्य रूप से सजी ट्रॉली पर बड़े श्रद्धा और सत्कार के साथ विराजमान किया। इस अलौकिक दृश्य को सैकड़ों कैमरों ने अपने लेंस में कैद किया।

गुरु साहिब को सुंदर रूप से सजी पालकी में सुशोभित किए जाने के बाद, पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की अगुवाई और पंज प्यारों के नेतृत्व में नगर कीर्तन आरंभ हुआ। नगर कीर्तन में सबसे आगे ढोल की थाप संगत को गुरु साहिब के आगमन का संकेत दे रही थी। स्कूली बच्चे अपनी-अपनी यूनिफॉर्म में अनुशासित मार्च पास्ट करते हुए नगर कीर्तन की शोभा बढ़ा रहे थे। सुखमनी साहिब सोसाइटी की महिलाएं ट्रॉलियों और ऑटो रिक्शाओं में सवार होकर मधुर शबद कीर्तन करते हुए आगे बढ़ रही थीं। पालकी के पीछे युवा वर्ग और महिलाएं गुरुबाणी के भजन गाते हुए श्रद्धा के साथ चल रहे थे।

नगर कीर्तन मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई तथा संगत ने सेवा भाव से सफाई व्यवस्था में भी सहयोग दिया। आयोजन समिति के सदस्य गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष प्रिंसिपल चरणजीत सिंह भंडारी के निर्देशन में अपनी-अपनी जिम्मेदारियां पूरी निष्ठा से निभाते नजर आए। नगर कीर्तन का शहर के विभिन्न हिस्सों में अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ स्वागत किया गया। दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों ने विभिन्न प्रकार के लंगर लगाकर संगत की सेवा की।

गुरुद्वारा भहोई साहिब में परंपरा अनुसार बाबा अरविंदर सिंह नानकसर ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को दुशाला भेंट किया। रेलवे रोड स्थित गुरुद्वारा भहोई साहिब के प्रबंधकों द्वारा भी विशाल लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के जनरल सेक्रेटरी हरदेव सिंह बॉबी, पैट्रन तरलोक सिंह सिडाना, ट्रेज़रर इंदरपाल सिंह वच्छेर, चेयरमैन कुलबीर सिंह सरना, असिस्टेंट ट्रेज़रर रविंदर पाल सिंह मैद, प्रेस सेक्रेटरी चरणजीत सिंह सरना, एडवाइजर दीपिंदर सिंह भंडारी, सिंह लांबा, गगनदीप सिंह सरना सहित अन्य सदस्य अपनी सेवाओं में सक्रिय रहे।

नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु शामिल हुए, जिनमें भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल, पूर्व विधायक एस.आर. कलेर, पूर्व चेयरमैन कंवलजीत सिंह मल्ला, पहरेदार के प्रबंध संपादक ऋषवदीप सिंह हेरा, राजेश इंदर सिद्धू, गुरमीत सिंह बिंद्रा, सुखदेव सिंह नसराली, रणजीत सिंह हैप्पी, अजीत सिंह ठुकराल सहित अनेक प्रमुख नाम शामिल रहे।

इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष प्रिंसिपल चरणजीत सिंह भंडारी और ट्रेज़रर इंदरपाल सिंह वच्छेर ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 4 जनवरी को सुबह 11 बजे गुरबाणी ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उसी रात विशेष दीवान सजाया जाएगा, जिसमें श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी जत्थे कीर्तन करेंगे। 5 जनवरी को श्री अखंड पाठ का भोग सुबह 10 बजे होगा, जिसके उपरांत शाम 6 से 10 बजे तक दीवान आयोजित किया जाएगा। सभी कार्यक्रमों में गुरु का अटूट लंगर संगत को वितरित किया जाएगा।

### पंचकूला में पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना पर जागरूकता शिविर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 2 जनवरी।** पंचकूला सेक्टर-1 स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पंचकूला के अंतर्गत पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में पंचकूला शहर व आसपास के क्षेत्रों से आए लगभग 350 उपभोक्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मेयर कुलभूषण गोयल, मुख्य अभियंता (आपरेशन) चंदन सिंह, अधीक्षण अभियंता (एसई) सुधाकर तिवारी तथा कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) आशीष चोपड़ा ने उपभोक्ताओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाने से होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना से न केवल बिजली बिल में भारी कमी आएगी, बल्कि सरकार द्वारा आकर्षक सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। कुलभूषण गोयल ने कहा कि यह योजना लोगों के लिए काफी कारगर सिद्ध होगी। आशीष चौपड़ा ने उपभोक्ताओं को सोलर रूफटॉप सिस्टम की स्थापना प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया और उपस्थित लोगों की शंकाओं का समाधान किया। साथ ही अधिक से अधिक लोगों से योजना का लाभ उठाने की अपील की गई। शिविर में एसबीआई बैंक के मैनेजर भी मौजूद रहे, जिन्होंने जानकारी दी कि बैंक की ओर से बिना किसी गारंटी के 2 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे आम उपभोक्ताओं के लिए सोलर सिस्टम लगाना और भी आसान हो गया है। शिविर का सकारात्मक परिणाम सामने आया, जहां लगभग 60 उपभोक्ताओं ने सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाने में रुचि दिखाई और उन्हें ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकृत किया गया। पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत सब्सिडी (बिना किसी आय मानदंड के) 1 किलोवाट 30,000, 2 किलोवाट ₹ 60,000, 3 किलोवाट 78,000 रुपए हैं। कुलभूषण गोयल ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में अधिक संख्या में उपभोक्ता इस योजना से जुड़कर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाएंगे और बिजली खर्च में राहत पाएंगे।

# ढकोली में 7 ग्राम हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह (बावा)

**जीरकपुर, 2 जनवरी।** ढकोली थाना पुलिस ने गश्त के दौरान 7 ग्राम हेरोइन सहित एक युवक को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी की पहचान गगन गर्ग निवासी न्यू जनरेशन सोसायटी ढकोली के रूप में हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 1 जनवरी 2026 की शाम करीब 7.15 बजे एसआई हरजिंदर सिंह पुलिस पार्टी के साथ गांव गाजीपुर जट्टां से कृष्णा एन्क्लेव रोड की ओर गश्त पर थे। जब पुलिस टीम पुष्प एन्क्लेव सोसायटी के गेट के पास पहुंची, उसी दौरान गांव गाजीपुर जट्टां की तरफ से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर उसने घबराकर अपनी काले रंग की लोअर की जेब से एक मोमी लिफाफा सड़क पर फेंक दिया और पीछे मुड़कर भागने की कोशिश करने लगा।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम गगन गर्ग बताया। पुलिस ने मौके पर ही फेंके गए लिफाफे को खोलकर जांच की, जिसमें हेरोइन पाई गई। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन करने पर हेरोइन का वजन 7 ग्राम निकला।

पुलिस ने हेरोइन को कब्जे में लेकर सील कर दिया और नमूना मोहर तैयार की। बरामदगी की कार्रवाई के दौरान एएसआई मनिंदर सिंह गवाह के तौर पर मौजूद रहे। आरोपी के खिलाफ थाना ढकोली में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21, 61 व 85 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ कर नशा तस्करी के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# ज़ीरकपुर में महिला, बेटे व बुजुर्ग पर हमला, जातिसूचक गालियों का आरोप, मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह (बावा)

**जीरकपुर, 2 जनवरी।** न्यू डिफेंस कॉलोनी, ज़ीरकपुर में 27 दिसंबर 2025 को दिनदहाड़े एक महिला, उसके बेटे और 79 वर्षीय बुजुर्ग ससुर के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता कमलजीत कौर (52) पत्नी गुरजीत सिंह, निवासी न्यू डिफेंस कॉलोनी, ज़ीरकपुर के बयान के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के साथ-साथ अनुसूचित जाति अधिनियम की धाराएं भी लागू करते हुए एफआईआर दर्ज कर ली है। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि 27 दिसंबर को दोपहर लगभग 12:30 बजे वह अपने घर के मुख्य द्वार के बाहर सब्ज़ी खरीद रही थीं। इसी दौरान कॉलोनी निवासी जगजीत सिंह उनके घर में घुस आया। पूछताछ करने पर उसने कहा कि गली के आवारा कुत्तों ने उसे काट लिया है। बात-चीत के दौरान उसने फोन किया, जिसके बाद भबात निवासी जतिंदर सिंह उर्फ बिंदर मोटरसाइकिल पर मौके पर पहुंचा और सड़क के बीच बाइक खड़ी कर दी। तेज़ आवाज़ सुनकर पीड़िता का बेटा गुरपाल सिंह भी बाहर आ गया। इसी बीच छत निवासी गुरमिंदर सिंह का पुत्र सतवीर सिंह उर्फ गोगी, आज़ाद खान, रूबी और सुरिंदर सिंह लौंगिया भी वहां पहुंच गए। आरोप है कि सतवीर सिंह ने आते ही पीड़िता को गालियां देनी शुरू कर दीं और धक्का-मुक्की की। सभी आरोपियों ने मिलकर गुरपाल सिंह को घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार, सतवीर सिंह ने गुरपाल सिंह को थप्पड़ मारे, छाती पर लात मारी, जबकि अन्य आरोपियों ने घूंसे मारे। शोर सुनकर पीड़िता के 79 वर्षीय ससुर चरण सिंह (पुत्र नसीब सिंह) बीच-बचाव के लिए पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी धक्का-मुक्की और गाली-गलौज की। इसी दौरान सुरिंदर सिंह लौंगिया का पुत्र गुरप्रीत सिंह भी मौके पर पहुंचा और उसने भी गुरपाल सिंह के साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास की महिलाएं राजविंदर कौर, रमनजीत कौर सहित अन्य मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव करने का प्रयास किया। उनके आने पर पीड़िता का भतीजा संदीप सिंह भी वहां पहुंचा। आरोप है कि इस दौरान सतवीर सिंह ने संदीप को जातिसूचक शब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा होते देख सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना में घायल कमलजीत कौर, उनके पुत्र गुरपाल सिंह और बुजुर्ग चरण सिंह को पहले इलाज के लिए सीएचसी ढकोली ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें सरकारी अस्पताल, फेज-6, मोहाली रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार, पीड़ितों के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर प्रथम दृष्टया मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 126(2), 351(3), 74, 133, 296, 191(2) व 190 के तहत बनता पाया गया है। साथ ही, आरोपियों द्वारा जातिसूचक शब्दों के प्रयोग और सामाजिक अपमान के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए मामले में एससी/ एसटी एक्ट की संबंधित धाराएं भी जोड़ी गई हैं। इस प्रकरण में जगजीत सिंह, जतिंदर सिंह उर्फ बिंदर, सतवीर सिंह उर्फ गोगी, आज़ाद खान, रूबी, सुरिंदर सिंह लौंगिया और गुरप्रीत सिंह (सभी निवासी न्यू डिफेंस कॉलोनी/आसपास क्षेत्र) के खिलाफ थाना ज़ीरकपुर में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पत्रकारों के खिलाफ दर्ज झूठे मुकदमे रद्द करने की मांग, पंजाब एवं चंडीगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 2 जनवरी।** पंजाब एवं चंडीगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के सदस्यों ने आज प्रदेश सचिव सरबजीत सिंह भट्टी के नेतृत्व में डेराबस्सी में एसडीएम डेराबस्सी अमित गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन हाल ही में पत्रकारों के खिलाफ दर्ज किए गए एक मुकदमे को रद्द करने की मांग को लेकर दिया गया। यूनियन के प्रदेश सचिव सरबजीत सिंह भट्टी ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ (मीडिया) को दबाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पत्रकारों के खिलाफ दर्ज किया गया मुकदमा पूरी तरह से अनुचित है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

उल्लेखनीय है कि पंजाब एवं चंडीगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के नेताओं–बठिंडा जिला पत्रकार मंदीप मक्कड़ (पंजाबी जागरण), मनिंदर सिद्धू (लोक आवाज़ टीवी), मिंटू गुरसरिया, आरटीआई कार्यकर्ताओं और अन्य सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं–के खिलाफ साइबर क्राइम का मामला पुलिस स्टेशन, लुधियाना (शहर) में दर्ज किया गया है। यह मामला बीएनएस की धाराएं 353(1), 353 (2) और 61(2) के तहत, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अनुपस्थिति के दौरान कथित तौर पर पंजाब सरकार के हेलीकॉप्टर के दुरुपयोग से संबंधित कुछ सोशल मीडिया पोस्टों के संदर्भ में दर्ज किया गया है, जब वे विदेशी दौरे पर थे। भट्टी ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पत्रकारों को निशाना बनाना बंद नहीं किया गया और दर्ज मुकदमे रद्द नहीं हुए, तो यूनियन बड़े स्तर पर संघर्ष शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि पत्रकार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए समाज की बुराइयों को उजागर करते हैं, लेकिन कुछ तत्व अपनी कमियों को छिपाने के लिए पत्रकारों पर झूठे मुकदमे दर्ज करवा कर उन्हें डराने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसी दमनकारी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

भट्टी ने मांग की कि पंजाब सरकार और पंजाब पुलिस के महानिदेशक इस मामले को तुरंत रद्द या वापस लेने के निर्देश जारी करें। यदि सरकार के निर्देशों के बावजूद पुलिस की ऐसी कार्रवाइयां जारी रहीं, तो संगठन इसके खिलाफ आंदोलन शुरू करने को मजबूर होगा। इस अवसर पर स्थानीय पत्रकार गुरमीत सिंह, अनिल शर्मा, सुनील कुमार भट्टी, उज्ज्वल शर्मा, यशपाल चौहान सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे। एसडीएम डेराबस्सी अमित गुप्ता ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए आश्वासन दिया कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# आर्मी एरिया में ही घूम रहा है तेंदुआ, ठीकरी पहरा शुरू, लोग घरों में कैद

## मोरनी के कंदई गांव में एक और तेंदुआ देखे जाने की खबर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 2 जनवरी।** पांच दिन पहले देखा गया तेंदुआ अभी तक जंगल में वापस नहीं लौटा है, जिससे पंचकूला के सेक्टर 6 के साथ साथ कैंट एरिया के निवासी परेशान हैं और वन्यजीव अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं। तेंदुआ को दो दिन पहले एरिया में देखे जाने के बाद अधिकारियों और वन्य कर्मियों ने गश्त बढ़ा दी है। विभाग की लगातार कोशिशों के बावजूद, माना जा रहा है कि बड़ा जानवर अभी भी आबादी वाले इलाकों में घूम रहा है। इस बीच, गुरुवार को मोरनी के कंदई गांव में एक और तेंदुआ देखे जाने की खबर है। हालांकि यह घटना जंगल के इलाके में हुई, लेकिन वन और वन्यजीव टीमों ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है। ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

**सुखना वन्यजीव अभयारण्य लौटने की संभावना**

सूत्रों ने बताया कि अगर तेंदुआ कैंटोनमेंट इलाके से बाहर निकलता है, तो उसके सुखना वन्यजीव अभयारण्य की ओर लौटने की संभावना है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि यह पहली बार नहीं है जब सेक्टर 6 में तेंदुआ देखा गया है, क्योंकि पहले भी इसी तरह की घटनाएं सामने आई हैं। इस बड़े जानवर की बार–बार मौजूदगी से निवासियों में डर बढ़ गया है।

# विंटर कार्निवाल मनाली की तिथि बदलना दुर्भाग्यपूर्ण : गोविंद

## धर्मशाला में कॉलेज छात्रा की प्रताड़ना से मौत दुर्भाग्यपूर्ण, सरकार की नालायकी

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 2 जनवरी।** पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने विंटर कार्निवाल मनाली की तिथि में किए गए बदलाव पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि विंटर कार्निवाल की पारंपरिक तिथि पहले 2 से 6 जनवरी तक निर्धारित रहती थी, जिससे पर्यटन और स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा मिलता था, लेकिन अब इसे बदलकर 20 से 24 जनवरी कर देना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह देव संस्कृति के अनुरूप नहीं है।

गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि इन दिनों मनाली और देवभूमि कुल्लू में देवी-देवता स्वर्ग प्रवास पर होते हैं। देव परंपराओं के अनुसार इस अवधि में कई प्रकार के प्रतिबंध लागू रहते हैं। उन्होंने बताया कि देव आदेश के चलते इन दिनों न तो खेतों की खुदाई की जाती है और न ही किसी प्रकार का शोर-शराबा किया जाता है। यहां तक कि रेडियो और टेलीविजन चलाना भी वर्जित माना जाता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बावजूद सरकार द्वारा इन तिथियों में बड़े स्तर का आयोजन करना स्थानीय लोगों की आस्था और देव संस्कृति का खुला अनादर है। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कुछ कांग्रेसी नेताओं का तर्क है कि विंटर कार्निवाल की तिथि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कैलेंडर के आधार पर तय की गई है। इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का कैलेंडर ही अस्त-व्यस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री न तो कुल्लू दशहरा पर्व के समापन समारोह में पहुंचते हैं और न ही विंटर कार्निवाल के शुभारंभ में शामिल होते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या मुख्यमंत्री का कैलेंडर अब देव आस्था और परंपराओं से भी बड़ा हो गया है।

गोविंद सिंह ठाकुर ने धर्मशाला में एक कॉलेज छात्रा की कथित प्रताड़ना के बाद हुई मौत को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना सरकार की नालायकी और कानून-व्यवस्था की विफलता को दर्शाती है।

गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार और पुलिस प्रशासन को इस मामले में तुरंत कड़ा संज्ञान लेना चाहिए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मामला अत्यंत संवेदनशील है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए।

पूर्व मंत्री ने बताया कि मृतक छात्रा दलित परिवार से संबंध रखती थी। उन्होंने मांग की कि यदि उसके साथ किसी भी प्रकार की जातिगत आधार पर प्रताड़ना की मंशा रही है, तो इस पहलू की भी गहन जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जानकारी के अनुसार छात्रा को पहले रैगिंग का शिकार होना पड़ा और बाद में कॉलेज के एक प्रोफेसर द्वारा दुराचार किया गया, जिसका उल्लेख छात्रा ने मृत्यु से पहले अपने बयान में किया है।

### अब पानी के 500 गुना तक बढ़े बिलों से जनता को लूट रही है सरकार : गोविंद सिंह ठाकुर

पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि मौजूदा सरकार प्रदेश की जनता को दोनों हाथों से लूट रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर परिषदों और नगर निकायों में पानी के बिल 500 गुना तक बढ़ा दिए गए हैं, जिससे आम जनता पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि जब जनता ने बढ़े हुए पानी के बिलों का विरोध किया तो कुल्लू दौरे के दौरान प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जलशक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने स्वयं कहा था कि पानी के ये बिल न भरे जाएं और इन्हें माफ कर दिया जाएगा। इसी तरह कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर ने भी जनता को भरोसा दिलाया था कि पानी के बिल माफ होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और जनप्रतिनिधियों के आश्वासन के बाद जब उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं किए, तो जलशक्ति विभाग ने उल्टा भारी-भरकम जुर्माने के साथ नए बिल भेज दिए। नए बिलों में यह कहते हुए पेनल्टी जोड़ी गई कि पिछला बिल क्यों नहीं भरा गया।

पूर्व मंत्री ने कहा कि यह स्थिति केवल कुल्लू जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में जनता को इसी तरह परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता अब इस सरकार से दुखी और निराश है। गोविंद सिंह ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी सरकार के कार्यकाल में ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू जल कनेक्शनों के बिल नहीं आते थे, लेकिन अब ग्रामीण इलाकों में भी पानी के बिल भेजे जा रहे हैं।



## सचिवालय कर्मचारी सहकारी ऋण एवं बचत सभा समिति के वर्ष 2026 का कैलेंडर जारी

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज यहां हिमाचल प्रदेश सचिवालय कर्मचारी सहकारी ऋृण एवं बचत (गैर कृषक) सभा समिति के वर्ष 2026 के कैलेंडर को जारी किया।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक सुरेश कुमार, हिमाचल प्रदेश सचिवालय कर्मचारी सहकारी ऋृण एवं बचत (गैर कृषक) सभा समिति के अध्यक्ष ओ.पी. दिनकर, उपाध्यक्ष मिलाप चन्द, महा प्रबन्धक कुशल ठाकुर तथा सभा के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राहुल गांधी की रैलियो में करोड़ों लुटाने वाले आपदा में जश्न मनाने वाले ज्ञान दे रहे : सत्ती

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

> केंद्र से आए आपदा राहत के 6000 करो? रुपये का हिसाब दें मंत्री और मुख्यमंत्री

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ऊना से विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने हर्षवर्धन चौहान के बयान पर हमला बोलते हुए कहा है कि अब सुक्खू सरकारक के मंत्रियों में में झूठ बोलने की हो? लगी हुई है। जिस पार्टी ने ने बिना किसी संवैधानिक पद के अपने पार्टी के युवराज के रैलियो पर प्रदेश के करो?ों रुपये खर्च करती है उनके मुँह से बाकी बातें अच्छी नहीं लगती है। जिस पार्टी के नेताओं ने आपदाग्रस्त हिमाचल प्रदेश में आपदा राहत के पैसे से ही जश्न मनाया हो, वह किस मुँह से नैतिकता की बातें कर सकते हैं।

इसलिए बीजेपी ज्ञान देने और इधर की बात करने की बजाय उन्हें केंद्र सरकार द्वारा भेजें गए आपदा राहत के 6 हज़ार करोड़ रुपये का हिसाब देना चाहिए। क्योंकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि अब तक आपदा प्रभावितों को लगभग 500 करोड़ रुपए ही आपदा राहत के रूप में दिए जा सकें हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब सिर्फ झूठ बोलकर केंद्र पर आरोप लगाकर पिछली सरकार के ऊपर अनर्गल बयानबाजी करके अपना वक्त निकालना चाहती हैं लेकिन उन्हें हम अपनी जवाबदेही से भागने नहीं देंगे।

आज हिमाचल प्रदेश में जो कुछ हो रहा है वह केंद्र के सहयोग से ही हो रहा है। चाहे शिक्षा विभाग हो, स्वास्थ्य विभाग या फिर लोक निर्माण विभाग में बन रही सड़कें सब केंद्र के सहयोग और पैसे से ही बन रही हैं। लेकिन कांग्रेस के नेताओं में प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार को कोस कर आलाकमान की नजर में अपने नंबर ब?ाने की हो? लगी है। 3 साल के कार्यकाल में सरकार की एकमात्र उपलब्धि रिकॉर्ड तो? कर्ज और कर लादना है। प्रदेश में सुख की नहीं कर और कर्ज की सरकार चल रही है। सरकार के पास बताने के लिए 3 साल में एक भी उपलब्धि नहीं है।

सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बिना उपलब्धियों के ही अपनी नाकामियों पर पहले साल का, दूसरे साल का तीसरे साल का जश्न मनाया उसमें जमकर प्रदेश के लोगों के पैसे की बर्बादी हुई। हैरानी की बात यह हैं कि जश्न के मंच पर भी मंत्रियों ने सिर्फ अपना शक्ति प्रदर्शन किया।

अन्य कार्यक्रम भी जो किसी ट्रस्ट के तले होने चाहिए थे उसे भी सरकारी कार्यक्रम घोषित करके कांग्रेस पार्टी आलाकमा की खूब आवभगत और प्रशंसा की गई। हिमाचल प्रदेश में पहले एक सांसद रहे राहुल गाँधी की रैली होती थी और उसमें करो?ों रुपये खर्च किए जाते थे। कांग्रेस सरकार के द्वारा राहुल गाँधी की रैली में जुटाई गई भी? के बसों का किराया जयराम सरकार ने वहन किया।

कांग्रेस के सभी नेता यह बताए कि किस हैसियत से हिमाचल प्रदेश के लोगों का पैसा सरकारी कार्यक्रम में राहुल गाँधी के लिए खर्च किया जाता था?

## बाबा बालक नाथ की नगरी शाह तलाई में सीवरेज लाइन के लिए 5 करोड़ की राशि और स्वीकृत

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बाबा बालक नाथ की तपोस्थली शाहतलाई के लोगों को जल्द नई सीवरेज लाईन सुविधा मिलेगी। इसके लिए जल शक्ति विभाग की ओर से रिवाईजड सैद्धातिक मंजूरी इसके लिए प्रदान की है। करीब 25 करोड़ के इस प्रोजेक्ट के तहत चालु वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए इस प्रोजेक्ट के लिए करीब पांच करोड़ की राशि भी स्वीकृत हुई है। इससे शाहतलाई के लोगों को लाभ मिलेगा। इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए जल्द ही इसकी आधारशिला रखी जाएगी। सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद संबधित विभाग की ओर से आगामी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

यह जानकारी झंडूता कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने दी। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए राशि स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री सुखबिंद्र सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट का लाभ शाहतलाई क्षेत्र की जनता को मिलेगा। विवेक कुमार ने बताया कि पहले इस प्रोजेक्ट में शाहतलाई नगर पंचायत के दो वार्ड ही शामिल थे। लेकिन इस प्रोजेक्ट में अब शाहतलाई नगर पंचायत के सभी सात वार्ड शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस मुददे को सरकार के समक्ष रखा गया था। ताकि इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया जाए। वहीं, अब सरकार द्वारा इस प्रोजेक्ट के तहत राशि स्वीकृत की है। जल्द ही इस सीवरेज लाईन प्रोजेक्ट की आधारशिला भी रखी जाएगी। विवेक कुमार ने कहा कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यो को प्राथमिकता दी जा रही है।

क्षेत्र में सरकार के सहयोग से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। वहीं, लोगों की मूलभूत सुविधाओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि शाहतलाई में सीवरेज लाईन प्रोजेक्ट के तहत अब टैंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## रामशिला-जिया एनएच पर सड़क हादसा, बाइक सवार युवक की मौत

**कुल्लू 2 जनवरी।** रामशिला-जिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब युवक बाइक से सड़क मार्ग पर जा रहा था। इसी दौरान उसने अचानक संतुलन खो दिया और दुर्घटना का शिकार हो गया। कुछ समय बाद युवक तलोगी के पास सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा मिला। इसकी सूचना मिलते ही भुंतर थाना में तैनात हेड कांस्टेबल तिलक राम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक मदन लाल कौशल ने बताया कि मृतक की पहचान पीयूष (19) पुत्र देव किरण निवासी पलोंट, जाओं, निरमंड जिला कुल्लू के रूप में हुई है।पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों को लेकर सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

## मनाली पहुंचे नवजोत सिंह सिद्धू ने भुंतर एयरपोर्ट की सुविधाओं की जमकर की तारीफ

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 2 जनवरी।** नए साल का जश्न मनाने मनाली पहुंचे नवजोत सिंह सिद्धु ने कुल्लूङ्क्षमनाली भुंतर एयरपोर्ट की सुविधाओं और व्यवस्थाओं की खुलकर सराहना की। भुंतर एयरपोर्ट पर पहुंचते ही उन्होंने यहां की साफ-सफाई, सुचारू व्यवस्थाओं और यात्रियों के प्रति स्टाफ के सहयोगात्मक व्यवहार की प्रशंसा की। नवजोत सिंह सिद्धू ने एयरपोर्ट स्टाफ के लिए भावुक शब्दों में कहा कि उनका व्यवहार और अपनापन यात्रियों को खास महसूस कराता है। उन्होंने अपने अनुभव को कुछ पंक्तियों के माध्यम से साझा करते हुए कहा– प्रेम परिचय को पहचान बना देता है, वीराने को गुलिस्तां बना देता है। मैं आपबीती कहता हूं, गैरों की नहीं, प्रेम इंसान को भगवान बना देता है। उन्होंने कहा कि भुंतर एयरपोर्ट का स्टाफ यात्रियों के साथ जिस आत्मीयता और प्रेम से पेश आता है, वही इस एयरपोर्ट की असली पहचान है। नव जोत सिंह सिद्धु की इस प्रशंसा से एयरपोर्ट कर्मियों का मनोबल भी बढ़ा।

### थर्मोकोल उत्पादों के उत्पादन, बिक्री एवं उपयोग पर प्रतिबंध

**केलांग(कुल्लू)2 जनवरी।** उप-मंडल दंडाधिकारी (एसडीएम) कुनिका अकर्स ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में थर्मोकोल से निर्मित सभी प्रकार के उत्पादों के उत्पादन, भंडारण, वितरण, खुले बाजार में बिक्री तथा उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने बताया कि यह निर्णय जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए लिया गया है, क्योंकि थर्मोकोल पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक है तथा इसके अपशिष्ट के निस्तारण में गंभीर समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। उन्होंने बताया कि उक्त आदेशों की अवहेलना करने वाले किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था के विरुद्ध प्रचलित कानूनों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रा की मौत पर माकपा ने DGP को सौंपा ज्ञापन

**शिमला।** धर्मशाला में कॉलेज छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने तूल पक? लिया है। इस गंभीर मुद्दे पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी से मुलाकात की। पार्टी के राज्य सचिव संजय चौहान के नेतृत्व में मिले इस प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी को ज्ञापन सौंपकर मामले की किसी उच्च अधिकारी से निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है। संजय चौहान ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल ख? किए हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना सितम्बर माह की बताई जा रही है, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई और मुकद्दमा जनवरी माह में दर्ज किया। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने पहले भी धर्मशाला पुलिस को इसकी जानकारी दी थी, लेकिन उस समय कोई कार्रवाई नहीं की गई। माकपा ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने समय रहते मामले को संजीदगी से नहीं लिया, जिसकी भी जांच होनी चाहिए। अब तक की पुलिस जांच में कॉलेज की ही तीन छात्राओं और एक शिक्षक के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि पी?ित छात्रा ने अस्पताल में दम तो?ने से पहले उस शिक्षक का नाम लिया था। पुलिस ने छे?छा? और रैगिंग की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। माकपा ने मांग की है कि छात्रा को उकसाने और उसे ऐसी परिस्थिति में धकेलने वाले सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो, ताकि परिवार को न्याय मिल सके। प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी के समक्ष एक और महत्वपूर्ण पहलू रखा। चूंकि मृतका अनुसूचित जाति से संबंधित थी, इसलिए पार्टी ने आशंका जताई है कि कहीं यह मामला जातीय उत्पीड़न से तो नहीं जुड़ा है। माकपा ने पुलिस से इस एंगल से भी गहराई से जांच करने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल की बातों को सुनने के बाद पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने आश्वासन दिया है कि ज्ञापन में उठाए गए सभी मुद्दों और पुलिस अधीक्षक कांगड़ा को भेजे गए बिंदुओं पर जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) की अगुवाई में करवाई जाएगी।

## सूर्यास्त के बाद पैराग्लाइडिंग व राफ्टिंग कराने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : रोहित शर्मा

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 2 जनवरी।** जिला पर्यटन अधिकारी कुल्लू डॉ. रोहित शर्मा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सूर्यास्त के बाद पैराग्लाइडिंग और राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियां कराने वाले ऑपरेटरों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग की गाइडलाइनों के तहत सूर्यास्त के बाद किसी भी प्रकार की एडवेंचर एक्टिविटी कराना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

डॉ. रोहित शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ समय से विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ पैराग्लाइडिंग और राफ्टिंग ऑपरेटर नियमों की अनदेखी करते हुए सूर्यास्त के बाद भी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि पर्यटकों की सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ भी है।

उन्होंने कहा कि अंधेरा होने के बाद ऐसी गतिविधियां कराने से दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है, जिससे पर्यटकों की जान को खतरा हो सकता है। सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि नियम तोड़ने वाले ऑपरेटरों के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

जिला पर्यटन अधिकारी ने सभी एडवेंचर स्पोर्ट्स ऑपरेटरों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित समय और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण और औचक जांच की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही को रोका जा सके। साथ ही उन्होंने पर्यटकों से भी अपील की कि वे सूर्यास्त के बाद किसी भी साहसिक गतिविधि में भाग न लें और नियमों का पालन करने वाले लाइसेंसधारी ऑपरेटरों को ही चुनें।

## बीपीएल पर कैंची चला रही कांग्रेस सरकार : डॉ. राजीव बिंदल

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू के नेतृत्व वाली सरकार एक बार फिर गरीबों की कमर तोड़ने में जुट गई है। पिछले साढ़े तीन वर्षों में इस सरकार ने आम आदमी, गरीब और मध्यम वर्ग का जीना दुश्वार कर दिया है और अब बीपीएल (ब्क़्म्द्यश्2 क्ष्1द्गह्ल4 स्रुठ्ठद्ग) के नए नियम लागू कर गरीबों को योजनाओं से बाहर करने की सुनियोजित साजिश रची जा रही है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा बीपीएल के जो नए नियम लागू करने की तैयारी की जा रही है, उनके लागू होते ही बड़ी संख्या में वे लोग जो वर्तमान में बीपीएल श्रेणी में हैं, सूची से बाहर हो जाएंगे। इससे सबसे बड़ा नुकसान उन जेनुइन, नितांत गरीब परिवारों को होगा, जिन्हें वास्तव में सरकारी सहायता की सबसे अधिक जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह कोई प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि सोच-समझकर बनाई गई गरीब विरोधी रणनीति है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ÷व्यवस्था परिवर्तन÷ की बात करती है, लेकिन हकीकत में यह सरकार गरीबों के लिए व्यवस्था पतन की ओर प्रदेश को धकेल रही है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने ग्रामीण और गरीब परिवारों के लिए 'विकसित भारत ङ्क रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी 'जी राम जी' योजना लागू की है, जिसके तहत 125 दिन की रोजगार गारंटी और अनेक सुविधाएं दिहाड़ीदार एवं गरीब परिवारों को दी जा रही हैं।

डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि इससे पहले मनरेगा में भी प्रदेश सरकार ने अपना हिस्सा न डालकर ग्रामीणों और गरीबों को लाभ से वंचित रखा और सारा दोष केंद्र सरकार पर मढ़ती रही।

## 6 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 6 जनवरी को

**सोलन (यशपाल कपूर)।** एस.बी.आई. लाइफ इंश्योरेंस राजगढ़ रोड सोलन द्वारा सीनियर एजेंसी मैनेजर व डेवलपमेंट मैनेजर के 06 पदों पर भर्ती की जानी है। इनमें से 04 पद पूर्व सैनिकों एवं 02 पद सामान्य श्रेणी से भरे जाएंगे। यह जानकारी ि?ला रो?गार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि उक्त पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू 06 जनवरी, 2026 को प्रातः 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय सोलन में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएट व आयु 20 से 48 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपने योग्यता सम्बन्धी सभी अनिवार्य प्रमाण पत्र व दस्तावे?ों सहित ि?ला रो?गार कार्यालय सोलन में 06 जनवरी, 2026 को प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैंपस इंटरव्यू के लिए कोई भी यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।

## शाहपुर क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा




**शिमला।** उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया की अध्यक्षता में आज शाहपुर विधानसभा क्षेत्र से जु? शिक्षा एवं आधारभूत संरचना से संबंधित विभिन्न विकासात्मक कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिला कांग?ा के राजीव गांधी राजकीय मॉडल-डे-बोर्डिंग स्कूल, रैत के निर्माण कार्य से संबंधित विषय पर चर्चा की गई जिसमें विद्यालय के निर्माण कार्य के लिए विभागीय स्तर पर स्वीकृति मिलने की जानकारी भी दी गई। इसके अतिरिक्त, रि?कमार उप-तहसील दरीणी, तहसील शाहपुर, ि?ला कांग?ा में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा तथा शाहपुर राजकीय डिग्री कॉलेज में ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए आवश्यक धन राशि के प्रावधान पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। केवल सिंह पठानिया ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्यों को समयबद्ध तरीक़े से आगे ब?ाने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्र में शैक्षणिक सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जा सके। बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख वास्तुकार राजीव शर्मा, संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा राकेश कुमार के अतिरिक्त विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## पल्लवी की मौत के मामले में निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच करे सरकार : जयराम

> क्रिटिकल हालत में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था, मरीजों के स्वास्थ्य अधिकारों से खिलवा?
>
> भारत का दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था मोदी की नीतियों का परिणाम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग?ा की बिटिया पल्लवी की मौत बहुत दुःखद और पी?ादायक है। इस मामले में पुलिस और प्रशासन की तरफ से बार-बार लापरवाही के आरोप लग रहे हैं जो व्यवस्था परिवर्तन वाली सुख की सरकार की व्यवस्था पर गंभीर सवाल ख? करते हैं। इस मामले में मुख्यमंत्री को संज्ञान लेना चाहिए। यह मामला एक बेटी के न्याय से जु?ा हुआ है इसलिए इस मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए जिससे सारे तथ्य सामने आ सकें और पल्लवी को न्याय मिल सके। उन्होंने पल्लवी के निधन पर शोक प्रकट करते हुए परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

जयराम ठाकुर ने कहा की प्रदेश में लोगों की स्वास्थ्य व्यवस्था स्वयं ही बहुत क्रिटिकल हैं। माननीय उच्च न्यायालय की टिप्पणी की सरकार आउटसोर्स गर्मियों के भरोसे व्यवस्था को छो? कर प्रदेश वासियों के स्वास्थ्य अधिकारों के साथ खिलवा? कर रही है, अपने आप में हालात की गंभीरता बताने के लिए काफ़ी है।

प्रदेश सरकार के मुखिया आये दिन स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार को लेकर झूठ बोलते हैं लेकिन हकीकत ये है कि इलाज के अभाव में लोगों की जान मुसीबत में प? रही है। इसी हफ्ते रामपुर के कुहल पंचायत में एक महिला की दुःखद मृत्यु हुई क्योंकि वो खेत में काम करते हुए खाई में गिर गयी थी हैरानी की बात ये है कि जब उन्हें परिजन पीएचसी देवठी ले गए तो वहां पर डॉक्टर ही नहीं मिला इसी तरह पीएचसी तकलेच में भी डॉक्टर नहीं था कि प्राथमिक उपचार हो सके।

लोगों के जीवन से जु? मुद्दों को इतने में हल्के में लेना बहुत शर्मनाक बात है, लेकिन ये सरकार लोगों की जान से खेलने से बाज नहीं आ रही है। आये दिन सरकार की नाकामी और स्वास्थ्य व्यवस्था के क्रिटिकल होने की क़ीमत प्रदेश के लोग चुका रहे हैं। जयराम ठाकुर में कहा कि भारत ने जापान को पछा?ते हुए दुनिया की चौथी ब?ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा अपनाई गई दूरदर्शी, सुधारोन्मुखी और विकासशील आर्थिक नीतियों का सशक्त प्रमाण है। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी जैसे संरचनात्मक सुधारों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है और वैश्विक निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ाया है। आज भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत घरेलू मांग, युवा आबादी, तकनीकी नवाचार और बुनियादी ढांचे में रिकॉर्ड निवेश के कारण तेजी से आगे बढ़ रही है। बैंकिंग सुधार, एमएसएमई को समर्थन, राजकोषीय अनुशासन और समावेशी विकास पर जोर ने देश को इस मुकाम तक पहुँचाया है।

अब जल्दी से जल्दी पांच ट्रिलियन इकोनॉमी बनना फिर टॉप थ्री ब?ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होना प्रधानमंत्री का लक्ष्य है जो हम प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हासिल करके रहेंगे। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी देशवासियों को बधाई और केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया।




# बीजेपी ने 2100 का लालच देकर ली लाखों महिलाओं की वोट, अब थोप रही शर्त पर शर्त : भूपेंद्र सिंह हुड्डा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 2 जनवरी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भाजपा सरकार पर लाडो लक्ष्मी योजना के नाम पर महिलाओं के साथ मजाक करने और धोखा करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में सभी महिलाओं को 2100 रुपये मासिक देने का वादा किया गया था, लेकिन अब केवल चंद महिलाओं को ही यह राशि दी जा रही है। हुड्डा ने बताया कि 2024-25 में हरियाणा में 2.13 करोड़ लोग बीपीएल श्रेणी में थे, यानी इस योजना का लाभ लगभग 85 लाख महिलाओं को मिलना चाहिए था।

लेकिन वर्तमान में सरकार केवल 8 लाख महिलाओं को ही राशि देने की बात कर रही है। उसमें भी अब कहा जा रहा है कि महिलाओं को केवल 1100 रुपये मिलेंगे और 1000 रुपये जमा किए जाएंगे। इस पर भी आय की सीमा, बच्चों की शिक्षा तथा कुपोषण जैसी शर्तें थोप दी गई हैं। सरकार जानबूझकर



ऐसी शर्तें लगा रही है, जिससे ज्यादातर महिलाएं स्वतः लाभार्थी सूची से बाहर हो जाएं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने रोहतक स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

इससे पहले पंचायत विभाग में कार्यरत CPLO कर्मियों ने हुड्डा को ज्ञापन सौंपा। कर्मियों ने बताया कि उनकी भर्ती विज्ञापन संख्या 01/19-21 HPPA-07 के अनुसार दिसम्बर 2023 में CPLO पद के लिए की गई थी। इसके लिए 1000 रुपये फॉर्म फीस ली गई तथा प्री और मेन्स दोनों परीक्षाएं करवाई गई। लेकिन रिजल्ट के समय भर्ती का स्वरूप बदलकर छ्क्क्ह को ्स्य ऑपरेटर और स्ह्स्ह दो भागों में बांट दिया गया। ्स्य ऑपरेटर का वेतनमान 6000 रुपये मासिक तथा स्ह्स्ह का केवल कमीशन निर्धारित किया गया। कर्मियों को गलत पोस्ट पर जॉइनिंग दी गई, जो नियमों के विरुद्ध और असंवैधानिक है।

हुड्डा ने कहा कि सरकार को इन कर्मियों की मांगों एवं समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए तथा शीघ्र समाधान निकालना चाहिए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आगे कहा कि भाजपा ने हरियाणा की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है। चार्वाक की नीति पर चलते हुए सरकार ने लगातार कर्ज बढ़ाया है। 1966 से 2014 तक राज्य पर करीब 60 हजार करोड़ रुपये का कर्ज था, जो अब 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। यह प्रदेश की आर्थिक बदहाली को दर्शाता है।

## कुलभूषण गोयल ने अटल द्वार का लोकार्पण किया, सामुदायिक केंद्र जनता को समर्पित

**पंचकूला।** मेयर कुलभूषण गोयल ने शुक्रवार को ग्रामीणों को राहत देते हुए वार्ड 20 के गांव टोका में डेढ़ करोड़ की लागत से बने सामुदायिक केंद्र का शुभारंभ करते हुए जनता को समर्पित किया। गान को नए सामुदायिक केंद्र की सौगात मिलने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। उधर, पुराना पंचकूला से चंडीगढ़ और कालका जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित सूरज सिनेमा के पास अटल द्वार का शुक्रवार को विधिवत लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने इसका शुभारंभ किया। यह भव्य द्वार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति और उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए बनाया गया है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अजय मित्तल ने नगर निगम द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना की और इसे शहर की सुंदरता व नागरिक सुविधाओं में वृद्धि के रूप में देखा।



## समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता से निदान

मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से उपायुक्तों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**फतेहाबाद, 2 जनवरी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और समाधान की अपडेट रिपोर्ट समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर समयबद्ध तरीके से अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों से समाधान शिविर की समीक्षा बैठक ले रहे थे। वीडियो कॉन्फ्रेंस समीक्षा बैठक के बाद उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

डॉ. विवेक भारती ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की संतुष्टि और उनकी समस्या का स्थायी समाधान सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कोई भी विभागीय अधिकारी शिकायत को लंबित न रखें, शिकायतों की गहन जांच कर समाधान किया जाएं।

# नववर्ष के उपलक्ष्य पर निरंकारी सतगुरु का खुशियों और आशीष भरा पावन संदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** 'निरंकार की रजा में जीवन जीना ही सच्ची साधना है।' यह प्रेरणादायक प्रवचन निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा नववर्ष के शुभ अवसर पर दिल्ली स्थित ग्राउंड नम्बर 8, निरंकारी चैक, बुरा?ी रोड में आयोजित विशेष सत्संग समारोह में व्यक्त किए गये। इस सत्संग में दिल्ली, एन.सी.आर. सहित विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए। सभी भक्तों ने नव वर्ष के प्रथम दिन सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में उनके दिव्य दर्शन और प्रेरणादायक प्रवचनों से आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का सुखद आनंद प्राप्त किया।



सतगुरु माता जी ने अपने उद्बोधन में फरमाया कि नववर्ष का प्रथम दिवस हमें संतों के वचनों को सुनने और उन्हें जीवन में अपनाने का अनमोल अवसर देता है। जहाँ संसार वर्ष की शुरुआत मौज-मस्ती से करता है, वहीं संत सत्य और सत्संग का मार्ग चुनते हैं। सत्संग से आरंभ हुआ जीवन हर पल निरंकार के एहसास को और अधिक दृ? करता चला जाता है। तार्किक रूप से नववर्ष केवल धरती का सूर्य के चारों ओर एक चक्कर और ऋतुओं का परिवर्तन है। हम शुभकामनाएँ देते हैं और नए संकल्प लेते हैं, पर वास्तविक परिवर्तन तभी सार्थक होता है जब वह भीतर से आए। संत आत्ममंथन द्वारा सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं और निरंकार को सर्वोपरि मानते हुए सेवा, सुमिरन और सत्संग को जीवन की प्राथमिकता बनाते हैं।



## नशा रोकने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी आगे आना होगा : डॉ अशोक रंगा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 2 जनवरी।** नस्ल बचाओ अभियान के तहत नव वर्ष पर आज कलानौर शहर की बस स्टैंड वाली गली में नशे के विरूद्ध जागृति के लिए दूध महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को सर्दी के मौसम में गर्म दूध पिलाकर नशे के विरूद्ध जागृत किया गया तथा स्थानीय लोगों से आग्रह किया गया कि वे नशा करने वालों तथा बेचने वालों को नशा छुड़वाकर मुख्य धारा में सम्मिलित करवाऐं । भाजपा जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) रोहतक डॉ अशोक कुमार रंगा ने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए सरकार के साथ साथ सामाजिक लोगों को भी आगे आना होगा तथा कानून के साथ समाज में नशामुक्ति का संदेश देना होगा। यदि नशे में बढ़ोतरी होती है तो आज की नस्ल बर्बादी की तरफ जाएगी इसलिए नस्ल को बचाना जरूरी है जिसमें सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम् हो सकती है। इस दौरान पार्षद सन्नी ने युवाओं व अन्य लोगो को नशे के विरूद्ध सचेत करते हुए कहा कि नशे के कारण बहुत घर और परिवार बर्बाद होते हैं जबकि नशा तस्कर अपना उल्लू सीधा कर लेते हैं ।

# एक ही दिन में मनाया 950 बुजुर्गों का जन्मिदन, आरएसडीबीएम ट्रस्ट ने की पहल

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 2 जनवरी।** श्री राम सरनदास,भयाना,मेमोरियल,ट्रस्ट( आरएसडीबीएम ट्रस्ट ) की ओर से एक दिन में रिकॉर्ड 950 बुजुर्गों का जन्मदिन मनाया गया। ट्रस्ट की ओर से रोहतक के साथ-साथ भाली, सैंपल, मायना, बसाना और आनंदपुर गांवों में बुजुर्गों का उनके जन्मिदन पर पौधे भेंट करके उन्हें नये साल और जन्मदिन की,शुभकामनाएं दी। ट्रस्ट की इस अनोखी पहल से पर्यावरण संरक्षण और बुजुर्गों का सम्मान करने का संदेश दिया गया। श्री राम सरनदास भयाना मेमोरियल ट्रस्ट के चेयरमैन सुमित भयाना ने बताया कि विशेषकर बुजुर्गों की सेवा के लिए ट्रस्ट की



शुरुआत की गई थी और इस उद्देश्य को पूरा भी किया जा रहा है। ट्रस्ट में रजिस्ट्रड सदस्यों में से करीब 950 ऐसे बुजुर्ग हैं, जिनका जन्मदिन एक जनवरी को हैं। ट्रस्ट की टीम ऐसे सभी बुजुर्गों के घर पहुंची और एक-एक पौधा भेंट किया। बता दें कि ट्रस्ट की ओर से रोहतक और आसपास के पांच गांवों में मरीजों को निशुल्क एंबुलेंस सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है। किसी भी मरीज को अस्पताल में जाना है तो ट्रस्ट के फोन नंबर पर कॉल करके गाड़ी या एंबुलेंस की सेवा ले सकता है। सेवा का यह सिलसिला 7 साल से भी ज्यादा समय से चल रहा है। पहले ट्रस्ट ने एंबुलेंस सेवा सिर्फ रोहतक में शुरू की थी, अब यह शटल सेवा आसपास के पांच गांवों में भी चल रही है। बॉक्स कड़कड़ाती ठंड में सेवा का जज्बा श्री राम सरनदास भयाना मेमोरियल ट्रस्ट की टीम के करीब 16 सदस्य सुबह-सुबह ही बुजुर्गों का जन्मदिन मनाने निकल चुके थे। जनवरी की कड़कड़ाती हाड़ कंपाने वाली ठंड में भी सेवा का जज्बा जारी रहा।

## गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर शहर में निकाला नगर कीर्तन

**समालखा (मनदीप कुमार)।** खालसा पंथ के संस्थापक एवं दशम सिख गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर शहर के सिख समाज नें नगर कीर्तन निकाला। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसमें पार्षद मनीष बेनिवाल के पिता भी सम्मलित हुए। नगर कीर्तन पुराना बस स्टैंड से शुरू होकर रेलवे रोड से होते हुए गुरुद्वारा मॉडल टाउन पर समाप्त हुआ। जहां नगर कीर्तन के दौरान रास्ते भर में विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के द्वारा लगाए गए शिविर में संगत के लिए लंगर वितरित किया गया। नगर कीर्तन के दौरान सजे हुए दीवान के आगे श्रद्धालु महिलाएं और पुरुष सेवा भाव से सड़क पर झाड़ू लगाते हुए चल रहे थे, जो सिख परंपरा की विनम्रता और सेवा भावना को दर्शाता है। जगह-जगह सिख समाज के युवकों ने गतका के करतब दिखाकर लोगों को आकर्षित किया। बच्चे भी पंच प्यारे के वेश में नजर आए। नगर कीर्तन की अध्यक्षता सरदार जगतार सिंह बिल्ला और गोपाल सिंह ने की।

# गजेंद्र फौगाट बने फ्लोरबाल संघ के प्रदेशाध्यक्ष प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों ने लगाई मुहर : दीपेंद्र

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 2 जनवरी।** प्रख्यात कलाकार, मुख्यमंत्री के ओएसडी व राष्ट्रीय पदक प्राप्त खिलाड़ी रहे गजेन्द्र फौगाट को हरियाणा फ्लोरबाल संघ का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। फ्लोरबाल संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपेंद्र आर्य ने ये जानकारी देते हुए बताया कि फ्लोरबाल संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक मानसरोवर पार्क स्थित श्रीराम रंगशाला में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से सभी जिलाध्यक्षों व पदाधिकारियों ने गजेंद्र फौगाट के नाम पर एकमत से मुहर लगाई। इस मौके पर प्रदेश के उपाध्यक्ष सुभाष रुहिल व विकास,



महासचिव सुशील शास्त्री, कोषाध्यक्ष सुरजीत नैन ने पगड़ी व फूल मालाओं से गजेंद्र फौगाट का स्वागत किया। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र फौगाट ने सभी जिलाध्यक्षों व सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा खेलों की धरती है और फ्लोरबाल जैसे उभरते खेलों में भी प्रदेश नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि खेल विभाग व हरियाणा ओलंपिक संघ द्वारा खिलाडि?ों को बेहतर सुविधाएं व मंच उपलब्ध कराने के प्रयास सराहनीय हैं।

फौगाट ने विश्वास दिलाया कि संघ के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को फ्लोरबाल के प्रति प्रेरित किया जाएगा, जिला व राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा प्रतिभाशाली खिलाडि?ों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाएगी। इस मौके पर डॉ. दीपेंद्र आर्य ने बताया कि फौगाट स्वयं 1999 बैच के एमपीएड हैं व बास्केटबाल के राष्ट्रीय पदक प्राप्त खिलाड़ी हैं।




# एग्री स्टैक पोर्टल पर आईडी बनवाना किसानों के लिए अनिवार्य : डीसी आयुष

कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को एग्री स्टैक पोर्टल से जुड़ना जरूरी

एग्री स्टैक पोर्टल पर आईडी बनाने के लिए जिला भर में विशेष कैंप, डीसी ने पंजीकरण कराने की अपील की

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा किसान हित में दिनांक = 18 दिसंबर 2025 से एग्री स्टैक पोर्टल की शुरुआत की गई है। इस पोर्टल के माध्यम से प्रदेश के सभी काश्तकार किसानों की एक यूनिक आईडी बनाई जाएगी, जिससे किसान अपनी भूमि से संबंधित सभी रिकॉर्ड ऑनलाइन देख सकेंगे और भविष्य



में कृषि से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

उपायुक्त (डीसी) आयुष सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन द्वारा गांव-गांव जाकर विशेष कैंपों के माध्यम से किसानों की एग्री स्टैक पोर्टल पर आईडी बनाई जा रही है। प्रत्येक गांव में गठित टीम में राजस्व विभाग से एक पटवारी, कृषि विभाग से एक अधिकारी तथा एक कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल है।

डीसी ने आयुष सिन्हा बताया कि किसान जिस भी गांव में प्रशासन द्वारा कैंप लगाए जा रहे हैं, वहां अपनी आधार कार्ड की प्रति, आधार से लिंक मोबाइल नंबर तथा जमीन की फर्द साथ लेकर आएं और अपनी आईडी अवश्य बनवाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो किसान एग्री स्टैक पोर्टल पर आईडी बनवाने से वंचित रह जाएंगे, वे भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि यंत्रों पर अनुदान, खाद सब्सिडी सहित अन्य कृषि योजनाओं के लाभ से वंचित रह सकते हैं।

यह कैंप शनिवार, 03 जनवरी और रविवार, 04 जनवरी 2026 को जिले की विभिन्न तहसीलों के अंतर्गत आने वाले गांवों में आयोजित किए जाएंगे। जिनका विवरण इस प्रकार है : तहसील फरीदाबाद के अंतर्गत ताजपुर, बदरपुर सैद, मोजमाबाद/भसकोला और महावतपुर में; तहसील तिगांव में शिकारगाह, तिगांव, चिरसी और फरीदपुर में; तहसील बड़खल में पाली, पाखल और खेड़ी गुजरान में; तहसील धौज में फतेहपुर तगा, सिरोही और खोरी जमालपुर में; तहसील गौंछी में फिरोजपुर कला और भनकपुर में; तहसील बल्लभगढ़ में फतेहपुर, डीग, शाहपुर कला, बहबलपुर, लढ़ौली और नंगला जोगियान में; तहसील दयालपुर में मंझावली, बुखारपुर और लेहडौला में तथा तहसील मोहना में मोहना, छायंसा, साहूपुर और नरियाला/पन्हेड़ा खुर्द में एग्री स्टैक पोर्टल पर आईडी बनवाने के कैंप लगाए जाएंगे। डीसी ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने नजदीकी कैंप में पहुंचकर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराएं, ताकि सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ समय पर और सुगमता से प्राप्त किया जा सके।

# राजस्व के सभी मामलों का मेरिट के आधार पर हो निस्तारण: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

- शुक्रवार को राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री जी ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश
- प्रदेश के सभी जनपदों में रोवर आधारित पैमाइश की जल्द लागू हो व्यवस्था
- नामांतरण के वादों का ऑटो मोड पर हो निस्तारण, चकबंदी प्रक्रिया को बनाएं पारदर्शी, हो नियमित मॉनिटरिंग
- प्रदेश में शीतलहर को देखते हुए अलाव, रैनबसेरों तथा कंबल वितरण की प्रक्रिया को तेज करने के दिये निर्देश
- मुख्यमंत्री जी ने युद्ध स्तर पर और मिशन मोड में कार्यों को पूर्ण करने के दिये निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 2 जनवरी।** राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में राजस्व के सभी मामले, चाहे वह पैमाईश से संबंधित हो, नामांतरण से संबंधित हो या फिर आबादी दर्ज करने से संबंधित हो, सभी का निपटारा मेरिट के आधार पर तय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग सभी लंबित मामलों में जवाबदेही तय करते हुए इनका निर्धारित समायवधि में निस्तारण सुनिश्चित करे। साथ ही, प्रदेश के सभी जनपदों में रोवर आधारित पैमाइश प्रणाली को लागू करने के लिए निर्देश दिए।

**ऑटोमोड पर कार्य करे नामांतरण प्रक्रिया**

मुख्यमंत्री जी ने नामांतरण व वरासत के मामलों को लेकर निर्देश दिये कि ऐसी प्रणाली विकसित की जाए जिससे यह कार्य ऑटो मोड पर हो सके। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह नागरिकों को सुगम और समयबद्ध न्याय दिलाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। इससे अतिरिक्त, चकबंदी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने, नक्शा और रोवर आधारित पैमाइश प्रणाली को लागू करने के प्रयासों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उनके अनुसार, प्रदेश के सभी जिलों में रोवर से पैमाइश के लिए रोवर की खरीद ही नहीं बल्कि ट्रेनिंग कराने तथा प्रक्रिया को धरातल पर उतारने के लिए फ्रेमवर्क को तैयार किया जाए। जनपदों में रोवर आधारित पैमाइश को पूर्ण करने के लिए ट्रेनिंग हेतु इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेनिक एवं आईटीआई का सहयोग भी लिया जा सकता है।

**कार्यों की प्रगति में लाएं तेजी, उन्हें शत प्रतिशत समय से पूरा करने पर करें फोकस**

मुख्यमंत्री जी ने समीक्षा बैठक में राजस्व विभाग को निर्देश दिये कि सभी कार्यों की प्रगति में तेजी लाते हुए उन्हें शत प्रतिशत पूर्ण करने पर फोकस करें। मुख्यमंत्री जी ने निर्देशित किया कि भू-अभिलेखों के डिजिटलीकरण कार्य में तेजी लाते हुए इन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए। विभागीय निगरानी सरल हो और इसका लाभ आमजन को मिले। धारा 80 के अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए राजस्व परिषद के स्तर पर कॉल सेंटर जैसी प्रणाली की जाए विकसित।

**तकनीकी रूप से पारदर्शी व्यवस्था हो सुनिश्चित**

मुख्यमन्त्री जी ने चकबंदी प्रक्रिया में तकनीकी के प्रयोग और यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान रजिस्ट्री, पैमाइश और खसरा पड़ताल से जुड़े सभी लम्बित प्रकरणों का समाधान तय समय सीमा में अनिवार्य रूप से किया जाय। उन्होंने आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा निवास प्रमाण पत्र जैसी शासकीय सेवाओं सेवा को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, प्रदेश में शीतलहर को देखते हुए रैन बसेरों में व्यवस्थाओं का सुचारू प्रबंधन, सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था तथा कंबल वितरण को लेकर राजस्व विभाग को कार्यप्रणाली में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्यों को मिशन मोड में युद्धस्तर पर पूरा किया जाए।



मुख्यमंत्री जी ने ग्राम पंचायतों में लगी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की मूर्तियों/स्मारकों को सुरक्षित करने के लिए समाज कल्याण विभाग के सहयोग से बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य को भी आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने लेखपालों को पंचायत भवनों में अपना कार्यालय बनाकर जनसमस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री जी ने जनपद स्तर पर एकीकृत बहुमंजली कार्यालय का निर्माण हो, जहां जिलाधिकारी के साथ साथ समस्त जनपदीय कार्यालय उसमें समाहित हों।

## गांधीजी की दुनिया में सबसे ऊंची मूर्ति गांधी सरोवर में बनेगी: रेवंत रेड्डी

अर्थ प्रकाश /हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार महत्वाकांक्षी मूसी नदी जीर्णोद्धार परियोजना के अंतर्गत गांधी सरोवर (बहू घाट), लंगर हाउस में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में कहा कि बापू घाट का बहुत ऐतिहासिक महत्व है, क्योंकि यह मूसी और ईसा नदियों का संगम स्थल है, जहां महात्मा गांधी की अस्थियों का विसर्जन किया गया था। इस बात पर बल देते हुए कि मानव सभ्यता हमेशा नदी घाटियों के किनारे ही फली-फूली है, उन्होंने काकातीयों से लेकर निजाम युग तक हैदराबाद की जल प्रबंधन विरासत पर बात की। श्री रेड्डी ने याद दिलाया कि 1908 की विनाशकारी बाढ़ के बाद, निज़ाम सरकार ने स्थायी समाधान के रूप में उस्मान सागर और हिमायत सागर जलाशयों का निर्माण किया, जो आज भी हैदराबाद की पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि आलोचनाओं के बावजूद उनकी सरकार ने इन जलाशयों के प्रदूषण को रोकने के लिए कड़े कदम उठाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने लंदन, न्यूयॉर्क, जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर जैसे वैश्विक शहरों में नदी तट विकास मॉडल का अध्ययन किया है और पाया है कि सभी विश्व स्तरीय शहर अपने नदी घाटियों की रक्षा करते हैं। गुजरात में साबरमती नदी तट और उत्तर प्रदेश में गंगा के जीर्णोद्धार का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ऐसी पहलों के खिलाफ नहीं है और मूसी नदी के लिए भी इसी तरह की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपना रही है। मूसी नदी में गंभीर प्रदूषण का जिक्र करते हुए श्री रेड्डी ने कहा कि औद्योगिक अपशिष्ट, पशुओं के शव और अनुपचारित मलजल के कारण नदी के निचले इलाकों, विशेषकर नालगोंडा जिले में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो गयी हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को नदी में स्वच्छ जल प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञ परामर्श के साथ विस्तृत योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। सरकार मूसी नदी की समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए गोदावरी नदी के पानी को मोड़ने की योजना बना रही है, जिसमें से 15 टीएमसी पेयजल के लिए और पांच टीएमसी पानी नदी में निरंतर स्वच्छ प्रवाह बनाये रखने के लिए उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एशियाई विकास बैंक ने परियोजना के लिए 4,000 करोड़ रुपये का ऋण देने पर सैद्धांतिक सहमति दी है, जबकि केंद्र ने गांधी सरोवर के विकास को मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परियोजना के लिए रक्षा भूमि आवंटित करने पर अस्थायी सहमति दी है। श्री रेड्डी ने गांडीपेट से गौरेली तक 55 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर की योजना की भी घोषणा की और कहा कि हैदराबाद का मूल केंद्र, पुराना शहर, दुनिया के बेहतरीन शहरी केंद्रों में से एक बनेगा। उन्होंने कहा कि अगले दो दशकों में शहरीकरण 75 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा। उन्होंने इस पर विधायकों से रचनात्मक सुझाव भी मांगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प हैदराबाद को विश्व स्तरीय शहर में परिवर्तित करना है। उन्होंने कहा कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार होने के बाद, इसे सुझावों के लिए सभी विधायकों के साथ साझा किया जाएगा।

## राजस्थान में शीतलहर और कोहरे से लोगों का जनजीवन प्रभावित, आंगनवाड़ी केंद्रों में 10 जनवरी तक छुट्टी

अर्थ प्रकाश /जयपुर। जयपुर में कड़ाके की ठंड जारी है, जिसके चलते जिला कलेक्टर ने 2 जनवरी से 10 जनवरी तक आंगनवाड़ी केंद्रों में छुट्टियों की घोषणा की है। मौसम विज्ञान केंद्र के डायरेक्टर राधेश्याम शर्मा के अनुसार, राजस्थान में रविवार से ठंड और बढ़ने वाली है, और राजस्थान के कुछ हिस्सों में रात का तापमान गिरकर लगभग 4 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में शीतलहर चलेगी, जिससे कई इलाकों में न्यूनतम तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। कड़ाके की ठंड के कारण, श्री गंगानगर में आंगनवाड़ी केंद्र 10 जनवरी तक बंद कर दिए गए हैं। वहीं, गुरुवार को ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, हालांकि सिरोही में सबसे कम 7.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। कई शहरों में दिन और रात का तापमान लगभग एक जैसा था। श्री गंगानगर में इस मौसम का सबसे कम अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जबकि जयपुर, अलवर, बीकानेर और चूरू में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। जयपुर और सीकर समेत कई जिलों में बादल छाए रहे, जिससे ठंड बढ़ गई। गुरुवार देर शाम उत्तरी जिलों में कोहरा छाने लगा, और नए साल की शुरुआत से ही ठंड और घने कोहरे के मिले-जुले असर से दिक्कतें हो रही हैं। शुक्रवार सुबह, घने कोहरे के कारण जयपुर, भरतपुर, सीकर और दौसा समेत कई जिलों में विजिबिलिटी घटकर लगभग 50 मीटर रह गई। जैसलमेर और उदयपुर में भी फ्लाइट ऑपरेशन प्रभावित होने की संभावना है और इंडिगो एयरलाइंस ने इन शहरों से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। मौसम विभाग ने लोगों को अगले कुछ दिनों तक सावधान रहने की सलाह दी है, क्योंकि शीतलहर और कोहरा बने रहने की उम्मीद है, खासकर राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में। इस बीच, पिछले 24 घंटों में, पश्चिमी विक्षोभ के असर से जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर और भरतपुर डिवीजनों के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज़्यादा 26 एमएम बारिश बीकानेर जिले के डूंगरगढ़ में हुई। गुरुवार को जयपुर और भरतपुर डिवीजनों के कुछ इलाकों में भी हल्की बारिश हुई। इस सर्दियों की बारिश से किसानों को राहत और खुशी मिली है, क्योंकि कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यह खड़ी रबी की फसलों के लिए फायदेमंद है। इस बीच, मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए डबल अलर्ट जारी किया है। भरतपुर, दौसा, डीग, धौलपुर, झुंझुनू, करौली, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, सवाई माधोपुर, सीकर, चूरू, हनुमानगढ़ और श्री गंगानगर सहित कई जिलों के लिए बहुत घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## इंदौर में मौतें नहीं हत्या हुई है, एफआईआर दर्ज हो: जीतू पटवारी

अर्थ प्रकाश /भोपाल। मध्य प्रदेश के इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों पर कांग्रेस ने एक बार फिर हमला बोला है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इन मौतों को सीधे तौर पर हत्या करार दिया है और प्रकरण दर्ज किए जाने की मांग की है। वहीं यूथ कांग्रेस ने इंदौर की घटना पर विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार की ओर से जो बयान आ रहे हैं, वह पूरे घटनाक्रम पर पर्दा डालने की कोशिश है। जहरीला पानी पीने से 15 लोगों की मौत हुई है अगर इसके लिए किसी को दोषी ठहराया जाए तो स्वाभाविक तौर पर इसके लिए सत्ता का अहंकार और भ्रष्टाचार सबसे घातक हथियार है। ये हत्याएं हुई हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि अधिकारियों में और महापौर में समन्वय की कमी है और सीएम मोहन यादव ने भी कहा कि अधिकारियों की कमी है। वहीं, महापौर ने भी अधिकारियों द्वारा उनकी बात न सुने जाने का आरोप लगाया है। जीतू पटवारी का आरोप है कि भाजपा अधिकारियों के सहारे अपने भ्रष्टाचार को छुपाना चाहती है। अधिकारी भी भ्रष्टाचार के हिस्सेदार हैं, भाजपा नेता अधिकारियों को टारगेट कर रहे, ये अपने पाप को छुपा रहे हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग की है, महापौर पर एफआईआर होना चाहिए। जो अधिकारी इसमें शामिल हैं उस पर एफआईआर होना चाहिए। इसके साथ गैर इरादतन हत्या का मामला भी दर्ज किया जाना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर के कोकरनाग में ट्रैकिंग, कैंपिंग और हाइकिंग पर रोक

अर्थ प्रकाश/ श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में अधिकारियों ने शुक्रवार को सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए कोकरनाग के ऊंचे इलाकों और जंगलों में ट्रैकिंग, कैंपिंग, हाइकिंग और इसी तरह की बाहरी गतिविधियों पर रोक लगा दी। कोकरनाग एसडीएम की ओर से जारी आदेश में हाल की घटनाओं का जिक्र किया गया, जिसमें कहा गया है कि कुछ लोगों ने देर रात के घंटों में नाका/चेकपॉइंट पार करने की कोशिश की है, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा से संबंधित गंभीर सुरक्षा चिंताएं पैदा हुई है। यह भी कहा गया कि मार्गन टॉप, चौहर नाग और सिंथन टॉप के इलाकों में बिना रोक-टोक आवाजाही और ट्रैकिंग, कैंपिंग, हाइकिंग और इसी तरह की बाहरी गतिविधियां सार्वजनिक सुरक्षा और संरक्षा पर बुरा असर डाल सकती हैं। आदेश में कहा गया कि मैं प्रिंस कुमार, कोकरनाग सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए यह आदेश देता हूं कि मार्गन टॉप, चौहर नाग और सिंथन टॉप के इलाके में ट्रैकिंग, कैंपिंग, हाइकिंग और सभी दूसरी इसी तरह की आउटडोर एक्टिविटीज़ पर तुरंत असर से रोक लगाई जाती है। एसडीएम की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि लरनू स्टेशन हाउस ऑफिसर इस आदेश को सख्ती से लागू करना सुनिश्चित करेंगे और नाका/चेकपॉइंट पर आवाजाही को रेगुलेट करेंगे। यह भी कहा गया है कि आम जनता को इस आदेश का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया जाता है। किसी भी उल्लंघन पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। आदेश में आगे कहा गया है कि यह आदेश जारी होने की तारीख से दो महीने तक लागू रहेगा, जब तक कि इसे पहले वापस न ले लिया जाए या कानून के अनुसार बढ़ाया न जाए। यह आदेश ऐसे समय आया है जब जम्मू डिवीजन के पुंछ, राजौरी और किश्तवाड़ जिलों के ऊपरी इलाकों में जॉइंट सुरक्षा बल बड़े पैमाने पर आतंकवाद विरोधी अभियान चला रहे हैं। यह घाटी कोकरनाग इलाके में सिंथन टॉप के जरिए किश्तवाड़ जिले से जुड़ी हुई है। ये जॉइंट ऑपरेशन आतंकवादियों, उनके ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) और हमदर्दों को निशाना बना रहे हैं। इस कोऑर्डिनेटेड तरीके का मकसद सिर्फ बंदूक चलाने वाले आतंकवादियों के पीछे जाने के बजाय आतंकवाद के पूरे सपोर्ट सिस्टम को खत्म करना है।

### 2026 में बंगाल विधानसभा चुनाव एनडीए जीतेगी: केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर

अर्थ प्रकाश/ पटना। बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने दावा किया है कि यह चुनाव एनडीए ही जीतेगी। पटना में देशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम लोगों ने बिहार चुनाव में शानदार जीत हासिल की। इसी प्रकार 2026 के बंगाल विधानसभा चुनाव में एनडीए जीतेगी और बंगाल की जनता के हित में कार्य करेगी। एसआईआर को लेकर टीएमसी नेताओं के बयान पर रामनाथ ठाकुर ने कहा कि विपक्षी दलों का काम विरोध करना है और वोटर लिस्ट को ठीक करना चुनाव आयोग का काम है। विपक्ष को चाहिए कि वे बेवजह भ्रम न फैलाएं और आयोग को एसआईआर करने में सहयोग करें। इंदौर में दूषित पानी के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि इसकी निगरानी होनी चाहिए और मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस मामले में जो भी अधिकारी दोषी पाए जाएंगे, उन्हें सजा दी जाएगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 15 अगस्त 2027 तक भारत की पहली बुलेट ट्रेन शुरू करने की घोषणा की है। इस पर केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि अभी तो 26 तारीख ही है और एक साल बाकी है। रेल मंत्री ने घोषणा की है और अच्छी बात यह है कि उन्होंने कहा है कि ट्रेन चलेगी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह के घुसपैठ वाले बयान पर रामनाथ ठाकुर ने कहा कि चुनाव के वक्त सभी राजनीतिक दल जनता से वोट की अपील करते हैं। जहां तक अमित शाह की बात है, तो उन्होंने भी इसी संदर्भ में कहा है। फिल्म अभिनेता शाहरुख खान की आईपीएल टीम केकेआर में एक बांग्लादेशी खिलाड़ी खरीदने पर आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुर के बयान पर रामनाथ ठाकुर ने कहा कि इस मामले में वहां के लोग निर्णय लेंगे कि क्या करना है। इस मामले में भारत सरकार फैसला लेगी। बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर उन्होंने कहा कि यह एक दुखद घटना है। भारत सरकार इस पर नजर रख रही है कि क्या करना है।

### तमिलनाडु कांग्रेस में अंदरूनी संकट, सांसद ज्योतिमणि ने पार्टी नेतृत्व पर उठाए सवालो

अर्थ प्रकाश/चेन्नई। कांग्रेस की तमिलनाडु इकाई में चल रहे आंतरिक विवाद अब खुलकर सामने आने लगे हैं। कांग्रेस सांसद ज्योतिमणि ने शुक्रवार को पार्टी की कार्यप्रणाली और नेतृत्व पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। ज्योतिमणि ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'कोई भी राजनीतिक पार्टी चुनाव के समय अपने ही सांसद को चुनाव आयोग को पोलिंग बूथ एजेंटों की लिस्ट जमा करने से रोकना नहीं चाहेगी। लेकिन कांग्रेस पार्टी में ऐसा हो रहा है। तमिलनाडु कांग्रेस में जो घटनाएं हो रही हैं, वे बहुत चिंताजनक हैं। नीतिगत रुख और राजनीतिक गतिविधियों को कमजोर करने की कोशिशें बहुत परेशान करने वाली हैं। हर दिन, तमिलनाडु कांग्रेस गलत कारणों से खबरों में रहती है, जिनका लोगों के मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। तमिलनाडु अलगाववादी, सांप्रदायिक और हिंसक ताकतों से एक अभूतपूर्व खतरे का सामना कर रहा है।' उन्होंने आरोप लगाया कि एक समूह किसी भी तरह से सत्ता हथियाने का इंतजार कर रहा है, लोगों की भावनाओं को भड़का रहा है, और फिर इस धरती के सामाजिक न्याय, आत्म-सम्मान, जन-केंद्रित राजनीति और विकास को खत्म करना चाहता है, जिन्हें पेरुंथलाइवर कामराजर और पेरियार जैसे महान नेताओं ने बनाया और संरक्षित किया था। इस स्थिति में सभी राजनीतिक पार्टियों की जिम्मेदारी है कि वे आने वाले चुनाव को पूरी सावधानी से संभालें। उन्होंने कहा कि यह सवाल लाजिमी है कि क्या कांग्रेस पार्टी इस बड़ी जिम्मेदारी को सच में समझती है। हमें उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावनाओं को नहीं छोड़ना चाहिए जो 60 साल तक सत्ता में न होने के बावजूद हर शहर में गर्व से कांग्रेस का झंडा उठाए हुए हैं, और न ही हमें तमिलनाडु के उन लोगों को छोड़ना चाहिए जो सामाजिक न्याय, आत्म-सम्मान और राज्य के अधिकारों के लिए अपनी लड़ाई में दृढ़ हैं और सांप्रदायिक और अलगाववादी साजिशों के आगे झुकने से इनकार करते हैं।

## खरड़ हलके में अलग-अलग पार्टियों के नेताओं के लिए बीता साल कुछ के लिए अच्छा तो कुछ के लिए बुरा रहा- अकाली नेता श्याम लाल माजरियां , भाजपा नेता रणजी सिंह राणा गिल, कांग्रेसी नेता कमलजीत चावला, खेड़ा, टिंकू, जीती, गगन मान, पडियाला भी हलचल से अपनी मौजूदगी दर्ज कराते दिखे का बीते साल का भविष्य तय करेगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जे के बत्ता न्यू चंडीगढ़**

अब खरड़ हलके के लोग किस नेता का भविष्य तय करेंगे । इस बीते साल 2025 की राजनीतिक उठापटक जहां शिरोमणि अकाली दल के लिए अच्छी रही, वहीं भाजपा ने भी अपने वोट बैंक के ग्रामीण इलाकों में एंट्री फॉर्म भरने में काफी तरक्की की है। कांग्रेस की हलचल भी पूरे साल चलती रहीं। इसी तरह, आम आदमी पार्टी के लिए हलके लेवल पर लोगों के बीच लोकप्रियता का ग्राफ पहले जैसा नहीं रहा, शायद सत्ताधारी पार्टी के नेता फिलहाल मेहनत और कोशिश की ज़रूरत को सही नहीं मानते। शिरोमणि अकाली दल के सीनियर यूथ लीडर रविंदर सिंह खेड़ा की हलचल हलके स्तर पर देखने को मिलीं, जिससे समिति चुनावों में पार्टी की परफॉर्मेंस बढ़ी और वर्करों में जोश और आम लोगों का क्षेत्रीय पार्टी अकाली दल के प्रति लगाव फिरसे जागा। इसके अलावा अकाली लीडर चौधरी श्याम लाल मजरियां ने भी इस बार अपनी खूब मेहनत और लगन से लोगों से मिलते-जुलते दिखे तथा अपना रूतबा बनाया । इस साल कांग्रेस ने जिला प्रधान रणजीत सिंह जीती पडियाला को हटाकर उनकी जगह नए प्रधान कमल किशोर शर्मा को मनोनीत किया गया । जीती पडियाला की हलचल भी पूरे साल ज़ोर-शोर से जारी रहीं, वहीं नए मनोनित प्रधान कमल शर्मा भी हर लेवल पर अपनी मेहनत में बिजी हैं। सीनियर कांग्रेसी नेता व पूर्व वाइस चेयरमैन पंजाब गउ सेवा कमीशन श्री कमलजीत सिंह चावला ने भी लोगो के दिलों में अपनी जगह बनाई है तथा लोकप्रिय है । पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर और सत्ताधारी आम आदमी पार्टी की मौजूदा विधायक मैडम अनमोल गगन मान ने शुरू से ही आम लोगों से अपना कम मिलना-जुलना रखा, जिससे उन्हें एक पॉलिटिकल लीडर के तौर पर अपनी पॉपुलैरिटी बनाए रखने में कुछ नुकसान भी हुआ। मार्कफेड चेयरमैन और आम आदमी पार्टी के हलके लीडर नरिंदर सिंह शेरगिल बड़े फ्लेक्स में छाए रहे लेकिन अपनी आदत के मुताबिक आम इवेंट्स में कहीं नजर नहीं आए। इसी तरह आम आदमी पार्टी के युवा नेता परमिंदर सिंह गोल्डी भी पूरे साल लोगों के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज कराते दिखे। समाजसेवी राणा रणजीत सिंह गिल, जिन्होंने पल भर में शिरोमणि अकाली दल को अलविदा कहकर भाजपा का दामन थाम लिया था, ने भाजपा में शामिल होते ही खरड़ हलके में भाजपा में नई जान फूंक दी। इसका एक संकेत यह भी था कि भाजपा के इतिहास में पहली बार समिति चुनाव में हर जोन में उम्मीदवार खड़े दिखे और हलके में राणा गिल की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं थी। भाजपा के नेता विनीत जोशी भी खरड़ हलके में माइनिंग माफिया के खिलाफ उनके द्वारा चलाए गए जोरदार अभियान से परेशान इलाके के लोगों के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज कराने में कामयाब रहे। दलविंदर सिंह बेनीपाल, जो लंबे समय से समाज सेवा में लगे हुए हैं और गांवों में युवा पीढ़ी को स्पोर्ट्स किट और लंगर पहुंचा रहे हैं, उन्हें इस साल इलाके के लोगों ने लंगर वाला बाबा का टाइटल देकर सम्मानित किया।

## नई वार्डबंदी में धांधली को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब के राज्यपाल से की मुलाकात, कार्रवाई का भरोसा मिला: एडवोकेट एन.के. वर्मा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ़**

आज नई वार्डबंदी के मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी, पंजाब का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल पंजाब के महामहिम राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया जी से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपते हुए मामले में हस्तक्षेप की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पंजाब भाजपा के प्रधान श्री अश्वनी शर्मा ने किया। इस प्रतिनिधिमंडल में पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री श्री सोम प्रकाश, भाजपा लीगल सेल के इंचार्ज एवं वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट श्री एन.के. वर्मा, पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री मनोरंजन कालिया, श्री श्वेत मलिक, श्री केवल सिंह ढिल्लो, भाजपा जनरल सेक्रेटरी श्री परमिंदर सिंह बराड़, मीत प्रधान श्री सुभाष शर्मा, श्री रणजीत सिंह गिल, श्री फतेहजंग सिंह बाजवा तथा श्री विनीत जोशी शामिल थे।



प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल को अवगत कराया कि राज्य सरकार नगर निगमों और नगर परिषदों की वार्डबंदी में भारी स्तर पर अनियमितता और धांधली कर रही है। बिना घर-घर सर्वे कराए तथा अप्रमाणिक और संदिग्ध जनसंख्या आंकड़ों के आधार पर वार्डों का गठन किया जा रहा है। कई प्रस्तावित वार्डों में जनसंख्या को अस्वाभाविक रूप से कम दर्शाया गया है, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं। भाजपा नेताओं ने बताया कि नई वार्डबंदी की प्रक्रिया में भौगोलिक निरंतरता और प्रशासनिक सुविधा की पूरी तरह अनदेखी की गई है। दूर-दराज़ और असंबद्ध इलाकों को जबरन एक-दूसरे से जोड़ दिया गया है। विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में गंभीर अनियमितताएँ सामने आई हैं—जहाँ अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या अधिक है, उन वार्डों को जनरल श्रेणी में रखा गया है, जबकि जहाँ उनकी संख्या कम है, वहाँ आरक्षण दर्शाया गया है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी रेखांकित किया कि भारत सरकार द्वारा 16वीं जनगणना के लिए जारी अधिसूचनाओं में नगर पालिका और वार्ड सीमाओं को फ्रीज़ करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार द्वारा वार्डबंदी की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाना कानून का उल्लंघन है तथा राज्यपाल द्वारा जारी अधिसूचनाओं की भी अवहेलना है। भाजपा नेताओं का कहना था कि सरकार का उद्देश्य निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना नहीं, बल्कि सत्ता का दुरुपयोग कर राजनीतिक लाभ उठाना प्रतीत होता है।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल से पूरे मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया, ताकि संविधान, कानून और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। नेताओं ने स्पष्ट किया कि भाजपा इस मनमानी के खिलाफ संवैधानिक और कानूनी लड़ाई लड़ेगी तथा वार्डबंदी केवल प्रामाणिक जनगणना आंकड़ों और नियमों के अनुसार ही स्वीकार्य होगी—इस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही भाजपा लीगल सेल के इंचार्ज वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट श्री एन.के. वर्मा ने बताया कि महामहिम राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और मामले में उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

## ओबीसी संगठन कालका ब्रांच द्वारा कारखाना कालका में नव वर्ष 2026 पर मीटिंग एवं पार्टी कर बड़ी धूम धाम से मनाया गया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कालका जग्गी**

मीटिंग के मुख्य अतिथि निर्माण प्रबंधक श्री हरदेव सिंह जी रहें। ओबीसी की मीटिंग/पार्टी में NRMU कालका शिमला शाखा के शाखा मंत्री श्री जय प्रकाश, अध्यक्ष श्री कमल किशोर शर्मा, NRMU कारखाना से शाखा अध्यक्ष श्री कमल कुमार, कोषाध्यक्ष श्री प्रकाश चंद, ऋरू कारखाना से शाखा सचिव श्री विकास तलवार, अध्यक्ष श्री रविंदर शर्मा, SC/ST कारखाना से श्री मुकेश मीणा, शंकर कश्यप, SC/ST (डिविजन) से शाखा सचिव श्री राजेश कुमार प्रेमी, जी IOW से श्री विजय मीणा, अभिनव जी सभी अपनी टीम सहित एवं कर्मचारीगण, सदस्य, महिला शक्ति ने भाग लिया।

ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे कर्मचारी संगठन उ020 के केंद्रीय सहायक महासचिव श्री संजीव कुमार जी ने कमेटी रूम में उपस्थित निर्माण प्रबंधक महोदय एवं सभी कर्मचारियों, दोनों वर्कशॉप, एवं डिविजन यूनियनों एवं एसोसिएशनो महिला शक्ति को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मीटिंग में उपस्थित सभी पदाधिकारियों सदस्यों को 4ष्ठ का पालन करते हुए ओबीसी संगठन को मजबूत करने एवं शीर्ष नेतृत्व के दिशानिर्देश अनुसार कार्य करते रहने का संदेश दिया।

निर्माण प्रबंधक श्री हरदेव सिंह जी ने, एवं मीटिंग में आए ह्रऋरू कालका शिमला शाखा के शाखा मंत्री श्री जय प्रकाश,NRMU कारखाना से शाखा अध्यक्ष श्री कमल कुमार, URMU कारखाना से शाखा सचिव श्री विकास तलवार, SC/ST कारखाना से मुकेश मीणा, शंकर कश्यप, SC/ST (डिविजन) से शाखा सचिव श्री राजेश कुमार प्रेमी, महिला शक्ति ने इस आयोजन को सफ़ल बनाने एवं सभी यूनियनों एवं एसोसिएशनो को पूर्व की भांति एक बार फिर एक मंच पर एकत्रित करने और नव वर्ष की बधाई पार्टी देने के लिए ओबीसी संगठन के सहायक महासचिव श्री संजीव कुमार जी को उनकी कार्य शैली, दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

और उनकी समस्त टीम शाखा अध्यक्ष श्री शशांक, कार्यकारी अध्यक्ष श्री सतविंदर सिंह, उपाध्यक्ष, श्री घनश्याम यादव, कोषाध्यक्ष श्री तेज़बीर सिंह, सहायक सचिव श्री मान सिंह, लेखा परीक्षक श्री शक्ति धीमान, सहायक सचिव श्री वीरेंद्र सिंह, शुभम धीमान, रवि कुमार, देवराज, मोहन सिंह राकेश यादव, सभी सदस्यों का धन्यवाद किया और ओबीसी संगठन के उज्जवल भविष्य की कामना की।

सभी को रिफ्रेशमेंट भी दी गई और



इस कार्यक्रम के अंत में मंच संचालक श्री तेज़बीर सिंह एवं शाखा अध्यक्ष श्री शशांक जी ने मीटिंग में आए सभी कर्मचारियों, यूनियनों एवं एसोसिएशनो IOW, महिला शक्ति का धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# भारत में 2025 में वाहनों का पंजीकरण 2.8 करोड़ पार

**- मारुति सुजूकी ने 17.8 लाख वाहनों के साथ 2025 में अपना दबदबा कायम रखा**

**नई दिल्ली ।**

दो-पहिया ईवीएस में इस साल 12 लाख से अधिक पंजीकरण हुए, जो 2024 की तुलना में लगभग 12 फीसदी अधिक हैं और पूरे दोपहिया बाजार का 6.2 फीसदी बनाते हैं। चार ओईएम के लिए कुल पंजीकरण की संख्या लगभग 35 लाख वाहन बढ़ गई जो मजबूत त्योहारी सीजन और एसयूवी की निरंतर मांग के बल पर कैलेंडर वर्ष 2024 की तुलना में सालाना आधार पर लगभग 8.4 प्रतिशत अधिक है। उद्योग के सूत्रों द्वारा एकत्र वाहन डेटा (तेलंगाना को छोड़कर) से पता चलता है कि मारुति सुजूकी इंडिया ने 17.8 लाख वाहनों के साथ कैलेंडर वर्ष 2025 में अपना दबदबा कायम रखा। उसकी सालाना आधार पर 8.8 फीसदी वृद्धि रही। मासिक आधार पर मारुति की बिक्री फरवरी में और फिर जून-सितंबर के मॉनसून के महीनों में कम हो गई। लेकिन कंपनी ने अक्टूबर 2025 में तेजी से वापसी की और त्योहारी मांग व नए मॉडलों के बल पर 243,327 वाहनों की उच्चतम मासिक बिक्री दर्ज की। एमएंडएम इस साल सबसे ज्यादा



बढ़त बनाने वाली कंपनी रही। उसकी बिक्री में साल-दर-साल 20 फीसदी से अधिक इजाफा हुआ और यह 588,994 वाहन तक पहुंच गई, जो उसकी प्रतिस्पर्धी दूसरी कंपनियों में सबसे अच्छी बढ़ोतरी है। टाटा मोटर्स ने 565,982 वाहनों की बिक्री दर्ज की, जो पिछले साल के मुकाबले 5.6 प्रतिशत ज्यादा है।

# मुंबई-दिल्ली हवाई मार्ग पर एयर इंडिया ने इंडिगो को पीछे छोड़ा

**इंडिगो दूसरे स्थान पर, 38.8 फीसदी हिस्सेदारी और 2,71,052 सीटों के साथ**

**नई दिल्ली ।**

मुंबई-दिल्ली हवाई मार्ग अब दुनिया के शीर्ष 10 व्यस्ततम मार्गों में शामिल हो गया है। विमानन डेटा कंपनी ओएजी के अनुसार 2025 में इस मार्ग पर 76.4 लाख सीटें उपलब्ध थीं और औसतन रोजाना 107 उड़ानें संचालित हुईं। यह संख्या इसे वैश्विक रैंकिंग में 8वां स्थान देती है, जिससे चीन के प्रमुख मार्ग जैसे पेइचिंग-शांघाई हांग्जो भी पीछे रह गए। इस मार्ग पर प्रतिस्पर्धा बढ़ने के साथ ही एयर इंडिया समूह (एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस) ने इंडिगो को पीछे छोड़कर 48.8




फीसदी क्षमता पर कब्जा जमा लिया। इंडिगो अब दूसरे स्थान पर है, 38.8 फीसदी हिस्सेदारी और 2,71,052 सीटों के साथ। शेष हिस्सेदारी मुख्य रूप से आकाश एयर और स्पाइसजेट के पास है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें पिछले साल 63 से बढ़कर 124 हो गईं। एयर इंडिया ने 46 उड़ानें संचालित कीं। अकासा एयर और स्पाइसजेट ने भी क्रमशः 33त्न और 23 फीसदी सीट क्षमता बढ़ाई। इसी कारण इस मार्ग पर प्रतिस्पर्धा और तेज हुई।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का तीसरा दौर जनवरी में शुरू




**- पायलट प्रोजेक्ट में बदलाव, युवाओं के लिए और आकर्षक अवसर**

**नई दिल्ली ।**

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) का तीसरा दौर जनवरी के मध्य से शुरू होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार इस चरण में कुछ बदलाव किए गए हैं, जिससे यह आवेदकों के लिए और अधिक आकर्षक होगा। विशेष रूप से सेवा क्षेत्रों में इंटर्नशिप की अवधि कम करने की योजना है। सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में शीर्ष 500 कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना की शुरुआत पिछले साल 3 अक्टूबर को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुई थी, जिसका वार्षिक लक्ष्य 1,25,000 इंटर्नशिप अवसर देना था। पहले दौर में 28,141 आवेदकों ने इंटर्नशिप स्वीकार की थी, जबकि दूसरे दौर में यह संख्या घटकर 24,638 रही। पहले दौर में 34 प्रतिशत ऑफर स्वीकार किए गए थे, जो दूसरे दौर में 29 प्रतिशत रह गए। हालांकि प्रतिशत में गिरावट आई, लेकिन कुल इंटर्नशिप अवसरों की संख्या में वृद्धि हुई। दूसरे दौर में जुबिलेंट फूडवर्क्स ने 13,658 अवसर दिए, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने 7,880 और एचडीएफसी बैंक ने 6,800 अवसर प्रदान किए। लगभग 70 नई कंपनियाँ इस चरण में शामिल हुईं।

सरकार ने इस योजना की घोषणा 2024-25 के पूर्ण बजट में की थी, और अब तीसरे चरण के माध्यम से युवाओं के लिए अधिक अवसर उपलब्ध कराने की तैयारी चल रही है।

# भारती ग्रुप का एमकैप बढ़ा, देश में तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी समूह बना

**– एमकैप 10.7 लाख करोड़ से बढ़कर 14.7 लाख करोड़ रुपए पहुंचा**



**नई दिल्ली ।**

साल 2025 में भारती समूह ने अपने तीनों सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (एमकैप) में 37.3 फीसदी की बढ़त दर्ज की। कुल एमकैप 10.7 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 14.7 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस प्रदर्शन के साथ भारती समूह अब टाटा और रिलायंस के बाद देश का तीसरा सबसे बड़ा परिवार-स्वामित्व वाला कारोबारी समूह बन गया। नों कंपनियों में सबसे बड़ा लाभ भारती एयरटेल से हुआ, जिसका एमकैप 40.1 फीसदी बढ़कर 12.67 लाख करोड़ रुपये हो गया। अनिल अग्रवाल के स्वामित्व वाला वेदांत समूह तीन कंपनियों के साथ 36.3 फीसदी की बढ़त के साथ 5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा। इसमें प्रमुख योगदान हिंदुस्तान जिंक का रहा, जिसका एमकैप 38 फीसदी बढ़कर 2.59 लाख करोड़ रुपये हुआ। मुकेश अंबानी की अगुआई वाला रिलायंस इंडस्ट्रीज समूह 24.7 फीसदी बढ़ा और कुल एमकैप 23.4 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा। इस वृद्धि का मुख्य स्रोत रिलायंस इंडस्ट्रीज का 29.1 फीसदी बढ़ा एमकैप रहा। बजाज समूह चौथे से पांचवें स्थान पर, आदित्य बिड़ला और महिंद्रा समूह में लगभग 17 फीसदी बढ़त, जेएसडब्ल्यू और अदाणी समूह में क्रमशः 8.3 और 8 फीसदी बढ़त, टाटा का एमकैप 10.9 फीसदी गिरकर 27.7 लाख करोड़ रुपये, टीसीएस और इंफोसिस में क्रमशः 21.8 और 16.1 फीसदी की गिरावट देखी गई।

# नए साल के दूसरे दिन दिखा कीमती धातुओं में उतार-चढ़ाव

**दिल्ली में सोना 1.35 लाख के पार, चांदी का भाव 2,37,900 प्रति किलोग्राम**

**मुंबई ।** नए साल 2026 की शुरुआत के साथ ही सोने और चांदी की कीमतों में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। वर्ष 2025 में जहां सोने ने शानदार तेजी दिखाई, वहीं चांदी ने भी रिकॉर्ड तोड़ते हुए ऑल टाइम हाई का स्तर छू लिया था। हालांकि 2 जनवरी 2026 को चांदी की कीमतों में हल्की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि सोने के भाव में मामूली उछाल देखने को मिला है। राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को 24 कैरेट सोने का भाव 1,35,220 प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया है। वहीं 22 कैरेट सोना 1,23,960 और 18 कैरेट सोना 1,01,450 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ, जयपुर, मेरठ और लुधियाना जैसे कई बड़े शहरों में भी सोने के भाव लगभग समान बने हुए हैं। मुंबई, पुणे और कोलकाता में सोने की कीमतें थोड़ी कम देखने को मिली हैं। देश के प्रमुख शहरों में चांदी का भाव 2,37,900 प्रति किलोग्राम दर्ज किया गया है। दिल्ली, मुंबई, पटना, अहमदाबाद, पुणे, कोलकाता समेत सभी बड़े शहरों में चांदी एक समान दर पर बिक रही है। साल की शुरुआत में चांदी की कीमतों में यह गिरावट निवेशकों के लिए अहम संकेत मानी जा रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की आक्रामक खरीदारी, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में संभावित कटौती की उम्मीद, अमेरिकी टैरिफ को लेकर चिंताएं और वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव ने सोने-चांदी की कीमतों को मजबूती दी है।

## रुपए गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**



भारतीय रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 23 पैसे टूटकर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सीमित दायरे में कारोबार करता नजर आया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 6 पैसे की बढ़त के साथ 89.92 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले गुरुवार को रुपया 89.98 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, रुपये में सीमित उतार-चढ़ाव का मुख्य कारण भारतीय रिजर्व बैंक की वह रणनीति है, जिसके तहत वह 90 के स्तर को बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। इसके चलते बाजार में अत्यधिक कमजोरी या मजबूती देखने को नहीं मिल रही है। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख से रुपये को समर्थन मिला, लेकिन विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार पूंजी निकासी ने इस असर को काफी हद तक कम कर दिया। वहीं, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति बताने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 फीसदी की गिरावट के साथ 98.17 पर रहा।




## मारुति सुजुकी जल्द तय करेगी छोटी कारों की कीमतें

**मुंबई ।** मारुति सुजुकी इंडिया ने सितंबर में अपनी छोटी कारों की कीमतों में कटौती की थी। यह कदम उस समय आया जब सरकार ने छोटी कारों पर जीएसटी दरों में कमी की घोषणा की थी। कंपनी ने अपने स्तर पर भी कीमतें घटाकर ग्राहकों तक कारों की पहुंच बढ़ाने का प्रयास किया। उदाहरण के तौर पर, एस-प्रेसो मॉडल की कीमतों में 1,29,600 रुपये तक, ऑल्टो के 10 मॉडल में 1,07,600 रुपये तक, सेलेरियो मॉडल में 94,100 रुपये तक और वैगन-आर मॉडल में 79,600 रुपये तक कटौती की गई। मारुति सुजुकी के एक वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि छोटी कारों के लिए यह रणनीतिक मूल्य निर्धारण अधिक लोगों तक कारों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कदम बिक्री बढ़ाने के साथ-साथ ग्राहकों को किफायती विकल्प देने के मकसद से उठाया गया था। पार्थो बनर्जी ने कहा कि कंपनी जल्द ही तय करेगी कि क्या कीमतों को केवल जीएसटी कटौती वाले स्तर पर वापस लाया जाए या रणनीतिक मूल्य निर्धारण जारी रखा जाए। उन्होंने यह भी बताया कि इस बीच बुकिंग कर चुके ग्राहकों को अगले 15-20 दिनों तक सेवा दी जाएगी।

## देवयानी और सफायर फूड्स का होगा विलय

**मुंबई ।** देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड (डीआईएल) और सफायर फूड्स इंडिया लिमिटेड (एसएफआईएल) ने अपने निदेशक मंडलों की बैठक में विलय की योजना को मंजूरी दी। इस विलय के बाद संयुक्त कारोबार लगभग 8,000 करोड़ रुपये होगा। एसएफआईएल के प्रत्येक 100 शेयर के बदले डीआईएल के 177 शेयर जारी किए जाएंगे। एसएफआईएल के संचालकों के पास मौजूद 25.35 फीसदी हिस्सेदारी में से 18.5 फीसदी डीआईएल की समूह कंपनी आर्कटिक इंटरनेशनल खरीदेगी। संयुक्त इकाई केएफसी,` पिज्जा हट, टेको बेल के साथ-साथ कोस्टा काफी, टी लाइव और सेनुक` किचन जैसे अन्य ग्लोबल क्यूएसआर ब्रांड का संचालन करेगी। यह भारत, नाइजीरिया, नेपाल, थाईलैंड और श्रीलंका में सक्रिय होगी। डरआईएल के चेयरमैन के अनुसार विलय से लागत बचत, आपूर्ति श्रृंखला और प्रौद्योगिकी में सुधार होगा। एसएफआईएल के एक अधकारी ने इसे भारत में केएफसी और पिज्जा हट का एकीकृत संचालन और दीर्घकालिक साझेदारी का प्रतीक बताया।

## भारत का विनिर्माण सेक्टर 2025 में स्थिर, लेकिन विकास की गति धीमी

**- नए निर्यात ऑर्डर पिछले 14 महीनों में सबसे कम बढ़े**

**मुंबई ।**

एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की अर्थशास्त्र कार्यकारी निदेशक ने कहा कि भारत का विनिर्माण उद्योग 2025 के अंत तक अच्छी स्थिति में रहा, हालांकि वृद्धि की गति धीमी रही। नए व्यवसायों में आई तेजी ने कंपनियों को वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही में व्यस्त रहने की उम्मीद दी। मुद्रास्फीति पर दबाव कम होने से मांग बनी रही। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई सर्वेक्षण के अनुसार, कई मापदंडों में वृद्धि की गति धीमी हुई। उत्पादन वृद्धि 38 महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गई, जबकि नए ऑर्डर दो साल में सबसे कमजोर उछाल दर्ज कराए। कुल बिक्री में मंदी का एक कारण अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर में धीमी वृद्धि भी रही। नए निर्यात ऑर्डर पिछले 14 महीनों में सबसे कम बढ़े। हालांकि, एशिया, यूरोप और पश्चिम एशिया के ग्राहकों से बेहतर मांग देखने को मिली। कच्चे माल की लागत में ऐतिहासिक रूप से नगण्य वृद्धि रही, और 'मूल्य मुद्रास्फीति' नौ महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गई। सर्वेक्षण में कहा गया कि वर्तमान अवधि में रोजगार सृजन की गति सबसे कम रही। इसके बावजूद भारतीय उत्पादक 2026 में उत्पादन में बढ़ोतरी की उम्मीद रखते हैं। हालांकि समग्र भावना लगभग ढाई साल में सबसे निचले स्तर पर है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई, एसएंडपी ग्लोबल द्वारा करीब 400 कंपनियों के क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया गया है।

## असम में चाय बागान मजदूरों को मिलेगा जमीन का मालिकाना हक



**- जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू**

**गुवाहाटी ।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने घोषणा की है कि चाय उद्योग के 200 साल बाद अब मजदूरों को उनकी जमीन और घर का पूरा मालिकाना हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और मजदूरों को उनका हक मिलेगा। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि सरकार ने नवंबर विधानसभा शीतकालीन सत्र में असम फिक्सेशन ऑफ सीलिंग ऑफ लैंड होल्डिंग्स (संशोधन) कानून, 2025' बनाया था। यह कानून उन मजदूरों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए लाया गया है, जो पिछले 200 सालों से चाय बागानों में काम कर रहे हैं। शर्मा ने बागान मालिकों को चेताया कि अगर वे मजदूरों को हक देने से इनकार करेंगे तो सरकार उनकी मिलने वाली वित्तीय सहायता रद्द कर सकती है। उन्होंने बताया कि सरकार हर साल बागानों को करीब 150 करोड़ रुपये देती है। कांग्रेस के असम अध्यक्ष गौरव गोगोई ने इस कानून पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव से केवल चार महीने पहले यह कानून लाना संदिग्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य लंबे समय से चले आ रहे अन्याय को सुधारना है और मजदूरों को उनका हक दिलाना है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**सेंसेक्स 573.41, निफ्टी 182 अंक उछला**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 573.41 अंक करीब 0.67 ऊपर आकर 85,762.01 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 182 अंक बढ़कर 26,328.55 पर पहुंच गया। आज कारोबार के दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मुख्य सूचकांक (निफ्टी) 26,340 के नये शीर्ष स्तर पर पहुंचा।

बाजार में तेजी सरकारी और एनर्जी शेयरों के कारण आई। निफ्टी पीएसई , निफ्टी एनर्जी, निफ्टी कमोडिटीज, निफ्टी रियल्टी , निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी मेटल फीसदी और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स तेजी के साथ बंद हुए। मुख्य सूचकांकों में केवल निफ्टी एफएमसीजी ही गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 615.45 अंक की तेजी के साथ 61,365.90 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 127.15 अंक की बढ़त के साथ 17,832.05 पर था।

बीएसई पर 2,772 शेयर लाभ के साथ ही ही ऊपर आये जबकि 1,449 शेयर टूटे हैं जबकि 150 शेयरों में कोई बदलाव नहीं दिखा। सेंसेक्स पैक में एनटीपीसी, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, एसबीआई, मारुति सुजुकी, बीईएल, आईसीआईसीआई बैंक, एचयूएल, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, टीसीएस, इन्फोसिस, सन फार्मा, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स और टाटा स्टील के शेयर लाभ में रहे जबकि आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, इंडिगो और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर गिरे।

इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुले। शुरुआती कारोबार के बाद भी बाजार में खरीदारी का रुझान बना रहा। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 336.25 अंक की बढ़त के साथ 85,524.85 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एनएसई निफ्टी-50 ने 26,155 के स्तर पर मजबूत शुरुआत के बाद 104.50 अंक चढ़कर 26,251 पर पहुंच गया। वहीं एशियाई बाजारों में शुक्रवार को नए साल की शुरुआत मिले-जुले रुख के साथ हुई। लेकिन बाद में



बाजार तेजी में आ गए। दक्षिण कोरिया का कोस्पी नया रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह इंडेक्स 0.21 फीसदी चढ़ा और इस दौरान 4,239.88 का अब तक का सबसे ऊंचा स्तर छुआ। वहीं स्मॉल-कैप कोसडैक ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 1.32 फीसदी की बढ़त दर्ज की। जापान और चीन समेत कई एशियाई बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.11 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार करता दिखा। सिंगापुर ने उम्मीद से बेहतर आर्थिक वृद्धि दर्ज की। एशियाई कारोबार के शुरुआती घंटों में अमेरिकी शेयर फ्यूचर्स में हल्की तेजी देखी गई। वहीं वॉल स्ट्रीट पर अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 में 0.74 फीसदी, नैस्डैक कंपोजिट में 0.76 फीसदी और डाओ जोंस में 0.63 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई।

# केएफसी और पिज्जा हट के ऑपरेटर सफायर फूड्स का डीआईएल में बड़ा मर्जर

**- देवयानी इंटरनेशनल, सफायर फूड्स के हर 100 शेयर के बदले 177 शेयर जारी करेगी**

**मुंबई ।**

सफायर फूड्स इंडिया लिमिटेड, जो भारत में केएफसी और पिज्जा हट के ऑपरेशन्स चलाती है, अब देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड (डीआईएल) में मर्ज होने जा रही है। इसे पिज्जा-बर्गर सेगमेंट का अब तक का सबसे बड़ा मर्जर माना जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह कदम ऐसे समय में लिया गया है जब देश में फास्ट-फूड फ्रेंचाइजी को घटती बिक्री और मार्जिन के दबाव का सामना करना पड़ रहा है। प्रस्तावित डील के तहत देवयानी इंटरनेशनल, सफायर फूड्स के हर 100 शेयर के बदले 177 शेयर जारी करेगी। संयुक्त इकाई से अगले पूरे वर्ष से सालाना 210 करोड़ रुपए से 225 करोड़ रुपए तक का फायदा होने की उम्मीद है। इसके अलावा आर्कटिक इंटरनेशनल, मौजूदा प्रमोटरों से सफायर फूड्स की करीब 18.5 फीसदी पेड-अप इक्विटी खरीदने वाली है। इस मर्जर को प्रभावी होने के लिए कई नियामकीय मंजूरियां जरूरी हैं, जिनमें स्टॉक एक्सचेंज, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई), राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण के साथ-साथ दोनों कंपनियों के शेयरधारकों और लेनदारों की स्वीकृति शामिल है। पूरी प्रक्रिया में करीब 12 से 15 महीने का समय लग सकता है। देवयानी इंटरनेशनल और इसके पार्टनर कंपनियां भारत और विदेशों में




3,000 से अधिक आउटलेट चलाती हैं। मर्जर के बाद कंपनी भारत की सबसे बड़ी क्यूएसआर कंपनियों में शामिल हो जाएगी। इस कदम के बाद शेयर बाजार में भी तेजी आई, और देवयानी इंटरनेशनल के शेयर इंट्रा-डे में 8त्न तक बढ़कर 159.45 रुपए तक पहुंच गए।

## कोल इंडिया का दिसंबर में उत्पादन 4.6 प्रतिशत बढ़ा



**मुंबई ।** कोल इंडिया ने दिसंबर 2025 में 7.57 करोड़ टन कोयला उत्पादन किया, जो दिसंबर 2024 के 7.24 करोड़ टन से 4.6 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने कहा कि यह उत्पादन अपनी आठ अनुषंगी कंपनियों के सहयोग से हासिल किया गया। हालांकि, इस महीने में कोयले की आपूर्ति यानी उठाव 6.49 करोड़ टन रही, जो पिछले साल के इसी महीने के 6.85 करोड़ टन से 5.2 प्रतिशत कम है। इसका मतलब है कि उत्पादन बढ़ने के बावजूद आपूर्ति में कमी आई है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली नौ महीनों में कोल इंडिया का कुल उत्पादन 52.92 करोड़ टन रहा, जो पिछले साल की 54.34 करोड़ टन से 2.6 प्रतिशत कम है। इसी अवधि में कुल उठाव 54.47 करोड़ टन रहा, जो पिछले साल 55.7 करोड़ टन से 2.2 प्रतिशत घट गया।

# मुख्यमंत्री जी ने वित्त विभाग की समीक्षा की, सभी विभागों को बजट खर्च में तेजी लाने के दिये निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 2 जनवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने शुक्रवार सुबह वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा विभिन्न विभागों को जारी बजट के व्यय को लेकर वित्त विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभागों के बजट प्राविधान के सापेक्ष शासन द्वारा जारी स्वीकृतियों, विभागाध्यक्ष द्वारा आवंटन, व्यय आदि की अद्धयावधिक प्रगति पर अधिक बजट प्राविधान वाले प्रमुख 20 विभागों का प्रस्तुतिकरण किया गया।

**जिन विभागों में बजट व्यय में प्रगति धीमी, वे लाएं तेजी, हर अधिकारी की तय हो जिम्मेदारी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रमुख 20 विभागों के प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने सभी प्रमुख विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विभाग समय से आवंटन बजट का इस्तेमाल करें ताकि परियोजनाएं और योजनाएं समय से पूरी हो सकें और प्रदेशवासी इन योजनाओं लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बजट को समय से खर्च करने के लिए अधिकारी निर्णय लेने का सामर्थ्य विकसित करें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है, वह इसमें तेजी लाएं। साथ ही बजट को समय से खर्च करने के लिए हर स्तर पर एक-एक अधिकारी की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय हो। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सभी विभाग के अधिकारी तुरंत निर्णय लें। उन्होंने कहा कि निर्णय लेने में देरी से समय से बजट व्यय नहीं हो पाता है। ऐसे में निर्णय लेने में तेजी दिखाएं।

**विभाग मंत्री, एसीएस और प्रमुख सचिव केंद्र सरकार से बजट जारी करने के लिए दिल्ली जाएं और पैरवी करें**

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कुछ विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है। इसमें तेजी लाने के लिए विभागीय मंत्री और अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर हर माह बैठक करें। वहीं मुख्यमंत्री जी ने वित्त विभाग को निर्देश दिये कि जिन विभागों के आवंटन बजट के कुछ अंश को अभी तक किंहीं कारणों से जारी नहीं किया गया है, उन विभागों को तत्काल बजट आवंटित करें। उन्होंने सभी प्रमुख 20 विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन विभागों को विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र सरकार से बजट जारी किया जाता है। इसके लिए विभाग के मंत्री, अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव दिल्ली जाकर केंद्र सरकार से बजट जारी करने के लिए पैरवी करें। इसके साथ ही केंद्र सरकार को पत्र लिखें और फोन से फालोअप करें।



इसको लेकर मुख्य सचिव भी इनोसेटिव लें। मुख्यमंत्री जी ने अपने कार्यालय को निर्देश दिये कि जिन विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है, उनको चिन्हित करें और उनके विभाग के मंत्रियों को मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से पत्र जारी करें।

**अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट की नई कार्ययोजना पर अभी से शुरू कर दें तैयारियां**

मुख्यमंत्री जी ने बैठक में वित्त विभाग को निर्देश दिये कि आगामी अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर अभी से सभी विभागों के साथ बैठक कर बजट मांग की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि आगामी बजट को विभाग आवंटित करने से पहले उनके पिछले पांच वर्ष के खर्च के आकंलन की समीक्षा करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वित्त विभाग नई कार्ययोजना को लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दे। वहीं केंद्र सरकार से आगामी बजट आवंटन को लेकर बेहतर समन्वय बनाएं ताकि समय से केंद्र सरकार से बजट मिल सके।

# नॉर्थ वेस्ट जिले के डीसीपी भीष्म सिंह को पदोन्नत कर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (Addl. CP) बनाया गया



अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह/ चण्डीगढ़- नए वर्ष के प्रथम दिन चण्डीगढ़ फोटोग्राफ़र्स एसोसिएशन (सीपीए) द्वारा एक सेवा भाव से परिपूर्ण लंगर सेवा का आयोजन संस्था के चेयरमैन जेपी गरचा, प्रेसिडेंट सरोज चौहान एवं महासचिव सुनील भट्ट के नेतृत्व में सेक्टर 22-बी में पिकाडिली होटल के नजदीक आयोजित किया गया जिसमें सीपीए के चीफ पैटर्न एवं वरिष्ठ सदस्य बेदी तथा पूर्व चेयरमैन नरेश शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और लंगर सेवा में हाथ बंटाकर अपना योगदान दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से चण्डीगढ़ व्यापार मंडल (सीबीएम) के प्रधान संजीव चड्डा व एरिया पार्षद दमनप्रीत सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने भी लंगर वितरित कर सीपीए का उत्साहवर्धन किया तथा इस सराहनीय सेवा कार्य के लिए भूरी-भूरी प्रशंसा की। लंगर सेवा के अंतर्गत श्रद्धालुओं को चाय एवं पकोड़ों का प्रसाद वितरित किया गया। लंगर में लगभग 5,000 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान सीपीए के सभी सदस्यों एवं ट्राईसिटी के फोटोग्राफर साथियों ने बढ़-चढ़कर सेवा प्रदान की।

# सुल्तानपुरी और मंगोलपुरी इलाकों में चाकूबाजी की वारदात में एक 15 और एक 20 साल के युवक की जान चली गई

अर्थ प्रकाश/ अनिल गुप्ता/ नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में नए साल के दिन जहां देश दुनिया जश्न मनाती नजर आई वहीं दिल्ली में दो परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट गया. जहां सुल्तानपुरी और मंगोलपुरी इलाकों में चाकूबाजी की वारदात में एक 15 और एक 20 साल के युवक की जान चली गई. राजधानी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 15 साल के नाबालिग की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी गई. मामूली आपसी बहस ने इस कदर हिंसक रूप ले लिया कि एक मासूम की जान चली गई. इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है. जानकारी के मुताबिक, मृतक अपने घर से दोस्तों के साथ जूस पीने निकला था, आते समय पुलिस थाने से महज पचास मीटर की दूरी पर एक गली में किसी जानकार के पास उसे जाना था. जहां पालतू कुत्ते को लेकर विवाद हो गया. मृतक के दोस्त ने बताया कि उसने किसी को पालतू कुत्ता दिया था, जिसे वो वापस मांग रहा था लेकिन कुत्ते के बदले उस पर चाकू से हमला किया गया. बीच बचाव के लिए मृतक की मां भी पहुंचीं. उन्हें भी चाकू मारा गया. मृतक नाबालिग की मां ने बताया कि पुलिसवालों के पास भी गई थी लेकिन कोई मदद नहीं मिली और आखिरकार उनका बेटे पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले हुए जिसमें उसकी जान चली गई.सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बच्चे व उसकी मां को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने पंद्रह साल के बच्चे को मृत घोषित कर दिया, जबकि मां का इलाज जारी है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्या व हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है. आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है.

**मंगोलपुरी में 20 साल के युवक की चाकू मारकर हत्या**

मंगोलपुरी इलाके में एक बीस साल के एक युवक की चाकुओं से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी गई. इस दिल दहला देने वाली घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है. रात करीब दस से ग्यारह बजे हुई इस हत्या ने एक बार फिर राजधानी की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. घटना मंगोलपुरी थाना क्षेत्र की है, मृतक युवक विकास की उम्र करीब 20 साल बताई जा रही है, जो इलाके में ही रहता था. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक पर अचानक कुछ अज्ञात युवकों ने हमला कर दिया और उस पर ताबड़तोड़ चाकू से वार किए. हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए.

# न्यूज ब्रीफ

## पंछी ने माननीय प्रशासक की घोषणा के लिए आभार व्यक्त किया



अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह/चंडीगढ़- चंडीगढ़ सेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन फेडरेशन (FOSWAC) के मुख्य सलाहकार श्री कमलजीत सिंह पंछी ने पंजाब के माननीय राज्यपाल और चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। श्री गुलाब चंद कटारिया ने 30 दिसंबर 2025 को नगर निगम भवन में आयोजित बैठक में घोषणा की थी कि प्रशासन चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड के निवासियों को जारी किए गए 4,200 भवन मूल्यांकन नोटिसों में से 2,200 का निपटारा 15 जनवरी 2026 तक कर देगा। कमलजीत सिंह पंछी, ने बताया कि चंडीगढ़ के माननीय प्रशासक के साथ हुई बैठकों में यह मुद्दा कई बार उठाया जा चुका है और यह लंबे समय से FOSWAC की लंबित मांग रही है, जिसका उद्देश्य चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड के मकानों में रहने वालों को आवश्यक राहत प्रदान करना है। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि शेष 2,000 नोटिसों का भी निवासियों और चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों के बीच आपसी समझ के माध्यम से जल्द ही समाधान हो जाएगा। जनहित से प्रेरित यह पहल जन कल्याण के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है और निवासियों द्वारा इसका व्यापक रूप से स्वागत किया गया है। FOSWAC माननीय राज्यपाल के दूरदर्शी नेतृत्व के लिए अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त करता है और शासन और जनता के बीच संबंधों को मजबूत करने वाली ऐसी और अधिक पहलों की आशा करता

## आम आदमी पार्टी तहसील खरड़ की जरूरी मीटिंग खत्म हुई पहुंचे ओहदेदार



अर्थ प्रकाश/ जे के बत्ता न्यू चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी खरड़ की पूरी टीम ने आज एक जरूरी मीटिंग की। मीटिंग के दौरान अब तक हुए कार्यो की प्रगती पर गहराई में चर्चा की गई और आने वाले समय के लिए पार्टी को और मजबूत करने के लिए एक एक्शन प्लान (एजेंडा) तैयार किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता परवेख हरपिंदर सिंह ने की। उन्होंने वर्करों से बातचीत करते हुए कहा कि संगठन को जड़ों से मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना समय की ज़रूरत है। उन्होंने सरकार की लोगों के हक की पॉलिसी और स्कीम को घर-घर तक पहुंचाने पर खास ज़ोर दिया। मीटिंग के दौरान मीडिया एक्टिविटी, ब्लॉक लेवल पर संगठन को मज़बूत करने, महिला विंग, ट्रेड विंग और नशा मुक्ति फंट से जुड़ी एक्टिविटी को और असरदार बनाने पर भी चर्चा हुई। यह मीटिंग विधायक ऑफिस, खरड़ में हुई, जिसमें पार्टी के कई पदाधिकारियों और वर्करों ने हिस्सा लिया। मीटिंग में मौजूद पदाधिकारी हरपिंदर सिंह - सुपरवाइजर , सुखविंदर सिंह बिट्टू - चेयरमैन, मार्केट कमेटी ,रघुबीर सिंह मोदी - ऑफिस इंचार्ज ,विकास मोहन - सचिव विधायक ,नवदीप सिंह सैनी - ऑर्गनाइजेशन इंचार्ज , हरप्रीत कौर - हल्का कोऑर्डिनेटर, महिला विंग , सुनील कुमार - ब्लॉक प्रेसिडेंट बलजीत सिंह - मीडिया इंचार्ज , दलजीत सिंह - ब्लॉक प्रेसिडेंट , हरजिंदर सिंह - सरपंच, कल्लेवाल ,विनोद कुमार - हल्का कोऑर्डिनेटर, ट्रेड विंग , रितिका भारद्वाज - हल्का कोऑर्डिनेटर, नशा मुक्ति मोर्चा , संजीव शर्मा - ब्लॉक प्रेसिडेंट इसके अलावा, मीटिंग में आम आदमी पार्टी खरड़ की पूरी टीम मौजूद थी।

## उपराष्ट्रपति तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे

अर्थ प्रकाश/ चेन्नई। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन शुक्रवार को तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। हवाई अड्डे पर राज्यपाल आर एन रवि, कुछ मंत्रियों, राज्य की भाजपा इकाई के कई नेताओं और अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। श्री राधाकृष्णन दो दिनों के अपने दौरे में चेन्नई और वेल्लोर में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि उपराष्ट्रपति शहर में डॉ. एमजीआर शैक्षिक और अनुसंधान संस्थान विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। वह रामनाथ गोयनका साहित्य सम्मान में भाग लेंगे और शाम को चेन्नई के कलाइवनार अरंगम में एक सार्वजनिक स्वागत समारोह में भी शामिल होंगे। इन कार्यक्रमों के बाद, वे लोक भवन जाएंगे जहां राज्यपाल आर एन रवि भरथियार मंडपम में उपराष्ट्रपति के सम्मान में एक स्वागत समारोह आयोजित करेंगे। शनिवार को वह वेल्लोर के लिए रवाना होंगे। उपराष्ट्रपति वेल्लोर स्वर्ण मंदिर में दर्शन करेंगे और श्री शक्ति अम्मा स्वामी की 50वीं स्वर्ण जयंती समारोह में हिस्सा लेंगे। श्री राधाकृष्णन चेन्नई लौटकर कलाइवनार अरंगम में 9वें सिद्ध दिवस समारोह में शामिल होंगे, जिसके बाद वे राजधानी के लिए रवाना होंगे। उपराष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर चेन्नई और वेल्लोर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उनके आवागमन वाले सभी मार्गों पर कड़ी निगरानी रखी गई है और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी स्थानों पर बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है।

# बांग्लादेश सरकार हिंदुओं पर हो रहे हमले रोकने के लिए कड़े कदम उठाए : पम्मा

नेशनल अकाली दल करेगा बांग्लादेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं नेशनल अकाली दल के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने इस मुद्दे पर रोष प्रकट करते हुए कहा कि बांग्लादेश सरकार अल्पसंख्यकों और हिंदुओं पर हमले रोकने में नाकाम साबित हो रही है जिससे आए दिन इस प्रकार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

पम्मा ने कहा बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है वहां एक बार फिर नफरत ने जान लेने की कोशिश की शरीयतपुर इलाके में खोकन चंद्र नाम के एक हिंदू शख्स को भीड़ ने घेर लिया पहले बेरहमी से उसे पीटा गया फिर चाकू से वार किया गया इसके बाद पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश हुई इससे लगता है वहां कानून का डर लोगों में खत्म हो चुका है और वह जंगल राज बनाकर आए दिन अल्पसंख्यकों को पर हमले कर रहे हैं।



पम्मा ने कहा बड़े दुख की बात है हिंदुओं को टारगेट करके कम से कम 42 हमले हुए 36 घरों में आगजनी कई मंदिरों पर हमले और जमीन हड़पने की घटनाएं हुईं। बांग्लादेश में यूनुस की अंतरिम सरकार के सत्ता संभालने के बाद से सैकड़ो लोगों की भीड़ की हिंसा में मौत हो चुकी है।

पम्मा ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों की निंदा की है और बांग्लादेश सरकार से अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान करने का आग्रह किया है और बांग्लादेश सरकार को अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा अगर इसी प्रकार बांग्लादेश में अल्पसंख्यक के ऊपर हमले होते रहे तो नेशनल अकाली दल बांग्लादेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी।

# श्रवण संस्कृत परमार्थ संस्थान ग्रेटर ग्वालियर द्वारा 02 से 4 जनवरी तक णमोकार महामंत्र का अखंड पाठ शुरू

नववर्ष पर णमोकार महामंत्र की ध्वनि से दो दिवसीय अखंड पाठ हुआ शुरू।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर** - श्रवण संस्कृत परमार्थ संस्थान ग्रेटर ग्वालियर द्वारा न्यू वर्ष 2026 के आगमन पर दाना ओली स्थित श्री दिगंबर जैन पारसनाथ मंदिर वरैया जैन भवन में 02 से 4 जनवरी तक दो दिवसीय संगीतमय णमोकार महामंत्र का अखंड पाठ आयोजित किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ ध्वजारोहण ओर मंगल कलश स्थापना के साथ किया गया।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि विधानाचार्य वाणी भूषण पंडित भरत जैन विरागी के निर्देशन में णमोकार महामंत्र का अखड पाठ का शुभारंभ जवाहरलाल जैन (चीनौर) ने पचरंगी जैन ध्वजारोहणा कर किया गया। वही अखंड दीप प्रज्वलन संस्था के अध्यक्ष संतोष जैन ने ओर मंगल कलश की स्थापना श्रीमती चंद्रकला, सीमा अनुपमा जैन ने तथा मां जनवाणी को विराजमान श्रीमती रजनी जैन ने किया। णमोकार महामंत्र का अखंड पाठ महिलाओ ओर पुरुषों ने ढोलक मंजीरे के साथ संगीतमय के साथ शुरू किया। कार्यक्रम में वीरेंद्र जैन, विजय जैन, अशोक जैन, विनोद जैन, श्रीमती नीतू जैन, अनुपम जैन, कुसुम जैन आदि महानुभावों ने भाग लिया।

**4 जनवरी को विधान ओर विश्वशांति यज्ञ के साथ समापन होगा।**



जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि यह पाठ 4 जनवरी को दोपहर 12:00 बजे तक निरंतर चलता रहेगा। जिसका समापन 4 जनवरी को दोपहर में णमोकार महामंत्र का विधान ओर प्रदेश तथा देश की कमाना के लिए विश्व की शांति की कामना से विश्वशांति महायज्ञ भी संपन्न कराया जाएगा।

# बाबूलाल मरांडी ने पेसा नियमावली को लेकर हेमंत सरकार पर आदिवासी समाज को भ्रम में रखने का लगाया आरोप

अर्थ प्रकाश / रांची। झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पेसा नियमावली को लेकर कहा कि कोर्ट के दबाव में राज्य सरकार भले ही पेसा कानून लागू करने को मजबूर हुई हो, लेकिन आज भी उसे लेकर आदिवासी समाज को अंधेरे में रखने की कोशिश जारी है। श्री मरांडी ने आज अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, आदिवासी समाज की आस्था, परंपरा और पहचान प्राचीन सनातन मूल्यों से गहराई से जुड़ी हुई है। यही परंपराएं आदिवासी समाज की सामाजिक संरचना, स्वशासन और जीवन पद्धति की आधारशिला रही हैं। दुर्भाग्यवश, विदेशी धर्मों और वोटबैंक की राजनीति के प्रभाव में कुछ राजनीतिक दल आदिवासी समाज की इन्हीं जड़ों को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। झारखंड में आदिवासी समाज को खंडित करने की सुनियोजित साजिश रची जा रही है, जहां धर्मांतरण, घुसपैठ और लोभ-लालच जैसे हथकंडों के माध्यम से चौतरफा हमला किया जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में राज्य सरकार की मशीनरी भी आदिवासी समाज को उनकी परंपरागत पहचान और मूल से दूर करने का प्रयास करती दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि कोर्ट के दबाव में राज्य सरकार भले ही पेसा कानून लागू करने को मजबूर हुई हो, लेकिन आज भी उसे लेकर आदिवासी समाज को अंधेरे में रखने की कोशिश जारी है। पेसा की मूल भावना आदिवासी स्वशासन पर सरकार की कोई स्पष्टता नहीं है।आदिवासी समाज की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था सदियों से अस्तित्व में रही है, जिसमें मांझी-परगना, मुंडा-मानकी-दिउरी, ढोकलो-सोहोर, हातु मुंडा, पड़हा राजा, पाहन, सरदार, नापा और डाकुआ जैसे पदों को सामाजिक मान्यता प्राप्त रही है। पेसा तभी सार्थक होगा, जब इन पारंपरिक संस्थाओं और पदाधिकारियों को विधिवत मान्यता दी जाएगी। श्री मरांडी ने कहा कि जब तक पेसा का वास्तविक अधिकार मूल आदिवासियों और उनकी पारंपरिक ग्राम सभाओं के हाथों में नहीं सौंपा जाता, तब तक पेसा कानून का उद्देश्य अधूरा ही रहेगा। राज्य सरकार को पेसा की नियमावली सार्वजनिक कर ग्रामसभा के अधिकारों और रूढ़ीवादी स्वशासन पद्धति पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

# नववर्ष 2026 पर सेवा, संवेदना और संकल्प का संदेशः संजय टंडन ने विभिन्न जनसेवा कार्यक्रमों में की सहभागिता



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह/ चंडीगढ़- नववर्ष 2026 के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारीणी सदस्य व हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी संजय टंडन ने समाजसेवा के विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता कर सेवा, करुणा और मानवीय संवेदना का संदेश दिया। कड़ाके की ठंड के बीच सेक्टर-22, चंडीगढ़ में स्वच्छता कर्मियों के लिए कंबल वितरण सेवा में शामिल होकर उन्होंने समाज के उन कर्मयोगियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की, जो हर मौसम में निस्वार्थ भाव से अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। इस सेवा कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी बॉबी गर्ग द्वारा किया गया, जिसमें सतिंदर सिंह सिद्धू, प्रिंस बंडूला, कुलविंदर सिंह, सुरेश महाजन और सुभाष अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संजय टंडन ने कहा कि स्वच्छता कर्मी समाज की रीढ़ हैं और उनका सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। इसी क्रम में नववर्ष के अवसर पर जनसेवा वेलफेयर सोसाइटी, चंडीगढ़ द्वारा सेक्टर-22 में आयोजित वार्षिक चाय एवं ब्रेड पकौड़ा लंगर सेवा में भी संजय टंडन ने सहभागिता की। उन्होंने इस आयोजन के लिए सोसाइटी के चेयरमैन अमृत सिंगला, अध्यक्ष अश्वनी सिंगला और उपाध्यक्ष सुनील शर्मा को बधाई देते हुए समाजसेवा की भावना को निरंतर आगे बढ़ाने की कामना की। इसके अलावा संजय टंडन ने अपनी पत्नी प्रिया टंडन के साथ सेक्टर-29 स्थित श्री सत्य साईं बाबा ओल्ड एज होम एवं सेवा केंद्र का दौरा कर लंगर सेवा में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने बाबा से सभी के सुख, स्वास्थ्य और राष्ट्र की निरंतर प्रगति व समृद्धि की प्रार्थना की। संजय टंडन ने कहा कि नववर्ष सेवा, सद्भाव और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक बने, यही उनकी शुभकामना है।

# दिगम्बर जैन सोशल युवा ग्रेटर ग्वालियर का शपथ ग्रहण समारोह एवं नववर्ष मिलन हुआ आयोजित

सोशल ग्रुप युवा की नवीन टीम ने ली मानव सेवा की शपथ,नववर्ष पर किया डांस

नववर्ष परिवारिक मिलन समारोह में युवकों ने साड़ियों में महिलाओं पुरुष बनकर किया डांस।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर** - दिगम्बर जैन सोशल युवा ग्रेटर ग्वालियर का शपथ ग्रहण समारोह एवं पारिवारिक नववर्ष मिलन का आयोजन आज शिंदे की छावनी स्थित होटल शाह इम्पीरियल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे 2026 के लिए नई टीम का गठन के साथ शपथ भी दिलाई गई। वही नववर्ष मिलन में कपल्स जोड़ी की इंट्री ब्लैक परिधानों के साथ हुई। कपल्स मेंबरों ने डांस के साथ खेले गेम्स और जीते पुरुस्कार।





जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप युवा ग्रेटर के शपथ समारोह के मुख्य अतिथि एवं शपथ विधि अधिकारी अनुपम चौधरी (अध्यक्ष चंबल रीजन) एवं अनिल जैन (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) थे।स्वागत उद्बोधन संस्थापक अध्यक्ष संभव जैन ने प्रतुस्त किया।

**सोशल ग्रुप युवा ग्रेटर की 2026 की टीम को विधि पूर्वक दिलाई शपथ।**

शपथ अधिकारी अनिल जैन ने सोशल युवा ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष संभव नेहा जैन, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र निकिता जैन, संस्था के नवीन निवर्तमान अध्यक्ष नंदन निधि जैन, नवीन अध्यक्ष विकास-रिचा जैन, उपाध्यक्ष राहुल-सोनम जैन ओर स्वस्तिक-निशा जैन, सचिव अंशुल-नेहा जैन, सहसचिव आशीष-अंकिता जैन ओर अमित-रश्मि जैन, कोषाध्यक्ष मनीष-पिंकी जैन, सांस्कृतिक मंत्री प्रीति-विक्की जैन और प्रतीक्षा-मिथुन जैन ग्रीटिंग मैनेजर ज्योति-रवि जैन को विधि पूर्वक शपथ दिलाई गई।

**शपथ के उपरांत कोलर पिन लगाकर सौंपा कार्यभार**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि सोशल ग्रुप युवा ग्रेटर के पूर्व अध्यक्ष नंदन निधी, सचिव स्वास्तिक निशा जैन और कोषाध्यक्ष विकास रिचा जैन ने 2026 के नवीन अध्यक्ष विकास-रिचा जैन, सचिव अंशुल-नेहा जैन ओर कोषाध्यक्ष मनीष-पिंकी जैन को कोलर पिन भेंटकर उन्हें सालभर का कार्यभार सौपा गया। संस्था के पदाधिकारियों ने अतिथियों ओर जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन का तिलक माला पहनाकर सम्मानित किया।

**म्यूजिक पर किया युवकों साड़ियों में डांस,कपल्स जोड़ो ने रैंपवर्क, खेले गेम्स, किया डांस।**

नववर्ष परिवारिक मिलन समारोह में युवकों ने साड़ियों में महिलाओं पुरुष बनकर किया डांस। वहीं कपल्स जोड़ी ने ब्लैक परिधानों में उत्साहपूर्वक फैशन का है ये जलव म्यूजिक के साथ रैंप वॉक किया। वही कंप्टीशन कपल्स गेम्स खेलें गए। वहीं विजेता कपल्स को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। ब्लैक परिधानों में कपल्स मेंबरों ने सेल्फी के के साथ साथ नववर्ष सेलिब्रेशन फिल्मी गानों के सॉन्ग जमकर कपल्स जोड़ों ने मस्ती के साथ डांस किया।

# भारत का बंगलादेश दौरा रीशेड्यूल, बीसीबी ने नई तारीखों का किया ऐलान



**ढाका (एजेंसी)।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को घोषणा की कि वे अगस्त-सितंबर 2026 में तीन मैचों की वनडे सीरीज और उतने ही टी20 के लिए भारत की मेजबानी करेंगे। बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशन के इंचार्ज शहरयार नफीस ने बताया, 'बांग्लादेश और भारत के बीच जो सीरीज पहले स्थगित कर दी गई थी, उसे रीशेड्यूल कर दिया गया है।' भारतीय टीम अब 28 अगस्त को आने वाली है जिसमें वनडे मैच 1, 3 और 6 सितंबर को खेले जाएंगे। टी20 मैच 9, 12 और 13 सितंबर को खेले जाएंगे जिसके बाद पड़ोसी देश वापस घर लौट जाएंगे।

बीसीबी ने शुक्रवार को 2026 सीजन के लिए बांग्लादेश के घरेलू अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा की, जिसमें कैलेंडर में तीनों फॉर्मेट में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, भारत, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज शामिल हैं। बीसीबी ने एक बयान में कहा, 'पुष्टि किया गया कार्यक्रम बांग्लादेश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भरे सीजन को सुनिश्चित करता है, जिससे देश भर के समर्थकों को घर पर टॉप-लेवल क्रिकेट देखने का अवसर मिलेगा, जबकि मैच स्थलों का विवरण उचित समय पर घोषित किया जाएगा।' पाकिस्तान 9 मार्च को तीन वनडे दौरे के लिए बांग्लादेश पहुंचेगा, जो 12 से 16 मार्च के बीच खेला जाएगा।

अप्रैल-मई में न्यूजीलैंड का बांग्लादेश का व्हाइट-बॉल दौरा तीन वनडे के साथ 17 अप्रैल से शुरू होगा, और उतने ही टी20, जो 27 अप्रैल से शुरू होकर 2 मई को समाप्त होंगे। पाकिस्तान दो टेस्ट के लिए वापस आएगा जो आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप सीरीज़ का हिस्सा हैं। पहला रेड-बॉल मैच 8-12 मई तक और दूसरा 16-20 मई तक खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया का बांग्लादेश का व्हाइट-बॉल दौरा 5 जून को तीन वनडे के साथ शुरू होगा, जिसके बाद तीन मैचों की टी20 सीरीज 15-20 जून के बीच खेली जाएगी।

भारत की मेजबानी करने के बाद, बांग्लादेश वेस्ट इंडीज के खिलाफ़ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगा जो चैम्पियनशिप का भी हिस्सा है। टेस्ट से पहले 22-24 अक्टूबर तक तीन दिन का वार्म-अप मैच होगा। पहला टेस्ट 28 अक्टूबर से 1 नवंबर के बीच खेला जाएगा, जबकि दूसरा 5 से 9 नवंबर तक खेला जाएगा। श्रीलंका ए टीम भी मई 2026 में बांग्लादेश का दौरा करेगी, जिसमें मेजबान टीम के खिलाफ दो चार-दिवसीय मैच और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वापसी करके नया रिकॉर्ड बनाएगी 7 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स



**मेलबर्न (एजेंसी)।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स 5 साल में पहली बार इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेगी और इस तरह से इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। उन्हें 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है।

टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की कि 45 वर्षीय वीनस उस मेलबर्न पार्क में वापसी करने के लिए तैयार है जहां उन्होंने 28 साल पहले पहली बार हिस्सा लिया था। उन्होंने 1998 में दूसरे दौर में अपनी छोटी बहन सेरेना को हराया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी लिंडसे डेवनपोर्ट से हार गई थीं। वीनस ने नवंबर में घोषणा की थी कि वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन से 2 सप्ताह पहले न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेलेंगी, जहां उन्हें वाइल्ड कार्ड मिला है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों के अनुसार वीनस ने होबार्ट में होने वाले एक अन्य टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए भी पंजीकरण कराया है। वीनस ने इससे पहले आखिरी बार 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लिया था। वह यहां दो बार महिला एकल में उप-विजेता रह चुकी हैं। वह 2003 और 2017 में फाइनल में सेरेना से हार गई थीं। वीनस ने कहा, 'मैं ऑस्ट्रेलिया में खेलने को लेकर बहुत उत्सुक हूं। वहां मेरी कई अविश्वसनीय यादें जुड़ी हैं। मुझे बहुत खुशी है कि मैं फिर से उस जगह लौट रही हूं जिसका मेरे करियर में बहुत महत्व रहा है।' इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेकर वीनस इस टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। वह जापान की किमिको दाते के रिकॉर्ड को तोड़ देंगी, जो 2015 में मेलबर्न पार्क में पहले दौर में हारने के समय 44 वर्ष की थीं।

# ऑफ स्पिन गेंदबाजी, विकेटकीपिंग और छठे नंबर पर बल्लेबाजी : बुमराह ने कॉलेज के दिनों को किया याद



**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कॉलेज में खेले गए एक मैच को याद किया, जहां उन्होंने उस भूमिका से बिल्कुल अलग भूमिका निभाई जिसके लिए वह मशहूर हैं यानी स्विंगिंग तेज गेंदबाजी। बुमराह ने कहा कि उन्होंने 'ऑफ स्पिन गेंदबाजी की, विकेटकीपिंग की और छठे नंबर पर बल्लेबाजी भी की'।

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) ट्रेनिंग सेशन के दौरान विकेटकीपिंग ग्लव्स पहने हुए बुमराह का वीडियो मुंबई इंडियंस (MI) फ्रेंचाइजी ने पोस्ट किया था। उस वीडियो में बुमराह अपने हाथों में विकेटकीपिंग ग्लव्स पहने हुए मस्ती करते दिख रहे हैं, जिनके हाथों में आमतौर पर एक चमकदार क्रिकेट गेंद होती है जो चौंकाने के लिए तैयार रहती है।

बुमराह ने कहा, 'कॉलेज के एक मैच में अपनी यूनिवर्सिटी के लिए, एक ऐसा मैच था जिसमें मैंने ऑफ स्पिन गेंदबाजी की, विकेटकीपिंग की और स्टंपिंग भी की और छठे नंबर पर बल्लेबाजी भी की। मैंने सब कुछ किया!' बुमराह ने 2025 में 21 मैचों में 21.77 की औसत और 3.44 की इकॉनमी रेट से 45 विकेट लिए जिसमें 25 पारियों में तीन बार 5 विकेट लेने का कमाल शामिल है, ये सभी टेस्ट मैचों में आए और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/27 रहा।

उन्होंने टीम इंडिया के साथ एशिया कप भी जीता और IPL 2025 में MI के साथ प्लेऑफ में पहुंचे, जहां उन्होंने 12 मैचों में 17.55 की औसत से 18 विकेट लिए। इसमें एक बार 5 विकेट भी शामिल था, जो प्रतियोगिता में सातवां सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड था। जैसे ही बुमराह अपना साल 2026 शुरू करेंगे, उनका लक्ष्य आठवें भारतीय गेंदबाज और चौथे भारतीय तेज गेंदबाज के रूप में 500 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करना होगा। वह इस मुकाम से 14 विकेट दूर हैं। उन्होंने 224 मैचों में 20.60 की औसत से 486 विकेट लिए हैं जिसमें उनके नाम 18 बार 5 विकेट लेने का कीर्तिमान और 6/19 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# बांग्लादेशी खिलाड़ी को शामिल नहीं करने को लेकर सरकार से कोई निर्देश नहीं मिला : बीसीसीआई




**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिज़ुर रहमान को कोलकाता नाइट रायडर्स (केकेआर) में शामिल किये जाने को लेकर हो रहे विरोध के बीच ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि उसे सरकार से बांग्लादेशी खिलाड़ी को शामिल नहीं करने को लेकर कोई निर्देश नहीं मिले हैं। बीबीसीसी के एक अधिकारी ने कहा कि इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं की जा सकती है। पिछले महीने हुई आईपीएल नीलामी में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिज़ुर को केकेआर ने 9.20 रुपये में खरीदा था।उसके बाद से कई लोगों ने केकेआर के इस फैसले को गलत बताया है। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसक घटनाओं की खबरों के बाद कई लोगों का मानना है कि आईपीएल से बांग्लादेशी खिलाड़ियों को बाहर कर दिया जाना चाहिये।

आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुर सहित कई अन्य ने मुस्तफिज़ुर को शामिल करने पर केकेआर के सह-मालिक शाहरुख खान की कड़ी आलोचना की है और कहा था कि वहां हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को देखते हुए किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी को शामिल कैसे किया जा सकता है। मुस्तफिज़ुर ने सला 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ आईपीएल में डेब्यू किया था। इस गेंदबाज ने अब तक 60 आईपीएल मैचों में 8.13 की इकॉनमी रेट से 65 विकेट लिए हैं। वह पिछले सत्र में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क के चोटिल होने पर उनकी जगह दिल्ली कैपिटल्स में वापस आ गये थे।

# सातवीं बार डकार रैली में भाग लेंगे भारतीय राइडर हरिथ नोआ

यानबू (सऊदी अरब)। भारत के अग्रणी रैली रेड राइडर हरिथ नोआ शनिवार से यहां शुरू होने वाली विश्व की सबसे मुश्किल मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता डकार रैली में लगातार सातवीं बार हिस्सा लेंगे। केरल का यह 32 वर्षीय राइडर तीन से 17 जनवरी तक होने वाली डकार रैली में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। यह प्रतियोगिता छठी बार सऊदी अरब में आयोजित की जा रही है। डकार रैली में राइडर इस बार लगभग 8,000 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इसमें लगभग 4,800 किलोमीटर में राइडर रेत के टीलों, पथरीले इलाकों और दुर्गम पठारों से होकर गुजरेंगे। इस दौरान केवल एक बार 10 जनवरी को राइडर को विश्राम करने का मौका मिलेगा। पांच बार के भारतीय राष्ट्रीय सुपरक्रॉस चैंपियन नोआ ने 2020 में डकार रैली में पदार्पण किया था। तब यह रैली पहली बार सऊदी अरब में आयोजित की गई थी।




# प्रशंसकों को पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों से बेहतर प्रदर्शन की रहेगी उम्मीद



मुम्बई। भारतीय पुरुष ओर महिला क्रिकेट टीमों को इस बार कई अहम मुकाबले खेलने हैं। ऐसे में प्रशंसकों को उम्मीद रहेगी की दोनो ही टीमें इनमें जीत दर्ज करेंगी। भारतीय क्रिकेट के लिए बीता साल टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छा नहीं रहा था। वहीं इस साल प्रशंसकों को टीम से इस लंबे प्रारुप में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। इसके अलावा प्रशंसकों को उम्मीद रहेंगी कि भारतीय टीम अपनी ही धरती पर होने वाले टी20 विश्वकप में जीत दर्ज कर खिताब बरकरार रखे। टी20 विश्वकप 7 फरवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलंका की में खेला जाएगा। पुरुष क्रिकेट में अब तक कोई भी टीम टी20 विश्वककप का खिताब बरकारार नहीं कर पाई है। अब देखना होग कि इस बार टीम इसे बरकरार रख पाती है या नहीं। वहीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम की नजरें भी एकदिवसीय विश्वकप के बाद टी20 विश्वकप जीतने पर रहेंगी। 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड की मेजबानी में होने वाला महिता टी20 विश्व कप 2026 जीतकर भारतीय टीम खेल में अपना दबदबा बनाना चाहेगी। वहीं भारतीय टीम अगस्त में श्रीलंका और नवंबर में न्यूजीलैंड में होने वाली टेस्ट सीरीज जीतना चाहेगी। भारतीय टीम अभी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) 2025–27 की अंकतालिका में छठे स्थान पर है। ऐसे में अगर उसे फाइनल की दौड़ में बने रहना है, तो इन दोनों टेस्ट सीरीज में बड़ी जीत हासिल करनी होग। इसके अलावा जापान में 19 सितंबर से 4 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले एशियाई खेलों में भी भारतीय पुरुष और महिला टीम जीत हासिल करना चाहेंगी। भारत की पुरुष और महिला टीमों ने 2023 में यहां दोनो वर्गो में खिताब जीते थे।

# मारिन एक बार फिर भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच बने



नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने नीदरलैंड के सोर्ड मारिन को दूसरी बार भारतीय महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच बनाया है। मारिन के मार्गदर्शन में ही भारतीय महिला टीम टोक्यो ओलंपिक खेलों में चौथे स्थान पर रही थी। मारिन साल 2017 से 2021 तक भारतीय महिला टीम के कोच थे। वहीं अर्जेंटीना के विला मटियास विला को विश्लेषणात्मक कोच बनाया गया है। पूर्व मिडफील्ड विला ने साल 2000 में सिडनी ओलंपिक और 2004 में एथेंस ओलंपिक में भाग लिया था। वह करीब 20 साल से कोचिंग करते आ रहे हैं। इसके अलावा वेन लोम्बार्ड को खेल प्रदर्शन प्रमुख के रूप में रखा गया है जबकि वैज्ञानिक सलाहकार रोडेट इला और सियारा इला अपने पद पर बने रहेंगे। वहीं मारिन ने का कि उन्हें भारतीय टीम के साथ आने से खुशी हुई है। मैं साढ़े चार साल बाद नयी ऊर्जा और रवैये के साथ इस पद पर लौटा हूं ताकि टीम को आगे बढ़ाने में अहम र्ण योगदान दे सकूं और खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में सहाता कर सकूं। गौरतलब है कि मारिन के पिछले कार्यकाल के दौरान भारतीय टीम विश्व रैंकिंग के शीर्ष 10 में पहुंची थी। अब मारिन की पहली परीक्षा आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होने वाले महिला विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट में होगी। वहीं हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, 'हम मारिन और पूरे सहायक स्टाफ का भारतीय हॉकी परिवार में स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि उनके मार्गदर्शन में टीम निरंतर सफलता हासिल करेगी।

# ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ख्वाजा ने खेल से संन्यास की घोषणा की



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने खेल से संन्यास की घोषणा कर दी है। ख्वाजा ने 15 साल के लंबे करियर के बाद खेल को अलविदा कहा है। ख्वाजा एशेज सीरीज में अंतिम बार सिडनी टेस्ट में उतरेंगे। ख्वाजा इस प्रकार साल 2026 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले पहले खिलाड़ी हैं। ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से साल 2011 में अपना डेब्यू किया था।इसके बाद से वह टीम के लिए तीनों प्रारुपों में खेले पर टेस्ट क्रिकेट में वह सबसे ज्यादा सफल रहे हैं। कई स्टार खिलाड़ियों वाली टीम में उन्होंने अपनी अलग ही जगह बनायी है।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से ख्वाजा ने अब तक कुल 87 टेस्ट, 40 एकदिवसीय और 9 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। टेस्ट क्रिकेट में ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से 43.39 के औसत से 6206 रन बनाए हैं। टेस्ट प्रारुप में उन्होंने 16 शतक और 28 अर्धशतक लगाए हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनका सबसे अधिक स्कोर 232 रनों का रहा है। वहीं एकदिवसीय प्रारुप में उन्होंने 1554 रन बनाए। ख्वाजा ने अपने करियर में 2 शतक और 12 अर्धशतक लगाये हैं। वहीं टी20 में उनके 241 रन हैं। ख्वाजा ने घरेलू बिग बैश लीग में भी खेलते हुए 70 मैचों में 2132 रन बनाए। इसके अलावा आईपीएल, वैटालिटी ब्लास्ट, पाकिस्तान सुपर लीग और आईपीएल में भी उन्होंने खेला है।

# विदेश में कैंसर से जूझ रहे भारत के पूर्व कोच, इलाज के लिए बेटी ने लगाई मदद की गुहार



स्पोर्ट्स डेस्क। माइकल नोब्स, जो ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हॉकी खिलाड़ी हैं, संन्यास के बाद भारतीय हॉकी टीम के कोच भी बने थे। वे पिछले करीब पांच सालों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ रहे हैं। माइकल को फेफड़ों का कैंसर है, जो अब उनकी हड्डियों तक फैल चुका है। बीमारी के साथ–साथ उन्हें आर्थिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनका इलाज कराना मुश्किल हो गया है। क्राउडफंडिंग पोर्टल पर दी गई जानकारी के अनुसार, माइकल नोब्स के इलाज के लिए एमीवेंटामैब नाम की एक विशेष दवा की जरूरत है, जो काफी महंगी है। केवल छह महीने के इलाज में करीब 64 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का खर्च आता है। इसी कारण उनके परिवार को लोगों से आर्थिक मदद मांगनी पड़ी। माइकल की दो बेटियां हैं, कैटलिन नोब्स और जैमी नोब्स। कैटलिन खुद एक हॉकी खिलाड़ी हैं। दोनों बहनों ने 31 अगस्त 2025 को अपने पिता के इलाज के लिए एक क्राउडफंडिंग पोर्टल के जरिए मदद की अपील की। इस अभियान से करीब 75 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर जुटाए गए, लेकिन इसके बावजूद इलाज पूरी तरह सुचारु रूप से नहीं चल पा रहा है। कैटलिन नोब्स ने एक इंटरव्यू में बताया कि उनके पिता फिलहाल सिडनी में रहते हैं, जबकि वे खुद पर्थ में हैं। दोनों शहरों के बीच करीब पांच घंटे की फ्लाइट दूरी है, जिससे दूर रहकर मदद करना और भी मुश्किल हो जाता है। पिता की सेहत को लेकर बात करते हुए कैटलिन ने कहा कि इलाज चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन माइकल नोब्स में अब भी जीने की मजबूत इच्छाशक्ति है। उन्होंने बताया कि उनके पिता को उन्हें हॉकी खेलते देखना बहुत अच्छा लगता है और इससे उनके चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। कैटलिन ने कहा कि हॉकी से ज्यादा उनके बीच पिता–बेटी का रिश्ता अहम रहा है और चाहे वह अच्छा खेलें या बुरा, उनके पिता हमेशा उनके सबसे बड़े समर्थक रहे हैं।

# बिहार के प्रतिभाशाली बैडमिंटन खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा : साइना



**पटना (एजेंसी)।** अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल आजकल बिहार दौरे पर हैं। इस दौरान साइना ने कहा कि राज्य में काफी खेल प्रतिभाएं हैं पर उन्हें निखारने की जरुरत है। ओलंपिक पदक विजेता साइना ने कहा कि की बेहतर प्रशिक्षण से यहां से भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेगे। साइना ने कहा कि राज्य में जरुरी संसाधन मौजूद हैं और सही मार्गदर्शन से यहां के खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं। साइना ने यहां पाटलिपुत्र खेल परिसर में कहा कि बिहार के प्रतिभावान बैडमिंटन खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने बिहार में खेलों के विकास, विशेषकर बैडमिंटन की संभावनाओं पर भी अपने बातें रखीं। साइना ने कहा कि बिहार खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के जरिए पहले ही वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। साइना ने कहा, 'मैंने अपनी पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप पटना में ही जीती थी इसलिए बिहार से मेरा गहरा भावनात्मक जुड़ाव है।' साइना ने कहा कि वह बिहार के खिलाड़ियों के विकास के लिए वह हर संभव सहयोग देने को तैयार हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार की सकारात्मक खेल नीति, खेल विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन से आने वाले समय में राज्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे।

# कार्लसन और गोर्याचकिना बने विश्व रैपिड चैंपियन, भारत के अर्जुन और हम्पी को कांस्य पदक

**दोहा, क़तर (एजेंसी)।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन ने शानदार वापसी करते हुए फीडे विश्व रैपिड चैंपियनशिप 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। कार्लसन ने 13 में से 10.5 अंक हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से पूरे एक अंक की बढ़त के साथ छठी बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीता। इससे पहले वे 2014, 2015, 2019, 2022 और 2023 में भी विश्व रैपिड चैंपियन रह चुके हैं।

टूर्नामेंट के दूसरे दिन खराब शुरुआत के बाद कार्लसन ने अंतिम दिन जबरदस्त खेल दिखाया। उन्होंने लगातार तीन जीत दर्ज कीं और अंतिम राउंड में श्वेत मोहरों से अनीश गिरि के खिलाफ ड्रॉ खेलकर खिताब पक्का कर लिया।

खिताब जीतने के बाद कार्लसन ने कहा, 'यह बहुत बड़ा और मजबूत टूर्नामेंट था। मैं यहां हमेशा पहले स्थान के लिए खेलता हूं, जबकि कई खिलाड़ी अच्छे इनाम या पदक के बारे में सोचते हैं। यही मुझे मनोवैज्ञानिक बढ़त देता है।'

विश्व रैपिड में दूसरा स्थान चार खिलाड़ियों ने 9.5 अंकों के साथ साझा किया पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर रूस के आर्टेमिएव ब्लादिलसाव को रजत पदक मिला, जबकि भारत के अर्जुन एरिगैसी ने कांस्य पदक जीतकर आनंद के बाद विश्व रैपिड में पदक हासिल करने का कारनामा किया। हंस नीमन महज़ 0.5 बुखहोल्ज़ अंक से पदक से चूक गए।

### महिला वर्ग में गोर्याचकिना का पहला वर्ल्ड रैपिड खिताब

महिला वर्ल्ड रैपिड में रोमांच चरम पर रहा। अंतिम दौर से पहले चीन की जु जिनर और मौजूदा चैंपियन कोनेरु हम्पी तीनों 8 अंकों के साथ शीर्ष पर थीं। अंतिम राउंड में झू और गोर्याचकिना ने ड्रॉ खेला, जबकि हम्पी कोनेरू जीत की स्थिति में होने के बावजूद समय की कमी में सविता श्री के खिलाफ चूक गईं और बाज़ी ड्रॉ रही।

नियमों के अनुसार टाईब्रेक के बाद शीर्ष दो खिलाड़ियों–गोर्याचकिना और झू–के बीच ब्लिट्ज़ प्लेऑफ खेला गया। गोर्याचकिना ने पहला ब्लिट्ज़ मुकाबला जीतकर और दूसरा ड्रॉ कर महिला वर्ल्ड रैपिड चैंपियन का खिताब हासिल किया। यह उनके करियर का पहला वर्ल्ड रैपिड खिताब है। झू जीनर को रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि हम्पी कोनेरू ने कांस्य पदक जीता।




# संतोष ट्राफी 21 जनवरी से होगी शुरु, 12 टीमों के बीच होगा मुकाबला

नई दिल्ली। 79वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्राफी 2025–26 असम के ढकुआखाना और सिलापाथर देश भर की 12 फुटबॉल टीमों के बीच 21 जनवरी से 8 फरवरी तक खेली जाएगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने इस महीने शुरु होने वाली संतोष ट्राफी के फाइनल ड्रा की घोषणा की है। इस चैंपियनशिप में शामिल 12 टीमों को ए और बी ग्रुप में बांटा गया है। ए ग्रुप में असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तराखंड, नागालैंड और राजस्थान है। जबकि ग्रुप बी में केरल, सर्विसेज, पंजाब, ओडिशा, रेलवे और मेघालय है। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले ढकुआखाना और सिलापाथर में खेले जाएंगे। इस चैपियनशिप की शुरुआत 1941 में हुई थी और पश्चिम बंगाल ने संतोष ट्रॉफी का रिकॉर्ड 32 बार खिताब जीता है।

